3 राजधानी
मुख्तार अंसारी पर आरोप तय

6 अभिमत
उर्वरक सब्सिडी के बजाय डीबीटी उपयोगी

9 राष्ट्रीय
सीयूईटी परीक्षा का चौथा चरण आज से प्रारंभ होगा

10 विदेश
ढाका के रेस्तरां में आग लगने से छह की मौत

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 294
लखनऊ, बुधवार, 17 अगस्त, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



बीसीसीआई के पूर्व सचिव अमिताभ चौधरी का निधन
स्पोर्ट्स-12

# उप्र इको पर्यटन विकास बोर्ड के गठन पर मुहर

भाषा। लखनऊ

**प्रदेश** में पर्यटन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के इरादे से योगी सरकार ने उप्र इको पर्यटन विकास बोर्ड के गठन के प्रस्ताव को मंगलवार को मंजूरी दी है जिसमें दस विभागों को शामिल किया गया है और इसके अध्यक्ष प्रदेश के मुख्यमंत्री होंगे। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उप्र में पर्यटन की असीम संभावनाओं की दृष्टि से बोर्ड का गठन लंबे समय से बहुप्रतीक्षित था। मंत्रिपरिषद ने उत्तर प्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह बोर्ड न केवल घरेलू बल्कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को भी आकर्षित करने में राज्य को देश में नंबर एक बनाने में मदद करेगा।

सांस्कृतिक और धार्मिक विरासतों एवं गौरवमई समृद्ध वन संपदाओं की दृष्टि से उप्र में जो असीम संभावनाएं विद्यमान हैं, जिसे हमलोग राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचार प्रसार किए जाने की आवश्यकता महसूस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसके लिए पर्यटन, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, आयुष, ग्राम विकास, सिंचाई, नगर विकास, कृषि, उद्यान, परिवहन, खेल समेत कुल 10 विभागों को समन्वित रूप से सम्मिलित करते हुए इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड गठित करने का निर्णय मंत्रिपरिषद ने लिया है। इस बोर्ड के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे और संबंधित विभागों के मंत्री इसमें सदस्य होंगे और मुख्य सचिव उप्र इसके सदस्य सचिव होंगे। इसमें अन्य संस्थाओं के विशेषज्ञ प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा। यह बोर्ड उप्र की संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। बैठक में ऊर्जा विभाग में बेहतर समन्वय के लिए राज्य विद्युत निगम उत्पादन लिमिटेड, जवाहर विद्युत निगम उत्पादन लिमिटेड और जल विद्युत निगम लिमिटेड का विलय करने का निर्णय लिया गया ( शेष पेज 4 )



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लोक भवन में स्थापित उनकी प्रतिमा स्थल पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कुकरैल नाइट सफारी पार्क को मंजूरी

● राजधानी के कुकरैल वन क्षेत्र में स्थानांतरित होगा चिड़ियाघर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** मंत्रिमंडल ने लखनऊ के कुकरैल वन क्षेत्र में कुकरैल नाइट सफारी पार्क की स्थापना का निर्णय लिया है। कैबिनेट बैठक में हुए निर्णय की जानकारी देते हुए पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में लखनऊ के वन क्षेत्र में पूर्वी और पश्चिमी हिस्से को मिलाकर 2027 हेक्टेयर क्षेत्र में वन को प्रभावित किए बिना 150 एकड़ क्षेत्र में प्राणी उद्यान और 350 एकड़ वन क्षेत्र में नाइट सफारी की स्थापना का निर्णय लिया गया है। साथ ही स्थानीय नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान का स्थानांतरित करते हुए उसे प्रस्तावित नाइट सफारी क्षेत्र से जोड़ दिया जाएगा। इसमें अधिक से अधिक खुले क्षेत्र, ( शेष पेज 4 )

## अब मुख्यमंत्री की अनुमति के बाद ही होंगे तबादले

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने तबादले के नाम पर होने वाले खेल पर रोक लगा दी गई है। स्थानांतरण सत्र के बाद अनुसेवक से लेकर अफसरों तक के तबादले मुख्यमंत्री की अनुमति पर किए जा सकेंगे। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने मंगलवार को कार्मिक विभाग के इस शासनादेश जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि 15 जून को सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले को लेकर नीति जारी की गई थी। इसमें विभागाध्यक्षों को मंत्री की अनुमति से 30 जून तक तबादले का अधिकार दिया गया था। यह समय सीमा समाप्त हो गई है। स्थानांतरण सत्र समाप्त होने के बाद समूह क, ख, ग व घ के कार्मिकों के सभी प्रकार के स्थानांतरण के लिए मुख्यमंत्री से अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा। इस आदेश का कड़ाई से पालन किया ( शेष पेज 4 )

# आईटीबीपी के सात जवानों की मौत

## बस के खाई में गिरने से हुई दुर्घटना, 32 अन्य घायल

पायनियर समाचार सेवा। श्रीनगर

**पहलगाम** में मंगलवार सुबह भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की बस 250 फीट गहरी खाई में गिर गई जिसमें सात जवानों की मौत हो गई तथा 32 अन्य घायल हो गए। घायलों को हवाई एंबुलेस से श्रीनगर स्थित सेना के कमान अस्पताल पहुंचाया गया। आईटीबीपी की चौथी और पांचवीं बटालियन के 37 जवानों समेत 41 लोग बस में सवार थे। इसमें दो जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान तथा दो बस के कर्मचारी भी थे। ये सभी अमरनाथ यात्रा की ड्यूटी पूरी कर वापस लौट रहे थे। हादसा सुबह 9.40 बजे हुआ। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि घायल सुरक्षाकर्मियों को हर संभव सहायता मुहैया कराई जा रही है।

सरकारी सूत्रों ने बताया कि बस का नंबर जेके 03ए 3296 था। पहलगाम से छह किमी पहले बस सड़क से फिसल कर 250 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे की सूचना मिलते ही कई राहत टीमें मौके पर पहुंच गईं तथा घायलों को पास के अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यहां पर बताया कि आईटीबीपी के दो कर्मियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि पांच अन्य सुरक्षा कर्मियों ने बाद में दम तोड़ दिया। छह घायल सुरक्षा कर्मियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें उपचार के लिए हेलीकॉप्टर के जरिए श्रीनगर ले जाया गया है। इससे पहले, अधिकारी ने कहा था कि मृतकों में एक पुलिसकर्मी भी शामिल है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर गहरा शोक जताया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ट्वीट किया कि 'अनंतनाग, जम्मू-कश्मीर में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में आईटीबीपी कर्मियों की मौत के बारे में सुनकर दुख हुआ।



पहलगाम में मंगलवार सुबह 250 फीट गहरी खाई में गिरी भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की बस

## कश्मीर में दो हिंदू भाइयों पर हमला, एक की मौत

भाषा। श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** के शोपियां जिले में मंगलवार को सेब के बाग में आतंकवादियों के हमले में एक कश्मीरी पंडित की मौत हो गई जबकि उनका भाई घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। अप्रैल महीने में भी अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाते हुए ऐसे हमले किए गए थे। पीड़ित सुनील कुमार पंडित अपने भाई पीतांबर नाथ पंडित उर्फ पिंटू के साथ शोपियां के चोटीगाम गांव में अपने बाग में मवेशियों के साथ गए थे तभी उन पर एके-47 राइफल से हमला किया गया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने ट्वीट किया, शोपियां जिले के चोटीपुरा में सेब के ( शेष पेज 4 )

# कैबिनेट विस्तार समारोह में नहीं पहुंचे कुशवाहा

● अपनी पार्टी रालोसपा का जदयू में विलय करने वाले नेता ने नए मंत्रियों को इशारों-इशारों में चेताया

● बिहार में 31 सदस्यों के साथ मंत्रिमंडल का गठन, नीतीश ने साधे जातिगत समीकरण

दीपक कुमार झा। पटना/नई दिल्ली

**बिहार** में नए सिरे से सरकार बनाने के बाद भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल(यू) में सब कुछ ठीक नहीं नजर आ रहा। नीतीश कुमार के नेतृत्व में महागठबंधन मंत्रिमंडल के पटना में शपथ ग्रहण समारोह से जनता दल (यू) के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा की अनुपस्थिति से खटपट स्पष्ट दिख रही है। गठबंधन सहयोगी राजद, जदयू और कांग्रेस के मिलाकर 31 मंत्रियों ने मंगलवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इनमें मंत्री बनाए गए विधायकों में सात यादव, पांच मुस्लिम और छह ऊंची जातियां और पांच दलित हैं।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महत्वपूर्ण गृह विभाग अपने पास रखा है, जबकि उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मोदी सरकार में पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे कुशवाहा ने पिछले साल मार्च में अपनी रालोसपा पार्टी का विलय जद(यू) में कर दिया था। नए मंत्रिमंडल में जगह न मिलने की निराशा उन्होंने अपने परिवार के साथ महाराष्ट्र के लिए उड़ान भरकर व्यक्त भी कर दी। कुशवाहा ने सोशल मीडिया के जरिए बिहार के नए मंत्रियों को बधाई संदेश दिया, लेकिन सूत्रों ने कहा कि जद (यू) के भीतर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। सूत्रों ने बताया कि कुशवाहा जाति के कई नेताओं ने 12 अगस्त की रात पटना के एक होटल में बैठक की और उपेंद्र कुशवाहा को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने को लेकर नीतीश कुमार को अवगत कराया।

हालांकि, नीतीश कुमार की कार्यशैली से वाकिफ लोग दावा करते हैं कि जब तक कोई अन्य छिपा एजेंडा नहीं हो तब तक नीतीश के इस तरह के दबाव के आगे झुकने की संभावना नहीं है। कुशवाहा ने अपने ट्वीट में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में मंत्रिमंडल में शामिल हुए सभी नए मंत्रियों को बधाई, लेकिन सावधान रहें, क्योंकि आपको केवल बिहार ही नहीं, बल्कि पूरा देश देख रहा है और यह काम अभी यहीं खत्म नहीं हुआ है। जदयू ने समारोह में कुशवाहा की अनुपस्थिति को तवज्जो न देते हुए कहा कि वह पहले से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बाहर गए हैं। सूत्रों ने ( शेष पेज 4 )

# तलाक-ए-हसन व तीन तलाक एक जैसी नहीं : सुप्रीम कोर्ट

● यदि पति और पत्नी साथ नहीं रह सकते तो संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत तलाक दिया जा सकता है: पीठ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि मुस्लिमों में तलाक-ए-हसन के जरिए तलाक देने की प्रथा तीन तलाक की तरह नहीं है और महिलाओं के पास भी खुला का विकल्प है। तीन तलाक की तरह तलाक-ए-हसन भी तलाक देने का एक तरीका है लेकिन इसमें तीन महीने में तीन बार एक निश्चित अंतराल के बाद तलाक बोलकर रिश्ता खत्म किया जाता है।

इस्लाम में पुरुष तलाक ले सकता है, जबकि कोई महिला खुला के जरिए अपने पति से अलग हो सकती है। न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश की पीठ ने कहा कि यदि पति और पत्नी एक साथ नहीं रह सकते तो रिश्ता तोड़ने के इरादे में बदलाव न होने के आधार पर संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत तलाक दिया जा सकता है।



पीठ तलाक-ए-हसन और एकतरफा न्याएत्तर तलाक के सभी अन्य रूपों को अवैध तथा असंवैधानिक घोषित करने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में दावा किया गया है कि तलाक के ये तरीके मनमाने, असंगत और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं। पीठ ने कहा कि यह उस तरीके से तीन तलाक नहीं है। विवाह एक तरह का करार होने के कारण आपके पास खुला का विकल्प भी है।

# भारत की चिंता के बीच श्रीलंका पहुंचा चीनी पोत


● सुबह आठ बजे उच्च प्रौद्योगिकी से लैस जासूसी जहाज ने हंबनटोटा बंदरगाह पर डाला लंगर

पायनियर समाचार सेवा/एजेंसी। नई दिल्ली/कोलंबो

**भारत** की चिंताओं के बावजूद चीन का जासूसी जहाज श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर मंगलवार सुबह पहुंच गया। उच्च प्रौद्योगिकी वाले इस जहाज का कुछ श्रीलंकाई सांसदों ने विरोध किया, लेकिन जहाज के आगमन पर आयोजित स्वागत समारोह में बंदरगाह पर मौजूद चीनी राजदूत ने इस यात्रा को बहुत ही स्वाभाविक करार दिया।

भारत की चिंताओं को दूर करने का प्रयास करते हुए श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा कि चीन को यहां सुविधाओं का सैन्य उपयोग करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। विदेश अखबार से बात करते हुए विक्रमसिंघे ने रविवार को कहा कि यह जहाज सैन्य श्रेणी में नहीं आता है। यह केवल अनुसंधान जहाज है। यही कारण है कि हमने इस जहाज को हंबनटोटा आने की अनुमति दी। चीन का बैलिस्टिक मिसाइल और उपग्रह निगरानी जहाज युआन वांग-5 स्थानीय समयानुसार सुबह 8 बजकर 20 मिनट पर दक्षिणी बंदरगाह हंबनटोटा पहुंचा। यह जहाज 22 अगस्त तक यहां रुकेगा। यह जहाज पहले 11 अगस्त को बंदरगाह पर पहुंचना था, लेकिन श्रीलंकाई प्राधिकारियों से मंजूरी न मिलने के कारण इसके आगमन में देरी हुई। भारत द्वारा सुरक्षा चिंता व्यक्त किए जाने के बाद श्रीलंका के विदेश मंत्रालय ने पिछले सप्ताह चीनी दूतावास से इस जहाज का आगमन टाल देने का अनुरोध किया था।

भारत ने श्रीलंका के बंदरगाह पर ठहरने के दौरान इस जहाज की निगरानी प्रणाली द्वारा भारतीय प्रतिष्ठानों की जासूसी की कोशिश करने की आशंका जताई थी। भारत की चिंता यह है कि इस जहाज में ऐसे उपकरण लगे हैं जो बैलस्टिक मिसाइल और सैटेलाइट को आसानी से ट्रैक कर सकता है और इससे भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों की जासूसी की जा सकती है।



श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर मंगलवार सुबह पहुंचा चीन का जासूसी जहाज

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,842 | ↑ 379 | |
| निफ्टी | 17,825 | ↑ 127 | |
| सोना | 52,347 | ↓ 764 | /10g |
| चांदी | 58,277 | ↓ 1592 | /kg |

## क्विक न्यूज

### मुफ्त सौगात के मुद्दे पर द्रमुक पहुंची सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु की सत्तारूढ़ द्रमुक ने मुफ्त उपहार के बारे में चल रहे मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की है, जिसमें कहा गया है कि इस शब्द का दायरा बहुत व्यापक है और ऐसे कई पहलू हैं जिन पर विचार करने की आवश्यकता है। अदालत एक याचिका पर सुनवाई कर रही है जिसमें चुनाव के समय मुफ्त उपहार के वादे को चुनौती दी गई है, जिसमें कहा गया है कि यह प्रथा किसी राज्य पर वित्तीय बर्बादी ला सकती है। अब तक, आम आदमी पार्टी, जो अपने शासन वाले राज्यों में मुफ्त बिजली और पानी उपलब्ध कराने के लिए जानी जाती है, ने याचिका के रुख को चुनौती दी है, जिसे भाजपा के अश्विनी उपाध्याय ने दायर किया था। तमिलनाडु उन राज्यों में है जहां चुनाव के समय मुफ्त उपहारों के वादे किए जाते रहे हैं।

## सड़क हादसे में चार इंजीनियरों की मौत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम/नोएडा

**दिल्ली-जयपुर** हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रॉला इनोवा कार पर पलट गया। हादसे में नोएडा की कंपनी कार्यरत एक लड़की सहित चार आईटी इंजीनियरों की मौत हो गई है, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी छह दोस्त उदयपुर घूमने गए थे और वहां से लौट रहे थे। घायलों को गुरुग्राम के ही मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये सभी नोएडा के सेक्टर-135 स्थित मल्टीनेशनल कंपनी एडॉबी में बतौर इंजीनियर तैनात थे। कंपनी में कार्यरत दीपक, आदर्श कुमार, मुस्कान, कुमारा पुजीत, प्रियंका, जसनौर सिंह मंगलवार तड़के करीब तीन बजे इनोवा में जयपुर से दिल्ली आ रहे थे। हाईवे पर गांव सिधरावली के कट के पास अचानक मक्का से भरा एक ट्रॉला दिल्ली की तरफ से रॉन्ग साइड में आकर इनोवा कार पर पलट गया। कार पिचक ( शेष पेज 4 )

# एशिया के वाटर टावर पर भी जलवायु परिवर्तन का कहर

● एक अध्ययन के मुताबिक 2060 तक उत्तर भारत की जलापूर्ति प्रणाली सदी के मध्य ध्वस्त होने के करीब पहुंच सकती हैं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**उत्तर** भारत के कई क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के कारण वर्ष 2060 तक ताजे पानी की उपलब्धता में अपरिवर्तनीय स्तर पर कमी का सामना कर सकते हैं। एक अध्ययन में यह दावा किया गया है। अंतरराष्ट्रीय अनुसंधानकर्ताओं की एक टीम ने रेखांकित किया कि एशिया का वाटर टॉवर कहलाने वाला तिब्बत का पठार निचले प्रवाह क्षेत्र में रह रही करीब दो अरब आबादी को ताजा पानी की आपूर्ति करता है।

जर्नल नेचर क्लाइमेट चेंज में सोमवार को प्रकाशित इस अध्ययन में इंगित किया गया है कि कमजोर जलवायु नीति की वजह से क्षेत्र में ताजे पानी की उपलब्धता में अपरिवर्तनीय कमी आ सकती है। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि इससे मध्य एशिया और अफगानिस्तान में जलापूर्ति प्रणाली पूरी तरह से ध्वस्त हो सकती है जबकि उत्तर भारत और पाकिस्तान की जलापूर्ति प्रणाली सदी के मध्य में ध्वस्त होने के करीब पहुंच सकती है। अमेरिका स्थित पेनसिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी में वायुमंडल के प्रख्यात प्रोफेसर माइकल मैन ने कहा, आसार ठीक नहीं है। उन्होंने कहा, हम, चलता है के रवैए की वजह से आने वाले दशकों में जीवश्म ईंधनों के इस्तेमाल में अर्थपूर्ण कटौती करने में विफल रहते हैं, तो हमारी व्यवस्था के ध्वस्त होने की आशंका होगी... तिब्बत के पठार के नीचे बसे इलाकों में जल उपलब्धता में करीब शत प्रतिशत की क्षति होगी। अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक अहम होने के बावजूद तिब्बत के पूर्व और भविष्य में स्थलीय जल भंडार (टीडब्ल्यूएस) पर जलवायु परिवर्तन के असर का ज्यादा पता नहीं लगाया गया है।



प्रतीकात्मक चित्र

चीन स्थित शिंगुआ विश्वविद्यालय के हाइड्रोलॉजिक इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर डी लॉन्ग ने कहा, तिब्बत के पठार करीब दो अरब लोगों की जल आवश्यकता के बड़े हिस्से की आपूर्ति करते हैं। उन्होंने कहा, जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरे क्षेत्र में स्थलीय जल भंडार अहम है और यह जलवायु परिवर्तन के प्रति अति संवेदनशील है। अनुसंधानकर्ताओं ने इस नतीजे पर पहुंचने के लिए टॉप डाउन अथवा उपग्रह आधारित और बॉटम डाउन या जमीन पर ग्लेशियर में झील और भूमिगत जल स्रोतों में जल की मात्रा का आकलन करने के तरीकों से अध्ययन किया। अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक इसके बाद उन्होंने इन आंकड़ों को लेकर मशीन लर्निंग प्रौद्योगिकी से, टीडब्ल्यूएस में गत दो दशक (2002 से 2020) के बीच आए बदलाव का अध्ययन किया और इसके आधार पर अगले चार दशकों यानी वर्ष 2021 से 2060 में आने वाले बदलाव का पूर्वानुमान लगाया।

अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि हाल के दशकों मे हुए जलवायु परिवर्तन की वजह से कई इलाकों में स्थलीय जल भंडार में (15.8 गीगाटन प्रति वर्ष की दर से) भारी कमी आ रही है जबकि कुछ इलाकों में उल्लेखनीय रूप से वृद्धि (5.6 गीगाटन प्रति वर्ष की दर से) हो रही है। उन्होंने बताया कि यह संभवत: ग्लेशियरों के पीछे खिसकने, मौसमी रूप से जमी हुई जमीन के क्षरण होने और झीलों के विस्तार के प्रतिस्पर्धी प्रभाव की वजह से हो रहा है। अनुसंधानकर्ताओं की टीम का आकलन है ( शेष पेज 4 )

## धोखाधड़ी मामले में श्रीकांत त्यागी की जमानत अर्जी खारिज

भाषा। नोएडा

**प्रदेश** के गौतमबुद्ध नगर जिले की एक अदालत ने धोखाधड़ी के एक मामले में श्रीकांत त्यागी की जमानत अर्जी मंगलवार को खारिज कर दी। हालांकि, अदालत ने नोएडा से फरार होने के बाद श्रीकांत को शरण देने के मामले में उसके दो सहयोगियों को जमानत दे दी। एक वकील ने यह जानकारी दी। एक अन्य मामले में अदालत ने त्यागी के अन्य छह सहयोगियों को भी जमानत दे दी जिनपर नोएडा सेक्टर 93बी की ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी में छह अगस्त को कथित तौर पर जबरन घुसने का आरोप था। त्यागी नोएडा स्थित सोसाइटी में एक महिला के साथ पांच अगस्त को मारपीट करने और उत्पीड़न करने के आरोप में जेल में है। आरोपी को घटना के चार दिन बाद नौ अगस्त को मेरठ ( शेष पेज 4 )

# एक्सप्रेसवे के किनारे इंडस्ट्रियल कारीडोर जल्द विकसित किए जाएं: योगी

## कैबिनेट के फैसले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि एक्सप्रेसवे के निर्माण के साथ-साथ उसके आस पास औद्योगिक गलियारे विकसित करने का काम भी होना चाहिए। इससे क्षेत्र का और विकास होगा। रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। इस कारण यूपी को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के काम में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री ने यह बात कैबिनेट की बैठक में कही। उन्होंने यह भी कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के मद्देनजर विभिन्न सेक्टरों से जुड़ी 10 नीतियों को संशोधित कर नया रूप देने का काम एक महीने में हो जाना चाहिए। इसमें नई औद्योगिक नीति भी शामिल हैं। इसके अलावा नई एमएमएमई नीति, नई एनआरआई नीति, नई हथकरद्या नीति प्रमुख हैं। उन्होंने राज्य में कुछ नए एक्सप्रेसवे बनाने की संभावनाओं पर भी विचार किया।



### लेखपाल सेवा नियमावली मंजूर

**सरकार** ने उत्तर प्रदेश लेखपाल सेवा चतुर्थ संशोधन नियमावली-2022 को मंजूरी दे दी है। इसमें लेखपाल के पदों पर भर्ती का अधिकार राजस्व परिषद के स्थान पर उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को दे दिया गया है। मूल पद 26337 में लेखपाल के अतिरिक्त 4500 पदों का विलय कर कर दिया गया है। अब यह संख्या 30837 हो गई है। अप्रैल 2022 में लेखपाल के कुल 11328 पद रिक्त थे। मौजूदा समय 8085 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। शेष बचे 3243 पदों पर भर्ती का रास्ता जल्द साफ हो गया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला हुआ। राज्य सरकार ने वर्ष 2017 में लेखपाल के पदों पर भर्ती का अधिकार उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को दे दिया था लेकिन नियमावली में इसकी व्यवस्था नहीं की गई थी। अब इसका प्रावधान कर दिया गया है। लेखपाल के 27237 पदों में 900 और संग्रह अमीन के 408 पदों को 27 फरवरी 2015 को समाप्त करते हुए राजस्व निरीक्षक के 1308 पद सृजित किए गए थे। इससे लेखपाल के 26337 पद ही बचे। इसके बाद जरूरत के आधार पर लेखपाल के 5000 अतिरिक्त पद 21 मई 2015 को सृजित किया गया। लेखपाल के वेतनमान मौजूदा वेतनमान की व्यवस्था भी नियमावली में की गई है। पुराने वेतनमान की जगह सातवें वेतनमान के अनुसार 21700-69100 लेवल 3 कर दिया गया है। इसमें पाठ्यक्रम भी निर्धारित कर दिया गया है।

### जनसुविधाओं के लिए जमीन देने वालों को सरकार देगी टीडीआर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने जनसुविधाओं सड़क, पार्क, एसटीपी आदि के लिए जमीन देने वालों को आदर्श हस्तांतरणीय विकास अधिकार टीडीआर देगी। इसके लिए अनुज्ञा उपविधि-2022 को मंजूरी दे दी गई है। जमीन देने वाला इस टीडीआर अपनी दूसरी जमीन पर अधिक ऊंची इमारत बनाने में स्वयं इस्तेमाल कर सकेगा या किसी बिल्डर को बेचकर उस स्थान पर जमीन की कीमत के बराबर पैसे कमा सकेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट में यह फैसला हुआ। शहरों में महायोजना यानी मास्टर प्लान में सड़कए पार्क, खुले क्षेत्र, बस स्टेशन, एसटीपी और इसी प्रकार की अन्य जन सुविधाओं के लिए जमीनें आरक्षित की जाती हैं। इस नीति के बाद ऐसी जमीनों को भू-स्वामी विकास प्राधिकरणों को देगा तो उसे टीडीआर दिया जाएगा। टीडीआर जमीन की कीमत के बराबर होगा। इसमें फ्लोर एरिया रेशियो का विवरण होगा।

### मेट्रो व रैपिड रेल के आसपास क्षेत्रों में बसेगा आधुनिक शहर

**सरकार** मेट्रो, रैपिड रेल और छोटे शहरों में ट्रांजिट इंटरवेंशन जैसे मेट्रो नियो वाले क्षेत्रों में आधुनिक शहर बसाने जा रही है। इन क्षेत्रों में आवासीय व व्यवसायिक जैसी योजनाएं लाने वालों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश ट्रांजिट ओरिएंटेड विकास नीति-2022 टीओडी को मंजूरी दे दी गई है। इससे रोजगार के रास्ते भी खुलेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला हुआ। देश में तेजी से बढ़ रहे शहरीकरण के सुनियोजित विकास एवं अवस्थापना सुविधाओं का बेहतर उपयोग करने के लिए केंद्र सरकार ने नेशनल ट्रांजिट ओरिएंटेड डवलपमेंट नीति जारी की है। राज्यों को इसके आधार पर टीओडी नीति बनानी है। राज्य सरकार यूपी में विविध वृहद मास ट्रांजिड परियोजनाओं पर काम करा रही है। इसमें लखनऊ, कानपुर, आगरा, मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा व ग्रेटर नोएडा में मेट्रो रेल और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रीजनल रैपिड ट्रांजिट यानी रैपिड रेल परियोजना पर काम चल रहा है।

## 6 साल बाद सचिवालय को मिलें 226 अनुभाग अधिकारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सचिवालय को छह साल बाद अनुभाग अधिकारी के रिक्त चल रहे पदों पर मंगलवार को नए अधिकारी मिले हैं। सचिवालय प्रशासन विभाग ने पात्रता सूची से वरिष्ठता के आधार पर 226 समीक्षा अधिकारियों को अनुभाग अधिकारी के पद पर पदोन्नति किए जाने का आदेश मंगलवार को जारी किया। वरिष्ठता सूची से वर्तमान में रिक्त चल रहे अनुभाग अधिकारी के पदों पर तैनाती के लिए 422 अधिकारियों के नाम पात्रता सूची में शामिल किए गए हैं। इनमें से पदोन्नति के लिए वरिष्ठता के आधार पर 272 की सूची तैयार की गई। जिसमें से अनुभाग अधिकारी के रिक्त पदों पर 226 अधिकारियों की तैनाती की आदेश जारी कर दिया गया है। शेष 46 की तैनाती 2022-23 में अनुभाग अधिकारी के रिक्त होने वाले पदों पर किया जाएगा।

## बड़ी संख्या में लोग रालोद में शामिल

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में आज प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह के समक्ष आशीष तिवारी के नेतृत्व में लखनऊ के दर्जनों लोंगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुये राष्ट्रीय लोकदल का दामन थामा और पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल अंकपत्र 2015 अनुक्रमांक 2123266 एवं इण्टरमीडिएट अंकपत्र-2017 अनुक्रमांक 1529397 वास्तव में खो गया है। मेहताब आरिफ खान पुत्र मो0 इजहार खान निवासी ज्ञान विहार, मुलायमनगर, इन्दिरानगर, लखनऊ

सूचना

मैंने अपने पुत्र योगेन्द्र व उसकी पत्नी ॲशिका से सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है तथा अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, अब उनके क्रियाकलापों, लेनदेन व व्यवहार के लिये वह स्वयॅ जिम्मेदार होंगे। अजयपाल पुत्र स्व0 मोहनलाल निवासी ग्राम करौदा चॉदी थाना रूरा, कानपुर देहात।

सूचना

मैंने अपने भतीजे अबु फजल अहमद (गोलू) व उसकी पत्नी सबला अहमद से उसके दुर्व्यवहार के कारण संबंध विच्छेद कर लिया है उनके किसी कार्यों से मेरा कोई सरोकार न होगा, सबीहा अहमद पुत्री स्व0 नसीरूद्दीन अहमद नि0 16/17 सिविल लाइन्स, कानपुर

सूचना

मैंने अपने पुत्र योगेन्द्र पाल व पुत्रवधू कॅचन पाल को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, उनके कृत्य, लेनदेन व आचरण की जिम्मेदारी से अब मेरा कोई सरोकार नहीं होगा। रघुवीर पुत्र मोहन लाल निवासी हितमापुर पोस्ट बिवाईन, वेवान कानपुर देहात।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरे पुत्र का नाम ईश वासुदेव आधार कार्ड में गलत ढंग से दर्ज है जबकि उसका सही नाम श्री वासुदेवा है। भविष्य में उसे हर कार्य के लिये श्री वासुदेवा नाम से जाना व पहचाना जाये। रवि वासुदेवा पिता- श्री वासुदेवा, 8, अशोक नगर, इलाहाबाद

सूचना

मैंने अपने पुत्र विनय सिंह उर्फ जितेन्द्र सिंह व पुत्रवधू ज्योति से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, पुत्र व पुत्रवधू का मुझसे व मेरे पारिवारिक सदस्यों से कोई सरोकार न होगा। चक्रपाल सिंह पुत्र बच्चा सिंह निवासी ग्राम कुटियापुर, पोस्ट बेहटा गम्भीरपुर थाना साढ जनपद कानपुर आउटर।

सूचना

मैंने अपने बड़े पुत्र पंकज कुमार उर्फ रामू व पुत्रवधू केशकान्ती से सभी सम्बन्ध समाप्त कर लिये है तथा अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके क्रिया कलापों की जिम्मेदारी उपरोक्त दोनों की होगी। मेरा अब उपरोक्त दोनों से कोई सरोकार नहीं है। राजा प्रसाद पुत्र गुरूदयाल निवासी ग्राम कालिनपुरवा थाना रूरा, जनपद कानपुर देहात।

## महिला कैदी जेल में पहन सकेंगी मंगलसूत्र व सलवार सूट

- हिन्दू कैदी रख सकेंगे व्रत, मुस्लिम कैदियों को रोज़ा रखने की होगी अनुमति
- सुरक्षा के लिए खरीदी जाएंगी कारबाइन व 9 एमएम पिस्टल

### गर्भवती महिला कैदियों को अतिरिक्त पौष्टिक आहार व चिकित्सा सुविधा मिलेगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुए कैबिनेट की बैठक में मगंलवार को जेल मैनुअल 2022 को संशोधित करते हुए कई माननीय बदलाव किए जाने को मंजूरी दे दी गई है। महिला कैदियों को जहां मंगलसूत्र पहने की छूट होगी वहीं अब उन्हें सिनेटरी नैपकिन के साथ ही शैंपू भी दिया जाएगा। गर्भवती महिला बंदियों को अतिरिक्त पौष्टिक आहार व चिकित्सा सुविधा मिलेगी। इसी के साथ हिन्दू कैदियों को त्योहारों पर खीर व हलुवा मिलेगा और मुस्लिम बंदियों को रमजान में रोज़ा रखने की अनुमति होगी और उन्हें खाने के लिए खजूर दिया जाएगा। बंदी शिवरात्रि, रामनवमी, अनंत चतुर्दशी, देवोत्थान एकादशी, जन्माष्टी, नवरात्रि और भीम एकादशी पर व्रत रख सकेंगे। जेलों में आए दिन होने वाली हिंसा पर सख्ती से रोकथाम के लिए सुरक्षा पुख्ता किए जाने को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इसके लिए 11.72 करोड़ रुपये से 220 कारबाइन, 9एमएम की 374 पिस्टल, 7.62 एमएम की 900 एसएसआर रायफल, 1200 पाली कार्बोनेटेड लाठी, 2500 बाडी प्रोटेक्टर, 2500 फाइबर ग्लास हेलमेट, 150 एंटी रायट गैसगन, 9 एमएम कारबाइन की 11 हजार कारतूस खरीदी जाएंगी। कुख्यात कैदियों को रखने के लिए लखनऊ, चित्रकूट, गौतमबुद्ध नगर, आजमगढ़, ललितपुर और केंद्रीय कारागार होंगे। जेल में अब तक बंदियों की मुड़ाई, कटाई और छटाई का प्रावधान था लेकिन अब बंदियों को खुद के खर्चे पर दाढ़ी बनाने के लिए यूज़ एंड थ्रो वाला रेज़र मिलेगा। बंदियों को नित्य नीम व बबूल की दातून करनी होगी। जेल में मिलने वाले मुलाकातियों के लिए अब फोटो युक्त पास बनाया जाएगा। जेल में जन्म होने पर बच्चे का नामकरण किया जाएगा। नामकरण संस्कार की भी व्यवस्था की जाएगी। इसका खर्च माता-पिता द्वारा वहन किया जाएगा। बच्चे का जन्म जेल में हुआ यह उसके जन्मप्रमाण पत्र में अंकित नहीं किया जाएगा। जेल में रहने वाले 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए शिशु सदन, समुचित शिक्षा का इंतजाम होगा। कैबिनेट ने दूरदराज की जेलों से कचहरी में पेश होने के बाद जेल में वापस पहुंचने में होने वाली दिक्कतों के मद्देनज़र लाकअप जेल की व्यवस्था को खत्म कर दिया है। यूरोपीय बंदियों के लिए अलग जेल, शुष्क शौचालयों और लालटेन आदि रखने की व्यवस्था को भी समाप्त कर दिया गया है। वहीं सुलतानपुर के जेल में टीबी के रोगियों को रखने की विशेष व्यवस्था को भी खत्म किया गया है। कैदियों को सुबह शाम चाय व चार बिस्कुट मिलेंगे, जेल में बेकरी की व्यवस्था होगी, 4 से छह वर्ष तक के बच्चों को जेल के बाहर अन्य स्कूलों में भेजा जा सकेगा। एक ही परिवार के बंदी या पति.पत्नी सप्ताह में एक बार मिल सकेंगे। अगर बंदी का रक्त संबंधी या पति-पत्नी दूसरी जेल में है तो टेलीफोन कर सकेगा। एनजीओ को जेल में बंदी सुधार कार्यक्रम करने की अनुमति होगी। एनजीओ को अनुमति देने के लिए डीएम की अध्यक्षता में समिति होगी। हर जेल में डिप्टी जेलर स्तर का एक कारागार कल्याण अधिकारी होगा। जेलों में बंदियों के लिए शैक्षिक कायक्रम चलाए जाएंगे। बंदियों के लिए योग, व्यायाम, बालीबाल आदि की व्यवस्था होगी। जेलों में एक पंचायत होगी इसमें अच्छे आचरण वाले कैदी होंगे। जेल में सहकारी समिति की स्थापना होगी। बंदियों को कुशल बनाने के लिए कंप्यूटर कोर्स आदि चलाए जाएंगे।

## उत्तर प्रदेश रक्षा व एयरोस्पेस इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2018 में संशोधन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** की योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश रक्षा एवं एयरोस्पेस इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति.2018 में बड़ा बदलाव किया है। सरकार ने डिफेंस कारीडोर में बड़ी रक्षा कंपनियों की रुचि को देखते हुए कई और रियायतें देने की तैयारी की है। इसके तहत उत्तर प्रदेश रक्षा एवं एयरोस्पेस इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति.2018 में बदलाव कर निवेशकों के लिए और रियायतें बढ़ा दी हैं। आकर्षक पैकेज के साथ यह संशोधित नीति अब अगले साल जनवरी में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में दुनिया भर की रक्षा कंपनियों के सामने रखी जाएगी। यह निर्णय कैबिनेट की बैठक में लिया गया। औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार व यूपीडा के सीईओ अवनीश अवस्थी ने बताया कि डिफेंस आइटम्स अथवा आर्म्स एण्ड ऐम्युनिशन आइटम्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए लाइसेंस प्राप्त करने वाली कंपनियों को अपना प्लांट लगाने के लिए अब डिफेंस कारीडोर में जमीन दी जाएगी। अभी इस तरह की व्यवस्था नहीं है।

डिफेंस कॉरिडोर में गैर बुंदेलखंड क्षेत्र में रक्षा एवं एयरोस्पेस विनिर्माण कंपनी को कैपिटल सब्सिडी 7 प्रतिशत की सीमा अधिकतम 500 करोड़ रुपये तक मिलेगी। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में निवेश करने पर यह कैपिटल सब्सिडी 10 प्रतिशत की सीमा अधिकतम 500 करोड़ रुपये तक अनुमन्य होगी। डिफेंस नोड में अधिग्रहीत नवीन विकसित औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत प्रणाली तंत्र, जलापूर्ति, सीवर एवं सड़क की सुविधा दी जाएंगी। औद्योगिक क्षेत्र की सुरक्षा के लिए पेरिफेरल बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उप्र हथकरघा, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल एवं गारमेंटिंग पॉलिसी-2017 की समयावधि को 3 माह तक के लिए बढ़ाये जाने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। रामपुर के अग्निशमन केन्द्र रामपुर के आवासीय, अनावासीय भवनों के निर्माण के लिए भूमि हस्तान्तरित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है।

## नक्शा पास कराने पर देना होगा 50 रुपए प्रति वर्ग मीटर जल शुल्क

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने विकास प्राधिकरण योजनाओं में भवन निर्माण के लिए नक्शा पास कराने पर 50 रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से जल शुल्क लेने का फैसला किया है। अभी तक लखनऊ और वाराणसी को छोड़कर अधिकतर में इसे नहीं लिया जा रहा है। सीएम योगी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला हुआ। इसके लिए जल शुल्क नियमावली-2022 को मंजूरी दी गई। अभी तक इसके लिए कोई नियमावली नहीं है। इससे पारदर्शी व्यवस्था लागू होगी। ले-आउट प्लान के मामलों में जल शुल्क भूमि के कुल क्षेत्रफल के आधार पर देय होगा। बहुमंजिला भवन निर्माण पर सभी तलों व बेसमेंट को शामिल करते हुए कुल क्षेत्रफल के आधार पर इसे लिया जाएगा। मौजूदा निर्मित क्षेत्र से अतिरिक्त निर्माण करने पर भी जल शुल्क देय होगा।

## रानी अवंती बाई ने अंग्रेजों के विरुद्ध किया था निर्णायक गोरिल्ला युद्ध

- सपा मुख्यालय में सादगी से मनाई गई वीरांगना अवंती बाई लोधी की जयंती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि रानी अवंती बाई ने अंग्रेजों के विरुद्ध निर्णायक गोरिल्ला युद्ध किया था। इसी वजह से उन्हें याद किया जाता है। अखिलेश सपा मुख्यालय में वीरांगना अवंती बाई लोधी की जयंती पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

लोधी की जयंती आज सादगी पूर्वक तरीके से मनाई गई। सपा अध्यक्ष ने अवंती बाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि मध्य प्रदेश के रामगढ़ की रानी अवंती बाई ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के विरुद्ध महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनकी वीरता के कारण ही मध्य प्रदेश का मंडला और रामगढ़ जिला स्वतंत्र हो गया था। रानी अवंती बाई का आवाह्न था कि लोग अंग्रेजो से संघर्ष के लिए तैयार रहें या फिर चूड़ियां पहनकर घर बैठें। रानी अवंती बाई हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल सहित अरविन्द कुमार सिंह, उदयवीर सिंह, राजेश यादव पूर्व एमएलसी एवं विकास यादव और शिवशंकर राजपूत, राजेन्द्र कुमार लोधी, शैलेन्द्र लोधी, सतीश लोधी, सूरज लोधी, शैलेन्द्र वर्मा, सुनील लोधी आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

## भाजपा आंकड़ों की बाजीगरी से दूर करना चाहती है बेरोजगारी व महंगाई: कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** ने कहा है कि उत्तर प्रदेश बेरोजगारी और महंगाई से लगातार जूझ रहा है। 1989 से पहले उप्र के विकास के लिए कांग्रेस पार्टी की सरकारों द्वारा तमाम भारी उद्योग, लघु, मध्य एवं सूक्ष्म तथा कुटीर उद्योगों की स्थापना की गयी थी। उत्तरोत्तर गैर कांग्रेसी सरकारों द्वारा राजनीतिक कारणों से इन उद्योगों को संरक्षण नहीं दिया गया जिसके कारण यह धीरे-धीरे तबाह, बर्बाद होकर अन्ततः बंद हो गए। भारतीय जनता पार्टी ने काम करने के बजाए प्रदेश की जनता खासकर युवाओं को बड़े.बड़े सपने दिखाए, नए-नए नारे गढ़े और शब्दों के भ्रमजाल बनाकर युवाओं के भविष्य को अंधकारमय कर दिया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पाण्डेय ने कहा कि भाजपा आकड़ों की बाजीगरी से बेरोजगारी और महंगाई दूर करना चाहती है। विगत लगभग 6 वर्षो से योगी सरकार ने भाषण के अतिरिक्त धरातल पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य नहीं किया। भाजपा सरकार द्वारा तमाम सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं के माध्यम से आकड़ों द्वारा उत्तर प्रदेश को बेरोजगारी और महंगाई से मुक्त करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लगातार सरकारी संस्थाओं के निजीकरण और उसमें व्याप्त भ्रष्टाचार से रोजगार समाप्त हो रहें हैं। यह उप्र के युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

बेरोजगारी का दंश झेल रहे परिवार महंगाई की दोहरी मार से प्रताड़ित है। ऐसे में स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर उप्र के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश की ज्वलंत समस्या बेरोजगारी और महंगाई पर चर्चा न करना दुखद है।

## बिल्किस बानो मामले में दोषियों को छोड़ने से न्याय में कमजोर होगी आस्था: शाहनवाज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अल्पसंख्यक** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज़ आलम ने बिल्किस बानो मामले में उम्र क़ैद की सज़ा पाए 11 दोषियों को गुजरात सरकार द्वारा रिहा कर दिये जाने को न्याय में आस्था को तोड़ने वाला बताया है। कांग्रेस मुख्यालय से जारी बयान में शाहनवाज आलम ने कहा कि दोषियों को एक निश्चित अवधि तक सजा भुगतने के बाद रिहाई की व्यवस्था तो है लेकिन इसका राजनीतिक इस्तेमाल करते हुए जघन्यतम अपराधियों को रिहा नहीं किया जाना चाहिए। इससे गलत नज़ीर बनेगी। बिल्किस बानो मामले में 14 लोगों की हत्याए बिल्किस के साथ सामूहिक बलात्कार और उनके अजन्मे बच्चे की हत्या शामिल थी। जिसे न्याय तभी मिल पाया जब मामले की सुनवाई गुजरात से मुंबई ट्रांसफ़र किया गया क्योंकि गुजरात में उन्हें न्याय नहीं मिल सकता था। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि रिहाई के बाद जिस तरह संघए भाजपा और अन्य हिंदुत्ववादी संगठनों ने फूल माला के साथ उनका स्वागत किया वो यह भी साबित करता है कि दोषियों और उनके संगठनों में आज भी इस जघन्यतम अपराध के प्रति कोई अपराधबोध नहीं है। जबकि दोषियों को अच्छे व्यवहार के आधार पर राज्य सरकार छोड़ने का दावा कर रही है। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि ऐसे जघन्य अपराधियों को छोड़ने का निर्णय सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्य सरकार पर छोड़ देना भी सुप्रीम कोर्ट पर विश्वास को कमज़ोर करता है। क्या सुप्रीम कोर्ट को यह तथ्य संज्ञान में नहीं रखना चाहिए था कि बिल्किस को न्याय तभी मिल पाया जब केस दूसरे राज्य में ट्रांसफ़र किया गया। उन्होंने राज्य सरकार के इस तर्क को कि दोषियों को अपराध की प्रकृति के आधार पर छोड़ा गया है शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को बताना चाहिए कि क्या 14 लोगों की हत्या, सामूहिक बलात्कार और भ्रूण को तलवार पर टांग कर मार देने में क्रूरता की कोई कमी रह गयी थी जिसके चलते इन्हें 'अपराध की प्रकृति' के आधार पर छोड़ा गया है।

## ओडीओपी योजना के तहत इत्र उद्यमियों को हर संभव सहायता उपलब्ध: सहगल

- अपर मुख्य सचिव ने कन्नौज के ओडीओपी उत्पाद इत्र के नए स्वरूप को किया लांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आजादी** के अमृत महोत्सव के अवसर पर अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नवनीत सहगल ने कन्नाज के ओडीओपी उत्पाद इत्र के नए स्वरूप को लांच किया। लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में सहगल ने कन्नौज के 8 इत्र उद्यमियों के 9 नए उत्पाद तिरंगा अतर, अतर मेरी मिट्टी-75, यूडी-.75, हिंद शमाम, वंदेमातरम मोतिया, सेंटेट ट्राई कलर टेराजो, अतर गंगा, आजादी-75 एवं ट्राई कलर अगरबत्ती उत्पाद का शुभारंभ किया।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नए उत्पाद लांच किये जाने के लिए उद्यमी प्रसंशा के पात्र हैं। कन्नौज का इत्र एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत चयनित उत्पाद है। कन्नौज के इत्र की सुगंध देश विदेश में फैली हुई है। राज्य सरकार ओडीओपी योजना के तहत इत्र उद्यमियों की हर संभव सहायता कर रही ही। उन्होंने कहा कि कन्नौज में इत्र पार्क की स्थापना कराई जा रही। ओडीओपी उत्पादों की मार्केटिंग और ब्रांडिंग के लिए ऑनलाइन मार्केटिंग के साथ-साथ प्रदेश के विभिन्न शहरों में 1000 से अधिक ओडीओपी शोरूम खोलने की योजना है। उन्होंने कहा कि इत्र की ग्लोबल स्तर पर ब्रांडिंग के लिए शीघ्र कन्नौज में इत्र कारोबारियों के साथ ब्लॉग इन्फ्लुएंसर्स की मीट कराई जायेगी। साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के लेखकों को कन्नौज के इत्र पर लिखने के लिए आमंत्रित किया जायेगा। उद्यमियों को सुविधा के लिए क्लस्टर डेवलपमेंट योजना के तहत कन्नौज सामान्य सुविधा केन्द्र भी स्थापित कराया जायेगा। सहगल ने कहा कि अगले सप्ताह वे स्वयं कन्नौज का भ्रमण करेंगे और उद्यमियों से मिलकर इत्र के कारोबार को और अधिक बढ़ाने हेतु सुझाव लेगें।

स्वतंत्रता दिवस अवसर पर जिन उत्पादों को लांच किया गया है, उनकी अलग ही विशिष्टताएं है। गौरी सगंधा प्रालि का तिरंगा अतर, इत्र गुलाब, मिट्टी व वेला की सुगंध को संयुक्त रूप से तैयार किया गया है। इसकी सुगंध मन मस्तिक में स्फूर्ति उत्पन्न करती है। शक्ति संदल वुड का अतर मेरी मिट्टी-75, कुछ ज्यादा ही खास है। 75 किग्रा मिट्टी से पारंपरिक जल-आसवन तकनीकी द्वारा बनाया गया यह विशेष इत्र है। मिट्टी की सोंधी खुशबू वाला यह पहला स्वदेशी उत्पाद है। यूडी-75 एक मार्डन अतर आधारित डियो है।

## एनपीसीएल को टेकओवर करने की कार्यवाही शुरू

**लखनऊ।** ऊर्जा विभाग ने नोएडा पावर कंपनी लि एनपीसीएल को टेकओवर करने की दिशा में कार्यवाही शुरू कर दी है। शासन ने एनपीसीएल को विद्युत अधिनियम 1910 की धारा 6 व 7 के तहत नोटिस भेज दिया है। गौरतलब है कि इस कंपनी का लाइसेंस 30 अगस्त 2023 को समाप्त रहा है। उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा की तरफ से एनपीसीएल के टेकओवर की प्रक्रिया शुरू करने की मांग लगातार की जा रही थी। एनपीसीएल का लाइसेंस 30 अगस्त 1993 को 30 वर्ष के लिए जारी किया गया था। उन्होंने बताया है कि पूर्ववर्ती राज्य विद्युत परिषद जो अब 5 बिजली वितरण कंपनियों में विभक्त है कि एक कंपनी पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम चाहे तो अधिनियम 1910 की धारा 6 व 7 के तहत 30 वर्ष पूरा होने से एक वर्ष से पहले ही एनपीसीएल को नोटिस देते हुए टेक ओवर कर सकता है।

## दलित छात्र की हत्या भारतीय लोकतंत्र के लिए काला धब्बा: कुंवर फतेह बहादुर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सामाजिक** संस्था बहुजन भारत के अध्यक्ष एवं पूर्व आईएएस कुंवर फतेह बहादुर ने राजस्थान के जालौर में शिक्षक द्वारा दलित छात्र की हत्या की निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस ह्दय विदारक घटना की जितनी भर्त्सना की जाए कम है। छुआछूत के आधार पर की गयी ये वीभत्स घटना भारतीय लोकतंत्र के लिए काला धब्बा है।

संस्था मुख्यालय में हुई बैठक में अध्यक्ष ने कहा कि आजादी के 75 साल होने के बाद भी एक शिक्षक ने दलित छात्र की क्रूरता से पीट-पीटकर हत्या कर दी जबकि शिक्षक को समाज में सभ्य माना जाता है। ऐसी घटना की भारत वर्ष के सभी समाज के लोगों को शर्म महसूस करनी चाहिए। इस तरह की घटनाएं क्यों हो रहीं हैं और इसे कैसे रोका जाए, इस पर भी अनुसूचित जाति-जनजाति के लोगों को सोचना होगा।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने दलितों को उनके अधिकार दिलाने के लिए संविधान में लोकसभा और विधानसभाओं में इन वर्ग के लिए इनकी आबादी के मुताबिक सीटें आरक्षित करने की व्यवस्था की लेकिन दुर्भाग्य है कि वंचितों और शोषितों की आवाज उठाने व उन्हें न्याय दिलाने के लिए विभिन्न दलों से चुनकर जाने वाले प्रतिनिधि दलितों के अधिकारों के बजाए अपने दल के एजेंडे व रणनीति के हिसाब से बोलते हैं और जिस दल से चुनकर आते हैं उसके बंधुआ गुलाम बनकर रह रहे हैं। ये दलित प्रतिनिधि वहीँ दलित उत्पीडन की आवाज उठाते हैंए जहाँ इनकी पार्टी की सरकार ना हो।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# मुख्तार अंसारी पर आरोप तय

## ● निष्क्रांत सम्पति पर कब्जा कर अवैध निर्माण कराने का मामला

विधि संवाददाता। लखनऊ

**एमपी**, एमएलए की विशेष मजिस्ट्रेट कोर्ट के एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने राजधानी की एक निष्क्रांत जमीन पर कब्जा कर मकान का अवैध निर्माण कराने के मामले में मुल्जिम मुख्तार अंसारी के खिलाफ आरोप तय कर दिया है। सोमवार को मुल्जिम मुख्तार अंसारी बांदा जेल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष अदालत के समक्ष पेश हुए थे। मामले की अगली सुनवाई 29 अगस्त को होगी है। 27 अगस्तए 2020 को इस मामले की एफआईआर प्रभारी लेखपाल सुरजन लाल ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी। 18 अक्टूबरए 2021 को इस मामले में मुख्तार असंारी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हुआ था। जिसके मुताबिक मुख्तार ने जियामऊ इलाके में एक निष्क्रांत जमीन का जबरिया बैनामा करा लिया। इस सम्पति पर साजिशन फर्जी तरीके से अपने बेटों का नाम दर्ज कराया। जमीन का नक्शा मंजूर कराने के लिए अपने बाहुबल का इस्तेमाल कर अनावश्यक दबाव बनाया। फर्जी दस्तावेजों के जरिए इस जमीन पर मकान का अवैध निर्माण भी कराया गया। इस मामले में मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी व उमर अंसारी भी मुल्जिम है। मुख्तार समेत सभी मुल्जिमों के खिलाफ आईपीसी की धारा 120बी, 420, 467, 468 व 471 के साथ ही सार्वजनिक सम्पति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 3 में आरोप पत्र दाखिल हुआ था। बीते 27 जुलाई को विशेष अदालत ने इस मामले में मुल्जिम मुख्तार असंारी की डिस्चार्ज अर्जी खारिज कर दी थी।

### बसपा के पूर्व विधायक डॉ. विजय कुमार की जमानत याचिका खारिज

**विधि संवाददाता। लखनऊ।** वर्ष 2015 के शिखर श्रीवास्तव हत्याकांड मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने गोरखपुर के बांसगाव से बसपा विधायक रहे डॉण् विजय कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी है। पूर्व विधायक पर उनकी डीआईओएस पत्नी से शिखर का अवैध सम्बंध होने के शक में इस हत्याकांड को अंजाम देने का इल्जाम है। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश डॉण् विजय कुमार की जमानत याचिका पर दिया है। पीठ ने अपने आदेश में इस बात का जिक्र किया है कि तत्कालीन विधायक व काफी प्रभावशाली होने के कारण इस मामले की जांच सीबीसीआईडी को स्थानांतरित कर दी गई थी। विधान सभा के तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष स्वामी प्रसाद मौर्या ने इसके लिए पत्र लिखा था। जिस पर तत्कालीन मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव ने आदेश जारी किया था। हालांकि बाद में हाईकोर्ट ने मृतक के भाई की याचिका पर इस आदेश को खारिज कर दिया था। एकल पीठ ने यह भी कहा है कि मुल्जिम इतना प्रभावशाली है कि घटना के चार साल बाद तक उसकी गिरफ़्तारी भी नहीं की जा सकी। इस मामले की एफआईआर मृतक के पिता ने बाराबंकी के थाना बदोसराय में दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक उनके बेटे को नौकरी दिलाने के नाम पर मुल्जिम व उसकी डीआईओएस पत्नी मृदुला आनंद ने पैसे लिए थे। लेकिन नौकरी नहीं मिलने के बाद रकम वापस मांगने पर उनके बेटे की हत्या की गई। विवेचना के दौरान अवैध संबन्ध के शक में हत्या की बात सामने आई। अभियोजन के मुताबिक मृतक व मृदुला आनंद के बीच चार महीनों में 198 बार फोन पर बात हुई थी। दोनों ने ट्रेन के एक ही कूप में साथ.साथ सफर भी किया था। इस मामले में मृदुला आनंद भी मुल्जिम है।

### जल निगम के तत्कालीन प्रबंध निदेशक के खिलाफ पुनः जमानती वारंट जारी

**विधि संवाददाता। लखनऊ।** सीबीआई के विशेष जज मनोज पांडेय ने उप्र जलनिगम विभाग में करीब 1300 पदों पर हुई भर्ती घोटाला मामले में प्रबंध निदेशक प्रेम कुमार आशुदानी के खिलाफ पुनः जमानती वारंट जारी करने का आदेश दिया है। जबकि इस मामले के एक अन्य मुल्जिम व आजम खान के ओएसडी रहे सैयद आफाक अहमद की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए 24 अगस्त की तारीख मुकर्रर की है। बीते दो अगस्त को विशेष अदालत ने इन दोनों मुल्जिमों के गैरहाजिर रहने पर जमानती वारंट जारी करने का आदेश दिया था। सोमवार को मुल्जिम आफाक अहमद की ओर से अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की गई। 25 अप्रैल 2018 को इस मामले की एफआईआर निरीक्षक अटल बिहारी ने लखनऊ की एसआईटी थाने में दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान इस मामले में आजम खान समेत मुल्जिम गिरीश चंद्र श्रीवास्तवए नीरज मलिकए विश्वजीत सिंहए अजय कुमार यादवए संतोष कुमार रस्तोगीए रोमन फर्नांडीजए कुलदीप सिंह नेगीए हेमंत कांडपालए अनिल कुमार खरेए आफाक अहमदए प्रेम कुमार आशुदानी व अशोक उत्प्रेती के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हुआ था। अदालत में दाखिल आरोप पत्र के मुताबिक मुल्जिमों पर मनचाहे अभ्यर्थियों का चयन कराने के लिए एक साजिश के तहत मनचाही संस्था मेसर्स एपटेक लिमिटेड का चयन कराने का आरोप है।

### छेड़छाड़ में तीन साल की सजा

**विधि संवाददाता। लखनऊ।** पॉक्सो के विशेष जज अरविन्द मिश्र ने एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के मामले में मुल्जिम ताज मोहम्मद को तीन साल की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर 11 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। लोक अभियोजक सुखेन्द्र प्रताप सिंह के मुताबिक यह मामला वर्ष 2014 का है। इस मामले की एफआईआर पीड़िता के पिता ने थाना चिनहट में दर्ज कराई थी।

### लाखों के गबन में सहायक डाकपाल व डाक सहायक को 10 साल की सजा

**विधि संवाददाता। लखनऊ।** सीबीआई के विशेष जज विजय चंद यादव ने राष्ट्रीय बचत पत्र व किसान तथा फतेहगढ़ के सहायक डाकपाल अमरनाथ अग्निहोत्री व डाक सहायक प्रदीप कुमार वर्मा को दोषी करार दिया है। उन्होंने इन दोनों मुल्जिमों को 10.10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही इन पर अलग अलग एक लाख 25 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। सीबीआइ के वरिष्ठ लोक अभियोजन अजय पाल के मुताबिक यह मामला मईए 2006 का है। इस दौरान मुल्जिमों ने आपसी सांठ.गांठ से विभागीय दस्तावेजों में फर्जी इंट्री दर्ज कर 17 लाख 44 हजार का गबन किया था।

### सबाउद्दीन, मो. नदीम व सैफुल्ला की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर

**विधि संवाददाता। लखनऊ।** एनआईए/एटीएस के विशेष जज अनुरोध मिश्र ने आतंकी गतिविधियों के मामले में निरुद्ध मुल्जिम सबाउद्दीन का 10 जबकि मो नदीम व हबीबुल इस्लाम उर्फ सैफुल्ला का 12 दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर किया है। इन तीनों मुल्जिमों की कस्टडी रिमांड की अवधि 17 अगस्त की सुबह 10 बजे से शुरु होगी। उन्होंने यह आदेश एटीएस की अर्जी पर दिया है। इस अर्जी पर सुनवाई के दौरान तीनों मुल्जिम जेल से अदालत में उपस्थित थे। एटीएस के पुलिस उपाधीक्षक विपिन कुमार राय ने मुल्जिम सबाउद्दीन का 10 जबकि पुलिस उपाधीक्षक शैलेन्द्र सिंह राठौर ने मुल्जिम नदीम व सैफुल्ला का 14 दिन की कस्टडी रिमांड मांगी थी। विशेष लोक अभियोजक एमके सिंह ने इस अर्जी पर बहस की। उनका कहना था कि आठ अगस्त को गिरफ्तार आजमगढ़ निवासी मुल्जिम सबाउद्दीन आतंकी संगठन आईएसआईएस की जिहादी विचारधारा का प्रचार.प्रसार कर रहा था। कई अन्य लोगों को भी इस विचारधारा से जोड़ चुका था। व्हाट्सएप पर टेलीग्राम एप के जरिए अरबी भाषा में जिहादी बातें करता था। इसके द्वारा देश व प्रदेश के विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर विस्फोट करने की योजना थी। इससे बरामद मोबाइल के डाटा एक्सट्रेक्शन से साक्ष्यों को डिस्कवर व पूछताछ करना है। इसके बैंक खातों का विश्लेषण करना है। इसके विभिन्न संगठनों की जानकारी करनी है। इसे अवैध असलहा मुहैया कराने वाले की जानकारी हासिल करना है। इससे जुड़े जम्मू व कश्मीर तथा बिहार के व्यक्तियों का चिन्हीकरण कराना है। इसके द्वारा जिन स्थानों पर आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया जाना थाए उनका चिन्हीकरण कर प्वाइंट आउट मेमो भी बनाना है। नौ अगस्तए 2022 को इस मामले की एफआईआर निरीक्षक भारत भूषण तिवारी ने थाना एटीएसए गोमतीनगर में दर्ज कराई थी।

# तिरंगा यात्रा के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटों में जमकर पथराव

## ● आशियाना पुलिस ने बवाल करने वाले चार को किया गिरफ्तार अन्य की तलाश जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** की आशियाना पुलिस ने चार बवालियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस का कहना है कि तिरंगा यात्रा के दौरान बवाल करने वाले अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही ह।

जानकारी के अनुसार स्वतंत्रता दिवस की दोपहर तिरंगा यात्रा के दौरान पथराव और मारपीट करने के मुकदमे में आरोपी बनाए गए चार लोगों को आशियाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आशियाना पुलिस के द्वारा बंगला बाजार के पास तिरंगा यात्रा के दौरान पथराव के मामले में सिद्धार्थ नगर के रहने वाले दिलीप कुमार पाठक रूचि खंड आशियाना के रहने वाले रोहित सिंह उर्फ बच्चा बंगला बाजार आशियाना के रहने वाले अंचल सोनकर और किला गांव आशियाना के रहने वाले बाबा दीन को गिरफ्तार कर लिया है। आपको बता दें कि स्वतंत्रता दिवस की दोपहर बंगला बाजार में दो तिरंगा यात्रा के दौरान दो गुटों के बीच मारपीट की गई थी जिसमें पीजीआई तेलीबाग गुट के लोगो के द्वारा आशियाना के गुट पर पथराव किया गया था जिसमें रवि नाम का एक लड़का घायल हुआ था और 2 गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गई थी । इस मामले में आयुष यादव के द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था जिसमें 10 लोगों को नामजद भी कराया गया था तिरंगा यात्रा के दौरान हुए पथराव के इस मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया और तिरंगा यात्रा के दौरान पथराव कर माहौल बिगाड़ने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए 3 टीमें गठित की गई थी जिसमें आज 4 लोग गिरफ्तार कर लिए गए ।

# मंडी परिषद में नौकरी दिलाने के नाम पर 18 लाख की ठगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महानगर** कोतवाली में एफसीआई और मण्डी परिषद में नियुक्ति दिलाने का झांसा देते हुए 18 लोगों से 28 लाख रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोपी ने युवकों को फर्जी नियुक्ति पत्र थमाए थे। जिन्हें लेकर दफ्तर पहुंचने पर युवकों को हकीकत पता चली। पीड़ितों ने एसीपी महानगर जया शांडिल्य को घटना की जानकारी दी। जिनके निर्देश पर महानगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रयागराज छोटा बघाड़ा निवासी पुनीत सिंह सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे थे। परिचित कन्हैया अग्रहरि के जरिए विकासनगर सेक्टर एक निवासी चंद्रभूषण दुबे से हुई। जिसने महानगर वॉयरलेस चौराहे के पास एक आफिस बना रखा था। मुलाकात के दौरान चंद्रभूषण ने बताया कि एफसीआई मण्डी परिषद और 108 एंबुलेंस सेवा में उसकी गहरी पैठ है। अधिकारियों से संबंध का फायदा उठाते हुए वह कई लोगों की नौकरी लगवा चुका है। पुनीत के मुताबिक आरोपी चंद्रभूषण के पास इस दौरान कई फोन भी आए। जिसमें लोगा नौकरी लगवाने के लिए उसका शुक्रिया अदा कर रहे थे। यह सब देख कर वह भी प्रभाव में आ गए। पुनीत के साथ फतेहपुर निवासी सज्जन सिंह चित्रकूट निवासी अविनाश सिंह कौशांबी निवासी सुखेंद्र प्रताप अजीत यादव फतेहपुर निवासी भूपेंद्र सिंह और प्रयागराज निवासी मनोज सोनकर भी थे।

### गोदाम से चोरों ने पार की 17 लाख की टॉफी

**लखनऊ।** चिनहट के देवराजी विहार में चोरों ने घर में बने गोदाम से सोमवार रात 17 लाख की चॉकलेट पार कर दी। पहचान न खुले इसलिए चोर डीवीआर भी उठा ले गए। पीड़ित की तहरीर पर चिनहट पुलिस मुकदमा दर्ज कर पड़ताल कर रही है। ओमेक्स सिटी निवासी व्यापारी राजेन्द्र सिंह कैडबरी के डीलर हैं।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लखनऊ ।** पीजीआई थाना क्षेत्र में 18 वर्षीय युवक ने अपने कमरे में चादर के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । मिली जानकारी के मुताबिक गोरखपुर निवासी फूलचंद पांडे ने बताया कि बेटा शिवम पांडे 18 वर्ष पीजीआई थाना क्षेत्र के एल्डिको दोश्रय कालोनी में रहता था और प्राइवेट नौकरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। बीती 14 अगस्त की रात में वह बेटे के नंबर पर फोन कर रहे थे लेकिन फोन न उठने पर उन्हें अनहोनी की आशंका होने पर वह अगले दिन सुबह करीब 12 बजे लखनऊ पहुच कर कमरे का दरवाजा खटखटाने पर भी कोई आवाज ना मिलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लिया।

# पुराने दोस्त ने किया था व्यापारी का अपहरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के पीजीआई इलाके से एक व्यापारी का अपहरण कर सीतापुर के फार्म हाउस में असलहे के दम पर उसे बंधक बनाने के बाद उसके बिट कॉइन वॉलेट से एक करोड़ 3 लाख वैल्यू के बिटकॉइन ट्रांसफर कर लिये। पीड़ित की पत्नी द्वारा जानकारी होने पर सक्रीय हुई लखनऊ क्राइम ब्रांच व पीजीआई पुलिस ने व्यापारी को सकुशल बरामद कर वारदात में शामिल तीन आरोपियों बड्डूपुर बाराबंकी के रहने वाले संदीप प्रताप सिंह जिला हरदोई के रहने वाले राजवीर सिंह और मोहम्मदपुर खाला बाराबंकी के रहने वाले विजय प्रताप सिंह को पीजीआई थाना क्षेत्र अंतर्गत कालिंदी पार्क के पास से उस समय गिरफ्तार किया जबकि मुख्य आरोपी वीरु अभी फरार है जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

डीसीपी प्राची सिंह का कहना है कि 8 अगस्त को पीजीआई के रहने वाले अर्जुन भार्गव को किडनैप करने के बाद उन्हें सीतापुर के फार्म हाउस में ले जाया गया था जहां अर्जुन भार्गव के बिटकॉइन अकाउंट से बदमाशों के द्वारा एक करोड़ 3 लाख कीमत की बिटकॉइन क्रिप्टो करेंसी ट्रांसफर की गई थी। उन्होंने बताया कि अर्जुन की पत्नी की तहरीर पर

मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें अपराधियों की लगातार तलाश चल रही थी और आज इन लोगों संदीप प्रताप सिंह राजवीर सिंह और विजय प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर 30 हज़ार की नकदी एक 32 बोर की देसी पिस्टल तीन कारतूस 5 मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई एक कार बरामद कर ली गई है ।

# घर के बाहर नशा करने से रोका तो की मारपीट

## ● घर में घुसकर महिला को पीटा, युवती पर ब्लेड से हमला कर स्कूटी जलाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के पीजीआई इलाके के तेलीबाग पुलिस चौकी अंतर्गत वृंदावन योजना सेक्टर 5 ई में घर के बाहर बैठ कर नशा कर रहे युवकों को मकान मालिक ने मना किया। इसी बात पर बौखला युवकों ने मारपीट की घर में घुसकर महिला से मारपीट की बचाव में आई युवती पर ब्लेड से हमला किया और घर के बाहर खड़ी स्कूटी को फूंक दिया और भाग निकले सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक आरोपी पकड़ लिया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। श्रवण कुमार वृंदावन योजना सेक्टर 5 ई में बड़े भाई मां और बहन के साथ किराए पर रहते हैं। इन्होंने बताया कि सोमवार शाम करीब साढ़े छह बजे चार युवक घर के बाहर बैठ कर नशा कर रहे थे उनको जब रोका गया तो अभद्रता करने लगे तोड़ फोड़ कर चले गए।

रात करीब साढ़े 9 बजे दुबारा आए और घर में घुसकर मारपीट की जिसमें सभी को चोटें आई हैंए 20साल की बहन पर धारदार ब्लेड से हमला कर दिया इतने पर भी वह नहीं रुके घर के बाहर खड़ी स्कूटी घसीट कर थोड़ी दूर ले गए और उसमें आग लगा दी जो पूरी तरह जल गई। पीड़ित श्रवण कुमार ने कालोनी के ही बाबू बंटी अविनाश गौरव के खिलाफ तहरीर दी। चौकी प्रभारी तेलीबाग अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि मारपीट में शामिल बाबू बंटी गौरव को गिरफ्तार कर लिया गया है जब कि एक अन्य की तलाश की जा रही है।

### फ्लैट दिलाने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाला जालसाज गिरफ्तार

**लखनऊ।** तुलसियानी गुरुप के निदेशक अजय तुलसियानी को लखनऊ की डीसीपी पूर्वी प्राची सिंह की क्राइम टीम ने मंगलवार को महानगर से गिरफ्तार कर लिया।आरोपी रियल एस्टेट कम्पनी चलाता है। निवेशकों को फ्लैट देने का झांसादेते हुए आरोपी ने करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की है। उसके खिलाफ विभूतिखंड कोतवाली में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं।डीसीपी पूर्वी प्राची सिंह के मुताबिक अजय तुलसियानी के विरुद्ध कानपुर निवासी जिस संचालक मनीष धवन ने मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपी ने सुशांत गोल्फसिटी शहीद पथ के पास प्लासियो इम्पीरियल के नाम से अपार्टमेंट बनाए जाने का दावा किया था। अजय और उसके साथियों की लुभावनी स्कीम में फंस कर मनीष ने वर्ष 2014 में करीब 37 लाख रुपये जमा किए थे। जिसके बाद उन्हें फ्लैट नहीं दिया गया। पूछताछ करने पर धमकी दी जाती थी। इसी तरह आरोपी अजय तुलसियानी ने गोल्फव्यू प्रोजेक्ट शुरू कर वाराणसी निवासी लल्ला राम मौर्या से पांच करोड़ रुपये हड़पे हैं। डीसीपी के मुताबिक अजय तुलसियानी से पूछताछ की जा रही है।

### किराना व्यापारी पर लगाया दुराचार कर आरोप

**लखनऊ।** दुबग्गा कोतवाली में महिला ने किराना व्यापारी मुजीब पर बंधक बना कर दुराचार करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दुबग्गा निवासी महिला का पति किराना व्यापारी मुजीब की दुकान पर काम करता था। दो वर्ष पूर्व पति घर छोड़ कर चला गया था। पति के बारे में जानकारी नहीं मिलने से महिला काफी परेशान थी। मुजीब ने मदद की बात कहते हुए किराए का मकान लेकर दिया। इसके बाद आरोपी उसके साथ जबरन संबंध बनाने लगा।

75वें स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
मत्ते शुक्ला
प्रधान प्रतिनिधि एवम् समाजसेवी,
बलभद्रपुर, जामों–अमेठी

75वें स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
राजबहादुर सिंह उर्फ गुड्डू सिंह
प्रधान प्रतिनिधि एवम् समाजसेवी,
नदियावाँ, जामों–अमेठी

75वें स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
श्रीमती कीर्ति
ग्राम प्रधान
गौतमपुर, जामों–अमेठी

75वें स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
शैलेन्द्र पाण्डेय
प्रधान प्रतिनिधि एवम् समाजसेवी,
वीरीपुर, जामों–अमेठी

75वें स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ


अभिषेक प्रताप सिंह, (समाजसेवी)
प्रबन्धक
दुष्यन्त सिंह भालेसुल्तान इंटर कॉलेज
दुष्यन्त सिंह भालेसुल्तान महाविद्यालय – सादीपुर
निवेदकः जे0डी0इंस्टीट्यूट एण्ड टेक्नोलॉजी – सादीपुर


75वें स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

डॉ0 आलोक मिश्रा
अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,
मुसाफिरखाना, अमेठी

75वें स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

अरूण मिश्रा
प्रधान प्रतिनिधि, रंजीतपुर,
मुसाफिरखाना, अमेठी
जिला सह मीडिया प्रभारी, भाजपा
अमेठी

75वें स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

उदयभान सिंह उर्फ बबलू सिंह
प्रधान (समाजसेवी)
सविता सिंह, जिला पंचायत सदस्य
सूखी बाजगढ़, जामों–अमेठी

75वें स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

चन्द्र प्रकाश मिश्र मटियारी
पूर्व विधायक गौरीगंज विधानसभा

75वें स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
बब्बन सिंह
प्रधान प्रतिनिधि एवम् समाजसेवी,
डीघा गोपालपुर, जामों–अमेठी

75वें स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ


जीत बहादुर यादव
ग्राम प्रधान, गंगेरवा,
मुसाफिरखाना, अमेठी









# यूपी ग्लोबल इंवेस्टर समिट में 10 लाख करोड़ का लक्ष्य: योगी


पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधान भवन के समक्ष ध्वजारोहण करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जनवरी-फरवरी 2023 में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से 10 लाख करोड़ रुपये के नये निवेश का लक्ष्य है। इसके माध्यम से रोजगार, स्किल डेवलपमेन्ट के साथ ही प्रदेश के प्रत्येक परिवार के एक व्यक्ति को रोजगार के साथ जोड़ने के वृहद कार्यक्रम को भी आगे बढ़ाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुदृढ़ कानून.व्यवस्था के माध्यम से विकासपरक माहौल बनाकर सेक्टरवार आकर्षक नीतियों तथा भरोसेमन्द अवस्थापना सुविधाओं की उपलब्धता के कारण प्रदेश, देश व दुनिया में निवेश के ड्रीम डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए सभी विभागों को 10 सेक्टर में समायोजित करते हुए कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रोजगार तथा नौकरियों की सम्भावनाओं को आगे बढ़ाते हुए विगत 5 वर्षों में पांच लाख नौजवानों को सरकारी नौकरियां प्रदान की गई है। 1 करोड़ 61 लाख नौजवानों को विभिन्न प्रकार के रोजगारों से जोड़ा गया है। 60 लाख से अधिक परम्परागत उद्यमियोंए हस्तशिल्पियों तथा कारीगरों को स्वरोजगार से भी जोड़ा गया है। प्रदेश डेटा सेन्टर के हब के रूप में स्थापित हो रहा है। डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर के माध्यम से प्रदेशए देश की सुरक्षा व्यवस्था और रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने में योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 5 वर्षों में प्रदेश में विभिन्न प्रकार की कनेक्टिविटी को बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने का कार्य किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में राजस्व संग्रह के बड़े लक्ष्य को प्राप्त किया गया है। राज्य की जीडीपी को दोगुना करने में सफलता प्राप्त हुई है। विगत 5 वर्षों में विकास और सुशासन की नींव तैयार की गयी है। आगामी 5 वर्षों में प्रदेश की प्रगति व समृद्धि की भव्य इमारत आकार लेगी। उन्होंने आह्वान किया कि भारत की आजादी को अक्षुण्ण बनाये रखने के पवित्र संकल्प के साथ सभी जुड़ें। अपने-अपने क्षेत्र में कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए हम एक भारत, श्रेष्ठ भारत के प्रधानमंत्री जी के सपने को साकार करें। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया।

## राजभवन में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 76 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तत्पश्चात राजभवन प्रांगण में ध्वजारोहण किया तथा सुरक्षा बलों की सलामी ली। इसके बाद राज्यपाल ने राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों व सुरक्षा बलों से स्वाधीनता दिवस की बधाई स्वीकार की। इस अवसर पर राज्यपाल ने राष्ट्रपति पदक से सम्मानित मुख्य सुरक्षा अधिकारी, राजभवन अजय कुमार त्रिपाठी को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बैच लगाकर सम्मानित किया। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन सचिवालय स्थित सचिवालय अभिलेखागार का लोकार्पण किया। साथ ही प्रत्येक कक्ष का निरीक्षण करने के उपरान्त सम्बन्धित अधिकारियों को साफ सफाई, अनुरक्षण तथा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था करने के इंतेजाम करने के निर्देश दिये।

## आवास आयुक्त ने कर्मचारियों को किया सम्मानित

**लखनऊ।** आजादी के अमृत महोत्सव में स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर उप्र आवास एंव विकास परिषद के आवास आयुक्त द्वारा झंडोरोहण किया गया।

आवास आयुक्त द्वारा झंडारोहण के दौरान 75 वर्ष पूरे कर चुके परिषद सेवानिवृत्त कर्मियों को सम्मानित किया गया। वहीं, अवध विहार में वृक्षारोपण कर इंदिरानगर के ट्रेनिंग सेंटर में संगोष्ठी कर लैं ड बैंक बढ़ाने पर चर्चा की गयी। सोमवार को आजाद के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आवास आयुक्त अजय राठौर द्वारा मुख्यालय में झंडारोहण किया गया। झंडा रोहण के बाद परिषद के सेवानिवृत्त कर्मियों जिन्होंने 75 वर्ष पूर्ण कर चुके कर्मियों को आवास आयुक्त द्वारा सम्मानित किया गया।

## जिलाधिकारी ने किया ध्वजारोहण

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस पर जिलाधिकारी द्वारा झंडारोहण किया गया। झंडारोहण के बाद जिलाधिकारी द्वारा वरिष्ठ नागरिकों और कर्मचारियों को मिष्ठान वितरित किया गया। वहीं, जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी गयी। सोमवार को स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार व उनके पिताजी नत्थूलाल गंगवार ने सपरिवार सर्वप्रथम शिविर कार्यालय में झंडारोहण किया। जिसके पश्चात डीएम ने कलेक्ट्रेट पहुँच कर झंडारोहण किया और स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। राष्ट्रगान के बाद जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं व समस्त वरिष्ठ नागरिकों एवं कर्मचारियों को मिष्ठान वितरित किया गया। डीएम द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की।

## व्यापार मंडल ने झंडारोहण समारोह का किया आयोजन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एल्डिको,** चिनहट, गोमती नगर उद्योग व्यापार मण्डल की ओर से 75वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर एल्डिको तिराहा पर ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में व्यापारियों व स्थानीय नागरिकों के अलावा प्रभारी निरीक्षक चिनहट तेज बहादुर सिंह ,चौकी इंचार्ज एल्डिको सूर्य प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। व्यापार मण्डल की ओर से जिलाध्यक्ष नीरज गुप्ता, वरिष्ठ जिला महामंत्री यादवेन्द्र प्रताप सिंह गब्बर, जिला महामंत्री आशुतोष खरे, जिला उपाध्यक्ष शेर बहादुर थापा, जिला उपाध्यक्ष अमन कुमार, जिला उपाध्यक्ष पंकज गुप्ता गप्पू विशेष रूप से मौजूद रहे। ध्वजारोहण कार्यक्रम में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर भागीदारी की। इस दौरान नीरज गुप्ता की अगुवाई में समस्त व्यापार मंडल परिवार ने निकालने वाली समस्त रैलियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

## नवयुग कन्या महाविद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**नवयुग** कन्या महाविद्यालय में 75वा स्वतंत्रता दिवस समारोह आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने ध्वजारोहण किया। एनसीसी कैडेट्स द्वारा ध्वज को सलामी देते हुए राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों शा आयोजन किया गया जिसमें 'ए मेरे वतन के लोगों' गीत बीएड की आयुषी ने बहुत ही मधुर स्वर में प्रस्तुत किया। इसके उसके बाद 'देश मे' गीत पर बहुत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुति बीए सेमेस्टर 2 की रिमझिम धानुक ने प्रस्तुत किया। इसके पश्चात सांस्कृतिक समिति की प्रमुख डॉ. सृष्टि श्रीवास्तव ने उच्च शिक्षा निदेशक प्रयागराज का संदेश पढ़ा और राष्ट्र की नीतियों के बारे में शिक्षकों को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन बीएड की छात्राओं तनु मिश्रा और आस्था त्रिपाठी ने किया, सजावट का भार शारीरिक शिक्षा की छात्राओं का ने सम्हाला, जिसे डॉ. सीमा पाण्डे के निर्देशन में किया। इस कार्यक्रम का आयोजन सांस्कृतिक समिति के सभी सदस्यों के सहयोग से हुआ।

## तिरंगा हमारे अतीत का गौरव: राजेश्वर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आज़ादी** के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। विधायक राजेश्वर सिंह द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं समेत क्षेत्र की जनता ने भागीदारी की। भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों के बीच यह यात्रा दोपहर 1 बजे कानपुर रोड पर बनी स्थित आराध्या लॉन से शुरू हुई। सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने खुली जिप्सी की सवारी की जिसपर एक बड़ा तिरंगा झंडा लहरा रहा था, यह यात्रा जिधर से भी निकल रही थी लोग राष्ट्रध्वज का अभिवादन कर रहे थे। पूर्व जलशक्ति मंत्री व भाजपा एमएलसी डॉ. महेंद्र सिंह, रामचन्द्र प्रधान एमएलसी, मुकेश शर्मा एमएलसी, कर्नल मनिमोहन घोष समेत कई प्रसिद्ध हस्तियों ने भी इस भव्य तिरंगा यात्रा में सहभागिता कर लोगों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान नटकुर के प्रधान पवन सिंह ने विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह को तलवार भेंट की।

### यूपी पुलिस में सभी चुनौतियों का सामना करने की शक्ति: डीजीपी



**लखनऊ।** डीजीपी डीएस चौहान ने प्रदेश पुलिस के जवानों और अधिकारियों से अपेक्षा की है कि वह उत्तर प्रदेश सरकार की नीति के अन्तर्गत सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास की अवधारणा को अंगीकृत देश एकता, अखंडता तथा सम्प्रभुता को अक्षुण्य बनाए रखने में उपलब्ध संसाधनों एवं जनशक्ति का सदुपयोग करते हुए जनता की सेवा करने में हमेशा अग्रणी रहेंगे और कठिन परिश्रमए निष्ठा ईमानदारी और उत्तम आचरण से पुलिस की छवि उज्जवल बनाने के प्रति अग्रसर रहेंगे। डीजीपी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पुलिस मुख्यालय में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि उत्तर प्रदेश पुलिस में सभी चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने की शक्तियां मौजूद है। हम सब उन शक्तियों को जागृत कर उच्चकोटि की व्यवसायिक दक्षता से चुनौतियों का सामना करेंगे। मुख्यमंत्री की कानून व्यवस्था व भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस संबंधी सभी प्राथमिकताओं को पूर्ण करेंगे तथा हमारी गौरवशाली परम्पराओं को आगे बढ़ाते हुए इसी प्रकार नए कीर्तिमान स्थापित करते रहेंगे।

### मुख्य सचिव ने किया रोबोटिक्स लैब का शुभारम्भ



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) में नवनिर्मित विश्व स्तरीय रोबोटिक्स लैब का उद्घाटन मंगलवार मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर श्री मिश्र ने रोबोटिक्स लैब को अवलोकन किया एवं छात्रों से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया। इस भव्य समारोह में सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी सीएमएस प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडनए सीएमएस के विभिन्न कैम्पस की प्रधानाचार्याओं समेत बड़ी संख्या में शिक्षकों छात्रों व अभिभावकों ने उत्साहपूर्ण उपस्थिति दर्ज करायी एवं छात्रों को विज्ञान व प्रोद्योगिकी की अति.आधुनिक व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने के सीएमएस के प्रयासों की दिल खोलकर सराहना की। इससे पहलेए सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा जगदीश गाँधी ने मुख्य सचिव श्री दुर्गाशंकर मिश्र का हार्दिक स्वागत.अभिनंदन किया।

### एसएसपी आगरा सहित पांच को मिला सीएम उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक

**लखनऊ।** आईपीएस अफसर प्रभाकर चौधरी सहित प्रदेश के पांच पुलिस कर्मियों को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पदक प्राप्त करने वाले पुलिस कर्मियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। इनमें जनपद आगरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रभाकर चौधरी, राज्य अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ में तैनात अपर पुलिस अधीक्षक विनय चन्द्रा, जनपद मुरादाबाद में तैनात निरीक्षक (नागरिक पुलिस) रविन्द्र प्रताप सिंह, जनपद खीरी के अभिसूचना विभाग में तैनात निरीक्षक दिनेश कुमार डान्डियाल तथा जनपद हापुड़ की निरीक्षक मनु चौधरी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि 'मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक' का सम्मान इन सभी की कर्मठता, उत्कृष्ट सेवा भावना व अटूट कर्तव्यपरायणता को रेखांकित करता है। यह सभी अधिकारी उत्तर प्रदेश पुलिस की सेवा, समर्पण और अनुशासन की गौरवशाली परम्परा के श्रेष्ठ प्रतिनिधि हैं। उन्होंने इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### रिहा किए गए 136 बंदी

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में योगी सरकार के आदेश पर प्रदेश की जेलों में विभिन्न आपराधिक मामलों में निरुद्ध 136 बंदियों को रिहा कर दिया गया है। बीते रविवार को योगी सरकार ने इस संबंध में कारागार महकमे के प्रस्ताव पर अपनी मंजूरी प्रदान की थी। जिसके बाद इन सभी को रिहा करने के आदेश जारी कर दिए गए। जानकारी के अनुसार कारागार महकमे ने 400 बंदियों की रिहाई की फाइल शासन को भेजी थी। इनमें अमृत महोत्सव के तहत 303 कैदियों और स्वतंत्रता दिवस पर रिहाई नीति के तहत 97 कैदियों के रिहाई के पात्र मामले शामिल थे। जिसमें से 136 को रिहा किए जाने की मंजूरी योगी सरकार द्वारा प्रदान कर दी गई। डीजी कारागार आनंद कुमार ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर स्थाई नीति के अन्तर्गत शासन ने 50 बंदियों और आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रथम चरण में 86 बंदियों को रिहा कर दिया गया है।

### पंजाब नेशनल बैंक ने किया डीजीवाक का आयोजन

**लखनऊ।** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा डीजीवाक का आयोजन किया गया। इस डीजीवाक को अंचल प्रबन्धक संजय गुप्ता ने झण्डा दिखाकर रवाना किया। यह डीजीवाक बैंक के अंचल कार्यालय परिसर से प्रारम्भ होकर लोहिया अस्पताल, हाईकोर्ट चौराहे से वापस, पिक अप भवन होते हुये अंचल कार्यालय परिसर मे समाप्त हुई। इस दौरान अंचल प्रबन्धक ने अंचल कार्यालय परिसर मे उपस्थित भारी जनसमूह को संबोधित करते हुये कहा की इस डीजीवाक का उद्देश्य आम लोगों को बैंक के विभिन्न डिजिटल उत्पादों तथा पीएनबी वन एप के विषय मे जागरूक करना है जिससे ग्राहक अपनी समस्त जरूरते इस एप के माध्यम से पूरी कर सकते हैं। उन्होने यह भी कहा की जिस तरह से भारतीय अर्थव्यवस्था डिजिटल क्रांति की तरफ अग्रसर हो रही है उसमे पीएनबी वन एप मील का पत्थर साबित होगा। इस पीएनबी वन एप के माध्यम से ग्राहक केवल चार स्टेप मे प्री अप्रूव्ड पर्सनल लोन प्राप्त कर सकता है साथ ही बिना डेबिट कार्ड के एटीएम से नकद प्राप्त किया जा सकता है।

### सीएचसी कर्मियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**मोहनलालगंज।** स्वास्थ्य कर्मियों ने मंगलवार को मोहनलालगंज कस्बे में तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों को एनीमिया मुक्त भारत के निर्माण का संदेश दिया। यात्रा का समापन विधायक अमरेश कुमार ने सीएचसी पहुंचकर किया। उत्तर प्रदेश में खून की कमी यानी एनीमिया तेजी से फैलती बीमारी के रूप में उभरकर सामने आई है। आंकड़ों की मानें तो उत्तर प्रदेश में तकरीबन 47 फीसदी लोग एनीमिया का शिकार हैं। मतलब साफहै कि प्रदेश में हर दूसरा व्यक्ति एनीमिया से पीड़ित है। जिसे लेकर मंगलवार को अधीक्षक डॉ0 अशोक कुमार की अगुवाई में स्वास्थ्य कर्मियों ने हाथों में तिरंगा और एनीमिया से बचाव के तरीके लिखे पोस्टर लेकर जागरुकता रैली निकाली। सीएचसी से निकली तिरंगा जागरुकता रैली को तहसील तक ले जाया गया फिर वापस लौटकर सीएचसी में विधायक अमरेश कुमार ने रैली का समापन किया। इस दौरान सीएचसी में एनीमिया जागरुकता को लेकर गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें सीएचसी अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार ने सभी आशा बहू एएनएम और सीएचओ को एनीमिया को फैलने से रोंकने के लिए पांच आसान तरीके सुझाए। अधीक्षक ने कहा हरी सब्जियां और मौसमी फल का इस्तेमाल एनीमिया से बचाव के लिए बेहद आवश्यक है। सहजन पालक बथुवा व लाल चौराई का साग तथा गुड़ चने का सेवन भी एनीमिया से बचाव के लिए रामबाण माने जाते हैं। विधायक अमरेश कुमार ने स्वास्थ्य कर्मियों से इन पांच तरीकों के बारे में आमजन को अधिक से अधिक जानकारी देने और इनका सेवन करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। इस मौके पर डॉ. विनय मिश्र डॉ. मनीष अवस्थी डॉ. त्रियेन्द्र एचइओ शादिया अंसारी बीपीएम कृष्ण कुमार और बीसीपीएम आनन्द मोहन त्रिपाठी समेत अन्य सीएचसी कर्मी मौजूद रहे।

## भारत सम्मान 2022 से कंचन अवस्थी को किया गया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मूल** रूप से लखनऊ निवासी अभिनेत्री कंचन अवस्थी को भारत सम्मान 2022 से सम्मानित किया गया। कंचन अवस्थी ने यह सम्मान पाकर प्रदेश की राजधानी लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। बुद्धाजंलि रिसर्च फाउन्डेशन एवं बीइंग मदर स्टैंड यूनाइटेड मुम्बई द्वारा दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में अभिनेत्री कंचन अवस्थी को बालीवुड सिंगर उदित नारायण, संगीत निर्देशक अनु मलिक अभिनेत्री एवं प्लेबैक सिंगर सलमा आगा, केलाश मासूम अध्यक्ष बुद्धाजंलि रिसर्च फाउन्डेशन चैरिटेबुल ट्रस्ट द्वारा सम्मानित किया गया। कंचन अवस्थी को इसके पहले बेस्ट डांसर अवार्ड, मंजू श्री सम्मान, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री सम्मान, यूपी आर्टिस्ट अकादमी द्वारा बेस्ट एक्ट्रेस अवार्ड वर्ष 2018 में बेस्ट अपकमिंग एक्ट्रेस का सम्मान, ग्लोबल एचीवर्स अवार्ड, फिल्म बंधु उत्तर प्रदेश द्वारा काशी फिल्म महोत्सव में दिये गये अवार्ड सहित कई सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। कंचन अवस्थी ने फीचर फिल्म फ्राड सैंया, लव हैकर्स, अंकुर अरोड़ा मर्डर केस, गन वाली दुलहनिया, भूत वाली लव स्टोरी, मैं खुदी राम बोस, चापेकर ब्रदर्स, जय जवान जय किसान, कुतुब मीनार सहित बहुत सी फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवाया है। अभी हाल ही में भैया जी स्माइल सहित कई वेब सीरीज में कार्य किया है। धारावाहिक अम्मा में भी इनके किरदार को बहुत सराहा गया है।

## सड़कों के निर्माण में एफडीआर तकनीक का इस्तेमाल क्रांतिकारी कदम: केशव मौर्य

**लखनऊ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित की जा रही सड़कों में एफडीआर तकनीक का इस्तेमाल एक क्रांतिकारी और अभिनव कदम है। सबसे पहले उत्तर प्रदेश में इस तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है और यहां का अध्ययन व अनुसरण कर अन्य कई राज्यों में इस तकनीक का उपयोग करने की शुरुआत की गयी है। मौर्य आज पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण में एफडीआर तकनीक के इस्तेमाल के संबंध में यूपीआरआरडी, सभागार गन्ना संस्थान में आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने उत्तम एफडीआर पोर्टल का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस तकनीक के इस्तेमाल से सड़कों के निर्माण के क्षेत्र में दूरगामी और चमत्कारी परिणाम हासिल होंगे। इस तकनीक का उपयोग करने से सामान्य तरीके से बनाई जा रही सड़कों के सापेक्ष लागत में तो कमी आएगी ही, साथ ही सड़कें ज्यादा टिकाऊ और मजबूत होंगी। यही नहीं, जहां लागत में कमी होगी वहीं पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन में भी इस तकनीक के इस्तेमाल से फायदा होगा। उन्होंने कहा कि पीएमजीएसवाई सड़कों के निर्माण मे एफ डीआर तकनीक के बेहतर क्रियान्वयन के लिए लांच किए गए उत्तम एफडीआर पोर्टल से सड़कों के निर्माण में बहुत आसानी होगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह पोर्टल से सड़कों की क्वॉलिटी मेंटेन करने और निर्माण में तेजी लाने के लिए सभी संबंधित को एक अच्छा प्लेटफार्म मिला है।

## सेंट पॉल कॉलेज के मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

- वार्षिक पंकज अवस्थी मेमोरियल ट्रॉफी, प्रभात जैन मेमोरियल ट्रॉफी तथा नवेन्दु जैन मेमोरियल ट्रॉफी की गई प्रदान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**स्वतंत्रता** दिवस के अवसर पर दिलकुशा स्तिथ सेंट पॉल कॉलेज में झंडा रोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मेजर जनरल ह्रदेश साहनी डिप्टी कमांडेंट तथा मुख्य अनुदेशक आर्मी मेडिकल कॉर्प मौजूद थे। इस अवसर पर सेंट पॉल्स एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा मेधावी छात्रों का समारोह आयोजित किया गया। समारोह मे कॉलेज में 12वीं के परीक्षाओं में शीर्ष रहे विघ्नेश बाजपेई, सानिया त्रिपाठी, सामिया जावेद तथा 10वी में शीर्ष रहे अशेष मिश्र, अधीश गौरव तिवारी, अनन्या घोष तथा अन्य मेधावी 18 छात्र छात्रओं को समान्नित किया गया। शीर्ष और मेधावी छात्रों को वार्षिक पंकज अवस्थी मेमोरियल ट्रॉफी, प्रभात जैन मेमोरियल ट्रॉफी तथा नवेन्दु जैन मेमोरियल ट्रॉफी संस्था के अध्यक्ष मुदस्सिर हुसैन, सचिव शुशांक कोहली तथा आशीष यादव द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर गिरीश मालिक, चेतन अग्रवाल, मोहम्मद अफसर, कुलदीप सिंह, मनप्रीत सिंह, अनुराग महाजन, रवी सेठ, हिमांशु अरोरा, राधिका टण्डन, रुचि वहाल, निदा मेहर, देवेश अग्रवाल, पल्लव चौधरी सहित स्कूल प्रबंधन और एलुमिनाई के अन्य सदस्य मौजूद रहे और इन मेधावी बच्चो की जमकर हौसलाफ़ज़ाहि करी। कार्य्रकम में कॉलेज के प्रधानाचार्य फादर क्लिफोर्ड लोबो ने अपने आभार संदेश में स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और इसी प्रकार बच्चों को मेहनत और लगन से कार्य करने पर प्रेरित किया।

## पेज एक का शेष

### उप्र इको...

है। जल विद्युत के अधिकांश प्रोजक्ट उत्तराखंड चले गए बाकी तापीय में शामिल हो गए इसलिए इनका विलय किया जा रहा है। विलय के बाद इसका नाम यूपी विद्युत निगम उत्पादन लिमिटेड होगा। इसके अलावा प्रतापगढ़ में मान्धाता नगर पंचायत का गठन किया गया है। जौनपुर की नगर पालिका मुंगरा बादशाहपुर का विस्तार किया गया है। प्रदेश में अब कुल 752 नगर निकाय हो गए हैं। जिसमें 536 नगर पंचायत, 199 नगर पालिका और 17 नगर निगम है।

### कुकरैल नाइट...

जो वर्तमान में उपयोग में नहीं है, का उपयोग किया जाएगा और यात्रियों को कोई असुविधा न हो, इसकी व्यवस्था की जाएगी। कुकरैल नाइट सफारी और प्राणी उद्यान में आगंतुकों के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं विकसित की जाएंगी, यहां एक रिवर फ्रंट भी विकसित किए जाने की योजना है। उनके अनुसार परियोजना को लागू करने से पहले विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए अनुभवी सलाहकारों की नियुक्ति की जाएगी और इसका उचित मूल्यांकन किया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि नाइट सफारी में भव्य प्रवेश द्वार, व्याख्या केंद्र, बटरफ्लाई इंटरप्रिटेशन सेंटर बनाया जाएगा। इसके अलावा 75 एकड़ में तेंदुआ सफारी, 60 एकड़ में भालू सफारी और 75 एकड़ में टाइगर सफारी बनाने की योजना है। वन्य जीवों को बाड़े में न रखकर खुले आकाश में केटल ग्रिड में रखे जाएंगे। यह एक ओपन एयर निशाचर चिड़ियाघर होगा जो केवल रात में खुलेगा। सफारी में रात में जानवरों के लिए चंद्रमा की रोशनी की नकल करते हुए मंद प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। दिन में पर्यटकों के लिए आधुनिक थीम पार्क बनाया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने एक अन्य फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि मंत्रिमंडल ने अलीगढ़ में पहले से संचालित फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट का उन्नयन किया जाएगा। इसमें 17 कोर्स संचालित किए जाएंगे। वर्तमान में एफसीआई अलीगढ़ के लिए स्वीकृत 19 पदों को एसआईएचएम अलीगढ़ में संविलीन करते हुए शेष 52 पदों को सृजित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### अब मुख्यमंत्री...

जाएगा। इसके पहले स्थानांतरण सत्र समाप्त होने के बाद समूह क व ख के अफसरों के तबादले की अनुमति मुख्यमंत्री से लेनी पड़ती थी। नई व्यवस्था में सभी श्रेणी के कर्मियों के लिए अब अनुमति लेनी होगी। माना जा रहा है यह फैसला स्थानांतरण सत्र के दौरान हुई धांधली के बाद लिया गया है। नई व्यवस्था में तबादले को लेकर होने वाली मनमानी खत्म हो जाएगी। मुख्यमंत्री की अनुमति के बिना कोई भी तबादले नहीं हो सकेंगे।

### कश्मीर में...

एक बाग में आतंकवादियों ने नागरिकों पर हमला किया। इस गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। दोनों अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाके की घेराबंदी की गई है। विस्तृत जानकारी जल्द मुहैया कराई जाएगी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक दो आतंकवादी सुबह बाग में आए और उनमें से एक ने दोनों भाइयों पर अपनी एके-47 राइफल से गोलीबारी शुरू कर दी।

### कैबिनेट विस्तार...

बताया कि पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कुशवाहा को कुछ अहम भूमिका देने पर विचार कर सकती है। सूत्रों ने कहा कि राजद में भी उस समय संकट पैदा हो गया है, जब प्रमुख यादव नेता भाई बीरेंद्र को अंतिम समय में मंत्रियों की सूची से बाहर कर दिया गया। तेज प्रताप यादव भी कथित तौर पर अपने पर्यावरण मंत्रालय से खुश नहीं हैं। वह स्वास्थ्य मंत्रालय चाह रहे थे। नीतीश ने 31 मंत्रियों के साथ अपने नए मंत्रिमंडल का विस्तार किया।

### सड़क हादसे...

गई और सवार उसमें फंस गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद कार से सभी को बाहर निकाला। दीपक, आदर्श कुमार, मुस्कान तिवारी, कुमारा पुजीत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि प्रियंका और जसनौर सिंह घायल थे, जिन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद आरोपी ट्रॉला चालक मौके से फरार हो गया। बिलासपुर थाना पुलिस ने ट्रॉला चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। हादसे का शिकार हुए सभी छह लोग दोस्त थे। स्वतंत्रता दिवस के बीच तीन दिन की छुट्टी को एंजॉय करने के लिए सभी राजस्थान के उदयपुर गए थे। यूपी नंबर की कार को दीपक ड्राइव कर रहा था।

### एशिया के...

कि समान्य दर से भी अगर कार्बन उत्सर्जन हुआ तो 21वीं सदी के शुरुआती तीन दशकों यानी वर्ष 2002 से 2030 के मुकाबले 21 सदी के मध्य में (2031 से 2060) टीडब्ल्यूएस में 230 गीगाटन की कमी आ सकती है। अनुसंधानकर्ताओं का आकलन है कि सबसे अधिक जल उपलब्धता में कमी, मध्य एशिया और अफगानिस्तान को जलापूर्ति करने वाले अमु दरिया बेसिन और सिंधु नदी घाटी में आ सकती है जिससे पाकिस्तान और उत्तर भारत को जलापूर्ति होती है। अध्ययन के मुताबिक, इन दोनों नदी घाटियों की जलापूर्ति क्षमता में क्रमश: 119 प्रतिशत और 79 प्रतिशत की कमी आ सकती है।

### धोखाधड़ी मामले...

से गिरफ्तार किया गया था। त्यागी भारतीय जनता पार्टी का पदाधिकारी होने का दावा करते हैं जबकि पार्टी ने उनसे कोई संबंध होने से इनकार किया है। सहायक लोक अभियोजन अधिकारी प्रेमलता यादव ने बताया कि त्यागी की जमानत अर्जी पर अतिरिक्त सिविल जज नूपुर श्रीवास्तव ने सुनवाई की। गौरतलब है कि त्यागी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा- 419 (भेष बदलकर धोखाधड़ी), धारा-420 (धोखाधड़ी), धारा-482 (गलत संपत्ति पहचान) के तहत दर्ज किया गया है। धारा-482 के तहत मामला उनकी कार पर उत्तर प्रदेश के विधायकों के वाहन के लिए निर्धारित स्टीकर और सरकारी चिह्न लगे होने के आरोप में दर्ज किया गया। यादव ने पीटीआई-भाषा को बताया, अदालत ने श्रीकांत त्यागी को भारतीय दंड संहिता की धारा- 419,420 और 482 के तहत दर्ज मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने नकुल त्यागी और संजय को जमानत दे दी।

# बरेका, कमिश्नरी, सम्पूर्णानंद विवि सहित पूरे जिले में रही स्वतंत्रता दिवस की धूम

● परेड की सलामी ली, आदर्श विद्यालय के एनसीसी कैडेटों एवं छात्रों ने निकाली प्रभात फेरी, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन, चौराहों पर 8:59 मिनट रुक गया यातायात, गाया राष्ट्रगान








पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**76वॉ** स्वतंत्रता दिवस समारोह बनारस रेल इंजन कारखाना स्टेडियम में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रबंधक अंजली गोयल द्वारा ध्वाजारोहण के साथ परेड द्वारा सलामी एवं राष्ट्रगान से हुआ। तत्पश्चात महाप्रबंधक ने रेलवे सुरक्षा बल, सेंट जॉन्स एम्बुलेंस बिग्रेड एवं नागरिक सुरक्षा दल के इकाईयों के परेड का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि आजादी के 75 साल की गौरवशाली यात्रा के पूरा होने अर्थात अमृत काल में प्रवेश करने पर आज हम सभी हर्ष एवं उल्लास का अनुभव कर रहे हैं।इस अमृत काल में पूरे देश के साथ बरेका भी हर दिन अमृत महोत्सव मना रहा है। हर घर का लहराता तिरंगा, हमारे उमंग और उत्साह को बढ़ा रहा है।

76वें स्वतंत्रता दिवस के अमृत महोत्सव के अवसर पर कमिश्नर कार्यालय प्रांगण में मुख्य अतिथि के रूप में एक प्राइमरी के अध्यापक ने झंडारोहण कर सलामी दी। इस अवसर पर कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि चाहे 15 अगस्त हो या 26 जनवरी इस राष्ट्रय पर्व पर बाहर से बुलाकर अतिथियों से झंडारोहण कराया जाता है। इस बार इसी परंपरा में एक अध्यापक ने झंडारोहण किया। इस विश्वविद्यालय ने ज्ञात और अज्ञात एसवीरुप में इस देश के स्वतंत्रता आन्दोलन मे जो अग्रणी महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन किया है उसका पूरा देशऋणी हैं आज भी पूरे विश्व को जो दिशा निर्देश इस विश्वविद्यालय के द्वारा दिया जा रहा है वह अतुलनीय है।यह संस्था विश्व की प्राचीनतम संस्कृत शिक्षण संस्थान के रूप मे ख्याति प्राप्त है जो की विगत 232 वर्षों से लगातार संस्कृत शास्त्रों का पान कराते हुये अग्रणी भूमिका निर्वहन कर रहा है।भारत सरकार और देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता दिवस के आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में सम्पूर्ण राष्ट्र मना रहा है।इसमें पूरे देश की परम्परा और स्वधीनता संग्राम की परछाई और आजाद भारत की गौरवान्वित करने की प्रगति भी है।

उक्त विचार आज सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय,वाराणसी के ऐतिहासिक मुख्य भवन के समक्ष 76 वें स्वतन्त्रता दिवस के राष्ट्रीय महापर्व पर झण्डारोहण करने के उपरांत पूर्वाहं 9:00बजे कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय परिवार एवं संस्कृत समाज को सम्बोधित करते हुये बतौर संरक्षक व्यक्त किये।

स्वतंत्रता दिवस के अमृत महोत्सव के अवसर पर कारमाइकेल लाइब्रेरी एसोसिएशन, हुकुलगंज(चौकाघाट)के प्रांगण में पूर्वाह्न साढ़े दस बजे लाइब्रेरी के अध्यक्ष राजेश राय ने झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर लाइब्रेरी के महामंत्री कपिल नारायण पाण्डेय ने इस अमृत महोत्सव को ऐतिहासिक बताया और कहा कि आज हम जो यह स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं इसके पीछ हमारे हजारों-लाखों लोगों ने आजादी के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। पीएम मोदी के निर्देश पर पूरे देश, राजधानी, शहर आदि में तिरंगा ही तिरंगा लहरा रहा है। कार्यक्रम का संचालन मंत्री सुशील कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष शिवशंकर अग्रवाल, सुमन सिंह, रवि तिवारी, दीक्षित, चन्द्रशेखर सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। श्री कमलाकर चौबे आदर्श सेवा विद्यालय इंटर कालेज के प्रांगण में पूर्वाह्न साढ़े नौ बजे पूर्व शिक्षक एमएलसी डॉ प्रमोद कुमार मिश्र ने झंडारोहण किया। इसके बाद एनएनसी के कैडेटों ने सलामी दी तत्पश्चात् एक विशाल ध्वजा रैली निकाली गई जो ईश्वरगंगी, रामकटोरा, जगतगंज होते हुए लहुराबीर आजाद पार्क पहुँचा जहॉ पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ रमाकांत मिश्र ने शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया उसके बाद ध्वजा रैली लहुराबीर, पिपलानी कटरा होते हुए विद्यालय प्रांगण पहुँचा। रैली में मेजर रविन्द्र कुमार पाण्डेय, वसंत कुमार मिश्र, विनोद कुमार पाण्डेय, आशीष पाठक, सुभाषचन्द्र पाण्डेय, नवीन श्रीवास्तव, अजीत सिंह सहित सैकड़ों छात्र एवं अध्यापक उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता आधुनिककाल का प्रमुख राजनीतिक दर्शन है। यह दिवस स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की याद दिलाता है। आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर जन-जन में अद्धभूत भावआकार है। वर्ष 2047 में जब आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे, तब भारत परम वैभवशाली विकसित देश होगा। यह विचार स्वतंत्रता दिवस पर काशी पत्रकार संघ से संचालित वाराणसी प्रेस क्लब द्वारा आयोजित खेल पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के मौके पर विधायक और पूर्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ? नीलकंठ तिवारी ने व्यक्त किये। उन्होंने आजादी के विविध आयामों को रेखांकित भी किया। संघ के अध्यक्ष सुभाषचन्द्र सिंह ने स्वागत किया महामंत्री डा? अत्रि भारद्वाज ने कार्यक्रम का संचालन किया। धन्यवाद ज्ञापन क्लब के मंत्री पंकज त्रिपाठी ने की। सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्री सत्यनारायण सेवा ट्रस्ट के बच्चों ने प्रिया जायसवाल के निर्देशन में प्रस्तुति दी। योगेश फिलिप और किशोर का गायन हुआ। इससे पूर्व पूर्वाह्न संघ के अध्यक्ष सुभाषचन्द्र सिंह ने संघ भवन पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कमलेश चतुर्वेदी, पुरूषोत्तम चतुर्वेदी, आलोक मालवीय, डा. नागेन्द्र पाठक, विनय शंकर सिंह, पूर्व अध्यक्ष योगेश गुप्ता, केडीएन राय, पूर्व महामंत्री मनोज श्रीवास्तव, राजेन्द्र यादव, एके लारी, सुधीर गणोरकर, अजय राय, आर संजय, संदीप गुप्ता, अखिलेश मिश्र, आलोक श्रीवास्तव, सुशील मिश्र, रोशन जायसवाल, राजेश सेठ, विमलेश चतुर्वेदी, अरूण मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार और विशिष्ट जन उपस्थित रहे।

### जमीयत यूथ क्लब ने हर्षोल्लास के साथ मनाया 76वां स्वतंत्रता दिवस

**वाराणसी**-आज पूरा देश अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस अवसर पर विगत वर्षों की भांति भारत स्काउट एंड गाइड जमीयत यूथ क्लब बनारस एवं जमीयत उलमा ए बनारस के तत्वाधान में रेवड़ी तालाब के मैदान में 76वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जमीयत उलमा ए बनारस के अध्यक्ष हाजी अबुल हाशिम साहब ने की। हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है कि आज के हमारे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी आर एस गौतम तशरीफ लाए जिनका जमीयत यूथ क्लब बनारस की कलर पार्टी ने पारंपरिक रूप से स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण किया। जमीयत यूथ क्लब के युवाओं ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी एवं राष्ट्रगान हुआ। कार्यक्रम का संचालन जमीयत यूथ क्लब के सहायक ज़िला संगठन आयुक्त मौलाना नूरूल बशर साहब ने किया, आपने भारत स्काउट एंड गाइड जमीयत यूथ क्लब के स्थापना के उद्देश्य एवं देश भर में इसके द्वारा किए जा रहे सेवाकार्यो का विस्तृत वर्णन किया। कार्यक्रम में जमीयत यूथ क्लब बनारस के युवाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीत एवं भाषण दिए।

### डाक विभाग ने मनाया 76वां स्वतंत्रता दिवस, पोस्टमास्टर जनरल ने किया ध्वजारोहण

**वाराणसी**-आजादी का अमृत महोत्सव रूप में स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ डाक विभाग द्वारा वाराणसी में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। वाराणसी कैंट प्रधान डाकघर कैंपस में आयोजित समारोह में वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने ध्वजारोहण किया और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाककर्मियों को सम्मानित किया। इसके साथ ही पोस्टमास्टर जनरल ने 'हर घर तिरंगा' पर एक विशेष आवरण और विरूपण भी जारी किया।

आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पूर्ण होने की खुशी में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ष्काशी इन्दू सेवा समितिष् के सदस्यों ने अध्यक्षा कंचन तिवारी की अगुवाई में राष्ट्रीय ध्वज फ्हराकर लोगों में मिष्ठान वितरण किया गया,उसके उपरांत रैली निकाल कर लोगों में तिरंगे का वितरण किया। तिरंगा वितरण कार्यक्रम के अंतिम दिन समापन के अवसर पर संस्था की अध्यक्षा कंचन तिवारी ने संस्था के युवा सदस्यों को आजादी के महत्व और देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह,सुखदेव,राजगुरु जैसे अमर बलिदानियों के अलावा सुभाष चंद्र बोस,बल्लभ भाई पटेल,महात्मा गांधी जी के योगदान पर प्रकाश डालकर राष्ट्र के लिए तन, मन, धन से समर्पित रहने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कंचन तिवारी, विश्वनाथ तिवारी'मन्नू' प्रवीण तिवारी 'गुड्डू, शालिनी तिवारी, राम किशोर त्रिपाठी , गोपाल जी सेठ,सुशील मिश्रा (पत्रकार),सत्य प्रकाश गुप्ता, आयुषी तिवारी, संवृद्धि तिवारी, आलोक पाण्डेय, अनन्या तिवारी, अग्रिमा तिवारी, शशि विश्वकर्मा, राघवेंद्र तिवारी, आलोक पांडेय, बचाउ लाल सोनी, सुभाष वर्मा आदि लोग उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन विश्वनाथ तिवारी मन्नू ने किया।

### स्वतंत्रता दिवस पर वंचित समुदाय के लिए की पहल

**वाराणसी।** भारत के इस गौरवशाली स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गरीब असहाय वंचित समुदाय को आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रकार की पहल की जा रही है टेक्नॉलॉजी के तीव्र विकास के परिणामस्वरूप समाज के कुछ वंचित वर्ग और ज्यादा पिछड़ गए लोगो के लिए ओप्पो ने आज की दुनिया के सामने मौजूद सबसे गंभीर चुनौतियों के समाधान तलाशने के लिए इस साल मई में ओप्पो रिसर्च इंस्टीट्यूट इनोवेशन एक्सलरेटर शुरू किया ताकि वंचित वर्ग के लोगों को टेक्नॉलॉजी द्वारा मदद पहुँचाई जा सके। यह प्रोग्राम ''इंस्पिरेशन अहेड'' पर आधारित है

### सीएमओ कार्यालय में ध्वजारोहण

**वाराणसी।** स्वतंत्रता दिवस पर सोमवार को प्रातः आठ बजे मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर सीएमओ डॉ संदीप चौधरी ने ध्वजारोहण कर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत परिवार नियोजन कार्यक्रम एवं जनपद के समस्त प्रथम संदर्भन इकाई (एफ़आरयू) में किए गए उत्कृष्ट कार्य को लेकर चिकित्साधिकारियों, चिकित्सकों एवं समस्त स्टाफ को सम्मानित किया गया। वक्ताओं द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए वीर सपूतों को नमन करते हुए उनकी शहादत को याद किया गया। इसके साथ ही सांस्कृतिक गीत संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

## पर्यावरण व सुरक्षा के प्रति सजग है संस्थान: केपी यादव

संवाददाता। सोनभद्र



**हिण्डालको** रेणुसागर पावर डिवीजन रेणुसगार स्थित खचाखच भरे आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज प्रागंण में आयोजित 76वें स्वतन्त्रता दिवस समारोह में भारत माता के वीर अमर शहीदों का स्मरण व नमन करते हुए समारोह के मुख्य अतिथि रेणुसागर पावर डिवीजन के अध्यक्ष ऊर्जा के0 पी0 यादव ने ध्वजारोहण किया सामूहिक राष्ट्रगान के पश्चात् सुरक्षा विभाग के प्रमुख कर्नल जयदीप मिश्रा द्वारा मुख्य अतिथि को परेड का निरीक्षण कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों व सुरक्षा कर्मियों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि कोयले की लगातार बढ़ती कीमतो के कारण विद्युत उत्पादन की लागत में निरन्तर वृद्धि हो रही है। वावजूद इसके हमारे सहकर्मियों की कड़ी मेहनत लगन एवं सकरात्मक सोच का परिणाम है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 प्लांट का आक्जूलरी पावर कन्जम्पसन 7.83 प्रतिशत, रॉ वाटर की खपत 2.36 लीटर प्रति यूनिट, आयल की खपत 0.20 मिली लीटर प्रति यूनिट, प्लांट की उर्जा खपत दर 2585 किलो कैलोरी प्रति यूनिट रही, जो कि रेणुपावर प्लांट मे अब तक का ऐतिहासिक न्यूनतम स्तर है। उन्होंने कहा कि संस्थान पर्यावरण व सुरक्षा के प्रति पूर्ण सजग है, संस्थान सामाजिक उत्तरदायित्वों को निभाते हुए ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आस पास एवं दूर दराज के अभावग्रस्त गाँवों में ग्रामीणों के उत्थान हेतु सक्रिय भूमिका निभा रहा है, इसी क्रम में दिशिता महिला मण्डल द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं समाज सेवा के क्षेत्र में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्य अत्यन्त सराहनीय एवं प्रशंसनीय हैं इसी कड़ी में संस्थान में कार्यरत कर्मियों को अच्छे कार्यों के लिये पुरस्कृत भी किया गया, अन्त में मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारे संस्थान द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्यो हेतु संस्थान को विभिन्न अवार्ड प्राप्त हुए, इतना ही नही हमारे विद्यालय का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा है। इसके लिये विद्यालय के प्राचार्य व बच्चों सहित उपस्थित अन्य सभी को स्वतन्त्रता दिवस की बधाई देता हूॅ तत्पचात मुख्य अतिथि द्वारा रेनूपावर चिकित्सालय में मरीजों को फ्ल वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से दिशिता महिला मण्डल की अध्यक्षा इन्दू यादव व महिला मंडल की बरिष्ठ सदस्याये संजय सिंह गुलसन तिवारी सुदिप्ता नायक अनिल सिघानिया परेश ढोले मनु अरोरा मनीष सिंह समीर आनंद कुमार हर्षबर्धन संदीप यावले रसीद शेख सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष व मान्यता प्राप्त श्रम संगठनों के पदाधिकारी व विद्यालयों के प्राचार्य अध्यापकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पूनम तिवारी व गायत्री भारद्वाज ने किया तथा कार्यक्रम का समापन शैलेश विक्रम सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

### अगस्त क्रांति के शहीदों को दी गयी श्रद्धांजिल

**धानापुर चन्दौली।** मंगलवार को 16 अगस्त 1942 अगस्त क्रांति के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। ज्ञात हो कि शहीदों की याद में प्रत्येक 16 अगस्त को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसमें शहीद हुए हीरा सिंहए महंगू सिंह रघुनाथ सिंह सहित अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी जाती है। जिसमें क्षेत्र के लोग शहीद स्मारक पर पहुंचकर अपने पूर्वजों को नमन किया। श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से पूर्व सांसद रामकिशुन यादवए विधायक सकलडीहा प्रभु नारायण यादवए सैयदराजा विधायक सुशील सिंहए ब्लाक प्रमुख अजय सिंहए जिला पंचायत सदस्य अंजनी सिंहए राजेश यादवए धानापुर विकास मंच के संयोजक गोविंद उपाध्याय रहे। विधायक सुशील सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार शहीदों के सम्मान के लिए इस स्वतंत्रता दिवस को अमृत महोत्सव के रूप में मना रही है। जिसका मकसद सिर्फ यही है कि देश की आज़ादी के लिए अपनी जान न्यौछावर करने वालों को सही सम्मान मिले।

## देश के विकास में विद्युत उत्पादन है मूलभूत आवश्यकता: देबब्रत पॉल

संवाददाता। बीजपुर/सोनभद्र



**76वां** स्वतंत्रता दिवस समारोह आजादी का अमृत महोत्सव एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन के सोन-शक्ति स्टेडियम में हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में भव्य तरीके से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक रिहंद देबब्रत पॉल ने राष्ट्रध्वज फ्हरा कर किया। राष्ट्रध्वज फ्हरने के साथ ही स्टेडियम में उपस्थित दर्शकों ने राष्ट्रगान का गायन किया। मुख्य अतिथि श्री पॉल ने अपने सम्बोधन में इस अवसर पर सभी को 76वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुभकामनाएँ दी। उन्होने कहा कि आज का दिन विशेष तौर पर हमें अपने अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर उन्हें नमन करने का सुअवसर देता है। हमारा देश प्रगति के पथ पर है तथा देश के विकास में विद्युत उत्पादन मूलभूत आवश्यकता है। हमारा ध्येय राष्ट्र को निर्बाध रूप से अधिकतम गुणवत्तायुक्त एवं पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना बिजली उपलब्ध कराना है। एनटीपीसी की निरंतर प्रगति कर्मचारियों की मेहनत ईमानदारी व लगन की देन है। उन्होने एनटीपीसी रिहंद द्वारा किए गए कुछ प्रमुख कार्यों का उल्लेख किया तथा सुरक्षा एवं पर्यावरण की दिशा में एनटीपीसी द्वारा किए जा रहे सकारात्मक पहल की भी चर्चा की। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कर्मचारियों को पुरस्कार वितरण समारोह में पावर एक्सल एवार्ड इंप्लाई ऑफ द ईयर एवं मानवीयता पुरस्कार प्रदान किया गया। ध्वजारोहण से पूर्व महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में केन्द्रीय विद्यालय सेंट जोसे डीएवी विद्यालय व बाल भवन के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाप्रबंधकगण आदि मौजूद रहे।

## देश की धरोहर होते हैं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी: राजीव

संवाददाता। मऊ



**आजादी** की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर नगर क्षेत्र स्थित भामा शाह विद्यालय ख्वाजाजहांपुर में वरिष्ठ नागरिकों की गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारम्भ ध्वजारोहण के साथ किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के उप प्रबंधक राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी देश की धरोहर हैए इसलिए इनका सम्मान करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। कहा कि देश को आजादी काफी बलिदान के बाद मिला हैए इसलिए युवा वर्ग की यह जिम्मेदारी है कि वह शहीदों के बताए रास्ते पर चलकर देश के विकास में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करे। इस अवसर पर मुख्य रुप से उप प्रबंधक राजीव कुमारए लल्लन प्रसादए हरेराम गुप्ता कोषाध्यक्षए सूर्यनारायण साहू एराकेश कुमार गुप्ताए विजय कुमार एडवोकेट उपाध्यक्षए प्रमेश गुप्ता प्रधानाचार्य आदि उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता दिवस पर निकाली गई तिरंगा यात्रा




संवाददाता। मऊ

**डॉन** वास्को स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। साथ ही साथ बच्चों द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा भी निकाला गया। इस मौके पर प्रबंधक देवेन्द्र बहादुर राय ने बच्चों को आजादी की महत्ता बताते हुए देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने का संकल्प दिलाया। प्रिंसिपल रीना मल्होत्रा ने कहा कि आज हम सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों का यह दायित्व है कि हम सभी आजादी की महत्ता के बारे में जानकारी देते हुए छात्र.छात्राओं के अंदर अधिक से अधिक राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करें। इस अवसर पर प्रबंधक देवेन्द्र बहादुर रायए प्रिंसिपल रीना मल्होत्राए मधु सिंह समेत स्कूल के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

### गडौली धाम में श्री बालेश्वर महादेव का राष्ट्रीय ध्वज के रंग में हुआ श्रृंगार

**मिर्जापुर।** देश आज स्वतंत्रता की 75 वी वर्ष गांठ आजादी के अमृत महोत्सव को उत्सव के रूप मना रहा है।गडौली धाम में भी बाल कुंदन फाउंडेशन के संस्थापक सुनील ओझा की अगुवाई में उत्सव का अद्भुत नजारा देखने को मिला जहां श्री बालेश्वर महादेव का श्रृंगार भी राष्ट्रीय ध्वज के रंग में किया गया जिसे शिवभक्त व श्रद्धालू कौतूहल भरी नजरों से देख रहे थे गौरतलब है कि गडौली धाम में शिव और गंगा का एक साथ दर्शन करके श्रद्धालु अपने को धन्य मान रहें है। भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा ने बताया कि गडौली धाम का मूल आधार गौए गंगाएगौरीशंकर है। गत 12 अगस्त को अखंड कीर्तन के समापन पर बड़ी संख्या में शिव भक्तों को ष्हर घर गायष् ष्हर घर तिरंगाष् का संकल्प 1551 लोगो को दिलाया गया जब कि 21 हजार से अधिक लोगो को तिरंगा वितरित किया गया।

## हिण्डाल्को में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

संवाददाता। सोनभद्र

**हिण्डाल्को** रेणुकूट में 76वां स्वतंत्रता दिवस पूरे जोश के साथ मनाया गया। प्रशासनिक भवन लॉन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्थान के मुखिया एन नागेश ने हिण्डाल्को सुरक्षा विभाग के जवानों के बैण्ड की धुनों पर सुरक्षा परेड की सलामी ली जिसका नेतृत्व संस्थान में पहली बार महिला मेजर से0नि0 सीमा चहल शुक्ला ने किया। जिसके बाद मुख्य अतिथि ने राष्ट्रध्वज फ्हराकर राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। इसके पश्चात हिण्डाल्को द्वारा संचालित विद्यालयों से आए बच्चों ने देश प्रेम से ओतप्रोत देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि श्री नागेश ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं अमर शहीदों को श्रद्धाजंलि आर्पित करते हुये कहा कि यह हमारे अमर शहीदों का बलिदान ही है कि आज हम एक स्वतंत्र देश के नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि हिण्डाल्को की प्रगति में यहां के कर्मचारियों का योगदान बहुत अहम है। उन्होंने कहा हिण्डाल्को को इसी प्रकार नये इनोवेशन व नित्य नये आयामों को स्थापित करना होगा तभी हम आगे भी अपनी ख्याति को बरकरार रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी को समग्र प्रयास कर अपनी उत्पादकता को बढ़ाना होगा व लागत को कम करना होगा तभी हम बाजार में बने रह सकेंगे। उन्होंने कहा कि हिण्डाल्को प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग में बहुत सजग है तथा अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति भी बहुत जागरुक है। जिसके परिणामस्वरूप् इस वर्ष सीएसआर के तहत आस पास के ग्रामीणों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाायें प्रदान करने के लिए संस्थान को सोशल इम्पैक्ट अवार्ड से तथा एचआर विभाग को ड्रीम प्लेस टू वर्क फॉर अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 17 अगस्त, 2022



## प्रधानमंत्री का संबोधन

### पांच प्रतिज्ञायें

**स्वतंत्रता** दिवस के संबोधन में पांच प्रतिज्ञायें लेने की बात कही। जनता इन प्रतिज्ञाओं का सम्मान कर सकती है, पर क्या नेता भी करेंगे? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस भाषण इस बड़ी महत्वाकांक्षा को परिभाषित करता है कि भारत 2047 तक विकसित देश बन जाएगा। उन्होंने सरकार तथा जनता के लिए दीर्घकालीन रोडमैप पेश किया जिसमें अगले 25 वर्ष के लिए अनेक लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने 2047 के लिए पांच प्रतिज्ञाओं की बात कही। इनमें भारत को विकसित देश बनाने, गुलामी के कोई भी लक्षण मिटाने, विरासत पर गर्व करने, एकता तथा अपने कर्तव्य पूरे करने की बात शामिल है। पांच प्रतिज्ञायें एक ही निरंतरता का हिस्सा हैं क्योंकि इनमें से हरएक दूसरे से जुड़ी है। इसी प्रकार इन प्रतिज्ञाओं से प्राप्त होने वाले लक्ष्य भी एक दूसरे से जुड़े हैं। विकसित देश के लिए केवल उच्च प्रति व्यक्ति आय जरूरी नहीं है। हालांकि यह आवश्यक है, पर यह अपने आप में काफी नहीं है। विकसित देश का अर्थ व्यक्तिगत स्वतंत्रता तथा नागरिकों के बीच समता है। यह तथ्य सभी जानते हैं कि विकसित देशों या अधिकांशत: पश्चिमी देशों के नागरिक न केवल तुलनात्मक रूप से ज्यादा अमीर हैं, बल्कि जीवन के उच्च मानकों का पालन करते हैं। ये देश दुनिया में सर्वाधिक स्वतंत्र देश हैं। इन देशों में लोग उस समय तक अपनी इच्छानुसार कुछ भी कहने व करने के लिए स्वतंत्र हैं, जब तक उससे अन्य नागरिकों को चिन्ता या नुकसान न हो। यही कारण है कि भारत व अन्य देशों के लोग कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया व अन्य विकसित देशों में जाना और वहां बसना चाहते हैं। भारत भी ऐसा देश बन सकता है,



बशर्ते कि राजनेता वर्ग व समाज इन स्थितियों को पैदा करने वाली गुलामी की सोच समाप्त करने की प्रतिज्ञा कर लें।

विरासत में गर्व, एकता तथा अपने दायित्व निभाने की जिम्मेदारी की भावना देश को मजबूत, आत्मविश्वासी व दृढ़ बनाएंगी। प्रधानमंत्री मोदी एक प्रेरक नेता हैं जिनका करिश्मा चुनाव जीतने तथा लोगों को सार्वजनिक जीवन में सार्थक सहभागिता के लिए प्रेरित करता है। इस बात में कोई संदेह नहीं कि व्यापक जनता भारत को विकसित देश बनाने के उनके आह्वान का जोश के साथ समर्थन करेगी। लेकिन असली समस्या राजनेताओं के साथ है। क्या भारतीय जनता पार्टी को छोड़ कर वे इसका पालन पूरी भावना के साथ करेंगे? इसके जवाब के बारे में निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता है। केन्द्र सरकार ने कोरोनाकाल के सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण समय समेत हमेशा राजकोषीय रूप से व्यावहारिक रहने का प्रयास किया है। हर केन्द्रीय बजट बनाने के पहले वह कभी अर्थशास्त्रियों व विशेषज्ञों की इन अपीलों के सामने नहीं झुकी कि 'यह समय अलग है', इसलिए सरकार को ज्यादा से ज्यादा खर्च करना चाहिए। लेकिन हर साल ज्यादा खर्च के लिए एक या दूसरा बहाना बनाया जाता है। लेकिन मोदी सरकार ऐसी मांगों के सामने कभी नहीं झुकी है। मोदी ने खैरातों के खिलाफ बोलना शुरू किया है जिसका अनेक गैर-भाजपा नेता, खासकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विरोध कर रहे हैं। लेकिन दुर्भाग्य से राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा ने खैरात रोकने तथा लोकरंजकता के स्वर धीमें करने की ज्यादा पहल नहीं की है। कम से कम स्पष्ट दिखने वाला ऐसा कोई रिकार्ड नहीं है। संक्षेप में जहां भारत की जनता मोदी द्वारा दिलाई गई प्रतिज्ञाओं का सम्मान करने को तैयार हो सकती है, यही बात राजनेताओं की गंभीरता के बारे में नहीं कही जा सकती है।

# उर्वरक सब्सिडी के बजाय डीबीटी उपयोगी

सरकार को निर्माताओं के माध्यम से उर्वरक सब्सिडी देने के बजाय इसे प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी के माध्यम से किसानों को देना चाहिए।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



पिछले तीन साल में उर्वरक सब्सिडी में भारी वृद्धि नीति निर्माताओं, खासकर केन्द्रीय वित्त मंत्रालय को परेशान कर रही है जिसे खर्च की व्यवस्था करनी होती है। उर्वरक सब्सिडी का भुगतान निर्माताओं या आयातकों को करना पड़ता है ताकि वे उत्पादन, आयात व वितरण में कम अधिकतम खुदरा मूल्य-एमआरपी से अधिक खर्च वहन कर सके। केन्द्र सरकार किसानों से केवल एमआरपी लेने की अनुमति देती है। ये भुगतान मोटेतौर से दो श्रेणियों में आते हैं। यूरिया नाइट्रोजन या 'एन' सप्लाई का मुख्य स्रोत है, जबकि फास्फेट या 'पी' और पोटाश या 'के' उर्वरकों को गैर-यूरिया उर्वरक कहा जाता है। इस श्रेणी में लोकप्रिय उर्वरक डाई-अमोनियम फार्स्फेट-डीएपी व म्यूरेट आफ पोटाश-एमओपी हैं।

यूरिया के मामले में सरकार एमआरपी पर नियंत्रण को 'अनिवार्य' करती है। सरकार निर्माताओं या आयातकों को उत्पादन लागत तथा वितरण या 'कास्ट आफ सप्लाई' का भुगतान एमआरपी पर सब्सिडी के रूप में करती है। यह 2003 से लागू नई मूल्य नीति-एनपीएस के अंतर्गत 'विशिष्ट यूनिट' के आधार पर की जाती है। जहां तक गैर-यूरिया उर्वरकों का सवाल है, यह पोषकों के आधार पर 'समान' सब्सिडी तय की जाती है जो सभी निर्माताओं व आयातकों के लिए एक अन्य योजना पोषक आधार योजना-एनबीएस के अंतर्गत दी जाती है। यह योजना 2010 में लागू की गई थी। सब्सिडी के संबंध में दो चीजें महत्वपूर्ण हैं। पहली सप्लाई का खर्च तथा दूसरी एमआरपी। प्रत्येक टन उत्पादित या आयातित बिक्री किए जाने वाले उर्वरक पर सब्सिडी और कुछ नहीं, बल्कि दोनों के बीच अंतर है। तीसरा महत्वपूर्ण आयाम उर्वरकों की कुल बिक्री वाली मात्रा है। प्रति टन सब्सिडी से गुणा करने पर यह कुल सब्सिडी भुगतान प्रदर्शित करता है जो बजट में सामने आता है। भारत अपनी उर्वरक आवश्यकतायें पूरी करने के लिए अधिकांशत: आयात पर निर्भर है। प्रत्येक प्रकार के उर्वरक के संबंध में निर्भरता पर गौर करें तो यह फास्फेट में 90 प्रतिशत, पोटाश में 100 प्रतिशत, यूरिया में 33 प्रतिशत तथा गैस में 50 प्रतिशत है। भारतीय तटों पर पहुंचने पर उनकी कीमत अनेक वैश्विक मांग व सप्लाई शक्तियों के आधार पर निर्भर होती है। इसके साथ ही इसमें कस्टम ड्यूटी, पोर्ट हैंडलिंग तथा आंतरिक परिवहन की लागत भी आयातित उत्पादक और 'प्रसंस्करण लागत' के रूप में जुड़ती है। इसमें कच्चे माल की कीमत, ब्याज, अवमूल्यन, रिटर्न या इक्विटी तथा वेतन व भत्ते, पैकेजिंग, आदि का खर्च शामिल है। भारत में उत्पादित उर्वरक में भी आयातित कच्चा माल प्रयोग होता है जिस पर टैक्स व ड्यूटी लगती है। गैर-यूरिया उर्वरकों के आयात के मामले में कस्टम ड्यूटी व कच्चा माल लगभग 5 प्रतिशत होता है। राक फास्फेट और सल्फर इसके अपवाद हैं जहां यह 2.5 प्रतिशत होता है। सभी उर्वरकों पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है। फास्फोरिक एसिड व अमोनिया पर क्रमश: 12 प्रतिशत व 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है। हालांकि, प्राकृतिक गैस जीएसटी के बाहर है, पर इस पर वैट लगता है जो उत्तर प्रदेश में 21 प्रतिशत तक हो सकता है।

उपरोक्त को देखते हुए सप्लाई का खर्च निर्माताओं व आयातकों की परिधि से बाहर होता है। जहां तक एमआरपी का सवाल है, किसी मूल्य वृद्धि खासकर यूरिया में मूल्य वृद्धि का राजनीतिक नतीजा होता है और कोई सरकार इसे छूना नहीं चाहती है। इसकी महत्वपूर्ण भूमिका इस तथ्य से देखी जा सकती है। 1998-99 में वाजपेयी सरकार के वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने यूरिया के प्रति टन यूरिया में 1,000 रुपये वृद्धि का प्रस्ताव किया। लेकिन मूल्यवृद्धि को अधिक दिखने से बचने के लिए उन्होंने सामान्य रूप से प्रति टन के बजाय एक रुपये किलो मूल्यवृद्धि की बात कही। लेकिन यह तरकीब कारगर नहीं रही। सिन्हा को अगले ही दिन वृद्धि में 50 प्रतिशत कमी पर मजबूर होना पड़ा और बाकी वृद्धि भी दो सप्ताह से कम समय में वापस ले ली गई। विश्वास करें या नहीं, इसके बाद दो दशक या 2002 तक यूरिया के एमआरपी में कोई वृद्धि नहीं की गई। यहां तक कि गैर-यूरिया उर्वरकों के मामले में एनबीएस बिक्री मूल्य में वृद्धि की अनुमति देता है, पर मोदी सरकार ने वास्तव में अप्रैल, 2021 तक इसकी मूल्य वृद्धि पर विराम लगा दिया था। उपरोक्त आयामों को देखते हुए अनेक सरकारों ने असहाय होकर उर्वरक सब्सिडी को लगातार बढ़ते देखा है जो हालिया वर्षों में खतरनाक स्तर तक पहुंच गई हैं। केवल 2008-09 में यह 1,00,000 करोड़ रुपये की सीमा पार कर चुकी थी। अब हम देख रहे हैं कि हर तीन साल में ऐसा हो रहा है। 2020-21 व 2021-22 में सब्सिडी क्रमश: 1,38,000 व 1,62,000 करोड़ की सीमा पार कर गई तथा इसके 2,50,000 करोड़ पहुंचने की आशा है।

ऐसे में आगे बढ़ने का रास्ता क्या है? इस सवाल का जवाब मुख्य आर्थिक सलाहकार-सीईए ने 2015-16 के आर्थिक सर्वेक्षण के विश्लेषण में दिया है। इसके अनुसार, सब्सिडी का 24 प्रतिशत अक्षम उत्पादकों के पास चला जाता है तथा 41 प्रतिशत गैर-कृषि कार्यों में लगता है जिसमें पड़ोसी देशों को स्मगलिंग भी शामिल है। इसके साथ ही 24 प्रतिशत का उपयोग बड़े व अमीर किसानों द्वारा होता है। इससे केवल 11 प्रतिशत ही छोटे व सीमान्त किसानों के लिए बचता है, जबकि सब्सिडी का अधिकतम लाभ उनको ही मिलना चाहिए। हालांकि, 2015-16 से नीम कोटिंग का बहुत प्रचार हुआ है तथा सभी निर्माताओं व आयातकों को ऐसा करना जरूरी है, लेकिन इसके बावजूद यूरिया का 30 प्रतिशत अन्य कामों में खर्च होता है। इस प्रकार कुल 35 मिलियन टन बिक्री वाली यूरिया में 10.5 मिलियन टन का गैर-कृषि कार्यों में प्रयोग हो जाता है जिसके लिए सब्सिडी की जरूरत नहीं है। प्रति टन औसत सब्सिडी 71,400 रुपये को देखते हुए इसका दुरुपयोग रोकने से लगभग 75,000 करोड़ रुपये की बचत हो सकती है।

यदि कुल बिक्री वाली यूरिया से गलत प्रयोग की जानी वाली यूरिया की मात्रा अलग की जाए तो किसानों द्वारा वास्तव में प्रयोग की जाने वाली यूरिया का पता चल जाएगा। यह लगभग 24.5 मिलियन टन है। इसमें से 2 हेक्टर से अधिक जमीन वाले मझोले व बड़े किसान लगभग 25 प्रतिशत या 6.1 मिलियन टन का प्रयोग करते हैं। यदि उनको सब्सिडी योजना से बाहर कर दिया जाए तो लगभग 44,000 करोड़ रुपये की बचत होगी। उर्वरक प्रयोग की क्षमता बढ़ाने की असाधारण संभावनायें हैं। यूरिया प्रयोग की क्षमता में 10 प्रतिशत सुधार का अर्थ 2.45 मिलियन टन की बचत होगी। यदि सब्सिडी को 71,400 रुपये प्रति टन माना जाए तो इससे लगभग 17,500 करोड़ रुपये की बचत होगी। कुल मिला कर कहा जाए तो सरकार 1,36,500 करोड़ रुपये की बचत कर सकती है। लेकिन इसके लिए सरकार को मूल्य व सब्सिडी सुधारों की आवश्यकता होगी। सरकार को निर्माताओं के माध्यम से उर्वरक सब्सिडी देना बंद करना होगा। इसके बजाय केवल छोटे व सीमान्त किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी के माध्यम से सब्सिडी दी जा सकती है। इससे सभी सप्लायर बाजार द्वारा निर्धारित कीमतों पर उर्वरक बेचने को स्वतंत्र होंगे। यूरिया आयात को भी मुक्त किया जाना चाहिए क्योंकि गैर-यूरिया उर्वरकों का आयात पहले ही मुक्त है। इससे सप्लायरों में प्रतियोगिता बढ़ेगी तथा केवल सर्वाधिक सक्षम ही बाजार में बचेंगे जो कम लागत पर सप्लाई करने की स्थिति में होंगे। किसान के खाते में सीधे सब्सिडी जाने के कारण बाजार में कोई सब्सिडी वाला उर्वरक नहीं होगा। इससे गैर-कृषि कार्यों में उर्वरकों का प्रयोग पूरी तरह बंद हो जाएगा। इसके साथ ही एमआरपी से उर्वरकों की असली कीमत स्पष्ट होने पर किसान इसका बेहतर प्रयोग करेंगे। सरकार को टैक्स व ड्यूटी की समीक्षा करने की भी जरूरत है।

उर्वरकों पर टैक्स लगाने का कोई अर्थ नहीं है क्योंकि इसकी भरपाई सरकार को ही करनी होती है। सभी उर्वरकों के आयात पर कस्टम ड्यूटी समाप्त होनी चाहिए। गैस को भी जीएसटी के अंतर्गत ला कर उसे 5 प्रतिशत वाले स्लैब में रखा जाना चाहिए।

# विपक्ष को अच्छे नेता व बेहतर सामंजस्य की जरूरत

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भारत के अगले आम चुनाव के लिए विपक्ष को संगठित होने में अभी समय है। ऐसे में लगता है कि 2024 का चुनाव भाजपा और क्षेत्रीय दलों के बीच होगा। इस संबंध में कुछ सवाल स्वाभाविक रूप से उठते हैं। 75 साल के स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र ने कैसे काम किया है? कुल मिलाकर, इसने 17 बार सुचारू रूप से सहज सत्ता हस्तांतरण किया है। इसलिए हम खुद को शाबाशी दे सकते हैं कि हमने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अच्छा काम किया है। लेकिन जहां यह बेहतर हो सकता था, वह है विपक्ष की स्थिति, जो लोकतंत्र की एक अच्छी पहचान है। जैसा कि हम वर्तमान समय में स्वतंत्रता की हीरक जयंती मना रहे हैं, यह समय पीछे मुड़कर देखने और विपक्ष की स्थिति को परखने का भी है, जिसने अपने इतने वर्ष के जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव का सामना किया है। 1952 में जब पहला आम चुनाव हुआ, तो कांग्रेस ने केंद्र व राज्यों में चुनावों में जीत हासिल की। लेकिन 1962 के चुनावों तक आते-आते, कम्युनिस्टों, समाजवादियों, स्वतंत्र पार्टी और भारतीय जनसंघ ने उसके व्यापक प्रसार में सेंध लगाना शुरू कर दिया था। ऐसा भी दौर आया जब विपक्ष ने चीनी आक्रमण के समय नेहरू की विफलता, इंदिरा गांधी के आपातकाल, राजीव गांधी के बोफोर्स घोटाले, मंडल आंदोलन, मंदिर आंदोलन, नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019, किसान आंदोलन आदि मुद्दों पर सत्तारूढ़ दल के खिलाफ एक सफल अभियान चलाया।

वर्तमान समय पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि हमारे पास एक कमजोर और विभाजित विपक्ष है। कुछ लोगों को लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सफलता का राज बंटा हुआ विपक्ष है। चूंकि विपक्ष के पास देश के भविष्य के बारे में साहसिक योजना, नयी दूरगामी दृष्टि और नेतृत्व की कमी है, इसलिए बार बार यही सवाल उठता है कि केन्द्रीय सत्ता के संघर्ष में मोदी बनाम कौन? फिलहाल विपक्ष के पास इसका कोई जवाब नहीं है। इसके अलावा, ममता बनर्जी, मायावती और के. चंद्रशेखर राव जैसे उभरते क्षेत्रीय क्षत्रप अपने अलावा नेतृत्व के लिए अन्य नेताओं के नामों पर सहमत नहीं हैं।

2014 में भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता व गुजरात के लंबे समय तक मुख्यमंत्री रह चुके नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय परिदृश्य में प्रवेश करने के बाद से कांग्रेस लगातार राज्यों में अपनी सत्ता को खोती आई है। आज, एक कमजोर कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल है। 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के 300 से अधिक के मुकाबले उसे सिर्फ 52 सीटें मिलीं। कांग्रेस वर्तमान समय में अनेक समस्याओं से ग्रस्त है। इसमें नेहरू-गांधी परिवार से चिपके हुए पार्टी नेतृत्व व कार्यकर्ताओं के बड़े समूह के साथ ही पार्टी के पास पर्याप्त धन का अभाव है। इसके साथ ही वह भाजपा पर लगाम लगाने की रणनीति की कमी से भी ग्रस्त है।

स्वतंत्रता के फौरन बाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) कांग्रेस का मुख्य विपक्षी दल थी। तत्कालीन मद्रास प्रेसीडेंसी में और बाद में भाषाई रूप से बनाए गए आंध्र प्रदेश में कम्युनिस्ट आंदोलन मजबूत था। 1964 में भाकपा और माकपा में विभाजन के बाद भी, वाम दलों ने आने वाले दशकों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वामपंथियों ने 1989 में वीपी सिंह सरकार का समर्थन किया। उन्होंने 1996-98 के दौरान दो संयुक्त मोर्चा सरकारों और 2004 और 2008 के बीच कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) के लिए किंगमेकर की भूमिका निभाई। लेकिन वामदलों का जो पतन 2009 के चुनावों के साथ शुरू हुआ वह अब तक जारी है। बीते छह दशकों में अपना अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन दर्ज करते हुए, वाम मोर्चा 2019 के चुनावों में सिर्फ पांच सीटों पर ही कामयाब रहा।

एक अन्य स्तर पर गैर-कांग्रेस विपक्ष ने जयप्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया और अन्य नेताओं के नेतृत्व में 1970 के दशक के मध्य से समाजवादी धारा चलाई। उनके जनता के बीच फैले आंदोलन ने लालू प्रसाद यादव (राष्ट्रीय जनता दल), मुलायम सिंह यादव (समाजवादी पार्टी), देवेगौड़ा (जनता दल-सेक्युलर), और नवीन पटनायक (बीजद) जैसे कुछ वर्तमान नेताओं के उदय का मार्ग प्रशस्त किया। अस्सी के दशक से तथाकथित निचली जातियों का उदय, धार्मिक पहचान, भाषाई समूह, पिछड़े वर्गों का उभार, भाजपा की हिंदुत्व पहचान की राजनीति, विद्रोह और स्वायत्तता आंदोलन, और क्षेत्रीय दलों ने प्रमुखता हासिल कर ली है। 1990 के दशक के बाद, कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों का सहारा लेना पड़ा क्योंकि यह तथाकथित उच्च जाति द्वारा भाजपा को और पिछड़ी व दलित जातियों के समाजवादी पार्टी और बसपा को वोट देने से हार गई थी। इसने असहाय होकर हिंदी पट्टी में 'मंडल' और 'कमंडल' आंदोलनों को देखा।

द्रविड़ पार्टियों ने 1967 से तमिलनाडु में अपनी एड़ी-चोटी का जोर लगाया था। इसके परिणामस्वरूप द्रमुक और अन्नाद्रमुक 1967 से बारी-बारी से तमिलनाडु पर राज कर रहे हैं। दूसरी ओर केरल में वामपंथी और कांग्रेस बारी-बारी से शासन कर रहे हैं। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में नए क्षेत्रीय क्षत्रप हैं।

नेहरू के दौर से कांग्रेस बहुत आगे निकल चुकी है। 1975 में आपातकाल लगाने के बाद इंदिरा गांधी को एक मजबूत विपक्ष का सामना करना पड़ा। संख्या की कमी के बावजूद, इंद्रजीत गुप्ता, सोमनाथ चटर्जी और मधु दंडवते सहित आधा दर्जन तेजतर्रार विपक्षी नेता अपनी स्पष्ट रणनीति व जनता में उसके प्रति समर्थन प्राप्त कर बोफोर्स घोटाले में राजीव गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस को सत्ता से बाहर करने में कामयाब रहे। पीवी नरसिम्हा राव (1991-96 के दौरान प्रधानमंत्री) अपनी पार्टी के भीतर से उभरे और विपक्षी दलों के कड़े विरोध के बावजूद नियंत्रित अर्थ -व्यवस्था को खत्म करने और दक्षिणपंथी अर्थ-व्यवस्था की ओर 360-डिग्री वाला मोड़ लेने के लिए पर्याप्त साहसी सिद्ध हुए।

अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा ने 1998 से 2004 तक अपनी गठबंधन सरकार अच्छी तरह से चलाई। फिर भी, 2004 के चुनाव भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए के बीच एक तगड़ी लड़ाई थी। अटल नीत भाजपा सरकार की पराजय के बाद मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री के रूप में नामांकित करते हुए, सोनिया गांधी ने रिमोट कंट्रोल से वाम दलों द्वारा समर्थित सरकार चलाई। जब से नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य में प्रवेश किया है, भाजपा राज्य-दर-राज्य विजयी रही है। वह एक अधिनायकवादी नेतृत्व के साथ-साथ एक कट्टर हिंदू विचारधारा का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने बदलाव का वादा किया और मतदाताओं में उम्मीद जगाई। हालांकि, कर्नाटक को छोड़कर दक्षिण, भाजपा से दूर है। इन क्षेत्रीय भाषाई दलों की बेहतर संगठनात्मक क्षमता ने उन्हें भाजपा की पैठ का प्रतिरोधी बना दिया है।

75 साल के समापन पर विपक्ष को एक अच्छे नेता, एक अच्छे आख्यान और सामंजस्य की जरूरत है। अभी भी संगठित होने और उत्साही लड़ाई लड़ने का समय है। 2024 का चुनाव भाजपा और क्षेत्रीय दलों के बीच होगा।

## आप की बात

### शिक्षकों का व्यवहार

**मटके** से पानी पीने के चलते जिस शिक्षक ने बच्चे को पीटा था। बच्चे की मृत्यु के बाद उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। बच्चे की गलती इतनी थी कि वह प्यास बर्दाश्त नहीं कर सका और घड़े से पानी पी लिया। स्कूल में बच्चों को पीटने या किसी भी प्रकार का शारीरिक दंड देने, मानसिक रूप से परेशान करने पर हमारे देश में सख्त कानूनी प्रावधान है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने स्कूलों में शारीरिक दंड को खत्म करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके अनुसार बच्चे को किसी भी प्रकार का दर्द देना, चाहे वह हल्का ही क्यों न हो, शारीरिक दंड की श्रेणी में आता है। इसके बावजूद देश के किसी न किसी कोने में निरंतर बच्चों को प्रताड़ित करते रहने की घटनाएं होती चली आ रही हैं। वास्तव में बच्चों को पढ़ाने वाले टीचर का मनोवैज्ञानिक परीक्षण किया जाना अत्यावश्यक है। बच्चों के माता-पिता को भी शिक्षक के व्यवहार पर नजर रखनी चाहिए। टीचिंग में महिलाओं को प्राथमिकता व आरक्षण दिया जाना चाहिए। वे न सिर्फ किताबी ज्ञान देगी, वह बच्चों की कोमल भावनाओं के अनुरूप उन्हें स्नेह व प्रेम करो की पढ़ाई कराएंगी।

**-सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### महिला सशक्तीकरण

**महिला** पंचायत प्रतिनिधियों की निर्णय क्षमता, आत्मविश्वास, नेतृत्व प्रणाली एवं पंचायतों की रूटीन व्यवस्था में सुधार के लिए मध्यप्रदेश शासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब महिला जन-प्रतिनिधियों के पति एवं निकटतम पुरुष रिश्तेदारों का पंचायत के कार्यों में कोई दखल नहीं रहेगा। ग्राम सभाओं में भी महिला सरपंचों को ही भागीदारी करनी होगी। हाल ही में हुए पंचायत चुनाव में चुनी गई कुछ महिला सरपंचों के स्थान पर उनके पतियों द्वारा शपथ लेने का मामला उजागर होने पर मध्य प्रदेश सरकार के पंचायत राज संचालनालय ने यह फैसला लिया है कि पंचायत के कार्यों में अनुचित रुप से दखल देने वाले महिला सरपंचों के पति एवं रिश्तेदारों पर जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी। त्रिस्तरीय पंचायत राज के तीनों स्तरों पर सरकार को यह नियम लागू करना चाहिए, साथ ही सरपंचों के निर्वाचन के लिए शैक्षणिक योग्यता का क्राइटेरिया भी तय किया जाना चाहिए। सरकार के इस फैसले से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। नए चुने हुए जनप्रतिनिधियों हेतु सरकार को प्रशिक्षण की भी व्यवस्था करना चाहिए।

**-ललित महालकरी,** इंदौर

### रूश्दी पर हमला

**आखिरकार** सलमान रुश्दी पर हुए हमले के 48 घंटे बाद ईरान ने चुप्पी तोड़ते हुए इस पर प्रतिक्रिया दी है। उसने इस हमले के लिए अपने ऊपर किसी तरह की जिम्मेदारी लेने से इंकार कर दिया, उलटे इसके लिए स्वयं रुश्दी एवं उनके समर्थकों को दोषी ठहरा दिया। इसका मतलब यह हुआ, वह 24 वर्षीय लेबनानी मूल के हादी माटर, जिसने न्यूयोर्क में, उपन्यासकार एवं लेखक पर चाकुओं से हमला किया, के समर्थन में खुल कर सामने आ गया है। अयातुल्लाह खुमैनी का फतवा 1989 में आया था। जबकि उपन्यास 'सेटेनिक वर्सेज' का प्रकाशन 1988 में हुआ था। यह जानते हुए कि जीवन से बड़ा धर्म नहीं है। जीवन है, तो धर्म है, वरना धर्म का कोई अहमियत नहीं है। इसलिए धर्म से ज्यादा जरुरी है जीवन की रक्षा करना। सलमान रुश्दी को अब होश आ गया है। ईश्वर से कामना है कि वे जल्द से जल्द, अपने लेखन की दुनिया में लौट आएं। न्यूयार्क प्रशासन को चाहिए हादी माटर को सख्त से सख्त सजा दे। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर ऐसे हमले रोकना बहुत जरूरी हो गया है।

**-जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**प्रधानमंत्री** द्वारा 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस के रूप में मनाने का उद्देश्य सर्वाधिक दु:खद घटनाओं का राजनीतिक संघर्ष में प्रयोग करना है।

**- जयराम रमेश**
कांग्रेस नेता

**विभाजन** विभीषिका दिवस के अवसर पर मैं उन सभी लोगों को श्रृद्धांजलि देना चाहता हूं जिन्होंने विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाई। मैं सभी पीड़ितों की दृढ़ता को सलाम करता हूं।

**- नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री





**अमेरिका** भारतीय जनता की लोकतांत्रिक यात्रा में उसके साथ है जो महात्मा गांधी के सत्य व अहिंसा के अमर सिद्धान्तों से प्रेरित रही है।

**- जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति

# मण्डल को प्रदेश स्तर में अच्छी रैंकिंग दिलाने को जुट जाएं

● मंडलायुक्त ने शासन के महत्वपूर्ण प्राथमिकता कार्यक्रमों को लेकर की समीक्षा बैठक



**अयोध्या।** मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में शासन के महत्वपूर्ण प्राथमिकता कार्यक्रमों की माह जुलाई 2022 की प्रगति रिपोर्ट पर मण्डलीय समीक्षा बैठक का आयोजन आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में मण्डल के सभी जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों एवं मण्डलीय अधिकारियों के साथ आयोजित की गयी। सर्वप्रथम मण्डलायुक्त ने सभी को आजादी के 75 वर्ष पूरे होने की बधाई दी तथा आजादी के अमृत महोत्सव को भव्यता के साथ मनाने हेतु सभी की सराहना की। मण्डलायुक्त ने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के चार माह व्यतीत हो चुके है सम्बंधित अधिकारी अपने अपने विभागों में ऐसे कार्य करें कि जनपद के साथ साथ मण्डल को प्रदेश स्तर में अच्छी रैंकिंग प्राप्त हो सकें। मण्डलायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुये आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड लाभार्थियों की सूची का व्यापक प्रचार प्रसार कर शत प्रतिशत गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिये तथा उन्होंने कहा कि गोल्डेन कार्ड लाभार्थियों को जागरूक किया जाय कि गोल्डेन कार्ड के माध्यम से ही इलाज कराये। उन्होंने मण्डल के निर्माणाधीन सीएचसी, पीएचसी के निर्माण कार्यो के प्रगति की भी समीक्षा की तथा जल्द से जल्द सभी निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस व थाना समाधान दिवस के दिन आसपास के हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर का भी निरीक्षण किया जाय।

मण्डलायुक्त ने निराश्रित गौवंश की समीक्षा करते हुये पाया कि शासन द्वारा निराश्रित गौवंशों को संरक्षित करने के लिए शासन द्वारा लक्ष्य व तिथि निर्धारित की गयी हैए जिसमें जनपदों द्वारा आपेक्षित कार्यवाही में शिथिलता बरती जा रही है, जिस पर उन्होंने सभी मुख्य विकास अधिकारियों व पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं सम्बंधित अधिकारियों को प्राथमिकता पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये तथा यह भी कहा कि पंजीकृत स्थायी गौआश्रय स्थलों की सघन जांच की जाय तथा उनमें क्षमता के अनुसार गौवंशों की संख्या बढ़ाई जाय तथा जनपद अम्बेडकरनगर व सुल्तानपुर में अस्थायी गौआश्रय स्थलों में गौवंशों की संख्या अपेक्षाकृत कम हैए जिसे बढ़ाया जाय तथा उन्होंने कहा कि गौआश्रय स्थलों के निरीक्षण के दौरान गौवंशों को दिये जाने वाले चारे की गुणवत्ता की भी जांच की जाय, जिससे की कोई अप्रिय घटना न होने पाये तथा पशुओं की एयर टैगिंग अभियान चलाकर शत प्रतिशत की जाय जो भी सम्बंधित इस कार्य में रूची न लें उसके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाय तथा पशुओं के टीकाकरण में प्रगति लाये।

## माल्यार्पण कर अमर शहीद अशफाक उल्ला की शहादत को किया याद

**अयोध्या।** स्थानीय जेल के मुख्य द्वार पर स्थापित अमर शहीद अशफाक उल्ला खां वारसी जन्म 22 अक्टूबर 1900 तथा बलिदान दिनांक 19 दिसम्बर 1927 के प्रतिमा पर डीएम के नेतृत्व में जेल प्रशासन द्वारा माल्यार्पण किया गया तथा उनके बलिदान के विषय तथा उनके द्वारा तत्कालीन समय में अपने वकील एवं अपने अन्य परिवार आदि के सदस्यों के लिए शहीद अशफाक उल्ला द्वारा लिखे गये पत्रों की चर्चा की गयी तथा इसको आम जनमानस के लिए इस शहीद स्थल को देखने के लिए विचार किया जा रहा है उस पर जल्द ही निर्णय लिया जायेगा, हमारी नयी पीढ़ी अपने देश के आजादी के महापुरूषों को जाने एवं प्रेरणा लें कि हमको आजादी कैसे मिली है तथा क्या.क्या संघर्ष हमें करना पड़ा है। डीएम एवं उनकी पत्नी, सीडीओ, जेल अधीक्षक शशिकान्त मिश्रा, एडीएम नगर सलिल कुमार पटेल, नगर मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर सहायक गण एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# अटल ने राष्ट्रहित सर्वोपरि की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया: लल्लू सिंह

● पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि, किया याद



**अयोध्या।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर पुराने भाजपा कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके भाजपाइयों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह व संचालन महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने किया। मुख्य वक्ता सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अटल जी ने राजनीति में अपने व्यक्तित्व व कृतित्व से न केवल व्यापक स्वीकार्यता व पूरी दुनिया में सम्मान हासिल किया बल्कि राष्ट्रहित सर्वोपरि की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया। उनके पथचिन्हों पर चलते हुए आज योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के पात्रों को प्रदान किया जा रहा है। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि कि अटल जी का व्यक्तित्व इतना आकर्षक था कि विपक्षी भी उनकी तारीफकिया करते थे। गांवों को मुख्यमार्ग से जोड़ने के लिए उनके कार्यकाल में सड़को का जाल बिछाया गया। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि सरकारें आयेंगी जाएंगी, पाटियां बनेगी बिगड़ेंगी मगर यह देश रहना चाहिए अटल जी के द्वारा कहा गया यह कथन आज भी राजनेताओं को प्रेरणा प्रदान करता है।

पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने कहा कि अटल जी एक प्रखर राजनेता व ओजस्वी वक्ता थे। उनके द्वारा विभिन्न अवसरों पर जनता को किये गये सम्बोधन आज भी लोगो की स्मृतियों में है। पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि अटल जी पुण्य तिथि पर हम उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लेते है।

# विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**अम्बेडकरनगर।** आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर सहदेई देवी बालिका इण्टर कालेज बुढ़नापुर बसखारी अम्बेडकर नगर में विद्यालय के अध्यक्ष एडवोकेट पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजय वर्मा माथुर की अध्यक्षता में विद्यालय के प्रबंधक पूर्व एम एल सी विशाल वर्मा ने झंडारोहण करके विद्यालय के संस्थापक अपने पिता स्व राम अक्षयवर वर्मा, महात्मा गांधी, शहीद भगत सिंह, बाबा साहब डा भीमराव आंबेडकर, असफाकउल्लाह खां, के साथ-साथ देश के वीर शहीदों की चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की बारी-बारी से पूर्व प्रधानाचार्या मेवाती चौधरी, प्रधानाचार्या शकुंतला वर्मा के सभी लोगों ने वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की इसके बाद विद्यालय के छात्र/छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर शहीदों याद किया काफी संख्या में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले सभी बच्चों के उत्साह वर्धन लिए विद्यालय के अध्यक्ष एडवोकेट पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजय वर्मा ने पुरस्कृत किया और मिष्ठान वितरण किया गया सभी बच्चों ने काफी हर्सोल्लास से स्वतंत्रता दिवस मनाया इस मौके पर उपस्थित लालता प्रसाद वर्मा, विद्यालय की सेवानिवृत्त अध्यपिका यशोदा वर्मा, सेवानिवृत्त अध्यापिका राजपत्ती देवी, अध्यापिका इन्द्रावती वर्मा, निशा वर्मा एवं समस्त विद्यालय परिवार।

# एनटीपीसी में 76वॉ स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया

**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी लि. की टांडा सुपर थर्मल पावर स्टेशन में 76वॉ स्वतंत्रता दिवस आवासीय परिसर स्थित रामलीला मैदान में धूमधाम से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख बी.सी. पोलाई ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात विवेकानंद शिशुकुंज की छात्राओं ने राष्ट्रगान एवं गरिमा महिला मंडल की सदस्याओं ने एनटीपीसी गीत प्रस्तुत किया। पोलाई ने आयोजित भव्य परेड का निरीक्षण किया। परेड में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की टुकड़ियों एवं स्थानीय सुरक्षा बल ने भाग लिया।



उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि पोलाई ने परियोजना परिवार के समस्त सदस्यों तथा आसपास के ग्रामीणजनों को 76वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें दी। पोलाई ने कहा कि आज हम भारतीय स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ को आजादी के अमृत महोत्सव के रुप में मना रहे हैं। आजादी के इन 75 वर्षो में भारत ने पूरे विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान बनायी है। आज हमें गर्व है उन शहीदों की कुर्बानी एवं राष्ट्र निर्माताओं के योगदान पर जिनके प्रयास से हम अपने विकास की यात्रा पर निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। अपने त्याग और बलिदान से हमें यह अवसर प्रदान किया है। देश के विकास में एनटीपीसी के योगदान का जिक्र करते हुये कहा कि वर्तमान में एनटीपीसी 18,541 कर्मचारियों के साथ 77 परियोजनाओं से 69,433 मेगावाट विद्युत का उत्पादन कर रहा है। आवासिय परिसर स्थित डालीम्स स्कूल, विवेकानन्द शिशुकुंज, विद्युत परिषद राजकीय इण्टर कालेज, बेसिक प्राईमरी स्कूल, ब्लूमिंग बड्स एवं बाल भवन के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। के.औ.सु.ब. के जवानों द्वारा हथियार चलाने और किसी भी विषम परिस्थिति से बचाव पर एक प्रदर्शन किया। पोलाई ने स्टेशन के कर्मचारियों तथा संविदाकर्मियों को बी.यू.एच. मेरिटोरियस एवं सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किया। पोलाई ने सुझाव योजना एवं बागवानी प्रतियोगिता, कालोनी परिसर में स्थित विद्यालयों में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले बच्चों तथा संविदाकर्मियों, सर्वोत्तम प्लाटून कमाण्डरों, स्थानीय सुरक्षा बल के सुरक्षा कर्मियों एवं आई.सी.एच. को भी उनके उत्कृष्ट कार्य के लिये पुरस्कृत किया।

## स्वत्रंता दिवस पर लगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** आजादी के अमृत महोत्सव मे स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर सक्षम संस्था के तत्वाधान मे शिवम डेंटल क्लिनिक नेहरू नगर टाण्डा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक शैलेन्द्र जी ने भारत माता और सूरदास जी के चित्र पर माल्यापर्ण कर मौजूद युवाओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र हित एवं मानव कल्याण केकार्यो मे आगे आ कर प्रमुखता सेबढ चढ कर हिस्सा लेना चाहिए। हमारे देश के वर्तमान युवा भविष्य की नीव है। जिनको सही दिशा? देते हुए मजबूत बनाने की आवश्यकता है जिससे हमारी एकता और अखण्डता अनन्त काल तक बनी रहे। संस्था के अध्यक्ष मानस वर्मा ने अपने सम्बोधन मे कहा कि रक्तदान से बडा दूसरा कोई दान नही है हमारे शरीर मे ईश्वर द्वारा रक्त के रूप मेदिया गया वह वरदान है जिसका सदुपयोग कर हम सब समय समय प्रदान करके लोगो की जान बचा सके।

# अमृत महोत्सव पर राम नगरी के जानकी महल में जलाये गए 51 हजार दीप



जानकी महल ट्रस्ट में 51 हजार दीपक जलवाते ट्रस्टी आदित्य सुल्तानिया

**अयोध्या।** आजादी के अमृत महोत्सव पूरे देश में अपने अपने तरीके से लोग सेलिब्रेट कर रहे हैं भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या माता जानकी के मायके के रूप में माने जाने वाले श्री जानकी महल ट्रस्ट में 51000 दीप जला कर के सेलिब्रेट किया गया और इसी के 17 दिनों से चल रहे झूलनोत्सव का समापन भी हुआ। जानकी महल ट्रस्ट का अपना महत्व है और प्रत्येक उत्सव बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया जाता है ऐसे में जब आजादी के अमृत महोत्सव की बात आई तो जहां पूरे मंदिर में उत्साह के साथ झूलनोत्सव मनाया जा रहा था साथ ही आजादी का अमृत महोत्सव भी मनाया गया जिसमें और शाम होते ही पूरा मंदिर परिसर रोशनी से जगमगा उठा एक साथ 51000 दीपक जलाए गए ऐसी अनुपम छटा अमृत महोत्सव के अवसर पर पूरे देश में और कहीं नहीं दिखी। जानकी महल ट्रस्ट के ट्रस्टी आदित्य सुल्तानिया ने बताया कि वैसे तो मंदिर में प्रत्येक उत्सव बड़े ही उल्लास के साथ मनाया जाते हैं और प्रतिदिन गरीबों के लिए मंदिर परिसर में सेवाएं चलती हैं जिसमें निशुल्क अस्पताल और भोजन की व्यवस्था दी जाती है।

## रोजगार मेले में 23 युवाओं को मिली नौकरी

**अयोध्या।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर अयोध्या में दिनांक 16 अगस्त 2022 को प्रात: 10 बजे से आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 66 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। उनमें से 23 युवाओं को विभिन्न कम्पनियों के एचआर के माध्यम से रोजगार प्राप्त हुआ। रोजगार मेले को सफल बनाने हेतु सहायक निदेशकए सेवायोजन श्री पद्म वीर कृष्ण ने रोजगार मेले में आये हुए बेरोजगार युवाओं को कैरियर का चुनाव कैसे करें का टिप्स दिये। इसी क्रम में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालयए परिसर अयोध्या में एक कैरियर काउन्सिलिंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गयाए जिसमें 41 युवाओं ने प्रतिभाग किया। जिला रोजगार सहायता अधिकारी श्री राम कुमार द्विवेदी ने काउन्सिलिंग में आये युवाओं को साक्षात्कार में सफल होने के गुण बताये।

# कलेक्ट्रेट प्रांगण में ध्वजारोहण के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को सम्मानित किया

**अम्बेडकरनगर।** 15 अगस्त पर डीएम सैमुअल पॉल एन द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 76वॉं स्वतंत्रता दिवस के अवसर कोविड-19 प्रोटोकाल के अनुपालन में कलेक्ट्रेट प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रीय गान किया गया तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी धर्मराज वर्मा को जिलाधिकारी द्वारा माला तथा शाल पहनाकर सम्मानित किया गया। डीएम द्वारा सभी को संबोधित किया गया। डीएम द्वारा मृतक जयप्रकाश राम की कोविड संक्रमण से मृत हो जाने के कारण उनके आश्रित कांति देवी को 50 लाख रुपए का भुगतान प्रतीक चेक, मृतक स्वर्गीय सुरजीत उर्फ अमित कुमार, स्वर्गीय भागीरथी, स्वर्गीय शांति देवी, स्वर्गीय राजपति, स्वर्गीय बिंदू, स्वर्गीय अंगद कुमार, स्वर्गीय पुनीता कुमारी तथा स्वर्गीय सुभी गुप्ता के आश्रितों को 4-4 लाख रुपए का भुगतान प्रतीक चेक दिया गया।



इसके उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में एडीएम वित्त एवं राजस्व अशोक कुमार कनौजिया, एडीएम न्यायिक, अपर उप जिलाधिकारी बाबूराम, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी तथा कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी, कर्मचारी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। डीएम राष्ट्रीय तिरंगे के महत्व, महापुरुषों के बलिदान को याद करते हुये समाज को बेहतर बनाने के लिये चर्चा किया गया। भारत के महान सेनानियों को याद करते हुए कहा कि हमारे देश के महापुरुषों ने कई वर्षों तक कई संघर्ष करने के बाद ब्रिटिश शासन से भारत को आजादी दिलाई उन सभी महापुरुषों की बलिदानी को याद करते हुए इस पावन पर्व को बड़े उल्लास के साथ मनाना चाहिए।

## मूल आधारभूत संरचनाओं पर ध्यान दे रही सरकार: शुक्ल

**प्रयागराज।** पूर्व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं पूर्व राज्यसभा सांसद शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि वर्तमान मोदी एवं योगी सरकार पूर्वांचल एवं पूरे प्रदेश में मूल आधारभूत संरचनाओं पर खासकर ध्यान दे रही है। पूरे प्रदेश में एक्सप्रेस वे हाईवे मेट्रो इत्यादि का बिछता हुआ जाल इसका सबूत है। आशा व्यक्त की है की आने वाले समय में पूर्वांचल खासकर के गोरखपुर एवं आस पास के क्षेत्रों में रियल स्टेट सेक्टर भी काफी तेजी से विकास करेगा एवं इस सेक्टर में कार्य करने वाली कई और कंपनियों का विस्तार होगा एवं जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। यह बातें नौसड़ स्थित एशियन पेंट्स बिरला वाइट पुट्टी एवं सीमेंट तथा आशीर्वाद पाइप्स के अधिकृत डीलर कालिंदी इंटरप्राइजेज के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि शिव प्रताप शुक्ल ने कहीं। कालिंदी इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर रवि कांत मिश्रा ने कहा कि इस आउटलेट के खुलने से आस पास के क्षेत्रों में वाइट पुट्टी एवं सीमेंट तथा आशीर्वाद पाइप्स की उपलब्धता आसान हो जाएगी।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 76वां स्वतंत्रता दिवस

● उमरे प्रयागराज मंडल और कोर कार्यालय में फहराया ध्वज ● जीएम एनसीआर प्रमोद कुमार, जीएम कोर अरुण कुमार और डीआरएम मोहित चंद्रा ने रेल कर्मचारियों को किया सम्मानित



**प्रयागराज।** स्वतंत्रता दिवस पर सोमवार को ध्वजारोहण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। उत्तर मध्य रेलवे डीआरएम कार्यालय और कोर कार्यालय में अधिकारियों ने झंडारोहण किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। सूबेदारगंज स्थित उत्तर मध्य रेलवे प्रधान कार्यालय प्रयागराज में राष्ट्र का 76 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शुभारम्भ महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने ध्वजारोहण कर किया। महाप्रबंधक ने रेलवे सुरक्षा बल भारत स्काउट एवं गाइड तथा सेंट जॉन एम्बूलेन्स ब्रिगेड की परेड का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले रेल कर्मियों और अमृत महोत्सव के सफल आयोजन के लिए पीआर टीम को भी पुरस्कृत किया। रागिनी सिंह जनसंपर्क अधिकारी प्रीति कुमारी मुख्य कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक अमित कुमार सिंह जनसंपर्क अधिकारी वी के द्विवेदी आदि सम्मानित किए गए। महाप्रबंधक एवं अध्यक्षा उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन पूनम कुमार ने रेल हेल्पलाइन 139 के संदेश के साथ तिरंगे गुब्बारे हवा में छोड़े। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में चंचल गुप्ता का भरतनाट्यम पूर्णिमा के निर्देशन में समूह नृत्य वंदे मातरम मंजू जोशी के निर्देशन में स्कॉउट एवं गाइड द्वारा दो समूह नृत्य रंजीत और संदीप का देश भक्ति गीत है प्रीत जहां की रीत सदा बीना सिंह के निर्देशन में समूह नृत्य एवं ऐक्ट आदि की प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह का मनमोह लिया। जीएम ने कहा कि भारतीय रेल राष्ट्र की जीवन रेखा है। उत्तर मध्य रेलवे इसके विशाल नेटवर्क में मेरुदंड की भूमिका निभाती है। रेलवे देश के उत्तरी भाग को दक्षिणी पूर्वी तथा पश्चिमी भागों से जोड़कर राष्ट्र की एकता को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। हमारे कर्मठ और कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारियों और अधिकारियों की टीम ने कोविड महामारी के कारण हुई मुश्किलों के बावजूद कार्य के सभी क्षेत्रों में बेहतरीन उपलब्धियाँ हासिल की तथा कई मदों में अब तक के सभी रिकॉर्डों को पीछे छोड़ा है। पिछले वर्ष कोविड के कारण गाड़ियों को रद्द कर दिया गया था। जिनका संचालन फिर से शुरू कर दिया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर मध्य रेलवे में 43 स्वचालित सीढ़ियाँ और 30 लिफ्ट लगाए गए हैं। इस वित्त वर्ष के दौरान हम 10 और स्वचालित सीढ़ियाँ तथा 7 और लिफ्ट लगाने जा रहे हैं। 8 स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म शेड लगाए गए हैं। 4 स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म की ऊँचाई बढ़ाने के कार्य पूरे कर लिए गए हैं तथा 6 स्टेशनों पर ऊपरी पैदल पुल का निर्माण किया गया है। इसी क्रम में वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान हमने 3 ऊपरी सड़क पुल तथा 3 निचले सुड़क पुल का निर्माण किया है, 15 समपार फाटकों को बंद कर दिया है। इस वित्त वर्ष में एक एक समपार फाटक पर इंटरलॉकिंग बिजली संचालित लिफ्टिंग बैरियर और स्लाइडिंग बूम लगाए गए हैं। दूरदराज के क्षेत्रों तक जागरूकता संदेश के प्रचार प्रसार के लिए हमने मोबाइल वीडियो वैन सहित विभिन्न प्रचार माध्यमों द्वारा व्यापक जन जागरूकता अभियान भी चलाया है। कर्मचारियों को सशक्त बनाने और उनमें विश्वास की भावना को मजबूत करने के लिए इस वित्त वर्ष के दौरान निराकरण सेल के माध्यम से 761 शिकायतों का निपटारा किया गया। जो कुल प्राप्त मामलों का 91०36 प्रतिशत है। अनुकंपा आधार पर 195 नियुक्तियाँ की गयी हैं। सामान्य सेवानिवृत्ति के अलावा सेटलमेंट के 102 अन्य मामलों का भी प्राथमिकता के आधार पर निबटान किया गया। वर्ष के दौरान हमें विभिन्न कैटेगरी के 708 उम्मीदवारों के पैनल भी प्राप्त हुए हैं। जोन में खेलों को बढ़ावा देने के लिए इस वित्त वर्ष के दौरान 24 खिलाड़ियों की भी नियुक्ति की गई। उमरे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा पदाधिकारी एवं अन्य सदस्य उमरे के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष अन्य अधिकारी गण एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं उनके परिवार के सद्स्य उपस्थित रहे। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज में आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के अन्तर्गत स्वतन्त्रता दिवस की 75वीं वर्षगाँठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। अरुण कुमार महाप्रबन्धक कोर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। रेल सुरक्षा बल के जवानों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई और एक आकर्षक परेड भी प्रस्तुत किया गया।

महाप्रबन्धक अरुण कुमार ने कहा कि सुल्तानपुर अयोध्या कैंट और बाराबंकी अयोध्या कैंट जैसे महत्वपूर्ण खण्ड का विद्युतीकरण हो जाने से प्रयागराज और लखनऊ से अयोध्या जैसे धार्मिक पर्यटक स्थल तक एक विद्युतीकृत मार्ग की प्राप्ति हुई। महोबा खजुराहो खण्ड का विद्युतीकरण होने से खजुराहो जैसे एक विश्व धरोहर स्थल तक सीधे विद्युतीकृत मार्ग की प्राप्ति हुई है। कुमार ने कहा कि वर्तमान वित्त वर्ष में कोर को 5876 रूट किलोमीटर का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी परियोजनायें पूरी तरह से कटिबद्ध हैं। रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन रीवो की सम्मानित सदस्याएं भी रहीं। महाप्रबन्धक ने जरूरतमंद लोगों की सेवा और कोर के कर्मचारियों एवं उनके परिवारों की मदद के लिए रीवो का आभार व्यक्त किया। भव्य सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाप्रबन्धक कोर द्वारा रेलवे सुरक्षा बल और अन्य विभागों को पुरस्कार वितरण भी किया गया। अध्यक्षा रीवो नीलिमा कटियार ने सास्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों को पुरस्कार वितरण किया। उप महाप्रबन्धक पीआर कोर प्रयागराज एस के द्विवेदी ने बताया कि रेल विद्युतीकरण की विभिन्न परियोजनाओं अंबाला अहमदाबाद कोलकाता जयपुर लखनऊ गुवाहाटी बेंगलुरू चेन्नई एवं सिकंदराबाद में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

# विश्व पटल पर आदर्श देश के रूप में स्थापित होगा भारत: हर्षवर्धन

● हिन्दुस्तानी एकेडेमी स्थित गाँधी सभागार में स्वतंत्रता सेनानी सुभद्रा कुमारी चौहान पर केन्द्रित प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन



**प्रयागराज।** हिन्दुस्तानी एकेडेमी प्रयागराज राजकीय पाण्डुलिपि पुस्तकालय संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आजादी का अमृत महोत्सव के क्रम में मंगलवार को एकेडेमी स्थित गाँधी सभागार में स्वतंत्रता सेनानी सुभद्रा कुमारी चौहान पर केन्द्रित प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा एवं स्वतंत्रता सेनानी सुभद्रा कुमारी चौहान के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी एवं विशिष्ट अतिथि सीडीओ शिपू गिरि रहे। एकेडेमी के सचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी का स्वागत किया। कहा कि आजादी के आन्दोलन में नारियों की भूमिका विभिन्न रूपों में पायी जाती है वो कभी सुभद्रा कुमारी चौहान तो कभी झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के रूप में कभी आंदोलनकारियों की मां बहन बेटी के रूप में आकर आंदोलन को गति प्रदान किया।

आजादी का अमृत महोत्सव के क्रम में स्वतंत्रता आन्दोलन में ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रतिबंधित एवं राष्ट्रभक्ति गीतों को संकलित कर एकेडेमी से प्रकाशित पुस्तक आजादी के तराने नामक पुस्तक का विमोचन अतिथियों ने किया। मुख्य अतिथि विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी ने कहा कि आज हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। आज तक भारत बहुत कुछ प्राप्त कर चुका है और निश्चित रूप से यह देश जब 2047 में अपने आजादी का 100वां वर्षगाँठ मनायेगा।

# शहीदों के बलिदान की वजह से आजादी का जश्न मनाने का अवसर मिला: मिथिलेश

**अम्बेडकरनगर।** भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर पूरा देश प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। सरकारी और गैरसरकारी संगठनों के साथ साथ प्रत्येक व्यक्ति अपने अपने तरह से आजादी का जश्न मनाते हुए देश के शहीद वीर सपूतों को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहा है। भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी और जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहरा कर सामूहिक रूप में राष्ट्र गान गाकर मिष्ठान वितरण किया गया। झंडा रोहण कर भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने स्वतंत्रता दिवस पर कहा कि देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर देश की आजादी के वीर शहीदों को नमन कर रहा है।उन्होंने कहा कि देश के वीर शहीदों की शौर्य,पराक्रम और बलिदान की वजह से ही हमें आजादी का जश्न मनाने का अवसर प्राप्त हुआ है। देश अपने स्वतंत्रता सेनानियों का सदैव ऋणी रहेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने कहा कि आज पूरा देश आजादी के जश्न में डूबा हुआ है।प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर देश का प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न प्रकार से आजादी की पर्व को मनाते हुए वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी वीर गाथा को याद कर रहा है।



# अफवाहों का बाजार गर्म, मुट्ठी भर चोर दे रहे जांबाज पुलिस को चुनौती !

**संवाददाता।** सीतापुर

- चोरों के आतंक से थर्राया सीतापुर
- चोर दे रहे सीतापुर की जांबाज पुलिस को चुनौती
- चौकी, थाना के बगल में भी चोरी करने से नहीं डर रहे चोर

**रात भर रतजगा करने को मजबूर हो रहे ग्रामीण**

**योगी की** पुलिस की जांबाजी की गूंज उत्तर प्रदेष ही नहीं देश के कोने कोने में सुनाई दे रही है। योगी का बुलडोजर बड़े से बड़े माफिआओं, गैंगस्टर्स को धराषाही कर दे रहा है। मगर पुलिस की यह जांबाजी मुट्ठी भर चोरों के आगे कोई काम नहीं आ रही है, आलम यह है कि सीतापुर की अच्छी खासी आबादी का रात-रात भर रतजगा हो रहा है। अफ्वाहों का बाजार इस कदर गर्म है कि हर इलाके में ऐसी चर्चाएं आम है कि चोरों का गिरोह इलाके में सक्रिय है। इस बीच बच्चों को चुराने वाले गिरोह की भी अफ्वाहें उड़ रही है, लेकिन सवाल इस बात का है, कि जब लाखों-लाख आबादी रात-रात भर सो नहीं पा रही है, तब भी पुलिस की ओर से उनके भय को दूर नहीं किया जा रहा है। आलम यह है कि रात होते ही गांवों में आवाजें उठने लगती है, कि चोरों का गिरोह आया और फ्रि पूरी रात गांव वालों का रतजगा हो जाता है। बताया जाता है कि सीतापुर जनपद के कई इलाकों में इधर लंबे समय से ऐसे ही हालात बने हुए है। मजेदार बात यह है इसी समय लगातार खाकी वर्दी वालों का सड़क पर ही इकबाल बना हुआ है, फ्रि भी भय का माहौल लोगों में दूर नहीं हो पा रहा है और हो भी तो कैसे जांबाज पुलिस कोई पहल भी नहीं कर रही है। अफ्वाहों का नतीजा देखिए 10 दिन पूर्व लहरपुर कोतवाली इलाके में अकचौनपुर टप्पा गांव में मानसिक तौर पर अस्वस्थ एक बुजुर्ग महिला के पाए जाने पर ग्रामीण उसको पकड़ लेते है, और दावा करने लगते है कि यह महिला एक बच्ची के अपहरण का प्रयास कर रही थी। ग्रामीण उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर देते है। जांच पड़ताल में यह महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ पाई जाती है। ऐसा ही वाकया महोली कोतवाली इलाके में भी एक सप्ताह पूर्व हुआ। मुसब्बरपुर गांव में चोरी के आरोप में एक युवक को न कि ग्रामीणों न पकड़ लिया बल्कि उसकी जमकर पिटाई करने के बाद उसकी दाढ़ी और बाल जलाने की भी कोषिष की गई, जिसका वीडियो सोषल मीडिया पर जब वायरल हुआ, तब पुलिस हरकत में आई और जांच पड़ताल के बाद पता चला कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त है। अब आइये आपको अफ्वाहों के बीच चोरी की घटनाओं की हकीकत से भी रूबरू कराते है। हरगांव थाना क्षेत्र में काफी दिनों से सक्रिय चोरों को लेकर कोहराम सा मचा हुआ है। आए दिन हरगांव थाना क्षेत्र में ग्रामीण अंचल से लेकर नगर क्षेत्र के अंतर्गत सभी वार्डो मे चोरों ने अपना आतंक मचाया हुआ है। पिछले दिनों नगर क्षेत्र के वार्ड रामपुर बरौरा में एक घर में चोरों ने धावा बोला परन्तु वहां पर गृहस्वामी के जाग जाने व शोर मचाने पर चोरों को वहां से भागना पडा। चोरों का गिरोह गांवों में भी जा रहा है, लेकिन ग्रामीणों की जागरूकता और सजकता से उन्हें उलटे पैर भागना पड़ रहा है। पिछले दिनों पकरिया भटपुरवा, बक्सोहिया, रौना, जडौना, मुंद्रासन, नेवादा, शेरपुर, शेखापुर मूसेपुर में चोरों के आतंक से ग्राम वासियों को फायरिंग करनी पड़ी तब जाकर चोरों को भागना पड़ा। लेकिन ग्रामीणों को रात भर रतजगा करना पड़ रहा है। इसी कड़ी में 10 अगस्त की रात में चोरों ने नगर पंचायत हरगांव के वार्ड रामपुर बरौरा निवासी देवेश पान वालों के यहाँ धावा बोला मगर घर वालों सहित गृह स्वामी के जाग जाने व शोर मचाने की वजह से चोरों को भागना पड़ा। अब आपको इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में लेकर चलते है, यहां क्षेत्र में करीब 20 दिनों से चोरों का आतंक होना बताया जा रहा है। कई हजार की आबादी दिन में काम करने के बाद रातों को चोरों के आतंक से जागने को मजबूर हैं। ग्रामीण रात को अपनी छतों पर लाठी डंडे व टार्च लेकर चोरों के डर से जागते रहते हैं। थाना क्षेत्र के शेखापुर, बंजरिया, हरनी, टीकरबहादुरपुर, देवरिया गाड़ी घाट, चांदूपुर, भोगीपुर, ऐलिया, पसनैका, कस्बा इमलिया सहित दर्जनों गांवों में चोर देखे गए हैं। इसके अलावा थाना क्षेत्र में 18 जुलाई की रात डॉयल 112 पर तैनात होमगार्ड अजय यादव पुत्र लखपति निवासी अटरिया कीरतपुर में अज्ञात चोरों द्वारा घर मे घुस कर 10 हजार की नगदी सहित करीब डेढ़ लाख के जेवरात पर हाँथ साथ कर दिया था। जिसके बाद 2 अगस्त की रात शेरपुर गांव में सन्दीप पुत्र इतवारी के घर को चोरों ने अपना निशाना बनाया था। जिसमें कपड़े व अन्य सामान छोड़ गए थे 5 हजार की नगदी लेकर फरार हो गए थे। उसके बाद 3 अगस्त की रात काजीकमालपुर चौकी से कुछ दूरी पर अल्लीपुर निवासी महेश प्रसाद के बिल्डिंग कारखाने को निशाना बनाया था। जिसमें से बिल्डिंग मशीन व हैंड ग्राइंडर पार कर दिए थे जिसकी कीमत करीब 20 हजार थी। चोरों के देखे जाने की जहां से सूचना मिलती है वहीं इमलिया सुल्तानपुर पुलिस मौके पर पहुंचती है और ग्रामीणों से सर्तक रहने की अपील करती है और यह भी कहती है कि इमलिया पुलिस आपके लिए 24 घण्टे तत्पर है आप लोग भी जागते रहें। चोरों की बेखौफी का आलम देखिए वह न तो पुलिस चौकी के पास चोरी करने से डरते है और न ही थाने के पास से मछरेहटा थाने से महज 50 मीटर दूर पत्रकार सुषील षुक्ला के घर पर धावा बोलकर चोरी की ऐसी सनसनी खेज वारदात को अंजाम दिया कि आंखों से मानों किसी ने सुरमा चोरी कर लिया हो। थानगांव इलाके में तो ताबड़तोड़ चोरियों की चोरों ने झड़ी लगा रखी है। एक के बाद एक चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दिए जाने से इलाके के लोग दहशत जदा है। पुलिस का आलम देखिए न तो चोरी की घटनाओं को रोक पा रही है और न ही चोरियों का खुलासा कर पा रही है। ऐसे ही हालत लहरपुर कोतवाली इलाके में भी बने हुए है, इस इलाके में दर्जनभर से ज्यादा चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर चोरों ने सीधे तौर पर पुलिस को चुनौती दे रखी है। मगर पुलिस पर मानो कोई असर ही नहीं हो रहा है।

आलम तो यह कि क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पास में ही चोरी की घटना को अंजाम दे, चोरों के गिरोह ने पुलिस को सीधे तौर पर चुनौती दे रखी है। संदना थाना इलाके में पुलिस ने चोरों को मानों खुली छूट ही दे रखी है। यहां लंबे समय से चोरों का गिरोह सक्रिय है, कई ताबड़तोड़ चोरी की घटनाओं को अब तक अंजाम दे चुका है, पुलिस किसी का भी नहीं कर सकी है। समूचे जनपद में चोरों के आतंक के बीच लोगों को गुजर बसर करनी पड़ रही है। मगर पुलिस न तो चोरों से निपट पा रही और न ही चोरियों की घटनाओं पर अंकुष लगा पा रही है। ऐसे हालातों में लाखों की आबादी भय और दहशत के बीच गुजर बसर करने को मजबूर है।

## केन्द्रीय मंत्री ने 75 मिनट तक 75 लोगों के साथ लहराया तिरंगा

**सीतापुर।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री एवं मोहनलालगंज से सांसद कौशल किशोर ने सिधौली कस्बे में स्थित शहीद स्मारक पर स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगाँठ पर 75 मिनटों तक 75 लोगों के साथ तिरंगा झंडा लहराया। उनके साथ सिधौली से भाजपा विधायक मनीष रावत भी मौजूद रहे। मंगलवार को केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर कस्बे के शहीद स्मारक पहुंचे जहाँ सबसे पहले उन्होंने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनको याद किया। पार्टी कार्यालय से शहीद स्मारक तक केंद्रीय मंत्री के नेतृत्व में पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गई। केंद्रीय मंत्री एवं उनके साथ उपस्थित पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ ने 75 मिनट तक तिरंगा झंडा लहराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने कहा आजादी का अमृत महोत्सव पूरे भारत में मनाया जा रहा है, जिसमे आज पूरा देश शामिल हुआ है। उन्होंने कहा 1857 से 1947 तक 6 लाख 32 हज़ार लोगो ने अंग्रेजों से लड़कर अपनी जान की बाजी लगाते हुए शहीद हुए है। केंद्रीय मंत्री ने कार्यकर्ताओ से शहीद हुए चंद्रशेखर आज़ाद, सरदार भगत सिंह, अशफाक उल्ला खां सहित सभी क्रांतिकारियो के शहादत दिवस पर शहीद स्मारक पर आकर उनको श्रद्धासुमन अर्पित कर शहीद स्मारक पर हरे भरे औषधियों के पेड़ लगाने एवं सौंदर्यीकरण कराने का आवाहन किया। केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने के लिए संकल्प कराया। इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने भाजपा कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए। साथ में मौजूद सिधौली विधायक मनीष रावत ने भारत माता और वंदे मातरम का जयकारा लगवाया।

## स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)



सलामी लेते एडीजी सुभाष कुमार

**स्वतंत्रता दिवस** के अवसर पर क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्थानीय कोतवाली में प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक सुभाषचन्द्र ने ध्वजारोहण कर गार्ड्स की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंनें कहा कि पुलिस बल सदैव ईमानदारी और निष्ठा के साथ उपने कर्तव्य का निर्वाहन करता रहता है। पुलिसकर्मियों को सदैव अपने कर्तव्य को ही प्रमुखता देनी चाहिए। इस अवसर पर सीओ महावीर सिंह, कोतवाल दिलेश कुमार सिंह, पुलिस चौकी प्रभारी बालेन्द्र मिश्रा समेत तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे। नगर पालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी रुद्र प्रताप सिंह और चेयरमैन रईस अंसारी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर नगर के पांच लोगों अनिल द्विवेदी, मोनिस अली अंसारी, सेवा निवृत्त शिक्षक रईस अहमद, मुफ्ति मो0 यामीन को सम्मानित किया गया। तहसील में उपजिलाधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह ने ध्वजारोहण किया। यहां तहसीलदार राजीव यादव समेत तमाम लोग मौजूद रहे। स्थानीय आईआर इंटर कॉलेज में ब्लाक प्रमुख संघ के जिला संरक्षक कुंवर वीरेन्द्र सिंह ने ध्वजारोहण किया। विद्यालय की प्रबंधक बेगम इशरत रसूल ने छात्र छात्राओं को अशीव्रतन प्रदान किए। कॉलेज के छात्र छात्राओं ने सास्कृति कार्यक्रमों का आयोजन किया। माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से कॉलज के प्रधानाचार्य डॉ0 ओम प्रकाश को सम्मानित किया गया। इसके अलावा स्काउट गाइड संस्था द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसका नेतृत्व सहायक जिला आयुक्त आशीष कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस रैली में आईआर इंटर कॉलेज, भगवान बुद्ध इंटर कॉलजे, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, दिव्यानंद महाविद्यालय के स्काउट गाइड्स ने प्रतिभाग किया। इस रैली में 51 फीट का तिरंगा निकाला गया। इस रैली में जिला आयुक्त अवधेश त्रिपाठी, मेजर इम्तियाज अली, यशवंत सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य राजाराम, प्रीती द्विवेदी, डॉ0 उत्कर्ष गुप्ता, रामदयाल आदि मौजूद रहे। बीआरसी संडीला से कैंडल मार्च निकाला गया जिसमें शिक्षक अनंत कुमार, अमृत लाल, एहसन तकवीम, मनोज कुमार, विजय प्रताप चौरसिया, पवन शुक्ला, दुर्गेश जायसवाल, शैलेन्द्र कुमार, फुरकान अंसारी, राम भरोसे, शिवपाल, निशात सादिया, शबाना बेगम, कहकशां खां, नुजहत फातिमा, मधु देवी, विकास त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### जनसेवा टीम ने जरूरतमंद को दिया ब्लड

**बरेली ।** स्वतंत्रता दिवस के दिन मिलक के रहने वाले 40 वर्षीय महिपाल पुत्र मोहन लाल बीमार है और जिला अस्पताल में भर्ती है उनको ब्लड की जरूरत थी तभी जनसेवा टीम के सलमान शम्सी ने महिपाल को रक्तदान किया।जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खान वारसी ने कहा कि हमारी टीम हमेशा जरूरतमंदों की हेल्प करती आ रही हैं आज सलमान शम्सी ने महिपाल के लिये रक्तदान करके कौमी एकता भाईचारे का संदेश दिया हमारे देश और शहर की गंगा जमनी तहजीब भी यहीं है कि एक दूसरे की मदद करते रहे।

### तनावग्रस्त युवक ने जहर खाकर जान दी

**बरेली।** नौकरी जाने के बाद तनावग्रस्त चल रहे एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी।सुभाष नगर थाना क्षेत्र की शांति विहार कॉलोनी निवासी वीरपाल के 30 वर्षीय बेटे विनोद कि बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि विनोद नौकरी करता था लेकिन कुछ दिन पहले उसकी नौकरी छोड़ दी और इसके बाद वह प्राइवेट काम करना चाहता था लेकिन वह काफी प्रयासों के बावजूद अपना काम शुरू नहीं कर सका जिसके चलते वह कुछ दिनों से मानसिक रूप से तनावग्रस्त चल रहा था और कल दिन में उसने घर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी पता चलने पर घर के लोगों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया जहां देर रात उसकी मौत हो गई।

### भाजपा महानगर ने अटल की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**बरेली।** भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष, करोड़ों कार्यकर्ताओं के पथ प्रदर्शक एवं हमारे प्रेरणा स्रोत, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सिविल लाइंस पर महानगर अध्यक्ष डॉक्टर के एम अरोड़ा की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि पुष्प अर्पित कर दी गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष डॉक्टर के एम अरोड़ा ने सभी से आव्हान कि हमें उनके दिए गए पद चिन्हों पर पर चलना चाहिए ।

# जिलेभर में उत्साह के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

- कलेक्ट्रेट में पीडब्ल्यूडी मंत्री ने किया ध्वजारोहण
- सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों सहित हर घर पर दिखा तिरंगा

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी



**जिले में** 75वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। हर घर पर तिरंगा फहरता दिखा। विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

कलेक्ट्रेट में लोक निर्माण मंत्री एवं प्रभारी मंत्री जितिन प्रसाद ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान गा रही गांधी बालोद्यान विद्यालय की छात्राओं को प्रभारी मंत्री ने पुरस्कृत किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अपने कैम्प कार्यालय में ध्वजारोहण किया। प्रभारी मंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों को माल्यार्पण व शाल भेंट कर सम्मानित किया। पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने डीएम, एसपी व विधायकों के साथ 48 दिव्यांगजन को ट्राई साइकिल सहित अन्य जरूरी उपकरण प्रदान किए। वहीं स्नातक, स्नातकोत्तर, इंटरमीडिएट व हाईस्कूल के 77 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अफसरों को निर्देश दिए कि ट्राई साइकिल के साथ इन्हें मोटराइज्ड साइकिल दिए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम में विधायक योगेश वर्मा, एसपी संजीव सुमन, सीडीओ अनिल सिंह, एडीएम संजय सिंह सहित सभी तमाम स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

इसी तरह पुलिस लाइन में एसपी संजीव सुमन ने ध्वजारोहण किया। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। एसपी ने बेहतर कार्य करने वाले जेलर पंकज कुमार सिंह व थाना धौरहरा पर नियुक्त उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह को राष्ट्रपति पदक, पीआरवी-112 पर नियुक्त आठ पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। पांच शहीद पुलिसकर्मियों के आश्रितों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

सीएमओ आफिस प्रांगण में सीएमओ डा. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया। इसी के साथ जिला क्षय रोग कार्यालय, जिला महिला अस्पताल और जिला पुरुष अस्पताल एमसीएच विंग सहित जिलेभर की सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर भी ध्वजारोहण किया गया। सीएमओ ने कहा कि 15 अगस्त हमारे लिए बेहद खास पर्व है। सभी देशवासी इसे बढ़-चढ़कर मना रहे हैं। आजादी पाने के लिए हजारों देश भक्तों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। जिसे हमें अब सहेज कर रखना है। इस अवसर पर एसीएमओ डा. अश्विनी कुमार, एसीएमओ डा. बीसी पंत, एसीएमओ डा. अनिल कुमार गुप्ता, एसीएमओ डा. कुलदीप आदिम और डिप्टी सीएमओ डा. धनीराम भार्गव व डिप्टी सीएमओ डा. लाल जी पासी सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर डा. राकेश गुप्ता, अनिल कुमार यादव, परमानंद वर्मा, अवधेश वर्मा, विजय वर्मा, सौरभ शुक्ला, देवनंदन श्रीवास्तव, सरिता, श्रद्धा श्रीवास्तव, निशा मिश्रा व संतोष आनंद सहित आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

मोहम्मदी संवाददाता के अनुसार, युवा प्रेस क्लब एवं प्रेस क्लब अन्य मीडिया और मुस्लिम समुदाय की संयुक्त तिरंगा यात्रा, आजादी के 75वीं वर्षगांठ पर स्वतंत्रा दिवस की पूर्व संध्या पर तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। रैली मोहल्ला सरैया से पीडी चौराहे से होती हुई बाजर गंज, अस्पताल रोड, बरवर चौराहा से शाहजहांपुर रोड से मंडी गेट से सरैया में संपन्न हुई। रैली में प्रमुख रूप से संदीप मल्होत्रा उर्फ कन्हैया सहित प्रेस क्लब युवा प्रेस क्लब के अध्यक्ष महामंत्री सहित सभी पदाधिकारी अन्य मीडिया सहित भारी संख्या नगरवासी मौजूद रहे। भारत माता और हिन्दुस्तान जिंदाबाद के नारों से गूंज उठी। रैली से पूर्व सभी प्रेस क्लब युवा प्रेस क्लब साथियों व आयोजक शावेज़ खान उर्फ मुन्ना एवं शहबाज खान उर्फसाहिल एवं सालिम सिद्दीकी, फाजिल खान, मो. मोनिस, सद्दाम सिद्दीकी एवं खुर्शीद सिद्दीकी सभी वक्ताओं ने नगर वासियों को आजादी की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद अब्बास नकवी व प्रेस क्लब अध्यक्ष शिवम राठौर एवं संदीप मल्होत्रा उर्फ कन्हैया ने संयुक्त रूप से किया।

बेहजम संवाददाता के अनुसार, बेहजम ब्लाक परिसर में ब्लाक प्रमुख बीना राज ने खंड विकास अधिकारी गजेंद्र सिंह की मौजूदगी में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमाशंकर राज रामू जिला पंचायत सदस्य एडीओ पंचायत रामाधार एडीओ वीरेंद्र कुमार भट्ट सहित पीआरडी के जवान ब्लॉक कर्मचारी और कस्बे के गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं बेहजम सीएचसी पर डाक्टर अनिल वर्मा संतोष शुक्ला ने, नीमगांव थाना परिसर में इंस्पेक्टर अवधेश कुमार यादव ने, बेहजम चौकी प्रभारी सुनील बाबू अवस्थी ने, ग्राम पंचायत पैला के प्रधान श्रीपाल मिश्रा ने उच्च व प्राथमिक विद्यालय व साधन सहकारी समिति ग्राम पंचायत सचिवालय सहित नव निर्माणाधीन पानी की टंकी, कन्हैया इंटर कालेज में कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने, बेहजम कस्बे के जन सेवा हास्पिटल और रायल हास्पिटल पर भी संस्थान के प्रबंधकों ने ध्वजारोहण किया। आजादी अमृत महोत्सव मनाते हुए कस्बे के अन्य शैक्षिक संस्थानों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों सहित घरों पर तिरंगे लगाकर स्वतंत्रता दिवस का महापर्व मनाया गया।

निघासन संवाददाता के अनुसार, निघासन नगर के सिंगाही रोड स्थित एब्लान पब्लिक स्कूल में महिलाओं ने देश भक्ति के संगीत में नाच गाकर 15 अगस्त की अमृत महोत्सव को मनाया। इस मौके सुषमा पांडे, जूही गुप्ता, गीता गुप्ता, प्रिया पांडे, कनक बाथम, पलक पांडे, निरुपमा दीक्षित, बबली शर्मा व सारिका पंचोली सहित दो दर्जन महिलाएं मौजूद रही। सहकारी संघ लि. खैराहनी संघ पर अध्यक्ष प्रतिनिधि के रूप में रतीराम लोधी ने ध्वजारोहण किया। सचिव करूणा शंकर व सचिव राहुल शुक्ला समेत तमाम सम्मानित लोग मौजूद रहे। महारानी अवंतीबाई पब्लिक स्कूल देवीदीनपुरवा में राम कृपाल लोधी ने स्वतंत्रता दिवस के पर्व पर ध्वाजारोहण किया। इसके बाद नन्हें मुन्हे बच्चों के साथ तिरंगा यात्रा में काफी लोग मौजूद रहे।

मितौली संवाददाता के अनुसार, मितौली तहसील मुख्यालय पर ध्वजारोहण एसडीएम विनीत कुमार उपाध्याय द्वारा, सीओ कार्यालय मितौली पर सीओ अभय प्रताप मल्ल द्वारा, थाना परिसर मितौली में कोतवाली प्रभारी सुनीत कुमार द्वारा, राजा लोने सिंह इंटर कालेज में ध्वजारोहण विद्यालय के प्रबंधक पूर्व ब्लाक प्रमुख बलवीर सिंह, आदर्श इंटर कॉलेज मितौली में ध्वजारोहण प्राचार्य राजकुमार शुक्ल द्वारा, केदार सिंह इंटर कॉलेज में ध्वजारोहण विद्यालय के प्रबंधक बृजेश सिंह, जवाहर नवोदय विद्यालय में ध्वजारोहण एसडीएम द्वारा, विकासखंड में कार्यवाहक बीडीओ आईएसबी राजेश कुमार शुक्ल द्वारा, सीएचसी में ध्वजारोहण डा. देवेंद्र सिंह द्वारा, पंचायत भवन, गांधी चबूतरा मितौली पर पूर्व प्रधान मास्टर दिनेश कुमार प्रधान नीरज कश्यप द्वारा, देवी मंदिर पर निर्मित अमृत सरोवर व प्रधान प्रधान नीरज कश्यप द्वारा, रोहन लाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में विद्यालय के संरक्षक फेरूलाल और प्रबंधक पूर्व प्रधान मास्टर दिनेश कुमार द्वारा, बाबू रामेश्वर दयाल महाविद्यालय फत्तेपुर में प्रदेश प्रवक्ता जुगल किशोर द्वारा, चंद्रिका सिंह सुंदर सिंह महाविद्यालय में प्रबंधक अमित सिंह द्वारा, साई बाबा चिकित्सालय में कोतवाली प्रभारी सुनील कुमार व डा. प्रशांत शुक्ल द्वारा, सोनम चिकित्सालय में डा. पूनम संदीप यादव द्वारा, बिटोली देवी चिकित्सालय में डा. आदेश कुमार द्वारा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की वार्डेन माया सिंह द्वारा, इंडियन बैंक में शाखा प्रबंधक सत्येंद्र पाल गंगवार द्वारा, ब्लॉक संसाधन केंद्र में बीओ फूल चंद द्वारा ध्वजारोहण किया गया। स्कूली बच्चों व मदरसा के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने प्रभात फेरी निकालकर स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया। इसमें मुख्य रुप से क्षेत्रीय विधायक सौरभ सिंह सोनू, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डा. नरेंद्र सिंह ने कस्ता विधानसभा में गौरिया पुल से कस्ता कस्बे तक तिरंगा यात्रा निकाल कर स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया। स्वतंत्रता दिवस के महा पर्व पर समस्त सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी तथा आम नागरिकों ने अपने अपने घरों पर ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस अमृत महोत्सव के रूप में मनाया गया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से घायल युवक की मौत



**बेहजम-खीरी।** नीमगांव थाना क्षेत्र के सोनौरा गांव के नजदीक बाइक सवार को ट्रैक्टर चालक ने मारी जोरदार टक्कर जिससे बाइक सवार बाप-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची नीमगांव पुलिस ने अपनी सरकारी गाड़ी से लाकर बेहजम सीएचसी में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार नीमगांव थाना क्षेत्र के सोनौरा गांव के नजदीक अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार प्रियांशू (22) पुत्र राम सिंह (46) निवासी गांव लोहटी को टक्कर मार दी जिससे पिता पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। पिता राम सिंह नलकूप विभाग मे मैकैनिक थे, जो सोनौरा गांव नलकूप ठीक करके अपने घर के लिए वापस हो रहा था। तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर नीमगांव पुलिस मौके पर पहुंच कर अपनी सरकारी गाड़ी से घायलों को इलाज हेतु बेहजम सीएचसी में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने पिता-पुत्र की गंभीर हालत के चलते ट्रामा सेंटर ओयल अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल में इलाज के दौरान प्रियांशू की मौत हो गई। पिता रामसिंह को लखनऊ रिफर कर दिया गया है। मौके से भगा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गन्ने में पलट गया।

## महारानी अवन्ती बाई जयंती पर दस बच्चों को लिया गोद



**निघासन-खीरी।** महारानी अवन्ती बाई पब्लिक स्कूल देवीदीन पुरवा में हर वर्ष की भांति बड़े धूमधाम से वीरांगना अवंती बाई की जयंती मनाई गई। इसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा। वीरांगना अवन्ती बाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और समाज के लोगों ने प्राथमिक शिक्षा की समाज के गरीब असहाय लोगों के दस बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी ली। कार्यक्रम में पहुंचे समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश लोधी, जिलाध्यक्ष रतीराम लोधी, जिला महामंत्री पूर्व प्रधान रमेश लोधी, जिला उपाध्यक्ष भगौती प्रसाद लोधी, राम कृपाल लोधी, केके लोधी, प्रेम प्रकाश लोधी, बाबू राम भगत, राम खेलावन लोधी, रमेश लोधी, प्रमोद लोधी, लवकेश लोधी आदि लोगों ने गरीब असहाय दस बच्चों की प्राथमिक पढाई की जिम्मेदारी ली। प्रदेश उपाध्यक्ष ने वीरांगना अवंतीबाई लोधी के जीवन से अवगत कराया। इस दौरानकृष्णा लोधी, रविन्द्र लोधी, राजकिशोर लोधी, मोहन लाल लोधी, मनोज कुमार लोधी, राम लखन लोधी, सतानंद राजपूत, राजू लोधी, जवाहर लोधी, महेन्द्र लोधी, जयराम लोधी व हीरालाल लोधी आदि समाज के काफी लोग मौजूद रहे।

# राजनाथ ने भारतीय सेना को स्वदेश में विकसित उपकरण एवं प्रणालियां सौंपीं

भाषा। नई दिल्ली

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने मंगलवार को थल सेना को कई स्वदेशी सैन्य साजोसामान सौंपे जिनमें मानव रहित हवाई प्रणाली, त्वरित प्रतिक्रिया वाले युद्धक वाहन, गश्ती नौकाएं और निगरानी उपकरण शामिल हैं। इससे पूर्वी लद्दाख में सेना की समग्र युद्धक क्षमता को बढ़ाने में मदद मिलेगी। थल सेना को मिले अन्य नए उपकरणों में फ्यूचर इन्फैंट्री सोल्जर एज ए सिस्टम , विशेष प्रकार की बारूदी सुरंग निपुण, स्वचालित संचार प्रणाली, टैंकों के लिए उन्नत दृष्टि प्रणाली और उन्नत थर्मल इमेजर शामिल हैं।

दो साल से अधिक समय से कई स्थानों पर चीनी सैनिकों के साथ सैन्य गतिरोध के मद्देनजर सशस्त्र बलों की युद्धक तैयारियों को बढ़ाने के सरकार के प्रयासों के तहत नए उपकरण सौंपे गए।



वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ जारी गतिरोध के बीच पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग झील पर निगरानी के लिए उन्नत निगरानी उपकरणों व अन्य साजोसामान से लैस नई नौकाओं (एलसीए) को तैनात किया जा रहा है। करीब 13,900 फुट की ऊंचाई पर स्थित 134 किलोमीटर लंबी झील को सामरिक रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। झील के करीब दो-तिहाई हिस्से पर चीन का नियंत्रण है। सेना ने पिछले साल पोतों के अपने मौजूदा बेड़े को मजबूत बनाने के लिए 12 एलसीए नौकाओं का आदेश दिया था। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एलसीए एक से अधिक भूमिकाएं निभाने में सक्षम है और इसने गति और क्षमता आदि से संबंधित सीमाओं को पार कर लिया है। इसने पूर्वी लद्दाख में पानी की बाधाओं को पार करने की क्षमता को बढ़ाया है। उसने कहा कि सिंह ने युद्धक नौकाओं के साथ ही विशेष प्रकार के वाहन सेना को सौंपे एवं सीमाओं पर तैनात सैनिक इन साजोसामान की मदद से किसी भी चुनौती का उचित तरीके से जवाब दे सकेंगे। सिंह ने विश्वास जताया कि इन उपकरण और प्रणालियों से भारतीय सेना की परिचालन तैयारियों को बल मिलेगा और उनकी दक्षता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह निजी क्षेत्र और अन्य संस्थानों के साथ साझेदारी में देश की बढ़ते आत्मनिर्भर कौशल का एक बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने ने कहा कि सशस्त्र बलों की ढांचागत जरूरतें बदलते समय के साथ लगातार बढ़ रही हैं।

## तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल में खेला होबे दिवस का आयोजन किया

भाषा। कोलकाता

**तृणमूल कांग्रेस** ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में खेला होबे दिवस मनाया और पार्टी नेताओं ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए फुटबॉल मैच आयोजित किए तथा केंद्रीय एजेंसियों के कथित पक्षपातपूर्ण कामकाज के खिलाफ रैलियां निकालीं। पिछले वर्ष राज्य विधानसभा चुनाव के दौरान खेला होबे एक तरह का युद्ध घोष बन गया था। चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी को हरा दिया था और लगातार तीसरी बार सत्ता पर काबिज हुई थी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पिछले वर्ष घोषणा की थी कि 16 अगस्त खेला होबे दिवस के तौर पर मनाया जाएगा। उन्होंने मंगलवार को ट्वीट किया, मैं खेला होबे दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं देना चाहती हूं। पिछले वर्ष आयोजन के बेहद सफल रहने के बाद, आज मैं इसमें बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी की उम्मीद करती हूं...। कोलकाता में 1980 में ईडन गार्डन में फुटबॉल मैच के दौरान हुई भगदड़ में मारे गए 16 लोगों को श्रद्धांजलि देने और खेलों को बढ़ावा देने के वास्ते फुटबॉल मैच आयोजित किए जा रहे हैं। पार्टी नेता तापस रॉय ने कहा, पार्टी के सभी नेताओं को राज्य के सभी ब्लाक में कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान तृणमूल ने केंद्रीय जांच एजेंसियों की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए राज्य के विभिन्न हिस्सों में रैलियां निकालीं।

## दलित लड़के की मौतः कांग्रेस के 12 पार्षदों ने मुख्यमंत्री को इस्तीफा भेजा

भाषा। कोटा

**राजस्थान की** बारां नगर परिषद के 12 कांग्रेस पार्षदों ने पार्टी के विधायक पानाचंद मेघवाल का समर्थन करते हुए दलितों पर कथित अत्याचार के विरोध में मंगलवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अपना इस्तीफा भेज दिया। जालौर में कथित तौर पर पीने के पानी के बर्तन को छूने को लेकर स्कूल शिक्षक द्वारा पीटे जाने से नौ वर्षीय दलित लड़के की मौत के दो दिन बाद बारां-अटरू से विधायक मेघवाल ने सोमवार को गहलोत को अपना इस्तीफा भेजा था।

कांग्रेस नेता और राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट मंगलवार को पीड़ित परिवार से मिलने जालौर रवाना हुए और कहा कि दलित समुदाय का विश्वास जीतने के लिए एक मजबूत संदेश देने की जरूरत है। इस बीच, विधायक के कदम का समर्थन करते हुए बारां नगर निकाय के 25 कांग्रेस पार्षदों में से 12 ने दलितों और वंचित वर्गों के खिलाफ कथित अत्याचार पर नाराजगी व्यक्त की। वार्ड नंबर 29 के पार्षद योगेंद्र मेहता ने कहा कि उन्होंने विधायक के समर्थन में और दलितों की रक्षा करने में सरकार की विफलता के खिलाफ अपना त्यागपत्र भेजा है। उन्होंने बताया कि जिन अन्य पार्षदों ने इस्तीफा भेजा है उनमें रोहिताश्व सक्सेना, राजाराम मीणा, रेखा मीणा, लीलाधर नागर, हरिराज एरवाल, पीयूष सोनी, उर्वशी मेघवाल, यशवंत यादव, अनवर अली, ज्योति जाटव और मयंक मथोदिया शामिल हैं। मेहता ने कहा कि वे बुधवार को कोटा संभागीय आयुक्त को अपने त्यागपत्र की प्रतियां सौंपेंगे। इस बीच, कोटा के इटावा नगर निकाय के मनोनीत पार्षद सुरेश महावर ने भी अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री को भेजा है। जालौर रवाना होने से पहले पायलट ने कहा, "ऐसी घटनाओं की कड़ी निंदा करने की आवश्यकता है। हमें ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने की जरूरत है। केवल कानून, भाषण और कार्वाई पर्याप्त नहीं हैं। हमें उन्हें एक मजबूत संदेश देना होगा कि हम उनके साथ हैं, ताकि उनमें विश्वास पैदा हो। कांग्रेस नेता ने इस मुद्दे के राजनीतिकरण की निंदा करते हुए कहा कि यह अनुचित है, चाहे यह भाजपा द्वारा किया जाए या उनकी अपनी पार्टी द्वारा किया जाए। इस बीच, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने दलित लड़के के परिवार को 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। महिला एवं बाल कल्याण मंत्री ममता भूपेश, लोक निर्माण मंत्री भजनलाल जाटव और आपदा प्रबंधन एवं राहत मंत्री गोविंद राम मेघवाल के साथ डोटासरा जालौर के सुराणा गांव में लड़के के घर पहुंचे। उन्होंने कहा कि वित्तीय सहायता उनकी पार्टी द्वारा दी जाएगी।

## गंगा और सहयोगी नदियों की स्वच्छता के लिए 30 हजार करोड़ रुपए मंजूर किए गएः शेखावत

भाषा। नई दिल्ली



**जलशक्ति मंत्री** गजेन्द्र सिंह शेखावत ने मंगलवार को कहा कि गंगा एवं सहायक नदियों की निर्मलता के लिए 30 हजार करोड़ रूपए से अधिक की परियोजनाएं मंजूर की गई हैं। जल संसाधन सीमित होने को रेखांकित करते हुए शेखावत ने कहा कि आर्थिक विकास की शुरूआत हमारे जल संसाधनों और ऊर्जा से होती है।

उन्होंने कहा कि हमारे प्राकृतिक संसाधन और आर्थिक विकास की जरूरतों का ग्राफ समान है और भारत की जनसंख्या एवं भौगोलिक स्थिति की व्यापकता, सीमित जल संसाधनों एवं पर्यावरण चुनौतियों को देखते हुए जल एवं अन्य संसाधनों का टिकाऊ उपयोग सुनिश्चित करना जरूरी है। मंत्री ने कहा कि गंगा एवं उसकी सहायक नदियों की निर्मलता के लिए काफी आधारभूत ढांचा सृजित किया गया है। दिल्ली में यमुना पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए उन्होंने कहा, 30 हजार करोड़ रूपए से अधिक की परियोजनाएं मंजूर की गई हैं। शेखावत ने नमामि गंगा कार्यक्रम के जन आंदोलन में परिवर्तित होने का उल्लेख करते हुए इस पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने इस कार्यक्रम से अर्थ गंगा के तहत एक नई पहल जलज को 26 स्थानों के लिए शुरू किया। उन्होंने इस दौरान गंगा क्वेस्ट के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया।



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविद, पीएम नरेंद्र मोदी उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व रक्षामंत्री राजनाथ सिहं, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला व अन्य

## क्विक न्यूज

### जालोर घटना पर सचिन पायलट ने कहा- सिर्फ शब्दों से नहीं होगा दलितों को लाभ, ठोस कदम उठाने होंगे

**जोधपुर।** दलित छात्र की मौत की पृष्ठभूमि में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस समिति के पूर्व अध्यक्ष सचिन पायलट ने मंगलवार को कहा कि दलितों का भरोसा जीतने के लिए कथनी और करनी एक समान रखनी होगी। जोधपुर हवाई अड्डे से सड़क मार्ग से जालोर रवाना होने से पहले प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री पायलट ने उक्त टिप्पणी की। गौरतलब है कि जालोर में शिक्षक के पीने के पानी के बर्तन से कथित रूप से पानी पीने के कारण की गई पिटाई से दलित छात्र इन्द्र मेघवाल की मौत हो गई। पायलट ने कहा, ऐसी घटनाओं की कड़ी निंदा करने की आवश्यकता है। हमें ऐसी घटनाओं पर लगाम लगानी होगी। सिर्फ कानून और भाषण पर्याप्त नही हैं। उनका भरोसा जीतने के लिए हमें उन तक ठोस संदेश पहंचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, मै (पीड़ित) परिवार से मिलकर उनका दर्द, दुख बांटने और उन्हे सांत्वना देने जा रहा हूं। उन्होंने कहा, इस वक्त, मै आशा करता हू कि भविष्य में ऐसी घटनाएं नही होंगी और जो भी कड़ी कार्वाई करने की जरूरत है, वह की जाएगी। कांग्रेस नेता ने इस मुद्दे के राजनीतिकरण की निंदा की, फिर चाहे यह भाजपा ने किया हो या उनकी अपनी पार्टी ने।

### पेरियार के खिलाफ टिप्पणी को लेकर पदाधिकारी की गिरफ्तारी के बाद हिंदू संगठन ने किया विरोध प्रदर्शन

**चेन्नई।** द्रविड़ कषगम के संस्थापक और सुधारवादी पेरियार ई.वी. रामासामी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में अपने एक पदाधिकारी की गिरफ्तारी के बाद मंगलवार को एक हिंदू संगठन ने राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया और सत्तारूढ़ द्रमुक पर निरंकुश होने का आरोप लगाया। विरोध प्रदर्शनों के दौरान, हिंदू मुन्नानी के पदाधिकारियों ने सरकार पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला करने और निरंकुश रुख अपनाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने गिरफ्तार किए गए संगठन के पदाधिकारी कनल कन्नन की तत्काल रिहाई की मांग की। हिंदू मुन्नानी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध एक संगठन है। हाल ही में तिरुचिरापल्ली के श्रीरंगम शहर में हिंदू मुन्नानी द्वारा आयोजित एक जनसभा में, कनल कन्नन ने पेरियार की प्रतिमा के बारे में कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। तिरुपुर में विरोध का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष कदेश्वर सुब्रमण्यम ने किया। चेन्नई में हुए विरोध प्रदर्शन में मुन्नानी के पदाधिकारियों के अलावा भाजपा के के. नागराजन और नारायणन तिरुपति ने भी हिस्सा लिया। मुन्नानी की कला एवं संस्कृति शाखा के सचिव कन्नन को 15 अगस्त को पड़ोसी पुडुचेरी से गिरफ्तार किया गया था। उन्हें 26 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। स्टंट कोरियोग्राफर कन्नन तमिल सिनेमा की दुनिया में एक लोकप्रिय व्यक्ति है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उनके खिलाफ आईपीसी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसमें लोगों के बीच वैमनस्य और नफरत को बढ़ावा देना भी शामिल है।

### कॉरपोरेट कर में कटौती से 1.84 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि कॉरपोरेट कर में कटौती के कारण सरकार को वित्त वर्ष 2020 और 2021 में कुल 1.84 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ और ऐसे में सरकार को बताना चाहिए कि उसे मध्य वर्ग से ऐसी क्या घृणा है कि वह उससे अधिकतम 30 प्रतिशत की दर से कर लेती है, जबकि कॉरपोरेट पर 22 फीसदी की दर से कर लगाती है। पार्टी प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने यहां संवाददाताओं से कहा, संसद की प्राक्कलन समिति ने आंकड़ा दिया है कि वित्त वर्ष 2020 और वित्त वर्ष 2021 के इन दो वर्षों में कॉरपोरेट कर में कटौती के कारण सरकार को 1.84 लाख करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, 20 सितंबर, 2019 को सूटबूट की सरकार ने कॉरपोरेट कर को 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया तथा नई विनिर्माण कंपनियों के लिए कर को 18 प्रतिशत से 15 प्रतिशत कर दिया। इसके दो दिन बाद ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाउडी मोदी कार्यक्रम के लिए अमेरिका गए। वल्लभ के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में सरकार और उसके एजेंट ने खूब ढिंढोरा पीटा कि कॉरपोरेट कर में कटौती के कारण सरकार का राजस्व बढ़ गया। लेकिन अब प्राक्कलन समिति का कहना है कि सरकार को दो वर्षों में 1.84 लाख करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ। उन्होंने सवाल किया, यह कॉरपोरेट कर में कटौती किसके कहने पर किया गया? यह 1.84 लाख करोड़ रुपए का नुकसान क्यों किया गया? महामारी के समय कॉरपोरेट कर में कटौती जरूरी थी या मनरेगा का बजट बढ़ाना महत्वपूर्ण था? कांग्रेस नेता ने पूछा, मध्य वर्ग के लिए आयकर की अधिकतम दर 30 प्रतिशत होती है तो फिर ए कटौती सिर्फ कॉरपोरेट के लिए 22 प्रतिशत क्यों है? यह सूटबूट की सरकार मध्य वर्ग और निम्न मध्य वर्ग से घृणा से क्यों करती है? क्या कॉरपोरेट कर में कटौती प्रधानमंत्री के हाउडी मोदी कार्यक्रम के लिए शर्त थी?

## बिहार मंत्रिपरिषद में सभी लाठी में तेल पिलाने वालेः अश्विनी चौबे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने मंगलवार को बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मंत्रिपरिषद का विस्तार किए जाने के बाद राज्य की महागठबंधन सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि इसमें शामिल किए गए सभी लाठी में तेल पिलाने वाले हैं। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री चौबे ने एक बयान में कहा, सभी मंत्री बनने वाले तेल में लाठी पिलाने वाले लोग हैं। बिहार की जनता को जो डर था, वह हो रहा है। जब जड़ में ही भ्रष्टाचार है तो कैबिनेट में बाहुबली ही होंगे। उन्होंने दावा कि जब से कुमार के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनी है तब से बिहार में लगातार कानून व्यवस्था बिगड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया, जिस तरह के चेहरे मंत्रिमंडल में शामिल हैं, वे बाहुबली हैं। महागठबंधन को जनता से कोई लेना देना नहीं है।

## अदालत को यह पता लगाना जरूरी कि मृत्यु से पहले की गई घोषणा विश्वसनीय है या नहीः न्यायालय



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि किसी व्यक्ति को हत्या के मामले में दोषी करार देने के लिए मृतक का अंतिम घोषणापत्र एकमात्र आधार हो सकता है और किसी भी अदालत को इस बात का पता लगाना चाहिए कि यह सच और प्रामाणिक है या नहीं। उच्चतम न्यायालय ने यह भी कहा कि किसी भी अदालत को इस बात का पता लगाना चाहिए कि मृत्यु से पहले की गई घोषणा ऐसे समय की गई है जब मृतक शारीरिक और मानसिक रूप से घोषणा करने के लिए स्वस्थ था या थी और किसी के दबाव में नहीं था या नहीं थी। उसने कहा कि अगर मरने से पहले के कई घोषणापत्र हैं और उनमें विसंगतियां हैं तो किसी मजिस्ट्रेट सरीखे उच्च अधिकारी द्वारा रिकॉर्ड किए गए घोषणापत्र पर भरोसा किया जा सकता है। हालांकि शीर्ष अदालत ने कहा कि इसके साथ शर्त है कि ऐसी कोई परिस्थिति नहीं हो जो इसकी सचाई को लेकर संदेह को बढ़ावा दे रही हो। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति पी एस नरसिंहा की पीठ ने भारतीय दंड संहिता की धारा 304-बी (दहेज के मामले में मृत्यु) के तहत दोषी करार दिए गए एक व्यक्ति को बरी करते हुए ए टिप्पणियां कीं। पीठ ने कहा, अदालत को यह जांचना जरूरी है कि मृत्यु से पहले की गई घोषणा सच और प्रामाणिक है या नहीं, इसे किसी व्यक्ति द्वारा उस समय दर्ज किया गया या नहीं जब मृतक घोषणा करते समय शारीरिक और मानसिक रूप से तंदुरूस्त हो, इसे किसी के सिखाने या उकसाने या दबाव में तो नहीं दिया गया।

## सीयूईटी परीक्षा का चौथा चरण आज से प्रारंभ होगा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-स्नातक के चौथे चरण की शुरूआत बुधवार से होगी और इसमें करीब 3.6 लाख उम्मीदवारों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। अधिकारियों ने कहा कि जिन 11 हजार अतिरिक्त उम्मीदवारों को 17 से 20 अगस्त को चौथे चरण में उपस्थित होना था, उसे 30 अगस्त के लिए टाल दिया गया है ताकि उनकी पसंद के अनुसार शहरों में केंद्र दिया जा सके। प्रारंभिक योजना के अनुसार, सीयूईटी-यूजी के सभी चरणों की परीक्षा 20 अगस्त तक समाप्त होने का कार्यक्रम था। परीक्षा का आयोजन करने वाले निकाय राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने बाद में घोषणा की कि परीक्षा के सभी चरण 28 अगस्त तक पूरे हो जाएंगे। हालांकि, अब कार्यक्रम को फिर आगे बढ़ाया गया है और अब इसे छह चरणों में विभाजित किया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने कहा कि 3.72 लाख परीक्षार्थियो में से 11 हजार उम्मीदवारों की परीक्षा को 30 अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया गया है ताकि उनकी पसंद के अनुसार शहरों में केंद्र दिया जा सके। उन्होंने कहा कि एनटीए ने केंद्रों की क्षमता बढ़ाई है तथा कुछ और परीक्षा केंद्र जोड़े हैं। इसके अलावा केंद्रों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि सीयूईटी परीक्षा के दूसरे चरण में तकनीकी गड़बड़ी के कारण कई केंद्रों पर परीक्षा को रद्द करना पड़ा था।

## राज्य कोविड रोधी टीके की एहतियाती खुराक के लिए सार्वजनिक स्थलों पर शिविर लगाएंः मांडविया

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय स्वास्थ्य** मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को राज्यों से अपील की कि वे कोविड-19 टीके की एहतियाती खुराक देने के लिए रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डों और धार्मिक स्थलों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर टीकाकरण शिविर लगाएं, ताकि अधिक से अधिक लोगों का टीकाकरण हो सके। उल्लेखनीय है कि 15 अगस्त तक देश में एहतियाती खुराक की अर्हता रखने वाले केवल 17 प्रतिशत वयस्कों ने ही तीसरी खुराक ली थी। मांडविया ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ ऑनलाइन संवाद के दौरान सलाह दी कि वे तीसरी खुराक के तौर पर पूर्व के टीकों से अलग कॉर्बेवैक्स लेने के बारे में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करें।

उन्होंने बस अड्डे, रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डों, स्कूलाकॉलेज, तीर्थ मार्ग और धार्मिक स्थलों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर टीकाकरण शिविर लगाने का भी आह्वान किया ताकि अर्हता प्राप्त लाभार्थियों में एहतियाती खुराक लेने वालों की संख्या बढ़ाई जा सके। उल्लेखनीय है कि देश में 14 जुलाई को एहतियाती खुराक लेने के लिए 64,89,99,721 लोग अर्हता रखते थे जिनमें से केवल आठ प्रतिशत से बूस्टर खुराक ली थी। सरकार ने 15 जुलाई को 18 साल साल से अधिक उम्र के लोगों को सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर कोविड-19 टीके की एहतियाती खुराक मुफ्त देने के लिए 75 दिनों का विशेष अभियान शुरू किया। आंकडों के मुताबिक 15 अगस्त तक करीब 74.5 करोड़ की आबादी एहतियाती खुराक की अर्हता रखती थी जिनमें से केवल 17 प्रतिशत यानी 12,36,03,060 ने तीसरी खुराक ली है।



नई दिल्ली में सेना के जवान तिरंगे के साथ 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाते हुए

## ईश्वरप्पा का आरोप- शिवमोगा में साम्प्रदायिक तनाव बढ़ा रहे हैं कुछ मुस्लिम गुंडे

भाषा। बेंगलुरु

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता के. एस. ईश्वरप्पा ने मंगलवार को शिवमोगा में सांप्रदायिक तनाव के लिए कुछ मुस्लिम गुंडों पर आरोप लगाया और यह कहते हुए उन्हें चेतावनी दी कि हिंदू समाज को कमजोर नहीं समझा जाना चाहिए और यदि पूरा समुदाय एकसाथ खड़ा हो जाए तो वे बच नहीं पाएंगे। ईश्वरप्पा ने त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस की सराहना करते हुए मुस्लिम समुदाय के वरिष्ठों से अपने बच्चों का मार्गदर्शन करने का आग्रह किया, जिन्होंने गलत रास्ता चुना है। ईश्वरप्पा ने कहा, सरकार शांति बनाए रखने के लिए सभी प्रयास कर रही है, मैं यह नहीं कह रहा हूं कि सभी हिंदू और मुस्लिम ऐसी चीजों में शामिल हैं। हिंदू समाज मजबूत है, कमजोर नहीं है। यदि हिंदू समाज वास्तव में खड़ा हो जाए, तो मुस्लिम गुंडे नहीं बच पाएंगे, लेकिन हिंदू कानून को अपने हाथ में नहीं लेना चाहते और चाहते हैं कि सरकार कार्वाई करे।

उन्होंने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करके नमूना दिखाया है, लेकिन फिर भी गुंडागर्दी और हत्या की ऐसी हरकतें जारी हैं। उन्होंने कहा, मैं मुस्लिम समुदाय के बड़ों से कहना चाहता हूं कि मैं यह नहीं कह रहा हूं कि सभी मुसलमान गुंडे हैं। मुस्लिम समुदाय के बुजुर्गों ने अतीत में शांति के लिए प्रयास किए हैं, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि वे युवाओं को सलाह दें जो गुंडागर्दी में लिप्त हैं, यदि ऐसा नहीं हुआ तो सरकार कार्वाई करेगी और उन्हें इसका सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। पूर्व मंत्री रविवार को अपने गृह जिले शिवमोगा में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हिंदुत्व विचारक वी डी सावरकर की तस्वीर वाला एक बैनर लगाने को लेकर दो समूहों के बीच विवाद के बाद उत्पन्न सांप्रदायिक तनाव संबंधी सवालों का जवाब दे रहे थे। साथ ही प्रेम सिंह नाम के युवक को कुछ बदमाशों ने कथित तौर पर चाकू मार दिया था। उन्होंने कहा कि शिवमोगा के घटनाक्रम को वह मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाए हैं। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय शहर आज शांतिपूर्ण है, लेकिन इस तरह के "हत्या के प्रयास यह दर्शाते हैं कि कुछ मुसलमान गुंडों और एसडीपीआई (सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी आफ इंडिया) की मानसिकता नहीं बदली है। उन्होंने कहा, हिंदुओं पर हमला करने और उन्हें मारने की कोशिशें लगातार जारी हैं। मैं यह मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया हूं। उन्होंने कहा कि शिवमोगा के लोग शांतिप्रिय हैं और वहां हिंदू और मुसलमान लंबे समय से भाइयों की तरह रह रहे हैं। ईश्वरप्पा ने कहा, मैं वहां से लंबे समय से विधायक रहा हूं, लेकिन हाल के दिनों में लोग बाहर से या केरल से आए हैं और कुछ राष्ट्रविरोधी संगठनों की गतिविधियां बढ़ी हैं, जिससे ऐसी घटनाएं हुई हैं।


### चाकू मारने की घटना के आरोपी के पैर में गोली लगी

**शिवमोगा।** कर्नाटक के शिवमोगा में एक कपड़ा दुकान पर काम करने वाले युवक को चाकू मारने का संदिग्ध आरोपी मंगलवार को उस समय घायल हो गया जब पुलिस ने उस पर गोली चलाई। इससे पहले संदिग्ध ने पुलिस दल पर कथित रूप से हमला कर दिया था। इस बीच वी डी सावरकर और टीपू सुल्तान की तस्वीरें लगाने को लेकर दो समूहों के आमने-सामने होने के एक दिन बाद शहर में एक दक्षिणपंथी कार्यकर्ता पर हमला किया गया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि मोहम्मद जबीउल्ला उर्फ चर्बी (30) ने कथित रूप से पुलिस दल पर हमला करने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मी उसे चाकू मारने के मामले में पकड़ने गए थे और वह शिवमोगा के मरनामी बैलू का रहने वाला है। चर्बी पर प्रेम सिंह नामक कपड़ा दुकान के कर्मचारी को सोमवार को चाकू मारने का आरोप है। सोमवार को दो समूहों के बीच हुई झड़प ने सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस के बीच इस ममाले में विवाद हो गया। इसके बाद सत्तासीन भाजपा के स्थानीय विधायक ने मुस्लिम गुंडों के खिलाफ चेतावनी भी जारी की। घायल युवक का घटना के बाद अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# भारत-अमेरिका संबंध को अहम मानते हैं बाइडनः अमेरिकी अधिकारी

## वैश्विक शांति एवं अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन का मानना है कि भारत-अमेरिका संबंध, वैश्विक शांति, स्थिरता और आर्थिक लचीलेपन के लिए आवश्यक है। बाइडन की शीर्ष व्यापार वार्ताकार कैथरीन ताइ ने यह बात कही है। मुश्किल मुद्दों पर काम करने के लिए दोनों देश अब बेहतर स्थिति में हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) ताइ ने सोमवार को भारत के स्वतंत्रता दिवस पर इंडिया हाउस में अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, राष्ट्रपति बाइडन का मानना है कि हमारे दो महान लोकतंत्रों के बीच संबंध वैश्विक शांति, स्थिरता और आर्थिक लचीलेपन के लिए आवश्यक है। पिछले साल भारत की यात्रा करने वाली ताइ ने कहा कि उन्होंने उस यात्रा के दौरान देश की जीवंत संस्कृति का वास्तविक रूप देखा था। मैं हमेशा दुनियाभर में हमारे महत्वपूर्ण व्यापार साझेदारों के बीच तुलना करने से हमेशा बचती हूं लेकिन मैं यह मानूंगी कि भारतीय आतिथ्य सत्कार का मुकाबला करना मुश्किल है।

भारत और अमेरिका अपने मतभेदों के बावजूद 21वीं सदी में आगे बढ़ते हुए एक जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे नेता एक साथ मिलकर उन चुनौतियों से निपटने के लिए स्पष्ट रूप से पहले से ज्यादा प्रतिबद्ध हैं और मुझे इसका हिस्सा बनकर खुशी है। अमेरिका की शीर्ष अधिकारी ने कहा, वस्तु एवं सेवाओं में हमारा द्विपक्षीय व्यापार तेजी से बढ़ रहा है और 2021 में यह 160 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। मुश्किल मुद्दों पर काम करने की हमारी क्षमता पहले के मुकाबले कहीं अधिक बेहतर है। इस मौके पर उनके साथ बाइडन प्रशासन के कई वरिष्ठ सदस्य भी शामिल हुए। अंतरिक्ष यात्री और नासा की उप-प्रशासक, नोबेल पुरस्कार से सम्मानित डॉ. विलियम डी फिलिप्स तथा राज सुब्रह्मण्यम तथा पुनीत रंजन समेत अमेरिका-भारत सीईओ मंच के कई सदस्य भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बाइडन ने पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू को लिखा पत्र

वाशिंगटन। राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अलग-अलग पत्र लिखे हैं। अमेरिकी सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। यहां इंडिया हाउस में सोमवार को, भारतीय स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उप विदेश मंत्री (प्रबंधन और संसाधन) ब्रायन पी. मककियोन ने अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू को यह पत्र सौंपे। कार्यक्रम में मककियोन ने कहा, मैंने राजदूत को राष्ट्रपति की ओर से दो पत्र दिए हैं, एक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए और दूसरा राष्ट्रपति मुर्मू के लिए। मैं यहां जो कुछ भी कहूंगा उससे ज्यादा बातें इन पत्रों में कही गई हैं।

कुछ ही ऐसे गठजोड़ हैं जो अमेरिका और भारत के बीच साझेदारी से अधिक महत्वपूर्ण हैं। डेलावेयर से सीनेटर के तौर पर शुरुआत करते हुए, राष्ट्रपति बाइडन ने इस साझेदारी को आगे ले जाने का काम किया है। मैंने उनके लिए 20 वर्षों तक सीनेट में काम किया। वर्ष 2006 में जब सीनेट में, भारत और अमेरिका के बीच नागरिक परमाणु संधि पर मतदान हो रहा था, तब उन्होंने कहा था कि 21वीं शताब्दी में सुरक्षा के स्तम्भों की बात की जाए तो उनमें से दो भारत और अमेरिका होंगे। अमेरिका, भारत के हिंद-प्रशांत आर्थिक ढांचे में शामिल होने के निर्णय का स्वागत करता है। मककियोन ने कहा कि भारत क्वाड का भी एक अहम सदस्य है। इस ऐतिहासिक अवसर पर, गत 75 वर्षों की उपलब्धियों को देखते हुए हमें याद रखना चाहिए कि लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को स्वतंत्रता की रक्षा करना कितना अहम है जिसके लिए दोनों देशों के लोगों ने संघर्ष किया है। दोनों देशों में लोकतंत्र की रक्षा करना हर पीढ़ी का दायित्व है। मककियोन ने कहा कि अमेरिका, भारत के साथ द्विपक्षीय संबंध कायम रखने लिए 1947 से प्रतिबद्ध है।



नैरोबी में केन्याई राष्ट्रपति प्रत्याशी रायला ओडिंगा चुनाव प्रचार करते हुए।

## रूस के दर्जन भर हमलों को विफल किया गयाः यूक्रेनी सेना का दावा

**कीव।** यूक्रेन की सेना ने कहा है कि उसने देश के पूर्वी और उत्तरी क्षेत्र में रूस के दर्जनभर से ज्यादा हमलों को नाकाम कर दिया है जिनमें डोनबास के औद्योगिक शहरों पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। फेसबुक पोस्ट के माध्यम से सेना ने कहा कि रूस की सेनाओं ने पूर्वी दोनेत्स्क प्रांत के दो में से एक अहम शहर क्रामातोर्स्क पर कब्जा करने का प्रयास किया था जिसमें वे पूरी तरह विफल रहे और अपने पहले के स्थान पर लौट गए। यूक्रेन की सेना ने कहा कि रूसी बल, दोनेत्स्क इलाके के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शहर बाख्मुत पर कब्जा करने में भी विफल रहे जिससे क्रामातोर्स्क पर कब्जा करने और अंततः यूक्रेन की प्रशासनिक राजधानी स्लोवियांस्क पर अधिकार करने की उनकी रणनीति असफल हो गई। दोनेत्स्क उन दो प्रांतों में से एक है जो डोनबास में आते हैं। यूक्रेन की सेना ने दावा किया है कि रूस ने उत्तरी खारकीव क्षेत्र पर हमला करने का प्रयास किया जिसमें उन्हें कड़े विरोध का सामना करना पड़ा और असफलता हाथ लगी।

## ईरान ने परमाणु समझौता वार्ता के अंतिम मसौदे पर अंतिम प्रतिक्रिया दी

**दुबई।** ईरान ने मंगलवार को कहा कि उसने विश्व शक्तियों के साथ अपने परमाणु समझौते को बहाल करने के लिए तैयार अंतिम मसौदे पर लिखित प्रतिक्रिया दी है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने इस प्रतिक्रिया के संबंध कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी, लेकिन संकेत दिया कि ईरान अब भी यूरोपीय संघ की मध्यस्थता के प्रस्ताव को नहीं स्वीकार करेगा जबकि ऐसा ना करने पर बातचीत आगे ना बढ़ने की चेतावनी दी गई है।

आईआरएनए की खबर के अनुसार, तीन मुद्दों को लेकर विवाद है, अमेरिका ने इनमें से दो मामलों में लचीलापन दिखाने का मौखिक रूप से आश्वासन दिया है, लेकिन इसे लिखित रूप में भी दिया जाना चाहिए। तीसरा मुद्दा (समझौते की) निरंतरता की गारंटी से संबंधित है, जो अमेरिका के यथार्थवाद पर निर्भर करता है। राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी के नेतृत्व में ईरान ने समझौते तक पहुंचने में देरी के लिए बार-बार अमेरिका को दोषी ठहराने की कोशिश की है। ऐसा कहा जा रहा था कि ईरान को सोमवार तक इस पर प्रतिक्रिया देने को कहा गया था।

यूरोपीय संघ ने ईरान की प्रतिक्रिया दिए जाने के संबंध में तत्काल कोई पुष्टि नहीं की है। इस बीच, अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि अमेरिका अपनी प्रतिक्रिया यूरोपीय संघ के साथ साझा करेगा। प्राइस ने कहा, हालांकि, हम (यूरोपीय संघ के) इस मौलिक बिंदु से सहमत हैं, और वह यह है कि जिस पर बातचीत की जा सकती है, उस पर बातचीत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि ईरान 2015 के परमाणु समझौते से परे जाकर अस्वीकार्य मांग कर रहा है।

ईरान ने 2015 में अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, रूस और चीन के साथ परमाणु समझौता किया था। अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2018 में समझौते से अमेरिका के हटने की घोषणा की थी। इसके बाद से ईरान ने एक बार फिर अपने परमाणु कार्यक्रम का विस्तार करना शुरू कर दिया।

## भारतीय रक्षा अताशे अब बेरोक्टोकपेंटागन जा सकते हैंः अमेरिकी वायु सेना सेक्रेटरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि भारतीय रक्षा अताशे अब बिना किसी रोक-टोक (अनएस्कॉर्ट) के पेंटागन जा सकते हैं। रक्षा अताशे आमतौर पर राजनयिक मिशन से संबद्ध एक सैन्य विशेषज्ञ होता है। अमेरिकी वायु सेना के सेक्रेटरी फ्रैंक केन्डाल ने अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू की ओर से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सोमवार को इंडिया हाउस में आयोजित भोज के दौरान कहा कि इस तरह का कदम उस भरोसे और सहयोग को रेखांकित करता है जो अमेरिका और भारत के बीच हैं। केन्डाल ने कहा, भारतीय (रक्षा) अताशे टीम अब बेरोकटोक पेंटागन में जा सकती है। यह अहम रक्षा साझेदार के तौर पर भारत के साथ हमारे संबंधों की शुरुआत है। उन्होंने कहा, अगर आपको नहीं लगता कि पेंटागन तक बिना बाधा के पहुंच बड़ी बात है तो बता दूं कि मैं पेंटागन में अनुरक्षक (एस्कॉर्ट) के बिना नहीं जा सकता। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन में जाने की अनुमति पाना बेहद मुश्किल काम माना जाता है। यहां तक की अमेरिकी नागरिक भी उच्च स्तरीय सुरक्षा मंजूरी के बिना वहां नहीं जा सकते। केन्डाल ओबामा प्रशासन के दौरान भारतीय मुद्दों पर काम कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि तभी से यह इच्छा थी कि राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में संबंध मजबूत हों। भारत वह देश है जिसके साथ हम किसी अन्य देश की तुलना में ज्यादा अभ्यास करते हैं। हमारे दीर्घकालिक करीबी संबंध हैं और हम इसे बनाने तथा मजबूत करने में सफल रहे हैं....। केन्डाल ने कहा कि द डिफेंस ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी संबंधी पहल मजबूत हुई है।

## उत्तर कोरिया की बढ़ती आक्रमकता के बीच अगले सप्ताह सैन्य अभ्यास करेंगे अमेरिका और दक्षिण कोरिया

**सियोल।** उत्तर कोरिया की बढ़ती आक्रामकता के बीच दक्षिण कोरिया और अमेरिका अगले सप्ताह सैन्य अभ्यास करेंगे। यह हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच सबसे व्यापक संयुक्त सैन्य अभ्यास होगा। दक्षिण कोरिया की सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया लगातार हथियारों का परीक्षण कर रहा है और वह दक्षिण कोरिया व अमेरिका को धमकी देता रहा है। दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच सैन्य अभ्यास 22 अगस्त को शुरू होगा और एक सितंबर तक चलेगा। सैन्य अभ्यास को उल्ची फ्रीडम शील्ड नाम दिया गया है। लड़ाकू विमानों, युद्धपोतों, टैंकों से अभ्यास किया जाएगा। अभ्यास में हजारों सैनिकों के हिस्सा लेने की संभावना है। अमेरिका के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान की नौसेनाओं ने 8 से 14 अगस्त के बीच हवाई के तट पर अभ्यास किया।

## नए भारत के निर्माण में अहम साझेदार होगा अमेरिकाः संधू

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका में** भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि भारत समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की इच्छा रखता है और अमेरिका अगले 25 वर्षों में उसकी यात्रा में अहम साझेदार होगा। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका की साझेदारी दोनों देशों तथा दुनिया के लिए सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक बन गई है।

संधू ने कहा, चूंकि भारत सकारात्मक प्रगति कर रहा है तो हमें भविष्य की पीढ़ियों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए और काम करना पड़ेगा। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपील की है...अगले 25 वर्षों का सफर एक नए भारत का निर्माण करेगा। इस अमृत काल का लक्ष्य समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर पहुंचना है। उन्होंने सोमवार को भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर इंडिया हाउस में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा, अमेरिका इस यात्रा में भारत के लिए एक अहम साझेदार होगा।

संधू ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति बाइडन की अगुवाई में भारत-अमेरिका संबंध दोनों देशों के लिए तथा दुनिया के लिए सबसे अहम संबंधों में से एक बन गए हैं। हम वैश्विक शांति, स्थिरता और मानव विकास के लिए लगातार, मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में भारतीय प्रवासी समुदाय एक अहम स्तंभ बना रहेगा।

इस कार्यक्रम में कुचिपुड़ी, ओडिशी, कत्थक और भरतनाट्यम समेत भारतीय शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुतियों के साथ एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय मूल के छात्रों ने भाग लिया। अटलांटा, ह्यूस्टन, शिकागो, न्यूयॉर्क और सैन फ्रांसिस्को में अन्य भारतीय वाणिज्य दूतावास में भी स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।




मुंबई में उद्योगपति रतन टाटा साथ में वरिष्ठ नागरिक ने गुड फेलो की पहली चैम्पियनशिप में भाग लेते हुए।

## सार्वजनिक प्रणाली प्रयोगशाला से पीडीएस में दक्षता आएगीः गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि यहां आईआईटी परिसर में शुरू की गई सार्वजनिक प्रणाली प्रयोगशाला सार्वजनिक खाद्य खरीद और वितरण प्रणाली (पीडीएस) में दक्षता लाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रयोगशाला नवाचार का एक आदर्श उदाहरण है जो विकास में योगदान देगी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में दक्षता लाकर देश को भ्रष्टाचार-मुक्त करेगी। गोयल के पास उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) जैसी सरकार पहल के माध्यम से भारत महामारी के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा समस्या से निपटने में दुनिया के लिए एक आदर्श रहा है।

गोयल ने यहां परिसर में प्रयोगशाला का उद्घाटन करने के बाद कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो बातों पर प्रकाश डाला कि मुझे आशा है कि आप सभी यहां पंच प्रण (5 संकल्प) पर ध्यान देंगे और उसे आत्मसात करेंगे। उन्होंने एक विकसित राष्ट्र के निर्माण की बात को सामने रखा। सार्वजनिक प्रणाली प्रयोगशाला शुरू करने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है क्योंकि हम अमृत काल के पहले दिन में प्रवेश कर रहे हैं।

यह प्रयोगशाला परिचालन अनुसंधान और कृत्रिम मेधा (एआई) जैसे क्षेत्रों से ज्ञान का उपयोग करेगी, जो सार्वजनिक प्रणाली पर निर्भर लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। जिन क्षेत्रों में प्रयोगशाला अपना काम करेगी, उनमें भोजन, स्वास्थ्य, परिवहन और सुशासन जैसे शामिल हैं। सार्वजनिक प्रणाली प्रयोगशाला कई तरह से अपनी भूमिका निभा सकती है। सार्वजनिक खाद्य खरीद और वितरण ऐसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम हैं जिनमें यह नवाचार अत्यधिक योगदान दे सकता है।

## महंगाई की चिंता कम होने से सेंसेक्स 379 अंक चढ़ा, निफ्टी 17,800 अंक के पार

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 379 अंक से अधिक लाभ में रहा। तेल एवं गैस, बैंक तथा वाहन शेयरों में तेजी के साथ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 17,800 के पार पहुंच गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 379.43 अंक यानी 0.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,842.21 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 460.25 अंक तक चढ़ गया था। एनएसई निफ्टी भी 127.10 अंक यानी 0.72 प्रतिशत बढ़कर 17,825.25 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 42 लाभ में रहे। यह लगातार छठा कारोबारी सत्र है जब निफ्टी में तेजी रही।

जुलाई में थोक मुद्रास्फीति के पांच महीने के निचले स्तर 13.93 प्रतिशत पर आने से महंगाई को लेकर चिंता थोड़ी कम हुई है। इसके साथ सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी लि. और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में लिवाली से भी बाजार को समर्थन मिला। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, मुद्रास्फीति को लेकर दबाव कम होने से घरेलू निवेशकों में आर्थिक पुनरुद्धार को लेकर उम्मीद बरकरार है। खाद्य वस्तुओं और ईंधन के दाम में नरमी से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) का आंकड़ा उम्मीद से बेहतर रहा है। इससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) नीतिगत दर में बढ़ोतरी की रफ्तार को धीमा कर सकता है।

सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा सबसे अधिक 2.28 प्रतिशत चढ़ा। महिंद्रा समूह ने सोमवार को घोषणा की थी कि वह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में पांच नए इलेक्ट्रिक एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) पेश करेगा। इसमें से पहले चार वाहनों के 2024 से 2026 के दौरान बाजार में आने की उम्मीद है। इसके अलावा मारुति सुजुकी (2.19 प्रतिशत), एशियन पेंट्स (2.09 प्रतिशत), हिंदुस्तान यूनिलीवर (1.9 प्रतिशत) में भी तेजी रहा। अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा एचडीएफसी लि. और एचडीएफसी बैंक भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

दूसरी तरफ, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) सबसे ज्यादा 0.9 प्रतिशत नुकसान में रहा। इसके अलावा, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, टाटा कसंल्टेंसी सर्विसेज और एनटीपीसी भी नुकसान में रहे। कोटक सिक्योरिटीज लि. के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख और कुछ घरेलू कारणों से बाजार पूरे कारोबार के दौरान बढ़त में रहा। उन्होंने कहा, घरेलू मुद्रास्फीति में नरमी से यह उम्मीद बंधी है कि रिजर्व बैंक ब्याज दर बढ़ाने की रफ्तार को धीमा कर सकता है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से निश्चित रूप से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है।

## हिंदुस्तान जिंक में सरकार की हिस्सेदारी की बिक्री का प्रबंधन करने के लिए पांच कंपनियों का चयन

भाषा। नई दिल्ली

**हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड** में सरकार की शेष 29.53 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री का प्रबंधन करने के लिए आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, एक्सिस कैपिटल और सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट समेत पांच कंपनियों का चयन किया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साथ ही, एचडीएफसी बैंक और आईआईएफएल सिक्योरिटीज निवेश बैंकर के रूप में सरकार के साथ काम करेंगे और शेयर बिक्री प्रस्तावों का प्रबंधन करेंगे। सरकारी अधिकारियों के सामने करीब छह मर्चेंट बैंकरों ने बिक्री के प्रबंधन की पेशकश की थी। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, एक्सिस कैपिटल, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स, एचडीएफसी बैंक और आईआईएफएल सिक्योरिटीज जैसे पांच बैंकर का चयन किया गया है।

### कामधेनु पूर्वी उप्र में अपनी उपस्थिति मजबूत करेगा

**वाराणसी।** स्टील और पेन्ट के क्षेत्र में विविधतापूर्ण कारोबार करने वाली कामधेनू लिमिटेड ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में टीएमटी बार बाजार मे अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए व्यावसायिक रणनीति की घोषणा की। कंपनी अगली पीढ़ी के हाइ,एंड इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार के अपने प्रीमियम ब्रांड कामधेनु नेक्स्ट, की पूर्वी उत्तर प्रदेश में उत्पादन क्षमता को अगले एक वर्ष में 1.8 लाख मीट्रिक टन प्रीमियम टीएमटी बार से बढ़ाकर 2.88 लाख मीट्रिक टन करने की योजना बना रही है।इसके इलावाए कंपनी अगले एक वर्ष तक 100 और डीलरों और वितरकों को जोड़कर पूर्वी उत्तर प्रदेश में अपने डीलर और वितरक नेटवर्क को मजबूत बनाने की भी योजना बना रही है। वर्तमान मेंए कंपनी का पूर्वी उत्तर प्रदेश में लगभग 700 डीलर और वितरकों का नेटवर्क है। कामधेनु लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल ने कहा कि कामधेनु समूह के विकास के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश एक महत्वपूर्ण बाजार है।

## थोक मुद्रास्फीति जुलाई में घटकर पांच माह के निचले स्तर 13.93 प्रतिशत पर

भाषा। नई दिल्ली

**खाद्य वस्तुओं** और विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में नरमी से थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति जुलाई में घटकर 13.93 प्रतिशत पर आ गई। यह इसका पांच माह का निचला स्तर है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति इससे पिछले महीने 15.18 प्रतिशत और मई में 15.88 प्रतिशत की रिकॉर्ड ऊंचाई पर थी। फरवरी में थोक मुद्रास्फीति 13.43 प्रतिशत पर और पिछले साल जुलाई में 11.57 प्रतिशत पर थी। डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति में जुलाई में लगातार दूसरे महीने गिरावट का रुख देखने को मिला है। पिछले साल अप्रैल यानी 16 माह से यह लगातार दो अंक में बनी हुई है।

जुलाई में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति घटकर 10.77 प्रतिशत रह गई, जो जून में 14.39 प्रतिशत थी। सब्जियों के दाम जुलाई में घटकर 18.25 फीसदी पर आ गए। इससे पिछले महीने सब्जियों की मुद्रास्फीति 56.75 प्रतिशत पर थी। ईंधन और बिजली में महंगाई दर जुलाई में 43.75 फीसदी रही, जो इससे पिछले महीने 40.38 फीसदी थी। विनिर्मित उत्पादों और तिलहन की मुद्रास्फीति क्रमशः 8.16 प्रतिशत और -4.06 प्रतिशत थी।

सीआरसीएल एलएलपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध भागीदार डी आर ई रेड्डी ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और उत्पादन लागत का भार अब भी उत्पादकों पर है। इसके असर से खुदरा मुद्रास्फीति अधिक हो गई है। रेड्डी ने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार हो रहा है, क्योंकि हम धातु, तेल और उर्वरक की मांग में वृद्धि देख रहे हैं। आने वाले वक्त में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और आपूर्ति पक्ष के मुद्दों को हल करने से अगले कुछ महीनों में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति को कम करने में मदद मिलेगी। भारतीय रिजर्व बैंक मुख्य रूप से मौद्रिक नीति के जरिए मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखता है।

खुदरा मुद्रास्फीति लगातार सातवें महीने रिजर्व बैंक द्वारा तय लक्ष्य से ऊपर रही। जुलाई में यह 6.71 प्रतिशत पर थी। महंगाई पर काबू पाने के लिए केंद्रीय बैंक ने इस साल प्रमुख नीतिगत दर रेपो को तीन बार बढ़ाकर 5.40 प्रतिशत कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने 2022-23 में खुदरा मुद्रास्फीति के 6.7 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताया है।



न्यूयार्क के वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर के पोडियम पर भारतीय तिरंगे के रंग में सजी बिल्डिंग।

## उद्योग और शोध संस्थानों के बीच साझेदारी का मंच बनेगा मंथन

**नई दिल्ली।** सरकार ने प्रौद्योगिकी आधारित सामाजिक प्रभाव वाले नवाचारों और समाधानों को गति देने के लिए उद्योग एवं शोध संस्थानों के बीच भागीदारी के एक मंच की मंगलवार को शुरुआत की। सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार अजय कुमार सूद ने मंथन नाम के इस भागीदारी मंच की शुरुआत की घोषणा की। यह मंच उद्योग जगत एवं शोध संस्थानों के बीच भागीदारी को बढ़ाने में मददगार साबित होगा। सूद ने कहा, मंथन की शुरुआत से एक ऐसा मंच वजूद में आया है जो शोध एवं विकास में उद्योग जगत की भागीदारी बढ़ाने की कोशिशों को मजबूती देगा। यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। मंथन मंच हितधारकों के बीच संवाद बढ़ाने, शोध एवं नवाचार को गति देने और सामाजिक असर डालने की क्षमता रखने वाले विविध उदीयमान प्रौद्योगिकी एवं वैज्ञानिक हस्तक्षेपों में मौजूद चुनौतियों से निपटने में मदद करेगा।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 76 वां स्वतंत्रता दिवस

## ● उपजिलाधिकारी सविता यादव ने तहसील परिसर में किया ध्वजारोहण

संवाददाता। मुसाफिरखाना अमेठी

**आजादी की** 75 वीं वर्षगांठ आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र में हर घर तिरंगा फहराया गया । 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एसडीएम सविता यादव ने तहसील कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया और उसके बाद राष्ट्रगान में सम्मिलित हुए। वही खण्ड विकास कार्यालय में बीडीओ अनीस अहमद ब्लॉक संसाधन केंद्र में खण्ड शिक्षा अधिकारी राम ललित वर्मा कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह वन विभाग के निरीक्षण भवन पर बन क्षेत्राधिकारी दिनेश बडोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अधीक्षक डॉ आलोक मिश्रा ने ध्वजारोहण किया । ध्वजारोहण के उपरांत तहसील सभागार में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए एसडीएम सविता यादव ने कहा कि यह बहुत ही गौरव की बात है कि आज हम सभी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं । हम सभी को अमर शहीदों की वजह से आजादी मिली है उन्हें हमें कभी भूलना नहीं चाहिए । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक भारत श्रेष्ठ भारत की जो परिकल्पना है वह साकार हो रही है। इस अवसर पर तहसीलदार संगीता पाण्डेय, नायब तहसीलदार बलवीर सिंह जितेन्द्र यादव सुरेश कुमार यादव अशोक विश्वकर्मा रजिस्टार काननगो सुरेन्द्र श्रीवास्तव ,राजेन्द्र यादव एड सुनील यादव राजन सिंह के एन मिश्र सहित तहसील के समस्त स्टॉप मौजूद रहा। खंड विकास कार्यालय में बीडीओ अनीस अहमद ने ध्वजारोहण किया इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि दिनेश प्रताप सिंह, अजय कुमार यादव एडीओ राकेश कुमार द्विवेदी वेद प्रकाश शर्मा एडीओ कोऑपरेटिव शिव कुमार सिलवंत सिंह मो0 ताविश आदि मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता दिवस पर ब्लॉक कर्मियों की दिखी लापरवाही

**अमेठी** । एक तरफ जहां देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत समस्त सरकारी अर्धसरकारी कार्यालयों संस्थानों के साथ ही सभी घरों पर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ धूम धाम से ऐतिहासिक रूप में मनाया गया ।वही अतिविशिष्ट क्षेत्र अमेठी के ब्लॉक मुख्यालय मुसाफिरखाना पर स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक कर्मियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है । राष्ट्रगान के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हर घर तिरंगा अभियान की तस्वीरों वाली होर्डिंग्स ट्री गॉर्ड के अंदर पड़ी दिखी। फोटो वायरल होने के बाद हड़कम्प मच गया । मामले में पूंछने पर बीडीओ अनीस अहमद ने कहा हवा के कारण भी ऐसा हो सकता है। फिलहाल मामले में जांच की जा रही है ।



## बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा, किया गया ध्वजारोहण

**मुसाफिरखाना अमेठी** । क्षेत्र के सादीपुर स्थित जेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन इंस्टीट्यूट में आजादी का अमृत महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह सर्वप्रथम बच्चों द्वारा सड़क पर तिरंगा यात्रा निकाली गई तत्पचात इंस्टीट्यूट चेयरमैन धनवंत सिंह ने ध्वजा रोहण किया। इसके बाद माँ भारती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। बच्चों ने तेरी मिट्टी में मिल जावा,वो देश मेरे, जलवा जलवा जैसे देश भक्ति गांनो पर जमकर नृत्य किये। इसी क्रम में हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में विद्यालय टॉप किये छात्रा अनुपम व छात्र सचिन को प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने साईकिल व मेडल भेंट कर सम्मानित किया, अन्य टॉप टेन बच्चों को भी शील्ड देकर सम्मानित किया गया। प्रबन्धक अभिषेक प्रताप सिंह सभी का आभार प्रगट करते हुए कहा कि हमें अपने देश की आजादी, एकता और अखंडता की रक्षा के लिए कृत संकल्पित रहना चाहिए। क्योंकि यदि देश स्वतंत्र रहेगा तभी हम स्वतंत्र वातावरण में साँस ले पाएंगे ।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस मौके पर डायरेक्टर जामवंती सिंह, सत्यशरण सिंह, दिग्विजय तिवारी, नीरज सिंह, धर्मेन्द्र यादव, डॉ अभय प्रताप सिंह, आशुतोष विक्रम सिंह, अंकित सिंह, शुभेन्द्र सिंह आशु, एसपी सिंह, विपुल, दिलीप, विवेक द्विवेदी, हर्ष यादव, राकेश यादव, सतनाम हैदर, रवि, अरुण यादव हसन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# विवाहिता की गला दबाकर हत्या

## ● मोहनगंज थानाक्षेत्र के चेतरा बुजुर्ग गांव का मामला, मृतका के भाई ने ससुराली जनों पर लगाया आरोप

संवाददाता। तिलोई, अमेठी

**थाना मोहनगंज** क्षेत्र के ग्राम चेतरा बुर्जुग में रविवार रात्रि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराली जनों ने गला दबाकर विवाहिता की हत्या कर दी। भाई ने अपनी बहन के हत्या करने के मामले में पति, देवर व सास को नामजद करते हुए केस दर्ज कराया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज कर मामले की तफ्तीश करने में जुटी हुई हैं।थानाक्षेत्र के चिनगाही निवासी शबनम बानो पुत्री ताज मोहम्मद (24 वर्ष) का विवाह वर्ष 2019 में थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत चेतरा बुजुर्ग निवासी मो.अफसर के साथ हुआ था । मृतका शबनम के भाई इस्माइल ने बताया ससुरालीजन को शादी में दान दहेज भी दिया गया बावजूद इसके दहेज की खातिर मेरे बहन को आएदिन परेशान करके मारते पीटते थे। विरोध करने और मांग पूरी न होने पर कई बार घर से भी निकालकर भगा दिया करते थे लेकिन हर बार गांव के लोगों व रिश्तेदारों के हस्तक्षेप के बाद सुलह समझौता कर मामला शांत करवा देते थे। भाई का आरोप है कि शादी के बाद से ही अफसर बाइक की मांग कर रहा था। शादी में बाइक न मिलने से वह नाराज भी था जिसको लेकर आए दिन कहासुनी होती रहती थी। घटना के बीते पांच दिन पहले भी ससुरालीजनों ने बहन को परेशान करके मारा पीटा था जिसकी जानकारी उसे हुई थी। वह मामले में बहन के घर जाकर ससुराल पक्ष के परिजनों से बातचीत करता कि उसके पहले ही ससुरालीजनों ने गला दबाकर शबनम की हत्या कर दी। सोमवार की सुबह गांव वालों से घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंचे शबनम के परिजनों ने मृत अवस्था में पाकर ससुरालीजन पर दहेज के खातिर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका के भाई मो. इस्माइल ने पति अफसर, देवर राजा व सास जैनब के खिलाफ थाने में नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। भाई की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मामले में वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## अमृत सरोवरों के अधूरे कार्यों को जल्द करायें पूरा: पीडी

**जालौन ( उरई )।** मंगलवार को परियोजना अधिकारी डा. शिवाकांत द्विवेदी ने क्षेत्र पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण किया तथा अधूरे पड़े आवासों, अमृत सरोवर का काम शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।परियोजना अधिकारी डा. शिवाकांत द्विवेदी आज अचानक दोपहर क्षेत्र पंचायत कार्यालय पहुंच गये तथा कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मनरेगा के तहत गांव में बन रहे अमृत सरोवरों के काम अधूरे होने पर नाराजगी जताई तथा उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पता चला है कि आवास निर्माण का काम धीमा चल रहा है। अभी तक 8 आवास अधूरे पड़ें हुए हैं। आवासों के निर्माण का का जल्दी पूरा करने के निर्देश के साथ मनरेगा से गांव में चल रहे विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूरा कराने की हिदायत दी।

## स्वतंत्रता दिवस के बाद अश्लील भोजपुरी गाने बजाए जाने के मामले की जांच के आदेश

भाषा। वाराणसी

**काशी हिन्दू** विश्वविद्यालय (बीएचयू) के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद कथित तौर पर अश्लील भोजपुरी गाना बजाए जाने के मामले की जांच के आदेश दिए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक होने के बाद इसकी काफी आलोचना हुई, जिसके बाद आईआईटी प्रशासन ने मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन किया है। आईआईटी जनसंपर्क कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आईआईटी के जिमखाना मैदान में ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के समापन के बाद अध्यापक और कर्मचारीगण वहां से चले गए, तभी कुछ युवाओं ने म्यूजिक सिस्टम को अपने मोबाइल फोन से जोड़ लिया, भोजपुरी गाने बजाए और नाचने लगे। उन्होंने बताया कि अश्लील गीत सुनते ही विभाग के कर्मचारियों ने तुरंत गीत बंद करवा दिया और युवकों को मैदान से बाहर कर दिया। संयुक्त रजिस्ट्रार राजन श्रीवास्तव ने बताया कि संस्थान ने घटना का संज्ञान लिया है और जांच के लिए एक समिति का गठन किया गया है। जांच की रिपोर्ट आने के बाद कार्वाई की जाएगी।

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के पूर्व प्राध्यापक अनिल उपाध्याय ने कहा कि आजादी के पर्व पर इस तरह से अश्लील गाने पर नाचना उचित नहीं है। उपाध्याय ने कहा , बीएचयू का अपना एक गौरवपूर्ण इतिहास रहा है और बीएचयू प्रशासन को इस तरह की घटना नहीं होने देनी चाहिए थी।

# कुपोषित बच्चों को प्रदान की गई पोषण सहायता



**श्रावस्ती।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सेव द चिल्ड्रेन की ओर से 107 बाल क्षयरोगियो एवं 18 गंभीर कुपोषित बच्चो को पोषण सहायता प्रदान की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश द्वारा प्रतीक स्वरूप 15 बाल क्षय रोगी एवं 12 कुपोषित बच्चो को पोषण सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर उन्होंने बाल क्षय रोगियोंए कुपोषित बच्चों संवेदित करते हुए उपचार बिना अंतराल के पूर्ण करने पर बल दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने कहा कि यदि इलाज में किसी प्रकार की समस्या हो तो मरीज द्वारा अवगत जरूर कराया जाए। क्योंकि इलाज अधूरा छो ?ना मतलब बिग ?ी टीबी को दावत देना है। उन्होंने कुपोषण को समाज का कलंक बताते हुए अपने समाज से इसे मिटाने का हर संभव प्रयास करने को कहा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ शारदा प्रसाद तिवारीए जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ संतकुमारए जिला कार्यक्रम अधिकारी आशा सिंहए सेव द चिल्ड्रेन की ओर से प्रबंधक डॉ संतोष कुमार कौशलए सहायक प्रबंधक महेंद्र उपाध्यायए परियोजना समन्वयक कौशलेंद्र प्रताप सिंहए जिला कार्यक्रम समन्वयक रवि कुमार मिश्रए पर्यवेक्षक राजकुमार यादव एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# पेशी पर आए मुल्जिम की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

## ● कोतवाल समेत दो पुलिसकर्मी निलम्बित

हापुड़ ( भाषा )

**हरियाणा पुलिस** द्वारा मंगलवार को पेशी पर लाए गए एक मुल्जिम की हापुड़ कचहरी के बाहर तीन बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या कर दी। इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में शहर कोतवाल और कचहरी चौकी प्रभारी को निलम्बित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया कि हरियाणा के फरीदाबाद जिले की पुलिस लाखन नामक मुल्जिम को एक मामले में हापुड़ जिला अदालत में पेशी के लिए लाई थी। उनके मुताबिक अदालत गेट के पास ही पैदल आए कुछ बदमाशों ने कड़ी सुरक्षा के बावजूद ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर लाखन की हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक इस हमले में लाखन को लेकर आया सिपाही ओमप्रकाश भी घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भूकर ने बताया कि हत्यारे इस वारदात को अंजाम देने के बाद भाग गए। पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि हत्यारों की तस्वीरें आसपास लगे सीसीटीवी रिकार्ड हो गई हैं तथा उनकी पहचान कर उन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

भूकर ने बताया कि मारा गया कैदी लाखन हरियाणा के अन्नागपुर का रहने वाला था तथा वह वर्ष 2019 में धौलाना क्षेत्र में हुई हत्या के आरोप में जेल में बंद था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में लापरवाही बरतने पर उन्होंने शहर कोतवाल सोमवीर सिंह और पुलिस चौकी प्रभारी सुशील कुमार को निलम्बित कर दिया है एवं सम्बन्धित पुलिस क्षेत्राधिकारी को भी हटा दिया गया है।

## प्राथमिक विद्यालय में अश्लील नृत्य का वीडियो सामने आने पर प्रधानाध्यापक निलंबित

महाराजगंज ( भाषा )

**महाराजगंज जिले** के एक प्राथमिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान अश्लील नृत्य का एक वीडियो सामने आने पर प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी ।अधिकारी के अनुसार स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान सोमवार को महाराजगंज के पडोली प्राथमिक विद्यालय में आर्केस्ट्रा की टीम बुलाई गई थी, इस दौरान शिक्षकों एवं छात्रों के सामने अश्लील डांस किया गया। किसी ने घटना का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर डाल दिया। अधिकारी के मुताबिक जिलाधिकारी सत्एन्द्र कुमार ने इस मामले की जांच के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) आशीष सिंह को निर्देश दिया तथा जांच में घटना सही पाई गई जिसके बाद प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया गया है और ग्राम प्रधान के खिलाफ मामला दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं ।वीडियो में डांसर छात्रों के सामने डांस करते दिख रहे हैं और स्कूल परिधान में कुछ बच्चे भी इसमें हिस्सा लेते नजर आ रहे हैं। नृत्य देखने के लिए स्कूली छात्रों के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद हैं। स्कूल का दौरा करने पहुंचे बीएसए ने पत्रकारों को बताया कि स्कूल परिसर में अश्लील डांस के मामले में प्रधानाध्यापक और ग्राम प्रधान की भूमिका सामने आई है। उन्होंने बताया कि प्रधानाध्यापक हरिद्वार चौधरी को निलंबित कर दिया गया है जबकि ग्राम प्रधान अनिल यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पुलिस के जवानों की तिरंगा फुट पैट्रोलिंग पर लोगों ने की पुष्प वर्षा

**श्रावस्ती।** स्वतंत्रता के 75वीं वर्षगाठ के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के क्रम में लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने व राष्ट्र के हर घर में राष्ट्रध्वज फहराने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मंगलवार की शाम में अपर पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी द्वारा थाना कोतवाली भिनगा क्षेत्रांतर्गत समस्त राजपत्रित अधिकारीगण सहित भारी संख्या में पुलिस व पीएसी के जवानों के साथ हाथों में तिरंगा लेकर सार्वजनिक मार्गों कस्बा भिनगा में तिरंगा रूट मार्च किया गया । जवानों द्वारा किए जा रहे रूट मार्च के दौरान बज रहे देशभक्ति गीतों से सम्पूर्ण वातावरण राष्ट्रप्रेम में ओत प्रोत हो गया। कस्बे के संभ्रांत व्यक्तिए व्यापारी वर्ग बंधु व आम जनमानस द्वारा पुष्प वर्षा व फूल माला पहनाकर पुलिस के जवानों का स्वागत किया गया। अभियान में प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक भिनगा, वाचक पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सहित अन्य अधीकारी-कर्मचारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया।



### महिला पुलिस कर्मी व बच्चों की हुई मैराथन दौड़ प्रतियोगिता

**श्रावस्ती(भिनगा)।** स्वतन्त्रता की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत आज मंगलवार को प्रातः 6 बजकर 30 मिनट पर पुलिस परिवार के बच्चों के लिए 2.5 किलोमीटर मैराथन तिरंगे झण्डा के साथ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। जिसमें भारी संख्या में बच्चे एवं बच्चियों द्वारा पूर्ण मनोयोग के साथ प्रतिभाग किया गया। यह मैराथन दौड़ पुलिस लाइन के मुख्य गेट से प्रारंभ होकर आरटीओ कार्यालय के पास से होते हुए पुनः पुलिस लाइन परिसर में समाप्त हुआ। सुबह 6 बजकर 45 मिनट पर महिला पुलिस कर्मियों की 4 किमी का हाफमैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# स्वतंत्रता दिवस पर बैंती में देखने को मिली हिंदू मुस्लिम एकता की अनूठी मिसाल

संवाददाता। शिवगढ़,रायबरेली



**रायबरेली जिले** के विकास क्षेत्र शिवगढ़ अन्तर्गत ग्राम पंचायत बैंती में हिंदू और मुसलमानों ने एकजुट होकर ऐतिहासिक रूप से स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व मनाकर रायबरेली जनपद ही नहीं समूचे यूपी में एक मिसाल पेश कर दी है। शिवगढ़ थाना प्रभारी राकेश चंद्र आनंद, प्रधान प्रतिनिधि जानकीशरण जायसवाल की अगुवाई में हिंदुओं और मुसलमानों ने हाथ में तिरंगा लेकर देशभक्ति गीतों पर झूमते गाते एवं वंदे मातरम एवं भारत माता के जयकारे लगाते हुए तिरंगा यात्रा निकालकर समूचे बैंती कस्बे का भ्रमण किया। बताते चलें कि 1 सप्ताह पूर्व ग्राम पंचायत बैंती में थाना प्रभारी राकेश चंद्र आनन्द ने पंचायत भवन बैंती में हिंदुओं और मुसलमानों के साथ पीस कमेटी की बैठक कर सभी से हिल मिलकर आपस में त्यौहार मनाने एवं हर घर तिरंगा फहराने की अपील की थी। जिस पर सभी हिंदू और मुसलमानों ने एक स्वर में एकजुट होकर स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व मनाने की बात कही थी। थाना प्रभारी राकेश चंद्र आनंद व प्रधान प्रतिनिधि जानकीशरण जायसवाल की अपील पर सभी हिंदुओं और मुसलमान भाइयों ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ना केवल हर घर तिरंगा लगाकर अपनी देशभक्ति का परिचय दिया बल्कि स्वतंत्रता दिवस की 76 वीं वर्षगांठ पर पंचायत भवन बैंती में इकट्ठे होकर एक साथ, एक स्वर,एक लय में राष्ट्रगान गाकर वंदे मातरम एवं भारत माता के जमकर जयकारे लगाए। हर हिन्दू विवेकानंद और हर मुसलमान कलाम बने। वहीं भाजपा आईटी सेल की संयोजिका टीनू चंद्रा रावत ने कहा कि ह से हिन्दू, म से मुसलमान और हम से ये सारा हिन्दुस्तान। उन्होंने कहा कि इंसान बनाने चले थे, क्या-क्या बना बैठे, कभी हिंदू तो कभी मुस्लिम बना बैठे। अरे हमसे तो अच्छे वे फरिश्ते हैं जो कभी मंदिर कभी मस्जिद में जा बैठे। इस मौके पर पेश इमाम मोहम्मद असीर, अरुण कुमार मिश्रा, कमल किशोर रावत, हरिज्ञान जायसवाल, हर्षित राज राठौर,पीएस त्रिवेदी, अंजुल कुमार,शिवराज रावत आदि लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### बदायूं में वाहन की चपेट में आने से दो व्यक्तियों की मौत

**बदायूं (भाषा)।** बदायूं के मुजरिया थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से मोटरसायकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक हादसा सोमवार देर रात मुजरिया थाना क्षेत्र के लहरा गांव के पास हुआ। मुजरिया थाने के प्रभारी निरीक्षक राम अवतार सिंह ने मंगलवार को बताया कि मृतकों की शिनाख्त बिल्सी थाना अंतर्गत ढकपुरा गांव निवासी चंद्रपाल शाक्य (50) और अवनीश यादव (30) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### तेज हवा के चलते पेड़ गिरने से छात्र की मौत

**फिरोजाबाद (भाषा)।** फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद क्षेत्र में कोचिंग से लौट रहे 20 वर्षीय छात्र की मंगलवार को कथित तौर पर पेड़ के नीचे दब जाने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अखिलेश नारायण ने बताया कि शिकोहाबाद थाना अंतर्गत कटैना हरसा निवासी अभिषेक (20) प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उन्होंने बताया कि तेज हवा के कारण थाना क्षेत्र के लभऊआ गांव के पास छात्र के ऊपर पेड़ गिर जाने से उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### नकली काली मिर्च के कारखाने का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**शाहजहांपुर (भाषा)।** शाहजहांपुर जिले के मदनापुर थाने की पुलिस ने नकली काली मिर्च बनाने के कारखाने का भंडाफोड़ करते हुए मंगलवार को चार लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने बताया कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बख्या पट्टी गांव में काली मिर्च बनाने के कारखाने का भंडाफोड़ किया और आठ क्विंटल काली मिर्च, 25 क्विंटल हरी मटर तथा रसायन आदि को कब्जे में ले लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मौके से चार लोगों को भी गिरफ्तार किया है। कुमार ने कारखाने के मालिक आनन्द गुप्ता से की गई पूछताछ के हवाले से बताया कि वह बेंगलुरु में नकली काली मिर्च बनाने के एक कारखाने में काम करता था और वही से उसने यह काम सीखा था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कारखाने के मालिक आनन्द गुप्ता के अलावा अनिल कुमार, सोनपाल तथा हरीनाथ को मौके से गिरफ्तार किया गया और आरोपियो के खिलाफ पुलिस ने सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

### नाथूराम गोडसे की तस्वीरों के साथ निकाली तिरंगा यात्रा, विवाद

**मुजफ्फरनगर (भाषा)।** हिंदू महासभा ने स्वतंत्रता दिवस पर यहां महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे की तस्वीरों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया। यात्रा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र वर्मा ने मंगलवार को कहा कि उनके कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता दिवस पर गोडसे सहित कई क्रांतिकारियों की तस्वीरों के साथ यात्रा निकाली। उन्होंने कहा, हम मानते है कि गोडसे ने गांधी की उस नीति के विरुद्ध कदम उठाए थे, जो राष्ट्र के खिलाफ थी।

### ताज एक्सप्रेस में बम रखे जाने की सूचना झूठी निकली, आरोपी गिरफ्तार

**मथुरा (भाषा)।** आगरा से दिल्ली जाने वाली ताज एक्सप्रेस ट्रेन में बम रखे जाने की सूचना मिलने से हड़कम्प मच गया। गाड़ी को मथुरा में रोककर चेकिंग की गई, लेकिन ट्रेन में कोई खतरनाक वस्तु न मिलने पर उसे दिल्ली के लिए रवाना कर दिया गया। पुलिस उपाधीक्षक (नगर) अभिषेक तिवारी ने मंगलवार को बताया कि सोमवार शाम करीब सवा सात राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की आगरा शाखा से सूचना मिली थी कि दिल्ली जा रही ताज एक्सप्रेस में कोई विस्फोटक वस्तु या बम हो सकता है। उनके अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति ने यह सूचना दी थी, इसलिए जैसे ही ट्रेन साढ़े सात बजे मथुरा जंक्शन पर पहुंची, उसे रोककर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि राजकीय रेलवे पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल एवं स्थानीय पुलिस ने मिलकर करीब डेढ़ घण्टे तक छानबीन की, मगर कोई भी बम या अन्य विस्फोटक नही मिला जिसके बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया। तिवारी ने रेलवे को फोन पर यह सूचना देकर परेशान करने वाले व्यक्ति को पकड़ लिया गया है। उनके मुताबिक वह आगरा का ही रहने वाला है तथा उससे पूछताछ की जा रही है।

### सफाई कर्मी के साथ हुई मारपीट के बाद कर्मचारियों में आक्रोश

**ऊंचाहार।** नगर पंचायत के सफाई कर्मी के साथ हुई मारपीट के बाद सभी कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त हो गया। जिसके बाद कार्यालय परिसर में नारेबाजी करते हुए दर्जनों की संख्या में सफाई कर्मचारी धरने पर बैठ गए। अधिशासी अधिकारी के समझाने बुझाने का सफाई कर्मचारी माने कस्बा के नई बस्ती निवासी राहुल मंगलवार की सुबह कस्बा के वार्ड नंबर आठ कलवारन टोला में दरवाजे दरवाजे रखे डस्टबिन से कचरा उठा रहा था। इसी बीच कस्बा निवासी मोहम्मद दाऊद से किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। आरोप है कि दाऊद ने अपना आपा खो दिया। और सफाई कर्मचारी राहुल के साथ गाली गलौज करते हुए लात घुंसो से जमकर पिटाई कर दी। जिसमें राहुल को गंभीर चोटें भी आई है। घटना की सूचना पर सफाई कर्मचारी संतोष कुमार, मनोज कुमार, शिव दर्शन, मोनू, फूलकली, रज्जो देवी, गीता देवी, लल्लू समेत दर्जनों कर्मचारियों ने हमलावर पर रिपोर्ट दर्ज कराने व गिरफ्तारी को लेकर नगर पंचायत में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। जिसके बाद अधिशासी अधिकारी निखिलेश कुमार मिश्र ने कर्मचारियों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी निखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि सफाई कर्मचारी के साथ मारपीट की गई है। कर्मचारियों को शांत कराने के बाद कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कोतवाल शिव शंकर सिंह ने बताया कि नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी निखिलेश कुमार मिश्र की तहरीर पर कस्बा के कलवारन टोला निवासी मो दाऊद पर मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### राष्ट्रीय भावना के साथ मनाया गया आजादी का जश्न

**जालौन (उरई)।** आजादी के अमृत महोत्सव पर नगर व ग्रामीण क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस का पर्व राष्ट्रीय भावना के साथ मनाया गया। इस दौरान सरकारी और गैर सरकारी इमारतों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तहसील परिसर में एसडीएम राजेश सिंह व तहसीलदार बलराम गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। मुंसिफमजिस्ट्रेट न्यायालय में मजिस्ट्रेट रिचा अवस्थी ने ध्वजारोहण किया। ब्लॉक कार्यालय में बीडीओ संदीप यादव एवं ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन, झंडा चौराहे पर पालिकाध्यक्ष गिरीश कुमार गुप्ता, नगर पालिका में ईओ सीमा तोमर ने ध्वजारोहण किया। कोतवाली में सीओ उमेश कुमार पांडेय व कोतवाली प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसके अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्र में संचालित सरकारी कार्यालयों में विभागाध्यक्षों ने ध्वजारोहण किया। शिक्षण संस्थानों कैलाशी देवी श्रवण कुमारी महाविद्यालय के प्रबंधक प्रतापनारायण उर्फ लल्ला तिवारी, सेठ वीरेंद्र कुमार महाविद्यालय एवं पब्लिक स्कूल में अध्यक्ष डॉ. नितिन मित्तल, डीडी मैमोरियल पब्लिक स्कूल में डॉ. एमपी सिंह, एमएलबी इंटर कॉलेज में संस्थापक भूपेश बाथम, जालौन बालिका इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्या कृष्णश्री गुप्ता, महाराणा प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रबंधक मंगल सिंह चौहान, सरस्वती ज्ञान मंदिर में प्रधानाचार्य विनोद कुमार, एनएसटी पब्लिक स्कूल में प्रबंधक बीएस तोमर व जसवंत सिंह, एसबीडीएम इंटर कालेज में प्रबंधक ओम प्रकाश बाथम व धीरज बाथम, आनंदी बाई हर्षे बालिका इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य सुनीता शर्मा, एमएल कांवेंट स्कूल में प्रबंधक हरीकृष्ण गुप्ता एवं गौरव गुप्ता ने झंडा रोहण किया। स्कूलों में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। हर घर तिरंगा अभियान में नगर में लोगों ने अपने अपने घरों पर तिरंगा लगाए। सुबह से शुरू हुए कार्यक्रम पूरे दिन चलते रहे।

### भैंस चोरी होने से गुस्साये ग्रामीणों ने लगाया जाम

**चित्रकूट।** मानिकपुर थाना क्षेत्र में दो सप्ताह के भीतर एक दर्जन से ज्यादा भैंस चोरी होने से गुस्साये ग्रामीणों ने मंगलवार को धरने में बैठकर कर्वी-मानिकपुर मार्ग में जाम लगा दिया। दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गईं। कोतवाली प्रभारी के समझाने के बाद दो घंटे बाद आवागमन सुचारु हुआ। ज्ञात है कि सोमवार को कस्बे के बाहर स्थित गल्लामंडी के पास खेत में बंधी मानिकपुर कस्बे के महिपाल यादव की दो भैंस, सुन्दर यादव की पांच भैंस, रोहित पाण्डेय की एक भैंस चोरी हो गई थी। इसी बीच 15 अगस्त की रात बाई का कुंआ सरैंया से घर में बंधी कमलेश यादव की चार भैंस व भतीजे कौशल की एक भैंस को चोर खोलकर ले गये। भैंस को चोरी करने वाले पिकअप व डीसीएम में ले गये हैं।

### चिटफंड कंपनी डायरेक्टर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**जालौन (उरई)।** चिटफंड कंपनी के माध्यम से प्लॉट के एवज में पीएफडी देना एवं परिपक्वता होने के बाद भी कंपनी डायरेक्टर भुगतान नहीं कर रहे हैं। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिमनदुबे निवासी मुईन खां ने पुलिस को बताया कि उन्हें फ्रीडम इंडिया इंफ्रावेंचर प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर इसरार अहमद ने वर्ष 2015 में लगभग 4 लाख रुपये में एक प्लॉट के कागज देकर कहा था कि वह प्लॉट उनकी कंपनी में पीएफडी के रूप में रख दें। पीएफडी की परिपक्वता अवधि दो वर्ष है। परिक्त्ता अवधि पूर्ण होने पर कंपनी उन्हें लगभग 5 लाख रुपये का भुगतान करेगी। परिपक्ता अवधि पूर्ण होने के बाद भी वह वर्षो से उन्हें टहला रहे हैं। न तो उनका प्लॉट ही वापस कर रहे हैं और न ही उनके रुपये दे रहे हैं। मांगने पर गाली, गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

# वाशिंगटन की जगह शाहबाज टीम में

**● चोटिल हैं सुंदर , इस हफ्ते शुरू होगा जिम्बाब्वे दौरा**



भाषा। नई दिल्ली

**ऑलराउंडर** शाहबाज अहमद को चोटिल वाशिंगटन सुंदर की जगह जिंबाब्वे के खिलाफ इस सप्ताह शुरू होने वाली तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। यह पहला अवसर है जबकि 27 वर्षीय शाहबाज को भारतीय टीम में जगह मिली है। उन्हें इस साल इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर बेंगलोर की तरफ से अच्छा प्रदर्शन करने का इनाम मिला है। बंगाल के बाएं हाथ के इस स्पिनर ने आईपीएल में 16 मैचों में 219 रन बनाए और चार विकेट लिए। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा, अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने जिंबाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए वाशिंगटन सुंदर की जगह शाहबाज अहमद को टीम में शामिल किया है। इंग्लैंड में काउंटी मैच खेलते समय वाशिंगटन के कंधे में चोट लग गई थी जिसके कारण वह जिंबाब्वे दौरे से बाहर हो गए थे। जिंबाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मैच गुरुवार को खेला जाएगा।





अभ्यास के दौरान टीम इंडिया के सदस्य

## क्लब स्तर पर गांगुली को प्रभावित करने वाले शाहबाज राष्ट्रीय टीम के लिए तैयार



भाषा। नई दिल्ली

**साल 2016** में बंगाल की अंडर-23 टीम सीके नायडू ट्रॉफी में रेलवे से पहली पारी में पिछड़ गई थी जबकि बड़ौदा के खिलाफ उसे हार का सामना करना पड़ा तभी टीम के मुख्य कोच सौराशीष लाहिड़ी बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के तत्कालीन अध्यक्ष सौरव गांगुली के पास पहुंचे। गांगुली ने कोच से पूछा, पेस्टी (लाहिड़ी का उपनाम) आप तपन मेमोरियल क्लब का प्रतिनिधित्व करने वाले हरियाणा के किसी खिलाड़ी के बारे में बता रहे थे। मैंने उसके आंकड़े देखे है वह काफी रन बना रहा है और विकेट भी चटकाए हैं। गांगुली ने आगे कहा, वह शानदार खिलाड़ी दिख रहा है। उसमें कुछ विशेष प्रतिभा होगी। अगले मैच में आप उसे मौका देने के बारे में क्यों नहीं सोच रहे। और यही से शाहबाज अहमद ने भारतीय क्रिकेट जगत में अपनी पहचान बनानी शुरू कर दी। हरियाणा के मेवात क्षेत्र के शाहबाज को चोटिल वाशिंगटन सुंदर की जगह भारतीय टीम में शामिल किया गया है। लाहिड़ी ने कहा, कल ही स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हम सीएबी में रात्रिभोज कर रहे थे और दादा ने मुझ से हंसते हुए कहा कि याद है , मैंने क्या कहा था। आप परखने की उनकी क्षमता पर सवाल नहीं उठा सकते है। लाहिड़ी ने बताया कि शाहबाज ने उसके बाद हर सत्र में लगभग 1000 रन बनाए और 50 विकेट चटकाए। लाहिड़ी ने कहा, शाहबाज ने क्लब स्तर पर ही अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा लिया था। उस समय तपन मेमोरियल क्लब मोहन बागान, ईस्ट बंगाल या कालीघाट जैसे क्लबों को टक्कर नहीं दे पाता था लेकिन शाहबाज के आने के बाद परिस्थितियां बदल गई। शाहबाज की यह सफलता रणजी ट्रॉफी में जारी रही। प्रथम श्रेणी में 41 और लिस्ट ए मैचों में 47 का बल्लेबाजी औसत उन्हें खास बनाता है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए दबाव में बेहतर प्रदर्शन कर उन्होंने राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। सीएबी द्वारा जारी विज्ञप्ति में उन्होंने कहा, क्रिकेट खेलने वाला हर कोई भारतीय टीम का जर्सी पहनना चाहता है। भारतीय टीम के लिए बुलाया जाना एक सपने के सच होने जैसा है। जब भी मैंने बंगाल के लिए खेला है, मैंने अपना सब कुछ दिया है। बंगाल की टीम को मुझ पर विश्वास था। मुझे उम्मीद है कि भारतीय टीम के लिए मौका मिलने पर मुझे उम्मीद है कि मैं अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी से भारत को सफलता दिला सकता हूं। मुझे उम्मीद है कि टीम मुझ पर भरोसा करेगी। इंजीनियरिंग में स्नातक करने वाले शाहबाज ने घरेलू स्तर पर प्रथम श्रेणी में 57, लिस्ट ए में 24 और टी20 में 39 विकेट लिए है।

## युवाओं के मार्गदर्शन के लिए तैयार हूं : धवन



**हरारे।** लोकेश राहुल के टीम में आने के बाद सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को भले ही कप्तानी से हाथ धोना पड़ा लेकिन जिम्बाब्वे दौरे पर टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ी के तौर पर वह युवाओं की मदद के लिए हमेशा तैयार है। धवन को पहले इस दौरे पर टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी गई थी लेकिन राहुल की वापसी के बाद उन्हें उप कप्तान बना दिया गया। धवन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे टीम में युवाओं के साथ अपना अनुभव साझा करने में काफी मजा आता है। मैं पहली बार यहां 2014 (2013) में आया था, जब डंकन फ्लेचर भारतीय कोच थे। अगर वे (युवा) किसी भी सुझाव के लिए मेरे पास आते हैं, तो मैं (हमेशा) उनका जवाब देने के लिए तैयार हूं। यह 36 साल के वामहस्त बल्लेबाज इस बात से काफी खुश हैं कि कप्तान राहुल को एशिया कप से पहले मैदान पर समय बिताने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, यह एक बहुत अच्छी खबर है कि केएल (राहुल) वापस आ गया है और टीम की अगुवाई भी करेगा। वह इस भारतीय टीम के मुख्य खिलाड़ियों में से एक है। एशिया कप शुरू होने से पहले यह उसके लिए एक अच्छी तैयारी होगी। मुझे यकीन है कि उसे इस दौरे से काफी फायदा होगा। हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर चोट के कारण इस दौरे से बाहर हो गए। इंग्लैंड में रॉयल लंदन वन डे कप में उनका कंधा चोटिल हो गया। चेन्नई के इस 22 साल के खिलाड़ी ने फरवरी 2021 में पिछली बार भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया था। भारतीय उपकप्तान ने कहा, यह दुखद है कि वाशिंगटन बाहर हो गया। वह टीम के लिए काफी अहम खिलाड़ी हैं। लेकिन यह करियर का हिस्सा है। चोटें लगती रहेंगी। उम्मीद है, वह जल्द ठीक हो जाएंगे। एक स्पिनर के रूप में उनकी कमी खलेगी लेकिन टीम में कुलदीप यादव और दीपक हुड्डा के रूप में विकल्प है। भारतीय टीम 2016 के बाद पहली बार इस अफ्रीकी देश के दौरे पर आई है। बांग्लादेश के खिलाफ जिम्बाब्वे के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए धवन ने कहा कि वह इस टीम को हलके में नहीं लेंगे। दिल्ली के इस बल्लेबाज ने कहा, उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ जीत हासिल की है। वे अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। यह हमारे लिए अच्छा है और हम किसी भी चीज को हलके में नहीं ले सकते। यह प्रक्रिया के बारे में है।

### प्रज्ञानानंधा ने एफटीएक्स क्रिप्टो कप शतरंज में फिरोजा को हराया

**मियामी।** भारत के किशोर शतरंज खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंधा ने मंगलवार को यहां एफटीएक्स क्रिप्टो कप के शुरुआती दौर में दुनिया के शीर्ष जूनियर खिलाड़ी अलिरेजा फिरोजा को 2.5-1.5 से हराया। हाल ही में भारत मे आयोजित शतरंज ओलंपियाड मे कांस्य पदक जीतने वाली भारत बी टीम के सदस्य सत्रह साल के प्रज्ञानानंधा ने पहले दौर के चार मुकाबलों के शुरुआती मैच मे जीत से आगाज किया। उन्हें हालांकि दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा। तीसरा मैच बराबरी पर छूटा जबकि चौथे मैच में उन्होंने फिरोजा को दूसरी बार हराया।

### अगले तीन साल में दो टेस्ट, 27 वनडे और 36 टी20 खेलेगी भारतीय महिला टीम

**दुबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा मई 2022 से अप्रैल 2025 तक के लिए तैयार पहले भावी दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) के तहत 65 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। आईसीसी ने मंगलवार को कार्यक्रम की घोषणा की जिसमें कुल 301 मैच (सात टेस्ट, 135 वनडे और 159 टी20) शामिल है। भारत को अगले तीन साल मे इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट के अलावा 27 वनडे और 36 टी20 मैच खेलने है। मई 2022 मे एफटीपी शुरू होने के बाद से भारत तीन वनडे और तीन टी20 खेल चुका है। भारतीय टीम अपनी सरजमी पर न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और आयरलैंड की मेजबानी करेगी। इसके अलावा आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, श्रीलंका (खेल चुकी है) और बांग्लादेश का दौरा करेगी।

### न्यूजीलैंड ए और ऑस्ट्रेलिया ए की टीमें भारत दौरे पर आएंगी

**नई दिल्ली।** भारत ए टीम आठ महीने में अपना पहला प्रतिस्पर्धा मुकाबला न्यूजीलैंड ए टीम के खिलाफ सितंबर-अक्टूबर में खेलेगी जबकि ऑस्ट्रेलिया की ए टीम नवंबर में भारत दौरे पर आएगी। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, भारत ए कार्यक्रम वीवीएस लक्ष्मण और उनके एनसीए सहयोगी स्टाफ समूह साईराज बहुतुले और सितांशु कोटक द्वारा संचालित किया जाएगा। भारत ए की टीम ने इससे पहले पिछले साल नवंबर-दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ब्लूमफोंटेन में तीन अनौपचारिक टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भाग लिया था। न्यूजीलैंड की ए टीम इस महीने के आखिर में भारत पहुंच जाएगी।

### मर्रे की वावरिंका पर संघर्षपूर्ण जीत

**मैसन (ओहियो)।** एंडी मर्रे ने तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले मे स्टेन वावरिंका को हराकर वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। मर्रे ने दो घंटे 57 मिनट तक चले इस मुकाबले मे 7-6 (3), 5-7, 7-5 से जीत दर्ज की। मर्रे और वावरिंका दोनों यूएस ओपन का खिताब जीत चुके है और इस मैच के दौरान दोनों को अपने पांव की समस्या को लेकर ट्रेनर की मदद लेनी पड़ी। पुरुष वर्ग के एक अन्य मैच में क्रोएशिया के 14वीं वरीयता प्राप्त मारिन सिलिच ने स्पेन के क्वालीफायर जैम मुनार पर 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की।

# भारत में फुटबाल को करारा झटका, फीफा ने प्रतिबंध लगाया

### महिला अंडर-17 विश्व कप की मेजबानी छीनी



भाषा। नई दिल्ली

**भारत को** करारा झटका देते हुए विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संचालन संस्था फीफा ने मंगलवार को तीसरे पक्ष द्वारा गैर जरूरी दखल का हवाला देकर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को निलंबित कर दिया और उससे अक्टूबर में होने वाले अंडर-17 महिला विश्व कप के मेजबानी अधिकार छीन लिए। भारत को 11 से 30 अक्टूबर के बीच फीफा प्रतियोगिता की मेजबानी करनी थी। यह पिछले 85 साल के इतिहास में पहला अवसर है जबकि फीफा ने एआईएफएफ पर प्रतिबंध लगाया। फीफा ने कहा है कि निलंबन तुरंत प्रभाव से लागू होगा। फीफा ने एक बयान में कहा , फीफा परिषद के ब्यूरो ने सर्वसम्मति से अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को तीसरे पक्ष के अनुचित प्रभाव के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है। तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप फीफा के नियमों का गंभीर उल्लंघन है। बयान में आगे कहा गया है, निलंबन तभी हटेगा जब एआईएफएफ कार्यकारी समिति की जगह प्रशासकों की समिति के गठन का फैसला वापिस लिया जाएगा और एआईएफएफ प्रशासन को महासंघ के रोजमर्रा के काम का पूरा नियंत्रण दिया जाएगा। फीफा ने कहा , इसके मायने हैं कि भारत में 11 से 30 अक्टूबर के बीच होने वाला अंडर-17 महिला विश्व कप पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भारत में नहीं हो सकता। फीफा टूर्नामेंट के संबंध में अगले चरणों का आकलन कर रहा है और यदि आवश्यक हुआ तो मामले को परिषद के ब्यूरो के पास भेजेगा। इसके बाद केंद्र ने एआईएफएफ के मसले पर उच्चतम न्यायालय से त्वरित सुनवाई का आग्रह किया है। न्यायमूर्ति डी वाय चंद्रचूड और ए एस बोपन्ना को केंद्र की ओर से सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम हुआ है और फीफा ने भारत को निलंबित करने का फैसला लिया है जो सार्वजनिक जानकारी में है और उसे रिकॉर्ड में लाया जाना चाहिए। इससे पहले फीफा के चार सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल ने खेल मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और सीओए से क्रमश: शुक्रवार और सोमवार को मुलाकात की। खेल मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा , कल शाम तक लग रहा था कि सभी पक्षों के बीच सहमति बन गई है लेकिन फीफा ने कल रात अचानक हमें बताया कि आंतरिक समिति के फैसले के अनुसार एआईएफएफ पर प्रतिबंध लगाना होगा। फीफा सीओए के दखल के खिलाफ है लेकिन बातचीत के लिए राजी है और चाहता है कि सबसे पहले एआईएफएफ कार्यकारी बोर्ड को बहाल किया जाए। ऐसा होने पर वे प्रतिबंध हटा देंगे। सरकार चाहती है कि अंडर 17 महिला जूनियर विश्व कप भारत में हो और समाधान निकालने की पूरी कोशिश की जा रही है। उच्चतम न्यायालय ने दिसंबर 2020 से चुनाव नहीं करवाने के कारण 18 मई को प्रफुल्ल पटेल को एआईएफएफ के अध्यक्ष पद से हटा दिया था और एआईएफएफ के संचालन के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश ए आर दवे की अध्यक्षता में तीन सदस्ईय प्रशासकों की समिति

### एफआईएच प्रतिनिधिमंडल भारत में आज

**सीओए से होगी मुलाकात**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) का एक प्रतिनिधिमंडल प्रशासकों की समिति द्वारा संचालित हॉकी इंडिया को निलंबित होने से बचाने और भविष्य के लिए बातचीत के मकसद से यहां पहुंच गया है। एफआईएच के नव नियुक्त कार्यवाहक अध्यक्ष सैफ अहमद की अध्यक्षता में दो सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को यहां एक आपात बैठक के लिए पहुंचा है। भारत मे 2023 पुरूष हॉकी विश्व कप होना है। एफआईएच प्रतिनिधिमंडल बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त तीन सदस्ईय प्रशासकों की समिति से बात करेगा। इसके अलावा खेल मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों , विश्व कप के मेजबान ओडिशा सरकार के आला अधिकारियों से भी बात की जाएगी। एफआईएच ने पिछले महीने सीओए से संशोधित संविधान लागू करने और हॉकी इंडिया के ताजा चुनाव कराने संबंधी सिलसिलेवार ब्यौरा मांगा था। हॉकी इंडिया अगर खेल कोड के अनुरूप संविधान तुरंत लागू नही करता है तो भारत को 13 से 29 जनवरी तक होने वाले विश्व कप की मेजबानी गंवानी पड़ सकती है। सूत्र के अनुसार हॉकी इंडिया के संविधान में संशोधन हो चुका है और कार्यकारी बोर्ड के चुनाव एक अक्टूबर को होने की संभावना है। सीओए सदस्य बुधवार को एफआईएच दल से मिलेंगे। दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेशानुसार हॉकी इंडिया के संविधान में संशोधन हो चुका है और बुधवार को एफआईएच के सामने रखा जाएगा। उन्होने कहा , सीओए का लंबे समय तक बने रहने का इरादा नही है। हॉकी इंडिया के कार्यकारी बोर्ड के चुनाव एक अक्टूबर को कराने की योजना है। एफआईएच दल मंगलवार को खेल मंत्रालय के आला अधिकारियों से मिला और गुरूवार . शुक्रवार को भुवनेश्वर और राउरकेला जाएगा। वे ओडिशा सरकार के खेल सचिव और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के विशेष सचिव विनील कृष्णा से भी बात करेंगे। एफआईएच दल में अहमद के साथ

### भारत को निलंबित करने का फीफा का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण : सीओए

**नई दिल्ली।** प्रशासकों की समिति (सीओए) ने मंगलवार को कहा कि चुनाव और संविधान के ढांचे जैसे मसलो पर सहमति बनने के करीब पहुंचने के बाद अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ पर प्रतिबंध के फीफा के दुर्भाग्यपूर्ण फैसले से वे हैरान हैं। सीओए ने एक बयान मे कहा , सीओए हैरान है कि फीफा का फैसला ऐसे समय में आया है जब उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार फीफा , एएफसी, एआईएफएफ , सीओए और खेल मंत्रालय समेत सभी पक्षो के बीच गहन बातचीत जारी थी। सीओए एआईएफएफ के चुनाव संबंधी माननीय उच्चतम न्यायालय के तीन अगस्त 2022 के आदेश का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी पक्षों से बातचीत जारी थी। सभी पक्षों के बीच पिछले कुछ दिन से जारी बातचीत मे सुझाव रखा गया था कि एआईएफएफ कार्यकारी समिति के वर्तमान चुनाव 36 प्रदेशों के प्रतिनिधियों की मतदाता सूची के साथ कराए जाए। फीफा ने खेल मंत्रालय के मार्फत यह भी सुझाव दिया कि कार्यकारी समिति मे छह अनुभवी खिलाड़ियों समेत 23 सदस्य हो सकते है। छह खिलाड़ियों में चार पुरूष और दो महिलाएं हो और 17 सदस्यों का चुनाव मतदाता करेंगे।

# बीसीसीआई के पूर्व सचिव अमिताभ चौधरी का निधन

**● हृदय गति रुकने से हुई मौत**

भाषा। रांची

**भारतीय** क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व सचिव एवं झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) के पूर्व अध्यक्ष अमिताभ चौधरी का मंगलवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वह 62 वर्ष के थे।

चौधरी का जन्म छह जुलाई, 1960 को हुआ था और वह झारखंड कैडर के भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी रहे। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चौधरी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए ट्वीट किया, झारखंड लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष अमिताभ चौधरी जी के आकस्मिक निधन की दु:खद खबर मिली। पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ने राज्य में क्रिकेट के खेल को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोक संतप्त परिवार को दु:ख की घड़ी सहन करने की शक्ति दे। रांची स्थित सेंटेविटा अस्पताल के चिकित्सक डा. वरुण कुमार ने बताया कि झारखंड लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष अमिताभ चौधरी को दिल का दौरा पड़ने के बाद सुबह लगभग पौने आठ बजे आपात



चिकित्सा कक्ष में लाया गया जहां उन्हें बचाने के लिए चिकित्सकों के दल ने पूरा प्रयास किया लेकिन उन्हें नहीं बचाया जा सका और लगभग नौ बजे उनका निधन हो गया। सोमवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के बाद उनकी तबीयत थोड़ी खराब हो गई थी। लेकिन अशोक नगर स्थित अपने निवास पर ही उन्होंने आराम किया। आईआईटी खड़गपुर के छात्र रहे चौधरी का झारखंड को प्रथम श्रेणी दर्जा दिलाने में काफी योगदान रहा। उनके प्रयास से ही रांची में झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान का निर्माण करा पाया था। दिवंगत जगमोहन डालमिया के कार्यकाल में बिहार क्रिकेट संघ भंग होने के बाद महेंद्र सिंह धोनी बिहार से झारखंड के लिए खेलने लगे और अपने कैरियर के अंत तक इसी प्रदेश के लिए खेले। चौधरी बीसीसीआई के संयुक्त सचिव भी रहे और कई मौकों पर भारतीय टीम के प्रशासनिक मैनेजर भी रहे।

### भारत के निलंबन के बाद केंद्र ने एआईएफएफ मामले की तत्काल सुनवाई की मांग की

**नई दिल्ली।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा द्वारा भारत को तीसरे पक्ष के अनुचित प्रभाव के कारण निलंबित किए जाने और अंडर-17 महिला विश्वकप की मेजबानी का अधिकार छीनने के मद्देनजर केंद्र ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय में एआईएफएफ के मामले में तत्काल सुनवाई की मांग की। केंद्र की तरफ से उपस्थित सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और ए एस बोपन्ना की पीठ को बताया एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में फीफा ने भारत को निलंबित करने का पत्र भेजा है और इसे रिकॉर्ड में लाने की आवश्यकता है।

## फुटबॉल पर पड़ेगा व्यापक असर

भाषा। नई दिल्ली

**वैश्विक** फुटबॉल संचालक फीफा द्वारा भारतीय फुटबॉल पर तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के कारण प्रतिबंध लगाने के बाद से शीर्ष खिलाड़ियों के साथ-साथ आईएसएल (इंडियन सुपर लीग) और आई-लीग क्लबों में भी काफी तनाव है। फीफा कानून के अनुच्छेद 13 के अनुसार, विश्व फुटबॉल शासी निकाय की महासचिव फातमा समौरा द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि एआईएफएफ (अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ) का प्रतिनिधित्व करने वाले क्लबों और टीमें तब तक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने की हकदार नहीं हैं, जब तक कि निलंबन हटा नहीं लिया जाता। बयान के मुताबिक, इसका मतलब यह भी है कि फीफा औराया एएफसी के किसी भी विकास कार्यक्रम, पाठ्यक्रम या प्रशिक्षण से एआईएफएफ और उसके किसी सदस्य या अधिकारी को कोई फायदा नहीं मिलेगा। एआईएफएफ से जुड़ी सीनियर पुरुष टीमें पर हालांकि 2023 के अंत या 2024 की शुरुआत तक एएफसी एशियाई कप में भाग लेने के लिए कोई तत्काल खतरा नहीं है लेकिन अगले कुछ महीनों में आयोजित होने वाले क्लबों और आयु-वर्ग की राष्ट्रीय टीमों के लिए निर्धारित मुकाबलों को लेकर पेंच फंस सकता है।

### जिन टूर्नामेंटों पर खतरा मंडरा सकता है उनकी सूची

1. भारतीय पुरूष राष्ट्रीय टीम:फीफा का प्रतिबंध अगर जल्द से जल्द नही हटाया गया तो वियतनाम (24 सितंबर) और सिंगापुर (27 सितंबर) के खिलाफ दो मैत्री अंतरराष्ट्रीय मैच रद्द हो जाएंगे। कुछ साल पहले तक भारतीय पुरूष टीम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत टीमों के साथ खेलने को नही मिलता था लेकिन क्रोएशियाई मुख्य कोच इगोर स्टिमैक के आने के बाद चीजें बदली थी।
2. उज्बेकिस्तान मे गोकुलम केरल की महिला टीम का एएफसी कप का मैच:इंडियन वुमेन लीग चैंपियन गोकुलम केरल 23 अगस्त को उज्बेकिस्तान के कार्शी मे घरेलू टीम सोग्डियाना-डब्ल्यू के खिलाफ एएफसी महिला क्लब चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत करने के लिए तैयार है। टीम 26 अगस्त को ईरान के बाम खातून एफसी से भिड़ेगी। लेकिन अब इन मैच पर संशय बन गया है।
3. मोहन बागान का एफएफसी कप मे अभियान:मोहन बागान को सात सितंबर को एएफसी कप के अंतर-क्षेत्रीय सेमीफाइनल में भाग लेना है लेकिन इसके लिए एएफसी के वेबसाइट पर जारी आठ टीमों की सूची मे इस टीम का नाम नही है।
4. एएफसी अंडर 20 मे भारत के अभियान पर खतरा:इराक मे भारत को 14 सितंबर से शुरु होने वाले एएफसी अंडर-20 क्वालीफायर मैचों में भाग लेना है। हाल ही मे कोच एस वेंकटेश की देखरेख में अंडर -20 सैफ कप जीतने वाली भारतीय टीम को इस प्रतियोगिता मे मेजबान इराक, ऑस्ट्रेलिया और कुवैत के साथ बेहद मुश्किल ग्रुप में रखा गया है।
5. भारत बड़े पैमाने पर फीफा अनुदान गंवा सकता है: पता चला है कि फीफा ने कथित तौर पर पिछले तीन वर्षों मे तीन मिलियन डालर (आज के दर से लगभग 24 करोड़ रुपए) के अनुदान को मंजूरी दी है। इस पैसे का इस्तेमाल एआईएफएफ देश में जमीनी स्तर पर फुटबॉल के विकास के लिए करता है। यदि प्रतिबंध जारी रहता है, तो एआईएफएफ को मिलने वाले सालाना 500,000 डॉलर के अनुदान का नुकसान हो सकता है।

## अदालत ने भारतीय ओलंपिक संघ के मामलों के संचालन के लिए समिति नियुक्त की

भाषा। नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने मंगलवार को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के मामलों को संभालने के लिए प्रशासकों की तीन सदस्ईय समिति (सीओए) के गठन का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति नजमी वजीरी की पीठ ने कहा कि खेल संहिता का पालन करने के लिए आईओए की लगातार अनिच्छा ने अदालत को मजबूर कर दिया कि इसके मामलों की देखरेख की जिम्मेदारी सीओए को सौंपी जाए।



सीओए सदस्यों में सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनिल आर दवे, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ. एस.वाई. कुरैशी, और विदेश मंत्रालय के पूर्व सचिव विकास स्वरूप शामिल है। अदालत ने आईओए की कार्यकारी समिति को नव नियुक्त समिति को कार्यभार सौंपने का निर्देश दिया और कहा कि सीओए के सदस्यों की मदद तीन प्रतिष्ठित खिलाड़ी (पूर्व ओलंपियन) करेंगे। इसमें निशानेबाज अभिनव बिंद्रा, लंबी कूद की खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज, और तीरंदाज बोम्बायला देवी लैशराम शामिल है। आईओए को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा भारत के राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के रूप में मान्यता प्राप्त है। अदालत ने पदाधिकारियों के कार्यकाल और मतदान के अधिकार से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से विचार करने के बाद आईओए में किसी व्यक्ति के लिए आजीवन अध्यक्ष और किसी अन्य स्थाई पद को अवैध करार दिया। अदालत ने कहा कि अध्यक्ष और किसी और पदाधिकारी को कार्यकाल एक चुनाव के बाद अधिकतम तीन साल का होगा।

### अदालत के फैसले को विस्तार से देखने के बाद उच्चतम न्यायालय जाने का फैसला लेगा आईओए

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ ने मंगलवार को कहा कि देश की शीर्ष खेल ईकाई के संचालन की बागडोर तीन सदस्ईय प्रशासकों की समिति को सौंपने के दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश की विस्तार से समीक्षा करने के बाद ही वह उच्चतम न्यायालय जाने का फैसला लेंगे। आईओए अधिकारियो की बुधवार को बैठक होने की संभावना है। आईओए महासचिव राजीव मेहता ने कहा , आईओए सदस्य दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले पर विस्तार से बात करेंगे और यह फैसला लेंगे कि उच्चतम न्यायालय में अपील करनी है या नही। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के मामलो को संभालने के लिए प्रशासकों की तीन सदस्ईय समिति (सीओए) के गठन का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति नजमी वजीरी की पीठ ने कहा कि खेल संहिता का पालन करने के लिए आईओए की लगातार अनिच्छा ने अदालत को मजबूर कर दिया कि इसके मामलो की देखरेख की जिम्मेदारी सीओए को सौंपी जाए। सीओए सदस्यो में सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनिल आर दवे, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ. एस.वाई. कुरैशी, और विदेश मंत्रालय के पूर्व सचिव विकास स्वरूप शामिल है।

# बेखौफ बदमाशों ने ई-कार्ड कोरियर ऑफिस से तमंचे के बल पर लूटे 18 लाख, 81 हजार

संवाददाता। फतेहपुर

**पुलिस अधीक्षक** राजेश कुमार सिंह के लाखों प्रयासों के बाद शहर में ताबड़तोड़ हो रही आपराधिक घटनाओं पर पुलिस अंकुश लगाने पर पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। जिसके चलते अपराधियों के हौसले बुलन्द है और पुलिस फोर्स को चुनौती देते हुये अपराध को अंजाम देने में नही चूक रहे हैं। इसी कड़ी में 15 अगस्त की देर शाम बेखौफ बाइक सवार बदमाशों ने डीएम व एसपी आवास के समीप बुलेट चौराहा के पास स्थित ई-कार्ड कोरियर ऑफिस में धावा बोलकर नाकाबपोश तीन बदमाशों ने तमंचे के बल पर 18 लाख 81 हजार की लूट कर मौके से फरार हो गये। लाखों की लूट की खबर पाते ही पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर दिनेश चन्द्र मिश्रा, कोतवाली प्रभारी अमित मिश्रा सहित भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। वही सूचना पर एसओजी प्रथम व एसओजी द्वितीय मौके पर पहुंच गई। घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद पुलिस अधीक्षक ने जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने के लिये क्षेत्राधिकारी सदर व कोतवाली प्रभारी को कड़े निर्देश दिये।

बताते चले कि शहर के बुलेट चौराहा के समीप उत्तम पैलेस ई-कार्ड कोरियर ऑनलाइन मार्केट फ्लिप कार्ड के नाम से ऑफिस बना है। रात लगभग 09 बजे बाइक में सवार तीन नकाबपोश बदमाश आये और आफिस में घुसते ही आफिस मैनेजर विकास, डिलेवरी ब्वॉय, कृष्ण कुमार व अनुज को तमंचे की नोक पर रख मौके से 18 लाख 81 हजार का कैश लूटकर तमंचा लहराते हुये मौके से फरार हो गये। उनके जाते ही मैनेजर विकास ने तत्काल इसकी सूचना क्षेत्रीय पुलिस को दे दी। 18 लाख की लूट की खबर सूनते ही पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, क्षेत्राधिकारी दिनेश चन्द्र मिश्रा, कोतवाली प्रभारी अमित मिश्रा समेत भारी पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंची। वही मौके वारदात का निरीक्षण करने बाद पुलिस अधीक्षक जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने के लिये सीओ सीटी व कोतवाली प्रभारी को कड़े निर्देश दिये। पूछताछ के दौरान डिलवरी ब्वॉय ने बताया कि यहॉ आफिस में 05 लोग मौजूद थे।

घटना से 20 मिनट पहले एक कर्मचारी चला गया था। पुलिस ने वहॉ मौजूद कर्मचारियों के मोबाइल नम्बर व घटना से कुछ देर पहले निकले कर्मचारी का भी मोबाइल नम्बर पुलिस ने लिया। बताते चले कि लगातार शहर में हो रही आपराधिक घटनाओं पर पुलिस अंकुश नही लगा पा रही है। अभी तक शहर के खंभापुर में बेखौफ बदमाशों ने एक घर में धावा बोली दम्पति व किरायेदार को लहुलूहान करन नगदी जेवर समेत पॉच लाख से अधिक का माल पार कर दिया था। पुलिस अभी तक उस घटना का खुलासा करने में नाकाम है। अब देखना है कि पुलिस 18 लाख की हुई लूट का खुलासा कर पाने में कामयाब हो रही या इस घटना को ठण्डे बस्ते में डाल देगी।

# स्वधीनता दिवस पर जगह-जगह निकाली प्रभात फेरी , शान से फहराया गया तिरंगा

## ● अमृत महोत्सव पर पालिका अध्यक्ष ने शहीद पार्क में किया पौध रोपण

संवाददाता। घाटमपुर



पार्क में पौध रोपण करते हुए पालिका अध्यक्ष संजय सचान पायनियर



रंगोली के साथ बालिकाएं पायनियर

**आजादी के** 75 वर्ष पूरे होने पर अन्य जगहों की भांति घाटमपुर में भी नगरीय क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी और अर्ध सरकारी तथा शिक्षण संस्थाओं में प्रभात फेरी के साथ शान से तिरंगा फहराया गया, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रात: 8 बजे तहसील मुख्यालय पर उप जिलाधिकारी अमित ओमर ने झण्डा फहराया, इसके बाद तहसील के सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित कर देश को आजाद कराने वाले बलिदानियों तथा जेल की यातनायें झोलने वाले सेनानिओं को याद कर महा पुरुषों के चित्र पर मालार्पण किया, इस मौके पर तहसीलदार तथा तहसील के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे, जबकि नगर पालिका परिषद में वहॉं के अध्यक्ष संजय सचान ने झंण्डा रोहड़ किया झंण्डा रोहड़ के बाद महा पुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रसाद बितरण किया गयां इस झंण्डा रोहड़ में पालिका के लेखाकार शान्ति प्रकाश निगम, दीपक गुप्ता और कई सभासद मौजूद रहे।

उधर कोतवाली, ब्लाक मुख्यालय,रजिस्ट्री आफिस, सब जूनियर डिवीजन न्यायालय तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी वहॉं के मुख्य अधिकारी ने झंण्डा रोहड़ कियां। स्वधीनता दिवस पर क्षेत्र के श्री शक्ति डिग्री कालेज, तथा कस्बे के जनता महा विद्याालय, राजकीय कन्या इन्टर कालेज, जय हिन्द इटर कालेज सहित अन्य विद्यालयों में झंण्डा फहराया गया।

### पालिका अध्यक्ष ने शहीद पार्क में किया पौध रोपण

**घाटमपुर।** आजादी के 75वें पूरे होने पर मनाये जाने वाली आजादी का अमृत महोत्सव पर आज नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष संजय सचान ने कई सभासदों के साथ नगर के अशोक नगर दक्षिणी में पालिका द्वारा बिकशित किये गये शहीद पार्क में बृक्षारोपण किया गया, बृक्षारोपड़ के समय नगर पालिका के सभासद बिबेक शुक्ल, और ज्ञानसिंह भी मौजूद रहे। मंगलवार को शासन के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा नगर के डीडीइसी स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया तथा राजकीय कन्या इन्टर कालेज व बाल उद्यान सकुल में पालिका ने द्वारा रंगोली प्रतियोतिगता का आयोजन कराया गया जिसमें बडभ् संख्या में छात्र/छात्राओं ने भाग लिया, सफल प्रतिभागियों को नगर पालिका द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

# सर्पदंश से महिला समेत तीन की मौत

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत किशोर समेत तीन लोगों को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिनकी इलाज के लिये ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मलवा थाना क्षेत्र के बरीगोरीपुर गांव निवासी स्व0 रोहित लाल का 11 वर्षीय पुत्र सूरज शाम घर के दरवाजे पर बैठा था। इसी बीच जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। परिजन उसे लेकर झाड़ फूंक के लिये ले गये। हालत नही ठीक होने पर उसे प्राइवेट नर्सिग होम ले गये। जहॉ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बीसापुर गांव निवासी स्व रामपाल का 56 वर्षीय पुत्र नन्दलाल सुबह 05 बजे खेत से काम कर घर आया और जैसे ही घर के अन्दर घुसने लगा तभी सर्प ने डस लिया, उपचार के लिये सदर अस्पताल लाया गया। जहॉ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। जबकि बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के दुगरईया निवासी श्यामलाल की 40 वर्षीय पत्नी कमलेश देवी शाम घरेलू काम कर रही थी इसी बीच उसे जहरीले सर्प ने डस लिया। परिजन उसे बिन्दकी सीएचसी लाये। जहॉ हालत ठीक नही होने पर सदर अस्पताल लाये। जहॉ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# युवाओं ने शहीदों को किया नमन

**फतेहपुर।** 20 क्रांतिकारियों की शहादत के गवाह फसियाबाग शहीद स्थल पहुँच युवाओं ने शहीदों को नमन करते हुए स्थल की उपेक्षा पर चिंता जताया। 76वें स्वतंत्रता दिवस पर मुरादीपुर स्थित शहीद स्मारक फसियाबाग में युवाओं ने पहुंचकर के श्रद्धा सुमन अर्पित किए। युवा विकास समिति के जिला प्रवक्ता आलोक गौड़ ने बताया कि इस स्थल की उपेक्षा चिंतित करने वाली है। जिसका जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए। इस मौके पर भाजपा मलवा मंडल उपाध्यक्ष रूद्रपाल सिंह गौतम, सेक्टर प्रमुख शिवशंकर सिंह परिहार, शिवम सिंह गौतम, प्रेमप्रकाश तिवारी, सुचेत गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर पेट्रोल पंप पर लगाई गई प्रदर्शनी



**फर्रुखाबाद।** विभाजन बिभिषिका स्मृति दिवस पर पेट्रोल पंप पर प्रदर्शनी लगाई गई विभाजन विभिषका स्मृति दिवस को लेकर सेंट्रल जेल चौराहा के निकट स्थित के बी फिलिंग स्टेशन पर प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगराधिकारी दीपाली भार्गव ने किया । प्रदर्शनी में देश विभाजन की 40 फोटो प्रदर्शित की गई है प्रदर्शनी को देखने के लिए काफी संख्या में भीड़ उमड़ी। मुख्य अतिथि नगराधिकारी दीपाली भार्गव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदर्शनी में जो फोटो लगी है बह देश के विभाजन के दंश को याद दिलाती है । समाजसेवी विजय यादव ने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य है कि लोगो को देश विभाजन के दंश की जानकारी हो सके। 17 अगस्त तक यहां प्रदर्शनी लगी रहेगी। इस अवसर पर अजय यादव, महतोष, राजू , रिचा यादव और पंकज कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे ।

# वीरांगना रानी अवंतीबाई की शोभा यात्रा नगर में धूमधाम से निकाली गई

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**वीरांगना** रानी अवंतीबाई की शोभा यात्रा नगर में धूमधाम से निकाली गई । वीरांगना शहीद रानी अवंती बाई की शोभा यात्रा रेलवे रोड स्थित अनंत होटल से लोधी महासभा के पूर्व जिला अध्यक्ष स्व राधेश्याम राजपूत के पुत्र जेमिनी राजपूत के नेतृत्व में आरंभ हुई ।शोभा यात्रा का शुभारंभ लोधी महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुपमा सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया।

इस मौके पर स्थानीय सांसद मुकेश राजपूत तथा प्रदेश अध्यक्ष डोरी लाल राजपूत भी शोभा यात्रा की शोभा बड़ा रहे थे ।शोभा यात्रा में आजादी के अमृत महोत्सव पर सभी लोधी समाज के लोग साथ में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय, बंदे मातरम, भारत का तिरंगा विश्व में सबसे ऊंचा रहे आदि नारे लगाते हुए चल रहे थे । शोभा यात्रा रेलवे रोड से चौक,घूमना बाजार, लाल सराय, लाल गेट ,ठंडी सड़क एआई टी आई चौराहा होकर श्याम नगर स्थित सच्चितानंद हरि साक्षी धाम में समापन हुआ। शोभा यात्रा का कई जगह फूलो की वर्षा करके स्वागत किया गया सइस मौके पर श्याम सुंदर लल्ला सभाषद ,जेमिनी राजपूत, ईश्वर दयाल राजपूत, भा ज पा के पूर्व जिला अध्यक्ष डा भूदेव राजपूत, महादेव राजपूत, पुरुषोत्तम, लज्जाराम, पूजन सिंह, जौली राजपूत, धनीराम राजपूत, विश्वास सभाषद, तोताराम राजपूत ,नरेंद्र राजपूत,उदय राजपूत आदेश राजपूत, नवीन व ज्ञानेद्र राजपूत, लोधेश्वर राजपूत तथा शाहजहांपुर के हरिप्रकाश वर्मा आदि सैकड़ों लोधे राजपूत समुदाय के लोग शोभा यात्रा में रहे।

## क्विक न्यूज

### रामलीला कमेटी की बैठक में कार्यकारिणी गठित

**फर्रुखाबाद।** रामलीला कमेटी की बैठक स्वराज कुटीर में वर्तमान अध्यक्ष लालजी टंडन की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में कोरोना काल के बाद रामलीला को आयोजित करने का कमेटी ने विचार किया । बैठक में नई कार्यकारणी का गठन किया गया जिसमे संरक्षक डाक्टर रजनी सरीन, अध्यक्ष लालजी टंडन, मंत्री कपिल गुप्ता,कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, लेखा प्रदीप गुप्ता, उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण अग्रवाल,जितेंद्र सिंह राजाबत, धीरेंद्र सारस्वत, राजू गौतम,धर्मेंद्र गुप्ता, चंद्र धर पांडे, प्रिंस शुक्ला सहित सैकड़ों सदस्य मौजूद रहे । मंत्री कपिल गुप्ता ने बैठक के बाद बताया कि 20 सितम्बर को सरस्वती भवन में धरती पूजन, बही पर निरंतर रामलीला होगी ।27 को रामबरात और 5 अक्तूबर को दशहरा के साथ रामलीला का समापन होगा ।

### भारत के नवनिर्माण मे समर्पित रहा अटल का जीवनः अमित

**फतेहपुर।** भिटौरा विकास खंड के मिर्जापुर भिटारी में ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख अमित तिवारी ने अपने आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि पर शोक सभा का आयोजन किया। जिसमें अटल जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए और उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। वहीं लोगों ने अटल के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि अटल जी का जीवन भारत के नव निर्माण में समर्पित रहा। वह हमेशा हम सबके प्रेरणा स्त्रोत रहेंगे। उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर विकास, मोनू श्रीवास्तव, नीरज तिवारी, रामकरण निषाद, संदीप मिश्रा, संदीप सिंह, बृजमोहन, रामाश्रय लोधी, बच्चा शुक्ला, आशीष साहू, आशीष तिवारी, आकाश आदि मौजूद रहे।

### आजादी का अमृत महोत्सव को लेकर हुयी मैराथन



**फतेहपुर।** स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर मनाये जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव के क्रम में रिजर्व लाइन में आवासित परिवारों के बच्चों की मैराथन दौड़ करायी गयी। जिसको श्रीमती किरन सिंह पत्नी राजेश कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी जाफरगंज श्रीमती प्रगति यादव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिसमें क्रमशः प्रथम 05 बच्चें, साक्षी, शिवानी गौर, अंकित कुमार, अंश मिश्रा, सौरभ यादव रहे हैं। तत्पश्चात महिला आरक्षियों की मैराथन दौड़ करायी गयी। जिसको सीओ जाफरगंज द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिसमें क्रमशः प्रथम 05 महिला आरक्षी, स्वेता सिंह थाना हथगॉव, प्रीती वर्मा थाना थरियाव, सुषमा यादव थाना बिंदकी, स्नेहा सिंह थाना कोतवाली नगर, गुड़िया सिंह थाना खखरेरू रहीं। बच्चों व महिला आरक्षियों को शील्ड व नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

### मुद्रा लोन को लेकर उचित दर विक्रेताओं के साथ बैठक

**फतेहपुर।** मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुविधा केन्द्र (बेब) के संचालन हेतु मुद्रा लोन दिये जाने के सम्बन्ध में उचित दर विक्रेताओं के साथ बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि उचित दर विक्रेताओं को आर्थिक स्थिति को और सुदृढ़ करने के लिए निःशुल्क जन सुविधा केन्द्र दिया जाएगा। जिससे ऑनलाइन कार्य करके अपने आय का अर्जन कर सकते है, जिन उचित दर विक्रेताओं को जन सुविधा केन्द्र खोलने के लिए धन की आवश्यकता है वह मुद्रा ऋण योजनांतर्गत बैंक से संपर्क कर ऋण ले सकते हैं। अंत्योदय कार्ड धारकों को जिनका प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनांतर्गत गोल्डेन कार्ड नही बने है समन्वय करके गोल्डेन कार्ड बनवाये ताकि योजना का लाभ मिल सके। एलडीएम द्वारा उचित दर विक्रेताओं को मुद्रा लोन लेने के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी कि शिशु लोन 50 हजार रुपये तक किशोर लोन 05 लाख रुपये तक तथा तरूण लोन 05 लाख से अधिक तक दिया जा सकता है। जन सुविधा केन्द्र के जिला प्रबन्धक द्वारा जानकारी दी गयी कि सीएससी लेने हेतु आवश्यक दस्तावेज जिसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, कैन्सिल चेक या बैंक पासबुक की प्रमाणित छायाप्रति और एक पासपोर्ट साइज फोटो उपलब्ध करना होगा। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी अभय सिंह एलडीएम, सीएससी के जिला प्रबन्धक, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक तथा सम्बन्धित उचित दर विक्रेता उपस्थित रहें।

# स्व. लाला लालमणि की स्मृति में 100 रक्तदानियों ने किया रक्तदान

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**स्व. लाला** लालमणि की स्मृति में 100 रक्तदानियो ने किया रक्तदान 75 वे आजादी के अमृत महोत्सव पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व लाला लालमणि गुप्ता की स्मृति में छटवा रक्तदान शिविर का आयोजन स्वराज कुटीर निकट बस स्टैंड के निकट किया जाएगा जिसमे लगभग 100 सभ्रांत गणों ने रक्तदान में प्रतिभाग किया जिसमे युवाओं एमहिलाओंए छात्र व छात्रा ओ तथा एक पत्रकार ने भी अपना रक्तदान किया । उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सांसद मुकेश राजपूत ,मुख्य चिकित्साधिकारी अरबिंद्र कुमार आदि रक्त देने वालो का गहनता से निरीक्षण किया ।रक्तदान शिविर मे भारती सिंघल, ज्योति मिश्रा , सुनीता गुप्ता, प्रियंका तनेजा, छाया गुप्ता,नेहा गुप्ता, अक्षय गुप्ता, रिचा गुप्ता, माला गुप्ता, बिंदू गुप्ता, समित बाजपेई, अखिलेश शुक्ला, धीरू सारस्वत, आलोक मिश्रा, आलोक मिश्र, अवनीश राठौर, मयंक राठौर, राघव दत्त मिश्र, सचीन शुक्ला, सुजीत गुप्ता, सुजीति गुप्ता, सुजीत गुप्ता, धर्मेंद्र कनौजिया आदि लोगो ने रक्त दान किया। इस मौके पर श्री बिंदू गुप्ता, अध्यक्ष कपिल गुप्ता, श्याम सुंदर गुप्ता, मनोज बाजपेई, धर्मेंद्र कनौजिया आदि ने व्यवस्था संभाली। लोहिया अस्पताल की डा. प्रीति कनौजिया, कर्मचारी ग्रीस कुमार,पंकज कटियार, गौरव दुबे, कृष्णकांत दुबे, अमित दुबे आदि ने रक्तदान में अपना योगदान दिया।

# सभी स्थानों पर आन-बान-शान से फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात

**देश की** आजादी के 75 साल होने के उपलक्ष्य में सोमवार को अमृत महोत्सव के तहत भोगनीपुर तहसील क्षेत्र में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। शिक्षण संस्थाओं, सरकारी कार्यालयों के अलावा सभी घरों पर तिरंगा फहराया गया। लोगों एक दूसरे को मुबारकबाद दी और देश के लिए मर मिटने का संकल्प लिया।

कस्बा अमरौधा के श्री बृजबिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज और अंजुमन मदरसा जीनतुल इस्लाम से भव्य रैलियां निकाली गईं। जहां सदर मुहम्मद हाजी बच्छन और मैनेंजर यतीश चंद्र मिश्र एवं प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा ने संयुक्त रूप ध्वजारोहण किया। वहीं नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष प्रतिभा देवी गौतम एवं अधिसाशी अधिकारी पंकज सिंह, विकास खंड कार्यालय में अध्यक्ष प्रमिला कटियार एवं खंड विकास अधिकारी प्रशांत सिंह ने संयुक्त रूव से ध्वाजारोहण किया। वहीं कस्बा अमरौधा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बाल विकास परियोजना कार्यालय, साधन सहकारी समिति एवं पोस्ट ऑफिस में भी तिरंगा फहराया गया। शिक्षण संस्थानों में छात्र/छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम संपन्न होने से मिठाई बांटकर अतिथियों को विदा किया गया। वहीं छात्र/छात्राओं को मिष्ठान वितरण किया। नगर पालिका परिषद पुखरायां में अध्यक्ष सत्यप्रकाश संखवार एवं ईओ अजय कुमार ने तिरंगा फहराया। जबकि विवेकानंद राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में प्रबंधक डा. विवेक सचान एवं प्रधानाचार्य अमर सिंह सचान और रामस्वरूप ग्राम उद्योग इंटर कॉलेज में प्रबंधक शिव प्रकाश द्विवेदी एवं प्रधानाचार्य उमेश द्विवेदी ने तिरंगा फहराया। इस अवसर पर सभी शिक्षक, कर्मचारी भी मौजूद रहे। मूसानगर, शाहजहांपुर, बरौर, डीघ, नोनापुर समेत क्षेत्र के सभी शिक्षण संस्थाओं में धूमधाम से तिरंगा फहराया गया।

# अनुशासनबद्ध तिरंगा यात्रा से देश प्रेम से ओत प्रोत हुये लोग

## ● सीओ प्रभात कुमार व एसओ प्रवीण कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस बल की भव्य व दिव्य तिरॅगा यात्रा ने मन मोहा



थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव तिरॅगा झण्डा लिये रूरा पुलिस की तिरॅगा यात्रा का नेतृत्व करते हुये

**रूरा, कानपुर देहात।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मॅगलवार को रूरा पुलिस बल ने भी भव्य व दिव्य तिरॅगा यात्रा निकाली। तिरॅगा यात्रा भटौली के प्रतिष्ठित औद्योगिक सॅस्थान से प्रारम्भ होकर कस्बे के अन्दरूनी इलाकों से होते हुये नहर पुल पर समाप्त हुयी। तिरॅगा यात्रा का नेतृत्व डिप्टी एसपी प्रभात कुमार व रूरा एसएचओ प्रवीण कुमार यादव ने किया।

देशभक्ति के मॅद-मॅद स्वर में बजते गीतों के बीच अनुशासन के साथ रूरा थाना पुलिस बल ने कस्बे से सटे प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थान गोविन्द ग्रीन इन्फ्राटेक फूड्स लिमिटेड परिसर से डिप्टी एसपी प्रभात कुमार ने तिरॅगा यात्रा का रूरा एसएचओ प्रवीण कुमार यादव के साथ शुभारम्भ किया। तिरॅगा यात्रा मुख्य मार्ग के अतिरिक्त घनी मिश्रित आबादी के बीच से भी गुजरी जहॉ सभी धर्म के लोगों ने संकीर्णता से ऊपर उठकर रूरा थाना पुलिस की दिव्य तिरॅगा यात्रा का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया। तिरॅगा यात्रा का समापन नहर पुल पर किया गया। अनुशासन के साथ निकली भव्य व दिव्य विशाल तिरॅगा यात्रा ने सभी कस्बे व क्षेत्रीय वासियों का मन मोहा, इस दौरान भारी सॅख्या में पुलिस बल ने भटौली से लेकर रूरा नहर पुल तक करीब दो किलोमीटर से अधिक दूरी तक पैदल हाथों में तिरॅगा लेकर पैदल मार्च किया।

# विशाल भण्डारे में उमड़ी भीड़



बालाजी धाम में आयोजित विशाल भण्डारे में पूर्व जिला पॅचायत उपाध्यक्ष व भाजपा जिला महामंत्री भक्तों को प्रसाद प्रदान करते हुये

**रूरा, कानपुर देहात।** आस्था के प्रमुख केन्द्र बालाजीधाम मॅदिर धनीरामपुर में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बे सहित क्षेत्र के सभी प्रमुख राजनैतिक दलों की उपस्थिति रही।

बालाजी मॅदिर मॅदिर परिसर में सर्राफ व्यवसायी व सदर ब्लाक प्रमुख के पिता रविशशि द्विवेदी द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारे में प्रमुख रूप से पूर्व जिला पॅचायत उपाध्यक्ष व भाजपा जिला महामंत्री रामजी गुप्ता राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, किदवईनगर विधायक महेश त्रिवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान, जिला पॅचायत सदस्य बृजेन्द्र त्रिवेदी बउआ, संतोष त्रिपाठी, प्रधान विष्णुमोहन दीक्षित, पूर्व प्रधान पति शरद शुक्ला, रिंकू मिश्रा, रजोल शुक्ला, चन्द्रभान सिंह राजू भदौरिया, पूर्व चैयरमैन संदीप कश्यप रिंकू, आशीष मिश्रा बउआ, लाला अग्निहोत्री, देवेन्द्र द्विवेदी, कमलेश पाण्डेय, सॅजय द्विवेदी,बृजेन्द्र द्विवेदी, पॅकज शुक्ला,प्रमोद शुक्ला, रामबाबू शुक्ला, गिरजेश द्विवेदी सहित भारी सॅख्या में लोग मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक ने आयोजित किया भण्डारा

संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात



पूर्व विधायक के भतीजे महेन्द्रपाल भण्डारे में प्रसाद वितरित करते हुये

**लगातार तीन** बार विधायक व पूर्व मंत्री रामस्वरूप सिंह गौर के आवास पर अखण्ड रामचरित मानस के पाठ के विश्राम के अवसर पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया। इस दौरान भारी सॅख्या में लोगों ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान प्रमुख रूप से महेन्द्र पाल सिंह गौर बडे मुनुआ, देवप्रताप सिंह गौर छोटे मुनुआ, पॅकज सिंह गौर, चैयरमैन रमा देवी, पूर्व जिला पॅचाायत सदस्य व पूर्व सपा अकबरपुर रनियॉ प्रत्याशी नीरज सिंह गौर सहित अन्य लोग मौजूद रहे। पूर्व मंत्री तथा लगातार तीन बार विधायक रहे रामस्वरूप सिंह गौर के आवास पर अखण्ड रामायण का आयोजन किया जा रहा था। मॅगलवार को रामचरित मानस पाठ के विश्राम के अवसर पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें भारी सॅख्या में कस्बाई सहित क्षेत्रीय लोगों ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व अकबरपुर रनियॉ सपा प्रत्याशी नीरज सिंह गौर, नगर पॅचायत अध्यक्षा श्रीमती रमा देवी, मैथा ब्लाक प्रमुख अनुपमा सिंह गौर, शालू सिंह भदौरिया, उदयवीर सिंह जादौन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास व गरिमामयी ढंग से मनाया गया 76वां स्वतंत्रता दिवस

संवाददाता। अमेठी

**आजादी की** 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आज 76वां स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) जनपद में पूरे हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। इस दौरान जनपद में हर घर तिरंगा फहराया गया, साथ ही विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी, तिरंगा रैली सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज सभी सरकारी/अर्द्धसरकारी शासकीय कार्यालयों, शैक्षिक संस्थानों एवं स्कूल, कॉलेजों में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं देश के अमर शहीदों की शहादत को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आज 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यमंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश मयंकेश्वर शरण सिंह एवं जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया और उसके बाद राष्ट्रगान में सम्मिलित हुए। वही विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर ने ध्वजारोहण किया। इसके उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्यमंत्री, जिलाधिकारी व सीडीओ ने विभिन्न योजनाओं के 75 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जिसमें आवास आवंटन के 06 लाभार्थी, कुम्हारी कला हेतु 5, मत्स्य पालन पट्टा आवंटन के 24, कृषक दुर्घटना बीमा योजना के 19 तथा 21 लाभार्थियों को घरौनी का वितरण किया गया। इसके साथ ही माटी कला योजना अंतर्गत 16 लाभार्थियों को इलेक्ट्रिक चाक व प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। वही कार्यक्रम में कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 75 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। इस दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत ही गौरव की बात है कि आज हम सभी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं सभी को आजादी एवं स्वतंत्रता दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई। आज हम सभी को जिन महापुरुषों/अमर शहीदों की वजह से आजादी मिली है उसको हमें कभी भूलना नहीं चाहिए, देश के प्रधानमंत्री जी द्वारा 75 सप्ताह पहले ही अमृतकाल की घोषणा की गई सभी अपनी आजादी के महत्व को समझें द्ध प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुसार भारत को समृद्ध भारत, सफल भारत एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी की एक भारत श्रेष्ठ भारत की जो परिकल्पना है वह साकार हो रही है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम देश का सबसे बड़ा उत्सव आजादी मना रहे हैं इस अवसर पर हमें इस बात का संकल्प लेना चाहिए कि देश व समाज के हित में दी गई जिम्मेदारी व कार्य को ईमानदारी से करने का संकल्प लें और सभी इस राष्ट्रीय पर्व को पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाएं। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने राज्यमंत्री सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत राज्यमंत्री मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान संस्कृति विभाग द्वारा भेजे गए सांस्कृतिक दलों ने देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। वही आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र अमेठी द्वारा 75 मीटर लंबा भारतीय राष्ट्रीय ध्वज रैली निकाली गई, रैली का आयोजन हनुमान मंदिर गुन्नौर से शहीद स्मारक कादू नाला तक किया गया, रैली को मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही खेल विभाग द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में 5 किलोमीटर हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक आरके द्विवेदी, वरिष्ठ कोषाधिकारी आलोक राजवंशी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सचिन यादव, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, अपर जिला सूचना अधिकारी शिवदर्शन यादव, ब्लाक प्रमुख तिलोई प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए आशुतोष दुबे सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।


ध्वजारोहण करते हुए राज्यमंत्री


75 मीटर लंबे ध्वज के साथ रैली निकालते हुए


लाभार्थियों को चेक देते राज्यमंत्री

## धूमधाम के साथ मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

**मुसाफिरखाना,अमेठी** । क्षेत्र के सादीपुर स्थित जेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन इंस्टीट्यूट में आजादी का अमृत महोत्सव ब? हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह सर्वप्रथम बच्चों द्वारा स?क पर तिरंगा यात्रा निकाली गई तत्पचात इंस्टीट्यूट चेयरमैन धनवंत सिंह ने ध्वजा रोहण किया।इसके बाद माँ भारती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात हुई।बच्चों ने तेरी मिट्टी में मिल जावा,वो देश मेरे, जलवा जलवा जैसे देश भक्ति गांनो पर जमकर नृत्य किये।इसी क्रम में हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में विद्यालय टॉप किये छात्रा अनुपम व छात्र सचिन को प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने साईकिल व मेडल भेंट कर सम्मानित किया, अन्य टॉप टेन बच्चों को भी शील्ड देकर सम्मानित किया गया। प्रबन्धक अभिषेक प्रताप सिंह सभी का आभार प्रगट करते हुए कहा कि हमें अपने देश की आजादी,एकता और अखंडता की रक्षा के लिए कृत संकल्पित रहना चाहिए।क्योंकि यदि देश स्वतंत्र रहेगा तभी हम स्वतंत्र वातावरण में साँस ले पाएंगे।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।इस मौके पर डायरेक्टर जामवंती सिंह सत्यशरण सिंह दिग्विजय तिवारी नीरज सिंह धर्मेन्द्र यादव डॉ अभय प्रताप सिंह आशुतोष विक्रम सिंह अंकित सिंह शुभेन्द्र सिंह आशु एसपी सिंह विपुल दिलीप विवेक द्विवेदी हर्ष यादव राकेश यादव सतनाम हैदर रवि अरुण यादव हसन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कोटवा में हर्षोललास पूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**शिवगढ़,रायबरेली।** शिवगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोटवा स्थित कम्पोजिट विद्यालय कोटवा में ग्राम प्रधान ललिता यादव, प्रधान प्रतिनिधि अनिल यादव के नेतृत्व में हर्षोल्लास पूर्वक आजादी का अमृत महोत्सव एवं स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस की 76 वीं वर्षगांठ पर कम्पोजिट विद्यालय कोटवा में प्रधान ललिता यादव द्वारा ध्वजारोहण एवं मां सरस्वती की पूजा अर्चना से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों और अभिभावकों का मन मोह लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा, पूर्व सैनिक राजकिशोर बाजपेई,रणछोर शुक्ला,डा.दयाशंकर, प्रधान प्रतिनिधि अनिल यादव, विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अनिरुद्ध सिंह, सहायक अध्यापिका रोली, आर्य अमित, अनीता सोनकर, शैलेश, संदीप, शिक्षामित्र श्रीकांती एवं अभिभावक और छात्र छात्राएं मौजूद रहे। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के समापन के पश्चात प्रधान प्रतिनिधि अनिल यादव के नेतृत्व में भैसेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण से तिरंगा यात्रा निकाली गई जो कोटवा, नटई,खुशिहालगंज, बाबा का पुरवा, नियत कुंवर खेड़ा, बरजोर सिंह का पुरवा सहित गांवों का भ्रमण करते हुए ग्रामीणों में राष्ट्रभक्ति की अलख जगाई। दौरान तिरंगा यात्रा में शामिल प्रधान समर्थकों एवं ग्रामीणों में गजब का उत्साह दिखाई दे रहा था। तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों द्वारा लगाए जा रहे हैं वंदे मातरम एवं भारत माता के जयकारों से समूची कोटवा ग्राम पंचायत गूंज उठी। हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा से समूची ग्राम पंचायत का माहौल देशभक्ति मय हो गया। तिरंगा यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने वंदे मातरम एवं भारत माता के जयकारे लगाकर तिरंगा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया।

# अमृत सरोवर के निर्माण में पीली ईंटों व मानकविहीन मसाले का प्रयोग का आरोप


अमृत सरोवर कार्य में प्रयोग होने वाली पीली ईंट

संवाददाता। जामो, अमेठी

**अधिकारियों की** उदासीनता के चलते अमृत सरोवर में तकनीकी सहायक व ग्राम पंचायत अधिकारी के सहयोग से प्रधान लोग घोर अनियमितता कर रहे हैं ना तो मानक हिसाब से मसाले का प्रयोग कर रहे हैं और ना ही ईटों की गुणवत्ता का ध्यान रखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि योगी सरकार की मंशा जामो विकासखंड में दम तोड़ रही है । आरोप है कि किसी ग्राम सभा की सही शिकायत की गई तो भी 24 घंटे भी नहीं होता कि एडीओ पंचायत और तकनीकी सहायक व विकास खंड के जिम्मेदार लोग उस शिकायत का गला घोटते हुए इन लोगों के पक्ष में रिपोर्ट लगाकर जिले को भेज देते हैं। जिले के अधिकारियों को भी इन लोगों द्वारा गुमराह किया जाता है इसी तरह जिले के लोग भी यही क्रम अपनाते हुए इन्हीं के पक्ष में रिपोर्ट लगाकर मामले को रफा-दफा कर देते ह। मौके पर जाकर जांच करने की आवश्यकता भी नहीं महसूस करते हैं जिसकी वजह से क्षेत्र में मानक के हिसाब से काम नहीं हो रहा है, लोग अपने मनमाफिक काम करवा रहे हैं।

फिलहाल विकासखंड के ग्राम सभा को घोसियान में इसी तरह का मामला संज्ञान में आया है, वहां के बन रहे अमृत सरोवर तालाब में खुलेआम पीली ईंटों का प्रयोग जमकर किया जा रहा है। मसाले का भी प्रयोग मानक के अनुसार नहीं हो रहा है। इस संबंध में जब वहां के तकनीकी सहायक राघवेंद्र श्रीवास्तव से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि वहां पर जो ईट लगानी चाहिए उसका सैंपल मेरे पास है, अगर वही लगी है तो सब कुछ सही है नहीं लगी है तो जिम्मेदारी प्रधान की होगी। जबकि इनके पास रखा गया ईट का सैंपल मेरे द्वारा भी देखा गया और दोनों में काफी भिन्नता पाई गई। लेकिन सत्यता कुछ और ही है पूर्ण रूप से पीली ईंटों का प्रयोग खुलेआम हो रहा है चाहे कितनी सफाई से तकनीकी सहायक अपना पल्ला झाड़ रहे हैं यह भी अपने आप में कम हास्यास्पद नहीं है। लोगों का कहना है कि मानक के हिसाब से काम न होने पर सिर्फ प्रधान ही दोषी नहीं है उससे संबंधित ग्राम विकास अधिकारी और तकनीकी सहायक भी बराबर के जिम्मेदार हैं अब देखना यह है कि इस गंभीर मुद्दे पर जिले के जिम्मेदार आला अधिकारी क्या कुछ करते हैं ।

## बोले जिम्मेदार अधिकारी

जिले के परियोजना निदेशक एवं जामो विकासखंड के प्रभारी खंड विकास अधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है जांच के लिए ब्लॉक स्तरीय कार्य समिति को जांच के आदेश दे दिए गए हैं। दोषी पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी ।

# महावीर स्टडी स्टेट सीनियर सेकेंण्ड्री कॉलेज में बलराम का जन्मदिन हलषष्ठी के रूप में मनाया गया



संवाददाता। महराजगंज रायबरेली

**महावीर स्टडी** स्टेट सीनियर सेकेंण्ड्री कॉलेज में बलराम जी का जन्मदिन हलषष्ठी के रूप में मनाया गया बच्चों को प्रधानाचार्य कमल बाजपेई ने बताया कि बलदाऊ को हलधर के नाम से भी जानते हैं उनका शस्त्र हल था बलदाऊ कृष्ण के बड़े भाई थे उन्होंने कृष्ण के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनका साथ दिया वाल्मीकि रामायण के दृष्टांत को बताते हुए बताया कि वेदवती नाम की एक तपस्विनी थी जिसने विष्णु जी को प्राप्त करने हेतु तप किया बताते हैं रावण उधर से निकल रहा था वेदव्रती से अपने साथ चलने को कहा वेदवती ने प्रस्ताव अस्वीकार किया तो वह दुर्व्यवहार करने लगा तो वेदव्रती ने अपने को भस्म कर लिया तथा रावण को श्राप दिया कि मैं तुम्हारे यहां जन्म लूंगी तथा तेरी मृत्यु का कारण बनूंगी रावण मंदोदरी के कन्या हुई तो रावण ने श्राप के डर से कन्या को समुद्र में फेंक दिया समुद्र की देवी वारुणी ने कन्या को पृथ्वी से अपनी गोद में रखने को कहा जब जनकपुरी में भयंकर सूखा पड़ा तो वर्षा होने हेतु कहा गया कि जनक जी और सुनैना जी मिलकर हल से खेत में जुताई करें तो वर्षा होगी सोने का हल बनाया गया राजा जनक रानी सुनैना ने जुताई शुरू की तो हल एक जगह टकराया वहां पर घड़े से बच्ची की आवाज सुनाई दी राजा ने बच्चों को अपनी संतान के रूप में परवरिश की जिसका नाम सीता रखा रावण द्वारा हरण के पश्चात वही प्रकरण ही रावण की मृत्यु का कारण बना प्रधानाचार्य ने बताया कि माता के पुत्र की लंबी आयु तथा स्वास्थ्य की कामना है तो व्रत रखती हैं तथा जुताई से पैदा होने वाले अन्न को ग्रहण नहीं करती हैं, इस मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा

## न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में आजादी का महापर्व स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में देष की आजादी का महापर्व स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जश्ने-आजादी के मौके पर विद्यालय अध्यक्ष इन्द्रेष विक्रम सिंह जी के साथ विद्यालय प्रबन्धक डॉ. शषिकान्त शर्मा, प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, हेड-मिस्ट्रेस श्रीमती संध्या अग्रवाल ने तिरंगा फहराकर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा अभियान का असर विद्यालय के बच्चों में कुछ इस तरह देखने को मिला कि बच्चे अपने हाथों में तिरंगा लहराते-फहराते पूरे कार्यक्रम में झूमते नाचते दिखाई दिये। आजादी के इस महापर्व पर पूरा विद्यालय भवन तिरंगों से सजाया गया था। स्कूल की छात्रा सोनाक्षी सिंह को भारत-माता के जीवन्त रूप में देखकर जननी जन्मभूमिष्च स्वर्गादपि गारीयसी की भावना से ओतप्रोत मन मातृभूमि के प्रति नतमस्तक हो गया। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बच्चों ने भी अपने-अपने विचारों को व्यक्त करते हुए देशभक्तिपूर्ण गीत गाकर अपनी खुशी का इजहार किया। श्रीमती भावना श्रीवास्तव(गाइड कैप्टन) के कुशल निर्देशन में भारत स्काउट गाइड में विद्यालय की गाइड्स को राज्यपाल प्रदत्त प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम को आकर्षक रूप देने में सार्थक शुक्ला, पूनम श्रीवास्तव, सुप्रिया अवस्थी एवं सहयोगी साथियों का योगदान सराहनीय रहा। शिक्षिका श्रीमती अन्जू त्रिपाठी और साधना मिश्रा ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में से नितिन सिंह, मायाकान्त दीक्षित, प्रमांषु श्रीवास्तव, माधुरी शुक्ला, अमित सिंह, उमाशंकर पाठक, दीपांजलि सिंह, कविता शर्मा, अमिता द्विवेदी, दीपक गुप्ता, आदित्य मिश्रा सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में कंकाल पाये जाने से हड़कम्प

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**मलपुरा गांव** में एक कंकाल संदिग्ध परिस्थितियों में पाये जाने से हडकम्प मच गया। पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है। परिजनो ने युवक की शिनाख्त उसके कपडो से की है। जानकारी के अनुसार रोहित उर्फ भोंदल(22) पुत्र कल्लू निवासी धन्नीपुर बीती 23 जुलाई से गायब था। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका पता नही चला तो परिजनो ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी थी जिसके बाद पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली थी। मंगलवार को मलपुरा गांव के कुछ लोग जब नाले के पास बने बबूल के जंगलो में शौच के लिये गये थे तभी उन्हे वहां एक कंकाल दिखाई पड़ा। जिसकी सूचना चारो ओर फैल गई देखते ही देखते मौके पर लोगो की भारी भीड़ एकत्र हो गई और मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। जिसके बाद क्षेत्राधिकारी महिपाल पाठक व कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई के बाद कंकाल को पीएम के लिये भेज दिया। पुलिस ने मौके से कंकाल के पास पड़ी सल्फास की खाली शीशी व चप्पले भी बरामद की है। इसी बीच धन्नीपुर गांव लोग भी मौके पर पहुंचे और कपड़ो आदि से उसकी शिनाख्त रोहित के रूप में की। ग्रामीणो की माने तो युवक नशे तथा जुएं आदि का आदी था। वही कुछ लोग सही सलामत कपडो को देखकर हत्या कर कंकाल फेके जाने का भी अनुमान लगा रहे है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पीएम प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला है पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणो का पता लगाया जा सकता है।

## जहरीले कीड़े के काटने से एक महिला की मौत

**लालगंज रायबरेली।** जहरीला कीडा काटने से एक महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रायपुर मजरे एकौनी गांव निवासिनी जानकी देवी(55) पत्नी रामसनेही की अचनाक हालत खराब होने पर परिजन उसे आनन फानन सीएचसी लेकर गये जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनो के अनुसार महिला को किसी जहरीले कीडे ने काटा था।

## लूटे गये 10 लाख रुपये के साथ दो गिरफ्तार

**नसीराबाद,रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के कुशल नेतृत्व में थाना नसीराबाद पुलिस ने सफलता की नई इबारत लिख दी है। स्थानीय नगर पंचायत में स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम से पिछले 06 अगस्त को लूटे गए पूरे दस लाख रुपए सहित दो अभियुक्तों को थानाध्यक्ष नसीराबाद दयानंद तिवारी ने पुलिस टीम के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया है।मुखबिर खास की सूचना पर एटीएम से संबद्ध सीएमएस के कस्टोडियन वेद मिश्र पुत्र रमेश कुमार मिश्र, निवासी ग्राम पितांबरपुर मजरे मेजरगंज, थाना भदोखर, जनपद रायबरेली को 4,50,000 और पूर्व कस्टोडियन राहुल कुमार शुक्ला पुत्र सूर्य नारायण शुक्ला, निवासी ग्राम पूरे नेवाजी शुक्ला मजरे अजगरा, पोस्ट रानीगंज थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को ? 5,50,000 सहित जनपद प्रतापगढ़ की सीमा पर स्थित नसीरपुर पुलिया के पास से 15 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया। तीसरा अभियुक्त विमल कुमार दिवाकर पुत्र श्याम बाबू दिवाकर निवासी ग्राम करिया झाला, थाना मंगलपुर, जनपद कानपुर अभी फरार है जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस सक्रिय है!

# आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में धूमधाम से मनाया गया 76 वां स्वतंत्रता दिवस

संवाददाता। रायबरेली

**आधुनिक रेल** डिब्बा कारखाना में दिनांक 150-8-2022 को 76 वां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री एसण्एसण् कलसी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मुख्य कार्यक्रम आरेडिका स्थित सरस्वती प्रेक्षागृह प्रांगण में आयोजित किया गया।आरेडिका में हर घर तिरंगा अभियान के दौरान लगभग 2300 घरों एवं जन सेवा भवनों पर 13.15 अगस्त तिरंगा फहराया गया एवं जन सेवा भवनों को रंग.बिरंगे विद्युत प्रकाश द्वारा तिरंगे के रूप में सजाया गया एवं विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर राष्ट्र गौरव में सहभागिता की।महाप्रबन्धक महोदय ने आरेडिका के वर्ष 2022 की उपलब्धियों के बारे में बताया। रेलवे बोर्ड द्वारा आरेडिका को वित्तीय वर्ष 2022.23 में दिये गये लक्ष्य को पूर्ण करने की ओर अग्रसर है। आरेडिका द्वारा वंदे भारतए तेजस एवं मोजाम्बिक हेतु विभिन्न प्रकार के कोचों का उत्पादन किया जा रहा है।इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा परेड का प्रदर्शन किया गया जिसमें उण्प्रण् पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के कर्मचारी तथा स्काउट एवं गाइड के बच्चे भी शामिल हुए एवं आरेडिका सांस्कृतिक संगठन द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया जिसमें देशभक्ति गीत एवं नाटिका प्रस्तुत किए गये। इसके साथ.साथ आरेडिका के आवासीय परिसर स्थित ज्ञानदा बाल मंदिर में आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती हरविन्दर कलसी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।



## जिलाधिकारी की पत्नी ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को बांटे फल व मिठाई

**अमेठी।** आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आज 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की धर्मपत्नी श्रीमती आभा मिश्रा गौरीगंज के राजगढ़ में स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर ध्वजारोहण किया, तत्पश्चात वहां पर मौजूद वृद्धजनों को फल व मिठाई वितरित किया। इस दौरान उन्होंने वृद्ध आश्रम में मौजूद बुजुर्गों का हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम अपने बच्चों को कितने प्रेम और स्नेह के साथ पालते हैं फिर भी मां बाप के बूढ़े होने पर बच्चे उन्हें वृद्धा आश्रम में छोड़ आते हैं उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में यह बहुत ही विचारणीय विषय है। उन्होंने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि मां बाप के बूढ़े होने पर उनका ख्याल रखें, उन्हें भोजन, दवाई इत्यादि उपलब्ध कराएं तथा उन्हें अपने साथ रखें, किसी भी परिस्थिति में मां-बाप को अपने से दूर ना करें। इस अवसर पर उन्होंने वृद्ध आश्रम में मौजूद बुजुर्गों का माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित किया तथा उन्हें स्वस्थ रहने की शुभकामनाएं दी।

# बीएमपीएस लालगंज में आजादी के अमृत महोत्सव के रूप आयोजित किया गया स्वतंत्रता दिवस

**लालगंज रायबरेली।** क्षेत्र में आजादी का 75वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाया गया। सरकारी प्रतिष्ठानो से लेकर शिक्षण संस्थानो में झंडारोहण के बाद अनेक रंगारंग देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस दौरान प्रभात फेरियों का भी आयोजन किया गया। नगर की बहुप्रतिष्ठित शिक्षण-संस्था बीएमपीएस लालगंज में स्वतंत्रता दिवस को आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के रूप आयोजित किया गया, जिसमे बच्चों ने देशभक्ति व राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत रिमझिम बारिश के बीच मार्च पास्ट से हुई। ध्वजारोहण विद्यालय के प्रबंध-निदेशक सुनील सिंह व प्रधानाचार्य अभिषेक रंजन ने संयुक्त रूप से किया। विद्यालय की प्रतिभावान छात्रा आर्या सोनी, अर्पिता, सोनम, स्नेहा, अंकिता, अवंतिका, कृशिका, अंशिका, अनुष्का, जोया, प्रतीक्षा, अनन्या,आदि ने विभिन्न देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा-5 के छात्र विशोक ने अपने देश-भक्ति से ओत-प्रोत भाषण से सभी को रोमांचित कर दिया। कक्षा के.जी.के नन्हे-मुन्ने छात्रों दिव्यांबर ने चंद्रशेखर आजाद, प्रनतराय ने महात्मा गांधी, प्रीतिशासिंह ने रानी लक्ष्मी बाई, अथर्व त्रिपाठी ने पं.जवाहरलाल नेहरू, अस्तित्व ने सुभाष चंद्र बोस, आर्या ने भारत-माता, वेदांत सिंह ने भगतसिंह आदि की वेशभूषा में सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन बच्चों की साज-सज्जा में सीमा सिंह, स्मिता विश्वकर्मा, आकांक्षा आदि का विशेष योगदान रहा। प्रबंधक शान्तनु सिंह व प्रशासनिक अधिकारी सिद्धार्थ सिंह ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी छात्रों को देश हित के कार्यों में अपना यथोचित योगदान देने की अपील की और भारत-माता की जय के नारे के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। समापन पर बच्चों तथा सभी कर्मचारियों में मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संयोजन सीसीए इंचार्ज प्रीति श्रीवास्तव, शिवसागर, सुनिधिसिंह, सीमा सिंह, स्मिता विश्वकर्मा, ज्योति, सृष्टि, आकांक्षा आदि ने व सहयोग शैलेन्द्र तिवारी, बी.एन यादव, वैभव शुक्ला, सूर्यकांत, प्रदीप सिंह, विष्णु प्रताप सिंह, नीरज सिंह, श्रवण तिवारी, विकास सिंह तथा संचालन अध्यापक अतुल मिश्र ने किया। यह जानकारी विद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी यशबहादुर यादव ने दी।



# उत्साह के साथ मनाया गया स्वतन्त्रता दिवस व आजादी का अमृत महोत्सव

**● जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, सीएमओ सहित सरकारी, अर्द्धसरकारी कार्यालयों के अलावा नगर पालिका, नगर पंचायतो में ध्वजारोहण के बाद दिलायी गयी एकता व अखंडता की शपथ**

संवाददाता। संतकबीरनगर














**स्वतंत्रता** दिवस व आजादी का अमृत महोत्सव पूरे जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जनपद न्यायाधीश लक्ष्मीकान्त शुक्ल ने न्यायालय भवन पर ध्वजारोहण कर सलामी ली। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने जिलाधिकारी कार्यालय, पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार पुलिस लाईन में, सीडीओ विकास भवन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ कार्यालय सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों के अलावा सरकारी, अर्द्धसरकारी कार्यालयों के मुखिया ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया। इस अवसर पर भारत की एकता व अखण्डता पर शपथ दिलाई गई। कलेक्ट्रेट परिसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह ने वृक्षारोपण किया। नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा एवं ई0ओ0 खलीलाबाद सुरेश कुमार मौर्या ने कार्यालय परिसर में महापुरूषों के चित्र पर माल्यार्पण किया। नगर पंचायत अध्यक्षा श्रीमती संगीता वर्मा ने प्रभारी ई0ओ0 नवीन कुमार श्रीवास्तव सहित सभासदगणों के साथ ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने मगहर के स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव ने जिला पंचायत सदस्यों के साथ कार्यालय भवन पर ध्वजारोहण किये। राष्ट्रगान के बाद महापुरूषों के चित्र पर माल्यार्पण किये इस दौरान अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सहित कार्यालय कर्मी उपस्थित रहे। 15, अगस्त के अवसर पर सराहनीय कार्य करने वाले लोगो को जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव ने सम्मानित किया। 15 अगस्त की धूम सरकारी एवं अर्द्धसरकारी विद्यालयों में रहा। जनपद के प्रतिष्ठित विद्यालय सूर्या इण्टरनेशनल एकेडमी की प्रबन्ध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी ने माता चन्द्रावती देवी के साथ ध्वजारोहण कर सलामी दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव, जीपीएस के प्राचार्य सी0पी0 श्रीवास्तव, शुभी देवी के प्राचार्य चिन्तामणि सहित शिक्षक-शिक्षिकाए उपस्थित रहे। इस अवसर पर नन्हे-मुन्हे बच्चों ने सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## सभी पंचायतों को जीएसटी से जोड़ने के लिए 19 को होगा मेगा सेमिनार

**● डीएम की अध्यक्षता में आयोजित होगा, जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत, ग्राम पंचायतें, पालिका, नगर पंचायतें, टैक्स बार, ईंट भटटा, व्यपारी संगठन सहित अन्य होंगे शामिल,सहायक आयुक्त प्रशासन राज्यकर विकास द्विवेदी की ओर से की गई सभी से अपील**

संवाददाता। बस्ती

**सहायक** आयुक्त प्रषासन राज्यकर विकास द्विवेदी ने बताया कि षासन द्वारा वाणिज्य कर विभाग में जीएसटी पंजीयन के लाभ एवं योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं सभी छोटे-बड़े व्यापारियों को जीएसटी पंजीयन से आच्छादित करने के निर्देष दिए गएं है। बताया कि व्यापारियों को जीएसटी के पंजीयन से होने वाले लाभ की जानकारी देने एवं व्यापारियों की समस्याओं और उसके निराकरण के लिए आडिटोरिएम में 19 अगस्त को डीएम प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में मेगा सेमिनार का आयोजन किया गया है।

बताया कि इस सेमिनार में जिले के जिला पंचायत, सभी क्षेत्र पंचायतें और ग्राम पंचायतों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही नगरपालिका, नगर पंचायत गनेषपुर, हरैंया, बभनान, रुधौली, नगर बाजार, कप्तानगंज और मुंडेरवा नगर पंचायतों के ईओ को भी आमंत्रित किया गया है। इसके अतिरिक्त एक दर्जन संगठन के पदाधिकारियों को भी न्यौता भेजा गया है। इनमें भटटा समिति, उधोग व्यापार, आदर्ष व्यापार मंडल, बस्ती केमिस्ट एंड डगिस्ट, जय पूर्वांचल व्यापार मंडल, अखिल भारतीय उधोग व्यापार मंडल, अखिल एकता उधोग व्यापार मंडल, उधोग व्यापारी प्रतिनिधि मंडल, बस्ती पेटोलिएम एसोसिएषन, होटल एवं रेस्टारेंट, बस्ती पेंट एंड मार्बल और टेंट हाउस एसोसिएषन के पदाधिकारी भी षामिल रहेगें। डीपीआरओ को लिखा गया है, कि वह अपने स्त्र से सचिवों को सेमिनार में शामिल होने के लिए निर्देषित करे। सभी बीडीओ से भी सेमिनार में भाग लेने की अपील की गई है। सभी चार्टेड एकाउंटेट को भी पत्र लिखा गया है। बताया कि जीएसटी प्रणाली के तहत 'स्त्रोत पर कर कटौती' यानि टीडीएस विषय पर मेगा सेमिनार आयोजित किया गया है।

## एसपी सोनम कुमार को डीजी कार्यालय से मिला प्रशंसा चिन्ह व रजत

**संतकबीरनगर।** स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक ने जनपद संतकबीरनगर के पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के सराहनीय कार्य पर प्रशंसा चिन्ह एवं रजत प्रदान किया। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश देवेन्द्र सिंह चौहान, पुलिस सेवा में अपने संदेश में कहा है कि सराहनीय योगदान के लिए स्वतंत्रता दिवस 2022 के अवसर पर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सोनम कुमार को प्रशंसा चिन्ह (रजत) प्रदान किया है। जनपद संतकबीरनगर के पुलिस अधीक्षक जनपद में कार्यभार ग्रहण करने के बाद कई महत्वपूर्ण चुनौतियों को स्वीकार करते हुए कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखा। पुलिस अधीक्षक ने महत्वपूर्ण वीवीआईपी प्रोग्राम गत 5, जून को कबीर स्थली मगहर में राष्ट्रपति के कार्यक्रम को सम्पन्न कराया। प्रशंसा चिन्ह एवं रजत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं पुलिस के अधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार को बधाई दिया है।

## मंत्री संजय निषाद की उपस्थिति में बरई टोला में मनाया गया अमृत महोत्सव, ध्वजारोहण के बाद किया पौधरोपण

संवाददाता। संतकबीरनगर



कैबिनेट मंत्री का स्वागत करते नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा

"**आजादी** का अमृत महोत्सव" एवं "हर घर तिरंगा" सप्ताह कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री, मत्स्य पालन संजय निषाद ने जनपद के मोहल्ला बरई टोला स्थित अमृत सरोवर पर 76वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर राष्ट्र पिता महात्मा गॉधी एवं डा0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर सांसद प्रवीण निषाद, विधायक सदर अंकुरराज तिवारी, विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष भाजपा जगदम्बा लाल श्रीवास्तव, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा मंत्री को एवं पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा सांसद को बुके भेट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। उनके आगमन पर नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने कैबिनेट मंत्री को अंग वस्त्र प्रदान कर उनका स्वागत किया। इसी क्रम में अपर जिलाधिकार मनोज कुमार सिंह ने विधायक सदर एवं मुख्य चिकित्साधिकारी अनिरूद्ध कुमार सिंह ने विधायक मेंहदावल, मुख्य विकास अधिकारी अतुल कुमार मिश्र ने मंत्री एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सुरेश कुमार मौर्य ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को बुके भेट कर स्वागत किया। ध्वजारोहण कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "आजादी का अमृत महोत्सव" एवं "हर घर तिरंगा" जैसे गौरवशाली, देश भक्ति तथा विभिन्न वर्गो के लोगों में एकजुट रहने की भावना पैदा करने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से देशवासियों में देश एवं संस्कृति के प्रति प्रेम के संचार प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि देश में ऐसे कार्यक्रमों/अभियान की पहल की गयी। मंत्री, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को महानायक और युग पुरूष बताते हुए उन्हें समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में उत्थान की निरंतर चिंता रहती है।

## महिला पुलिस कर्मियों के साथ स्कूली बच्चों ने हाफमैराथन दौड़ में किया प्रतिभाग

**● एसपी ने किया पुरस्कृत**



**संतकबीरनगर।** स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत मंगलवार को महिला पुलिस कर्मियों हेतु 04 किमी0 मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। मैराथन थाना कोतवाली खलीलाबाद के गोला बाजार से प्रारम्भ होकर मोती तिराहा होते हुए एच0आर0 पी0जी0 कालेज पर समाप्त हुआ। मैराथन में पुलिस परिवार के 10-15 वर्ष के बच्चों के लिए 2.5 किमी0 का हाफ मैराथन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने शिरकत किया। इस आयोजन में क्षेत्राधिकारी यातायात श्रीमती दीपांशी राठौर, महिला थानाध्यक्ष सरोज शर्मा, उ0नि0 श्रीमती प्रतिभा सिंह सहित जनपद के समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रथम पांच महिला पुलिसकर्मियों व पुलिस परिवार के बच्चों को पुरस्कृत करते हुए सभी प्रतिभागियों को भविष्य में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनाएं दी गयी। मैराथन के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र, क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल अम्बरीष सिंह भदौरिया, क्षेत्राधिकारी लाइन्स राजीव कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे। प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाली महिला पुलिसकर्मियों का नाम माया कुमारी ( महिला थाना), जया मल्ल (महिला थाना), प्रिया राय (न्यायालय सुरक्षा), मीरा देवी (महिला प्रकोष्ठ), सुनीता गुप्ता (महिला थाना)। प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के नाम जैनुल आबदीन, प्रताप चौहान, राजकपूर, प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली बच्चिंयों के नाम कृत्ति सिंह, ज्योति गुप्ता, मुस्कान मौर्या शामिल रहे।

## कप्तानगंज में नकली प्रमुख नहीं फहरा पाए तिरंगा

**● बीडीओ ने झंडा रोहण करने से रोका, खुद फहराया झंडा, दोनों के बीच हुई नोंकझोंक**

**● कप्तानगंज के असली ब्लॉक मिथिलेश निषाद के स्थान पर उनके पति फहराने आए थे झंडा**

संवाददाता। बस्ती



झंडा फहराते कप्तानगंज के बीडीओ

**कप्तानगंज** ब्लॉक में स्वतन्त्रता दिवस के दिन के उस समय अजीब स्थित पैदा हो गई, जब झंडा रोहण करने गए नकली प्रमुख को बीडीओ ने झंडा फहराने से यह कहते हुए मना कर दिया, कि यह अधिकार आपके पत्नी ब्लॉक प्रमुख मिथिलेष निषाद का है। इसे लेकर कुछ समय तक बीडीओ और नकली ब्लॉक प्रमुख पति के बीच बाताकाही और नांकझोक भी हुई। मगर बीडीओ के अडिग रहने से नकली प्रमुख को मारे षर्म के बिना झंडा फहराए वापस लौटना पड़ा। दिन भर इसे लेकर चर्चा का विषय बना रहा। यहां के क्षेत्र के लोग बताते हैं, कि क्षेत्र पंचायत की बैठक में भी नकली प्रमुख के हस्क्षेप करने से कई बीडीसी उग्र हो गए थे, और अंत में कोई भी प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। बताया जाता है, कि नकली ब्लॉक प्रमुख झंडारोहण में भी अपना दबदबा कायम रखना चाहते थे। मगर यहां पर नकली की एक न चली और उन्हें अपमानित होना पड़ा। कप्तानगंज ब्लॉक में सोमवार की सुबह 8 बजे झंडारोहण को लेकर सभी ब्लॉक कर्मी और क्षेत्रीय लोग मौजूद थे। वहां पर झंडारोहण के समय कप्तानगंज के असली ब्लॉक प्रमुख की जगह नकली ब्लॉक प्रमुख पहुँच गये। यह देखकर बीडीओ ने खुद झंडारोहण कर दिया इससे नकली बीडीओ नाराज होकर ब्लॉक से चले गये। झंडारोहण को लेकर पूरे ब्लॉक में चर्चाओं का बाजार गर्म हैं।

## सीडीओ के निरीक्षण में फिर गैरहाजिर मिले 15 कर्मी

**बस्ती।** सीडीओ के निरीक्षण में बार-बार कर्मियों का थोक भाव में गैरहाजिर रहना चर्चा का विषय बना हुआ है। मंगलवार को जब सीडीओ डा. राजेष कुमार प्रजापति ने विकास भवन स्थित कार्यालयों का निरीक्षण किया तो पता चला कि सात विभागों के 15 कर्मचारी गायब रहे। जबकि निरीक्षण 10.15 बजे सुबह किया गया। कर्मचारियों के लेटलतीफी की वजह से कामकाज प्रभावित होता है। जो कर्मी नहीं मिले उनमें डीआरडीए के सहायक लेखाकार मुक्तिनाथ, जिला कार्यक्रम अधिकारी की वरिष्ठ सहायक ज्योत्सना द्विवेदी, पंचायती राज विभाग की कनिष्ठ लिपिक उषा देवी, श्रम कार्यालय के षैफली पाठक, जिला विकास कार्यालय के वरिष्ठ सहायक संजय श्रीवास्तव, षिव कुमारी, अनीस अहमद, संगीता देवी, पत्रवाहक मेराज अली एवं कमलेष, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास के अनुदेषक गुरुप्रसाद और आरईडी के वरिष्ठ सहायक दिनेष, विवेक, कनिष्ठ सहायक षिवांग एवं अभिनव षुक्ल का नाम षामिल है।

## जिला पंचायत सदस्यों के खेवनहार बने विधा मणि सिंह

**● भाजपा के युवा नेता को जिपं सदस्यों ने सौंपी अपनी बागडोर**

**● जिला पंचायत सदस्यों ने अपने अधिकारों और समस्याओं के लिए पहली बार बनाया जिला पंचायत संघ**

संवाददाता। बस्ती



विधा मणि सिंह

**जिला** पंचायत में पहली बार जिला पंचायत संघ का गठन हुआ है। जिला पंचायत के सदस्यों ने सर्वसम्मति से भाजपा के युवा, तेजतर्रार और बेबाकी से अपनी बातें रखने वाले 'विधा मणि सिंह' को संघ का कमान सौंपा है। इसके साथ ही देषराज यादव उपाध्यक्ष, खुर्षीद आलम महामंत्री, षंकर यादव, पवन पांडेय, अतीक अहमद को सचिव एवं गिल्लम चौधरी को कोषाध्यक्ष को चुना गया। सभी जिला पंचायत सदस्यों को कार्यकारिणी का सदस्य नामित किया गया। यह संगठन सालों से उपेक्षित हो रहे जिला पंचायत सदस्यों को न सिर्फ उनके अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ेगा बल्कि इन्हें इनका सम्मान भी वापस कराएगा। सदस्यों को विष्वास है, कि संगठन के अध्यक्ष की अगुवाई में उन्हें न सिर्फ जिला पंचायत बल्कि थानों, तहसीलों और अन्य विभागों में जाने पर सम्मान मिलेगा, उनकी बातें सुनी जाएंगी। आयोजित होने वाले सरकारी बैठकों में भी जिला पंचायत सदस्यों को आमंत्रित करने की लड़ाई लड़ने की बातें नवागत अध्यक्ष की ओर से कही गई। हालांकि इस तरह के संगठन की आवष्यकता जिला पंचायत सदस्य कई सालों से महसूस कर रहे थे। इस संगठन को बनाने में जो पहल जिला पंचायत सदस्य और अध्यक्ष के प्रबल दावेदार रहे प्रमोद कुमार चौधरी उर्फ गिल्लम चौधरी ने की जिसकी सराहना सदस्य कर रहे है। संगठन का गठन उस दावते वलिमा में हुआ जो गिल्लम चौधरी की ओर से जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी के एक साल पूरा होने के उपलब्ध में रविवार को आयोजित किया गया। हालांकि सदस्य इस तरह के दावते वलिमा की उम्मीद अध्यक्ष की ओर से कर रहे थे। बहरहाल, वर्तमान अध्यक्ष दावते वलिमा में पहुंचे अवष्य मगर लगभग 11 बजे, तब तक अधिकांष सदस्य वापस घर जा चुके थे। अचानक देर रात्रि को बिना बुलाए पहुंचना चर्चा का विषय बना हुआ है।

## केवीके में हुआ प्रगतिशील किसान सम्मान समारोह

**● डीएम ने किया 112 किसानों को सम्मनित**

संवाददाता। बस्ती





**आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त के शुभ अवसर पर प्रगतिशील किसान सम्मान समारोह का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, बंजरिया में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय चौधरी, अध्यक्ष जिला पंचायत एवं विशिष्ट अतिथि डीएम प्रियंका निरंजन रहीं। अध्यक्ष ने कहा कि पूरा देश आजादी का 75वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है, जिसको अमृत महोत्सव के रूप मे मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार किसानों की हितैषी है और किसानो के हित में निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। डीएम प्रियंका निरंजन ने कहा कि अमृत महोत्सव के अवसर पर पूरा देश हर्ष एवं उल्लास में डूबा है और उसी का परिणाम है कि आज 112 किसान कृषि विज्ञान केन्द्र पर सम्मानित किये जा रहे हैं। कहा कि खेती में विविधीकरण अपनाना होगा तभी आर्थिक उन्नति होगी। उप कृषि निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि आजादी के पर्व पर मैं पूरे जनपद के कृषकों को खेती की नवीनतम तकनीकी अपनाने की सलाह देता हूं। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. डीके श्रीवास्तव ने आये हुये अतिथियों एवं किसानों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी मनीष सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी राज मंगल चौधरी, एस.डी.ओ. सदर, वैज्ञानिक डा. प्रेम शंकर, डा. अंजली वर्मा, डा. हरिओम मिश्र, निखिल सिंह, प्रहलाद सिंह, बनारसी सिंह, स.रेशम निदेशक, जिला गन्ना अधिकारी मंजू सिंह सहित जनपद के 120 कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कृषि वैज्ञानिक डा. वी.वी. सिंह ने किया। इस अवसर पर परमानन्द सिंह, राजेन्द्र सिंह, दिनेश कुमार वर्मा, इन्द्रमोहन सिंह अन्य उपस्थित रहे।

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर अमहट घाट पर नगर पालिका परिषद बस्ती द्वारा पार्क का सुंदरीकरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, मंडलायुक्त गोविंद राजू एनएस, आईजी आरके भारद्वाज, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, एडीएम अभय कुमार मिश्र, एसडीएम सदर शैलेश दुबे द्वारा वृक्षारोपण किया गया। स्वतंत्रता दिवस पर डीएम ने बस्ती विकास प्राधिकरण कार्यालय में आनलाइन नक्शा कैम्प का सुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति, जो अपना मकान या प्रतिष्ठान निर्माण करवाना चाहता है, का नक्शा बनवाकर जनसेवा केन्द्र के माध्यम से या स्वयं आनलाइन आवेदन कर सकता है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों में नियमावली का वितरण भी किया। इस अवसर पर बीडीए सचिव गुलाब चन्द्रा भी उपस्थित रहे।

# आजादी के अमृत महोत्सव पर डीएम ने कलेक्ट्रेट में किया ध्वजारोहण

संवाददाता। उरई (जालौन)

**75 वें** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने कैंप व कलेक्ट्रेट कार्यालय में ध्वजारोहण किया जनपद में स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाई गई तत्पश्चात वृक्षारोपण किया। स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रातः 8 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने राष्ट्रीय झंडा फहराकर सलामी दी और देश को आजादी हासिल कराने में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महापुरुषों तथा अमर शहीदों को श्रद्धा पूर्वक नमन किया तथा आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत देश के 75 वर्ष पूर्ण हुए हैं आजादी की लड़ाई में तमाम ज्ञात अज्ञात अमर शहीदों ने अपना सर्वत्र न्योछावर किया है मैं

### ● हमारा देश विश्व में एकता व अखंडता की मिसाल

उन्हें नमन करती हूं उनके कारण ही आज हम आजादी का 75 वां वर्ष मना रहे हैं। उन्होंने हिंदुस्तान को विविधताओं वाला देश बताते हुए कहा कि विभिन्न धर्म, जाति, वर्ग, बोली, वेशभूषा आदि के बावजूद हमारा देश एकता अखंडता की मिसाल है। उन्होंने कहा कि हमें मधुर वाणी का प्रयोग करना चाहिए किसी को जानबूझकर अपमानित नहीं करना चाहिए उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए सकारात्मक सोच रखेंगे तो सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमें समय के साथ-साथ अपनी सोच को बदलना होगा तथा हमको अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से करना होगा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पूनम



कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण करती जिलाधिकारी चांदनी सिंह — पायनियर

निगम ने लोगों से देशहित और जनहित में काम करने के लिए अपील करते हुए कहा कि जिस पद पर आप सभी आशीन है उसकी गरिमा को बनाए रखने के साथ-साथ पूरी ईमानदारी तथा निष्ठा से काम करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र धर्मनिरपेक्षता समानता और समाज के उपेक्षित शोषित कमजोर वर्ग के लोगों को समाज की मुख्यधारा में लाने का कार्य करना है। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव अपर जिलाधिकारी न्यायिक मोतीलाल नगर मजिस्ट्रेट कुंवर वीरेंद्र मौर्य ने 75 वीं वर्षगांठ के मौके पर जनपद वासियों को बधाई दी और अपने आने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सना अख्तर मंसूरी, वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी, कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### देश प्रेम के नारों के बीच प्रधानाचार्य ने फहराया तिरंगा

**उरई।** आजादी के अमृत महोत्सव अवसर पर राजकीय मेडिकल कालेज उरई के शैक्षणिक भवन के सामने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में समस्त विभागाध्यक्ष, चिकित्सा शिक्षक, चिकित्सक, नर्सिंग संवर्ग, पैरामेडिकल स्टाफ मिनिस्टीरियल स्टाफ एवं अध्ययरत छात्र एवं छात्राओं की उपस्थिति में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम संस्था में कार्यरत उप्र पूर्व सैनिक कल्याण निगम के सुरक्षा कर्मियों द्वारा परेड सलामी दी गयी जिसके उपरान्त प्रधानाचार्य डा. द्विजेन्द्र नाथ के द्वारा तिरंगा झण्डा फहराया गया। सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा राष्ट्रगान गाते हुए पूरे उत्साह और जोश के साथ देश प्रेम के नारे लगाये गये। तदोपरान्त क्रमशः प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के द्वारा अमर शहीदों महात्मा गांधी, शहीद भगत सिंह एवं झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के छायाचित्रों पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान डा. आरएन कुशवाहा उप प्रधानाचार्य, डा. जीएस चौधरी (मुख्य चिकित्सा अधीक्षक), आबिद अली अंसारी (वित्त नियंत्रक), डा. शैलेन्द्र प्रताप सिंह (अध्यक्ष, आजादी का अमृत महोत्सव आयोजन समिति, सहायक आचार्य, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग), डा. प्रशांत निरंजन (चिकित्सा अधीक्षक), डा. सुनित सचान, डा. शिव कुमार राठौर, डा. चरक सांगवान, डा. जीतम राजपूत, डा. वीरेन्द्र गुप्ता, डा. संतोष कुमार, डा. रवीन्द्र कुमार, डा. जितेन्द्र मिश्रा, डा. शिव कुमार (सीनियर रेजीडेन्ट), डा. रूबी गुप्ता (जूनियर रेजीडेन्ट) सहित समस्त सीनियर रेजीडेन्ट, जूनियर रेजीडेन्ट, नर्सिंग स्टाफ से सुश्री सुमन दुबे कार्यवाहक मैट्रन, सुश्री सरोज शर्मा, सुश्री रंजना कुशवाहा, सुश्री शालिनी शुक्ला सहित समस्त नर्सिंग स्टाफ मिनिस्टीरियल स्टाफ से अभिषेक दीक्षित स्टेनो, अमित गुप्ता (वरिष्ठ सहायक), कैलाश चन्द्र (क्लर्क) सहित समस्त कार्यालय कार्मिक, सहित वार्ड ब्वाय, वार्ड आया, सफाई कर्मचारी इत्यादि सदस्य उपस्थित रहे।

### बम्हौरी कलां में हर घर नल योजना की शुरुआत

**उरई।** आजादी के 75 वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर जल उत्सव ग्राम बम्हौरी कलां में तिरंगा यात्रा निकालकर जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा व जिलाधिकारी चांदनी सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव ने शुभारंभ किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मनाए जा रहे हर घर जल उत्सव की सराहना करते हुए कहा कि राज्य व केंद्र सरकार द्वारा जो संकल्प लिया गया व पूर्ण भी किया गया इसके अतिरिक्त भी अन्य विकास हित में कार्य भी कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में बुंदेलखंड को पानी के लिए कोई भी प्रबंध नहीं किए गए थे। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव ने बताया कि गांव में शत प्रतिशत 372 परिवारों को कनेक्शन पेयजल आपूर्ति हेतु करा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हर घर नल हर घर जल के लिए सभी परिवारों के कनेक्शन हो चुके हैं अब सभी को शुद्ध पानी उपलब्ध हो रहा है।

### ग्रामीणांचल में धूमधाम से मनाया गया देश की आजादी का पर्व

**उरई।** आजादी के अमृत महोत्सव का पर्व शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीणांचल में बड़े ही उत्साह व धूमधाम से मनाया गया। गांव की गलियों में तिरंगा यात्राएं निकाली गयी तो वहीं परिषदीय विद्यालयों में ग्राम प्रधानों ने देश की आजादी का पर्व बच्चों के बीच मनाया। ग्राम पंचायत नूनसाई में ग्राम प्रधान पूजा देवी ने झंडारोहण किया। इसके पूर्व प्रधान प्रतिनिधि विष्णुपाल सिंह, रोजगार सेवक बृजेश प्रताप सिंह, एसआई जगत नारायण यादव, सिपाही वैभव दुबे, सचिन सिंह, पूर्व प्रधान शैलेंद्र प्रताप सिंह, वीरेंद्र सिंह, राजकुमार सिंह, वीरदास, बिहारी लाल, सत्येंद्र सिंह, राजपाल सिंह, आचार्य आलोक, नरेशपाल सिंह, करन सिंह, आयुष जादौन, अजयपाल सिंह जादौन, महेश पाल सिंह, बबलू पाठक, आदर्श निरंजन, उमा कुशवाहा, नीरज दुबे, रोहिणी सिंह परिहार, प्रगति मिश्रा, शिक्षामित्र गीता, आशीष तिवारी, मुनींद्र सिंह जादौन सहित अनेकों ग्रामीणों ने गांव की गलियों में तिरंगा यात्रा निकाली।

## कीरतपुर अमृत सरोवर में धूमधाम से मनाया गया 76वां स्वतंत्रता दिवस

संवाददाता। कालपी (जालौन)

**76वां** आजादी का अमृत महोत्सव बड़े धूमधाम से विकास खण्ड महेवा की ग्राम पंचायत कीरतपुर के अमृत सरोवर में मनाया गया जिसमें कम्पोजिट विद्यालय कीरतपुर के छात्रों ने जो नृत्य व गायन एवं नाटक प्रस्तुत किये वह मनमोहक साबित हुये एवं तालियों के साथ नगद पुरुस्कार भी प्राप्त किये कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कम्पोजिट विद्यालय के शिक्षकों को धन्यवाद दिया जिन्होंने बहुत कम समय मे उक्त कार्यक्रम की तैयारी की अमृत सरोवर पर ग्राम कीरतपुर निवासी सबसे बुजुर्ग रामचरण अहिरवार द्वारा झंडा रोहण किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान पवनदीप निषाद ने कहा की पूरे देश में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 75वां पूर्ण होने पर 76वां स्वातंत्रता दिवस को आजादी का अमृत महोत्सव के रुप में मनाया जा रहा है उसी परिप्रेक्ष्य में ग्राम पंचायत कीरतपुर में अमृत सरोवर तालाब में गांव के ही सबसे बुजुर्ग रामचरण अहिरवार के हाथों से झंडा रोहण कराया गया व उनका सम्मान भी ग्राम पंचायत द्वारा किया गया उपस्थित सचिव दिलीप कुमार निरंजन ने अमृत सरोवर के बारे में विस्तार से बताते हुये कहा कि इस अमृत सरोवर में कई कार्य होना बाकी है जल्द प्रारम्भ होंगे कम्पोजिट विद्यालय कीरतपुर के छात्रों ने अपनी कलाओं का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का दिल जीतने का कार्य किया। इसी प्रकार ग्राम प्रधान पवनदीप निषाद द्वारा कम्पोजिट विद्यालय शेखपुर बुल्दा एवं कम्पोजिट विद्यालय कीरतपुर व ग्राम सचिवालय में संबंधित स्टाफके साथ झंडा रोहण किया।

## हाथ में तिरंगा लेकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

### ● जगह जगह रैलियां आयोजित कर दिया एकता संदेश

**हमीरपुर-मौदहा-कुरारा-राठ।** आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाया गया,सम्पूर्ण जिला तिरंगामय हो गया। इस मौके पर जिलाधिकारी चंद्रभूषण ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को फल,शाल,मिष्ठान वितरण किया और उनसे आशीर्वाद लिया। जिलाधिकारी ने सदर अस्पताल पहुचकर मरीजों को फल वितरण किया। मौदहा में स्वतंत्रता दिवस के दिन कस्बे की गल्ला मंडी से यही के समाजसेवी रजा मोहम्मद उर्फ श्रीनाथ के नेतृत्व में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें दर्जनों की तादाद में घोड़े, डीजे तथा तमाम स्वतंत्रता सेनानियों की फोटो लगाए हुए ई-रिक्शा तिरंगा यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। इसमें हजारों की तादाद में बाइक



मौदहा में बाइक रैली का दृश्य — पायनियर

सवार अपने अपने हाथों में तिरंगा लहराते हुए और झंडा गीत गाते हुए जोश बढ़ा रहे थे। तथा इस जुलूस में शामिल बुलडोजर और उसमें लहरा रहा तिरंगा आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। इस भव्य तिरंगा यात्रा निकालने में भीम आर्मी के जिला संयोजक संदीप बाल्मीकि तथा चांद वाघमारे तथा रंफीकुद्दीन पिंटू ने भी अहम भूमिका अदा की। यह जुलूस कस्बे की गल्ला मंडी से निकलकर अपने तय मार्ग से होते हुए सीधे अंबेडकर पार्क पहुंचा जहां पर संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत गाने जुलूस में शामिल लोगों का उत्साहवर्धन कर रहे थे। आजादी के अमृत महोत्सव पर नगर पालिका परिषद ने अमृत सरोवर मीरा तालाब में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें उपजिलाधिकारी ने पहुँच दोनो टीमों को हाथ मिलाकर प्रतियोगिता सम्पन्न कराई।नगर पालिका अध्यक्ष ने प्रथम, द्वितीय स्थान पाने वाली टीमों को सम्मानित किया। स्वतंत्रता दिवस के आजादी अमृत महोत्सव पर नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के मीरा अमृत सरोवर के ईदगाह मैदान में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नगर पालिका के कार्यालय कर्मचारी व सफाई कर्मचारी की टीम ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उपजिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने दोनो टीम से परिचय प्राप्त कर हाथ मिलाकर आयोजन की शुरुवात की, जिसमें कार्यालय कर्मचारी टीम के कप्तान जमाल खान व सफाई कर्मचारी टीम के कप्तान नदीमुद्दीन उर्फ जबीर ने अपनी अपनी टीमों को जिताने के लिए भरसक प्रयास किये और टीम का हौसला बढ़ाते रहे। इस खेल प्रतियोगिता के दौरान भाजपा के नगर मण्डल अध्यक्ष अरविन्द शर्मा, नगर पालिका के अवर अभियंता तोताराम, सुनील सिंह चौहान सहित सभासद बाबू राना, आशु, धनीराम, मन्ना,आदि सहित नगर पालिका स्टाफऔर सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे।

## हरिशंकरी का पौध रोप कर जगदगुरू रामभद्राचार्य ने अधिकारियों को दिलाया निष्ठा से कार्य करने का संकल्प

संवाददाता। चित्रकूट

**आजादी** के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता के 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर गणेश बाग में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि रहे पदम विभूषण से सम्मानित जगदगुरू स्वामी रामभद्राचार्य के द्वारा हरिशंकरी का पौधा रोपण किया गया। प्रांगण में बृहद स्तंभ पर स्थापित झंडा का रोहण भी किया।

इसके बाद जगदगुरू ने कहा कि चित्रकूट की ऐतिहासिक स्थल गणेश बाग के पावन परिसर में आजादी के अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अमृत का आशय हमारी भारतीय परंपरा में कुछ बिंदुओं के महत्व का है। उन्होंने कहा 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती, 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती ,75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव, एवं 100 वर्षों की हीरक जयंती कही जाती है। उन्होंने कहा कि स्वर्ण जयंती की 75 वीं वर्षगांठ हैं इसलिए अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कल हम लोग एक विभाजन विभीषिका के रूप में मनाए। उन्होंने कहा कि पूर्व के राजनेताओं की दूरदर्शिता ने देश को बांट दिया। आज 70 प्रतिशत हमें मिले और 30 प्रतिशत पाकिस्तान में चला गया ।कश्मीर को पूरे भारत में विलय करने के लिए हरि सिंह ने हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने यह भी बताया कि 30 प्रतिशत पाक हमें मिल जाए तो अखंड भारत हो जाएंगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता बहुत दिनों के बाद मिली स्वतंत्रता में बहुत लोगों ने बलिदान दिए एवं लाखों लोगों ने फांसी पर चढ़े ।यातना देकर कारागृह मार डालते थे । उन्होंने कहा कि आज मेरी एक अपेक्षा है जिसको जो काम मिला है वे अपने निष्ठा से पूरा करें यही भगवान की कामना है एवं मन से कार्य करें। उन्होंने सुभाष चंद्र बोस के चंद्र लाइनों को दोहराते हुए कहा कि 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' लेकिन मैं कह रहा हूं कि 'तुम मुझे निष्ठा दो मैं तुम्हें प्रतिष्ठा देंगे'। उन्होंने फिर दोहराते हुए कहा कि अपना अपना कार्य निष्ठा के साथ करें ।उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में अयोध्या छितीज पर आ गया है उसी तरह चित्रकूट भी हो जाए। उन्होंने कहा सारे तीर्थ का विकास हो चुका है चित्रकूट का नहीं क्योंकि यहां के लोग नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि आज हम प्रण लेते हैं कि इसका भी विकास किया जाए। आचार्य जी ने ब्रेल लिपि में लिखी प्रति का उद्घाटन किए तथा चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों को प्रमाण पत्र वितरण भी किए। वहीं जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आचार्य जी को स्मृति चिन्ह भेंट किये।

## दहेज हत्या में पति को आठ व सास ससुर को सात सात साल की सजा

**हमीरपुर।** दहेज हत्या के मामले में दोषी पति व सास ससुर को अदालत ने सजा सुनाई है। अदालत ने जहां पति को आठ वर्ष व सास ससुर को सात-सात वर्ष के कारावास के अलावा जुर्माना सुनाया है। तीनों को जुर्माने की 29 हजार रुपये धनराशि के अलावा 50 हजार रुपये पीड़ित को देने के आदेश दिए हैं। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंद्रप्रकाश गोस्वामी व राजेश तिवारी ने बताया कि महोबा जनपद के खन्ना थानांतर्गत ग्योड़ी गांव निवासी रामगोपाल शिवहरे ने अपनी बेटी माया की शादी सात मई 2015 को कुरारा क्षेत्र के कुसमरा गांव निवासी पंकज शिवहरे के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज में तीन लाख रुपये नकद व बाइक की अतिरिक्त मांग करने लगे। वहीं 16 जून 2017 को पंकज ने रामगोपाल को फोन कर बताया कि उनकी बेटी की हत्या कर दी है। शव रखा है देख जाओ।

## कृषक दुर्घटना बीमा एवं किसान सम्मान निधि की डीएम ने की प्रगति समीक्षा

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में कृषक दुर्घटना बीमा एवं किसान सम्मान निधि के संबंध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि कृषक दुर्घटना बीमा के कुल सभी तहसीलों में 105 आवेदन पत्र हैं जिसमें मऊ तहसील के आवेदन पत्रों पर कमी है वहां पर बटाईदार की पत्रावली काफी प्राप्त हुई है। इस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मऊ तथा तहसीलदार से कहा कि आप लोग मौके पर जांच करके रिपोर्ट तैयार करा कर प्रस्तुत करें । जांच के दौरान खेत के अगल बगल के खेत मालिक के भी बयान दर्ज किए जाएं कि इस खेत का बटाईदार यही था। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि इस तरह के प्रकरण पर सक्षम अधिकारी को मौके पर भेजकर जांच कराकर आख्या सहित पत्रावली प्रस्तुत करें । इसके लिए लेखपाल तथा कानूनगो को भी निर्देश दें जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी से कहा कि इस तरह के जो आवेदन पत्र हैं उन्हें संबंधित तहसीलों को भेज करके फिर से जांच कराया जाए। उन्होंने कहा कि सर्पदंश या अन्य जहरीले कीड़े काटने से किसी की मृत्यु होती है तो उसमें पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा संबंधित चिकित्सक का प्रमाण पत्र अवश्य लिया जाए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों से कहा कि किसान सम्मान निधि में भूलेख अंकन के कार्य की प्रगति ठीक नहीं है इस पर प्रगति कराएं। उपनिदेशक कृषि से कहा कि जिन गांव की सूची अभी तहसीलों को देने के लिए शेष है उसे तत्काल उपलब्ध कराएं उप जिलाधिकारी तथा तहसीलदार जो किसान बाहर है और भूलेख में नाम है तो उसे दर्ज करें लेकिन पोर्टल पर फीड न कराएं।

## बुलडोजर पर तिरंगा यात्रा निकाल शानू गुप्ता ने जनमानस को दिया मोदी-योगी का संदेश

### ● महंत मदन गोपाल दास महाराज ने किया यात्रा का शुभारंभ

**चित्रकूट।** स्वतंत्रता दिवस पर आजादी का 75 वाँ अमृत महोत्सव बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।भाजपा नेता व राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता के नेतृत्व में एक किलोमीटर की तिरंगा यात्रा निकाली गई । जिसका शुभारंभ कामदानाथ प्रमुख द्वार के महंत मदनगोपाल दास जी महाराज ने किया। नगर के व्यापारियों ने बहुत ही हर्षोल्लास के साथ तिरंगा यात्रा निकाली भारत माता की जय वंदेमातरम जय श्री राम के नारों के साथ हजारों व्यापारियों युवाओं ने बैंड बाजे के साथ बाईक, ईरिक्शा,चार पहिया वाहन, बुलडोजर के साथ नगर भ्रमण किया। समाजसेवी शानू गुप्ता ने कहा कि आज तक के इतिहास में क्रांतिकारियों के बाद जो मोदी जी ने भारत की शान को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ किया है वह ऐतिहासिक और साहसिक है जो अनन्त काल तक याद किया जाएगा । आज हिन्दुओ के साथ हर धर्म वर्ग एकजुटता के मार्ग पर चल पड़े हैं। शानू गुप्ता ने कहा मोदी जी का हर घर तिरंगा अभियान कलयुग का सबसे प्रभावी कदम हैं, जिसको हमेशा लोग याद रखेंगे । इस मौके पर व्यापारी नेता सुनील हड्डू गुप्ता, विनोद केसरवानी, शेशू जयसवाल, रामप्रकाश केसरवानी,सुनील जायसवाल, शिवशंकर गुप्ता, विनोद आर्य, महेश केसरवानी, ज्ञान केसरवानी, विष्णु गुप्ता, अनुज अग्रहरि, रविराज अग्रहरि, विष्णु केसरवानी,कमलेश साहू,दसरथ केसरवानी, शिवम, शुभम, कुमार, राजू, विवेक गुप्ता, तन्नू अग्रहरि, शुशील पाण्डेय, अनिल कुमार, सुनील निषाद,रामसनेही निषाद, अमित गुप्ता ,रामप्रकाश चौरसिया, रूपेश निगम, विवेक पाठक, श्री नारायण, मुक्कू, अनिल कुमार, राजाराम आदि हजारों व्यापारी समिलित रहें ।

## अन्ना जानवरों के सड़क पर घूमते मिलने पर जिम्मेदारों के विरुद्ध होगी कार्रवाई: डीएम

### ● बैठक में डीएम अभिषेक आनंद ने अधिकारियों को दिये कड़े निर्देश



संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में निराश्रित गोवंश के संरक्षण तथा भरण पोषण आदि की पाक्षिक समीक्षा बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि गौशालाओं में छाया, भूसा, पानी की व्यवस्थाएं समुचित होनी चाहिए जहां पर सैड टूट गए हैं या नहीं है वहां पर त्रिपाल लगाएं। उन्होंने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि इसकी मानिटरिंग करें एवं सत्यापित भी कराएं। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्गों पर पशु नहीं दिखने नहीं चाहिए पशुओं को गौशालाओं में संरक्षण रखें। सुबह चरवाहों के साथ गायों को छोड़ा जाए एवं शाम को गौशाला में ही संरक्षण रखा जाए खुला न छोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि जिन गांवों पशु छोड़ दिए जाते हैं उनको चिन्हित कर प्रशासन के साथ जाए तथा जुर्माना भी लगाएं। खंड विकास अधिकारी कर्वी को निर्देशित किए कि जिस गांव से शहर में पशु आ रहे हैं तो उसी गांव में भिजवाए ।बाहरी पशु आते हैं तो उन्हें ग्राम प्रधानों के साथ मिलकर समाधान निकालें । उन्होंने कहा किस शहर में जो पशु घूमते हैं इनका निस्तारण जल्द से जल्द कराएं ।जिलाधिकारी ने कहा कि जिला अस्पताल के पास जो पशु शाम को रहते हैं वे वहां पर नहीं रहना चाहिए। शाम को गांव पशुओं को गौशाला के अंदर कराएं। उन्होंने कहा कि जनपद में वृहद गौशाला निर्माण के लिए जमीन चिन्हित करें ।गौशाला के आस-पास ही नेपियर घास भी लगाए जाएगा जिससे कि भूसा पर निर्भरता कम होगी ।उन्होंने कहा कि नगर पालिकाओं के आसपास जमीन देख ले जिससे कि अतिरिक्त गोवंश उसमें संरक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि उसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भी भेज दिया जाए ।उन्होंने कहा कि चरवाहों को समय से पेमेंट कर दिया जाए जिससे कोई परेशानी न हो किसी तरह का फर्जी पेमेंट नहीं होना चाहिए इसमें सावधानी बरतें ।उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन भी समय से कराते रहें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बहादुर सिंह ,अपर मुख्य चिकित्सा चिकित्सा अधिकारी गोपेश श्रीवास्तव, एवं खंड विकास अधिकारी ,अधिशासी अधिकारी उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### महिला श्रमिकों को ग्राम प्रधान ने वितरित की 75 साड़ियां

**कदौरा (जालौन)।** आजादी के 75 वे स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ब्लॉक क्षेत्र के बसरेही गांव में ग्राम प्रधान ने ध्वजारोहन के बाद आयोजित कार्यक्रम में 75 महिला श्रमिकों को साड़ी व टिपिन का वितरण किया। ब्लॉक क्षेत्र के बसरेही गांव में आजादी के अमृत महोत्सव स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विद्यालय में ध्वजारोहन के बाद कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान सतीश राजपूत ने की। उन्होंने कहा की देश की उन्नति में महिलाओं का विशेष योगदान है। उनकी सहभागिता से आज गांवो के विकास कार्यों में चार चांद लगे हुए है। कार्यक्रम के बाद 75 महिला श्रमिकों को साड़ी व टिपिन भेंट किए। साड़ी व टिपिन पाकर महिला श्रमिकों में खुशी देखी गई। इस दौरान अवर अभियन्ता प्रवीण द्विवेदी, एसआई राजकुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### धूमधाम से फहराया गया तिरंगा, अमृत सरोवर तालाबों में ली सेल्फी

**कदौरा (जालौन)।** क्षेत्र के ग्राम नाका गांव स्थित अमृत सरोवर तालाब में पूर्व विधायक नरेंद्रपाल सिंह जादौन व बीडीओ बृजकिशोर कुशवाहा ने ध्वजारोहण किया। अवर अभियंता अमित मिश्रा, अरविंद पाल व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी असित रंजन कटियार ने तालाब के इर्दगिर्द 75 पौधे हरीशंकरी, पीपल, बरगद, पाखड़ आदि के लगा कर ग्रामीणों को सुरक्षा की शपथ दिलाई, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने मझवार गांव स्थित अमृत सरोवर तालाब में ध्वजारोहन किया। नगर पंचायत कार्यालय में चेयरमैन जमीर आलम, थाने में प्रभारी निरीक्षक उमाकांत ओझा, रैला चौकी में रामचंद्र, सीएचसी में चिकित्सा अधीक्षक अशोक कुमार, महंत भगवत विशाल इंटर कालेज में प्रधानाचार्य विकास कुमार ने, बसरेही में प्रधान सतीश राजपूत, चतेला में मोहम्मद आवेश ने ध्वजारोहन किया। और मिष्ठान वितरित किया।

### आकांक्षा समिति की अध्यक्ष ने महिला अस्पताल पहुंचकर नवजात बच्चियों को बांटा उपहार

**हमीरपुर।** आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आकांक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती डॉ0 अंजना त्रिपाठी ने जिला महिला अस्पताल में हाल ही में जन्मी 10 नवजात बच्चियों को तथा उनकी माताओं को बेबी जॉनसन किट , मिष्ठान्न ,फल ,बेटी जन्मोत्सव प्रमाणपत्र सहित अन्य उपहारों का वितरण किया । इसके अलावा अस्पताल के विभिन्न वार्डों में भ्रमण कर नवजात शिशुओं ( पुत्र- पुत्री सभी) की माताओं एवं अन्य रोगियों के लिए फल आदि का वितरण किया। आकांक्षा समिति की अध्यक्ष ने इन सभी प्रसूति महिलाओं से भेंट कर उनका कुशलक्षेम पूछा।इस मौके पर आकांक्षा समिति की अध्यक्ष ने कहा कि बेटा बेटी में कोई भी अंतर न समझा जाए। इनको समान अवसर उपलब्ध कराया जाए। इन सभी की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एके रावत की धर्मपत्नी , सीएमएस महिला अस्पताल फौजिया अंजुम नोमानी, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ,जिला समाज कल्याण अधिकारी , जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अभय कुमार सागर तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

### बेतवा नदी में तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़ने से बाढ़ की आशंका, पंम्पिग सेट लगाने को कहा

**हमीरपुर।** आज माताटीला बांध से तीन लाख क्यूसिक व लहचूरा बांध से एक लाख क्यूसिक पानी छोडा गया है। जिससे बेतना नदी में आज रात तीन मीटर जल स्तर बढ़ सकता है। मौदहा बांध के अधिशासी अभियंता करनपाल सिहं ने बताया कि बर्तमान में बेतवा नदी का जलस्तर 97.800 मीटर व यमुना नदी का जलस्तर 98.380 मीटर है। माताटीला बांध से पानी आने से बेतवा नदी का जल स्तर तीन से चार मीटर तक बढ़ सकता है। उन्होने चेतावनी जारी की है कि दोनो नदियो के किनारे रहने वाले आखेट बंद कर दे। यमुना नदी का खतरे का निशान 103.540 मीटर व बेतवा नदी के खतरे का निशान 104.640 मीटर है। अधिशासी अभियंता ने कहा है कि बेतवा नदी के बीबी बंधों पर चार पंम्पिग सेट व नगर पालिका बेतवा नदी के स्लूस वाल्प पर विद्युत व्यवस्था करे। इस मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गयी है।

### इंटर कालेज में शिक्षक ने दूसरे शिक्षक को ईंट पत्थर मार कर किया जख्मी

कुरारा (हमीरपुर)। स्थानीय राजकीय इंटर कॉलेज में शिक्षक ने दूसरे शिक्षक का ईटो से हमला कर जख्मी कर दिया,इस मामले की शिकायत डीआईओएस व पुलिस से की गयी है। राजकीय इंटर कॉलेज के इंचार्ज प्रधानाचार्य सुनील कुमार पटेल ने जिला विद्यालय निरीक्षक को बताया कि प्रधानचार्य सन्तोष कुमार शर्मा आवश्यक कार्य से जिला मुख्यालय गये थे। तथा विद्यालय के सामान्य कार्य के लिए मुझे निर्देशित कर के गए थे।तभी सातवे पीरियड में कक्षा 6 में छात्र शोर मचा रहे थे। मगर शिक्षक शैलेंद्र सिंह अपनी कक्षा में नही थे। शैलेंद्र व शिक्षक पंकज व गोपाल आपस में बैठकर बाते कर रहे थे। शिक्षक शैलेन्द्र किसी को गाली गलौज कर रहे थे। कहने के बाद भी शिक्षक शैलेंद्र कक्षा मे न जाकर स्टाफरुम में बैठ गये थोड़ी देर बाद शैलेंद्र बाहर पीटी शिक्षक ब्रजेश को ईट पत्थर से मारना शुरु कर दिया। जिससे शिक्षक ब्रजेश को गंभीर चोटे आयी है। अन्य मौजूद अध्यापकों के सहयोग से ब्रजेश को शेलेन्द्र की पकड़ से छुड़ाया। काफी देर तक बच्चो के सामने शिक्षको का यह घमासान युद्ध चलता रहा। इस मामले की जानकारी कुरारा पुलिस के साथ साथ डीआईओएस रतन सिंह को दी गयी है। पुलिस ने मौके पर पहुच कर दोनो शिक्षकों को हिरासत में लेकर थाने में बैठा लिया है पूछताछ की जा रही है। डीआईओएस रतन सिंह का कहना है कि इस मामले में कार्यवाही की जायेगी।

### फतेहपुर पुलिस को 18 लाख रुपये व तमंचा मिला

**चित्रकूट।** फतेहपुर पुलिस ने फतेहपुर में हुई लूट के आरोपी अनूप सिंह को 18 लाख रुपये नकद व तमंचे के साथ जिला मुख्यालय के अमानपुर कपसेठी से गिरफ्तार कर फतेहपुर ले गई है। मंगलवार को फतेहपुर के फ्लिपकार्ट कम्पनी में हुई लूट के आरोपी की गिरफ्तारी को यहां पुलिस आई। पुलिस को कम्पनी के कुछ कर्मचारियों पर शक था। सवेरे साढ़े नौ बजे फतेहपुर पुलिस ने जिला पुलिस से मिलकर कपसेठी विकासनगर स्थित पवन गुप्ता के घर में छापेमारी की। पवन गुप्ता ने बताया कि किरायेदार अनूप सिंह निवासी बेनौरा थाना पश्चिमशरीरा जिला कौशाम्बी को पुलिस ने कहीं रास्ते से पहले ही दबोच लिया था। मां ज्ञानवती ने बताया कि अनूप दो साल से फ्लिपकार्ट कम्पनी में काम कर रहा था। सोमवार रात को वह घर नहीं आया। मंगलवार को सवेरे छह बजे घर आकर एक बैग को टांड में फेंककर कहीं चला गया। इसके बाद पुलिस कई गाडियों से आई और घर की तलाशी ली। पुलिस के साथ एक लडका था, जिसे वह नहीं पहचानती। घर की छत की टांड से मिले बैग में पुलिस ने 18 लाख रुपये व तमंचा बरामद किया है। फतेहपुर व चित्रकूट जिले की एक दर्जन पुलिस टीमें रेहुटिया, खरौंध, अहिरनपुरवा समेत मालिन टंकी में एक साथ छापेमारी की है। बताते हैं कि लूट की बडी वारदात को अंजाम देने में इन गांवों से जुडे कुछ युवक शामिल हैं। टीमों के पहुंचने से पहले सभी शातिर भागने में सफल रहे। एसपी अतुल शर्मा ने बताया कि फतेहपुर की लूट में कुछ शातिर यहां के भी शामिल हैं।